शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal

: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar




Volume 4, Issue 2, March-April-2021

# SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Email: editor@shisrrj.com

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India

# शोधशौर्यम्

# Shodhshauryam

**International Scientific Refereed Research Journal**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

ISSN : 2581-6306

Volume 4, Issue 2, March-April-2021

International Peer Reviewed, Open Access Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

Website URL : www.technoscienceacademy.com

# Advisory/Editorial Board

**Editor-In-Chief**

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

**Associate Editor**

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Prof. Ajit Singh**
  Assistant Professor, Department of MCA, Patna Women's College, Patna, Bihar, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India

---

**Executive Editor**

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Head of Computer Department, Sigma Institute of Engineering, Vadodara, Gujarat, India

---

**Editors**

- **Dr. Ekkurti Venkateswarlu**
  Assistant Professor in Education, Sri Lal bahadur Sashtri National Sanskrit University, ( Central University ), New Delhi, India
- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

---

**Assistant Editors**

- **Dr. Virendra Kumar Maurya**
  Assistant Professor- Sanskrit, Government P.G. College Alapur, Ambedkarnagar, Uttar Pradesh, India

---

**International Editorial Board**

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia
- **Onu Peter**
  Asst. Professor, Mechanical Engineering, Kampala International University, Kampala, Uganda
- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom
- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Robbi Rahim**
  Faculty of Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Jl. Jend. Gatot Subroto Km. 4,5 Sei Sikambing, 20122, Medan, Sumatera Utara, Indonesia
- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE
  **Dr. Vaibhav Sundriyal**
  Department of Computer Engineering , Old Dominion University research Foundation, USA (Phd in Computer Engineering from Iowa State University, USA)
- **Dr. Katarzyna Pietrucha-Urbanik**
  Faculty of Civil and Environmental Engineering, Rzeszow University of Technology, Poland
- **Indrasen Poola**
  Data Scientist & Artificial Intelligence - Industry Consultant & Professional Researcher, Palo Alto Networks, Santa Clara, CA, USA
- **Dr. Mohd Muntjir**
  Information Technology Department, College of Computers and Information Technology, Taif University, Al-Hawiya, Taif, Kingdom of Saudi Arabia
- **Vaibhav Sundriyal**
  Research Scientist, Old Dominion University Research Foundation, USA
- **Dr. Elsadig Gamaleldeen**
  Assistant Professor, Omdurman Ahlia University, Sudan
- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Bahce Kulturleri Merkez Arastırma Enstitusu, Gıda Teknolojileri Bolumu - Yalova
- **Frank Angelo Pacala**
  Samar State University, Samahang Pisika ng Pilipinas
- **Thabani Nyoni**
  Department of Economics Employers Confederation of Zimbabwe (EMCOZ) , University of Zimbabwe, Zimbabwe
- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Central Horticultural Research Institute, Department of Food Technologies, Yalova, TURKEY

- **Dr. Moustafa Mohamed Sabry Bakry**
  Plant Protection Research Institute, A.R.C, Dokii, Giza, Egypt
- **Dr. Muhammad Akram**
  Assistant Professor, Department of Eastern Medicine, Directorate of Medical Sciences, Faculty of Science and Technology, Government College University, Faisalabad, Pakistan
- **Dr. Andie Siahaan**
  Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Indonesia
- **AbdulGaniyu Abdu Yusuf**
  Computer Science, National Biotechnology Development Agency (NABDA), Abuja, Nigeria
- **Dr. M. A. Ashabrawy**
  Computer Science and Engineering, Prince Sattm bin Abdulaziz University, Kingdom Saudi Arabia(KSA), Saudi Arabia
- **Lusekelo Kibona**
  Department of Computer Science, Ruaha Catholic University (RUCU) , Iringa, Tanzania
- **Md. Amir Hossain**
  IBAIS University/Uttara University, Dhaka, Bangladesh
- **Mohammed Noaman Murad**
  Department of Computer Science, Cihan University Erbil, Kurdistan Region, Iraq
- **Sanusi Abdullahi**
  Department of Physics, Usmanu Danfodiyo University Sokoto, Dundaye, Wamakko LGA, Nigeria
  Email : abdullahi.sanusi@udusok.edu.ng
- **Mahasin Gad Alla Mohamed**
  Assistant Professor, Kingdom Saudi Arabia, Jazan University, Faculty of Education - Female Section, Sabya
- **SK. Saidhbi**
  Assistant Professor, Department of Information Systems, University of Gondar, Ethiopia

Editorial Board

- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India
- **Dr. Ganeshwar Nath Jha**
  H.O.D Vyakaran Central Sanskrit University, Ekalavya Campus, Radha Nagar, Agartala Tripura, India
- **Dr. Anita Sengupta**
  Associate Professor, Sanskrit Department, Iswar Saran PG College, University of Allahabad, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India
- **Dr. Sudheer Singh**
  Associate Professor, Amity School of Architecture And Planning, Amity University, Gwalior, Madhya Pradesh, India
- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India
- **Dr. Shanti Lal Salvi**
  Assistant Professor, Department of Literature, Faculty of Sanskrit Studies, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ajay Kumar Dwivedi**
  Director, MIMT, N4/7 Karaundi Crossing , BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Arvind Bijalwan**
  Associate Professor (Agroforestry), College of Forestry, VCSG Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, (A State Government Autonomous University), Ranichauri, Distt.-Tehri Garhwal, Uttarakhand, India
- **K. Jagadeesh**
  Assistant Professor , Noble Group of Institutions, Villupuram, Tamil Nadu, India
- **Rohit Kumar Verma**
  Researcher & Writer, Institute of Law, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. R. Reka**
  Professor & Head, Department of Computer Science & Engineering, Annai Mathammal Sheela Engineering College, Tamil Nadu, India
- **Dr. Nilamadhab Mishra**
  Post Graduate Teaching & Research Department, School of Computing, Debre Berhan University, Ethiopia, India
- **Dr. S. Ramkumar**
  Department of Computer Applications, Kalasalingam University, Krishnankoil, Sirivilliputhur, Palani, Dindugal, Tamil Nadu, India
- **Prof. Umesh Sehgal**
  Associate Professor, GNA University, Phagwara, Punjab, India
- **Dr. Ikvinderpal Singh**
  Department of Computer Science & Applications, Trai Shatabdi GGS Khalsa College,Amritsar, Punjab, India
- **Dr. Bhasker Mishra**
  Assistant Professor, Department of Political Science, H.N.B.Garhwal Central University, SRT Campus, Badshahithaul, Tehri, Uttarakhand, India
- **Dr. Nirajkumar C. Mehta**
  Associate Professor, Institute of Technology and Management Universe, Vadodara. Gujarat, India
- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ramu Nagarajapillai**
  Associate Professor and UGC Research Awardee, Department of Commerce, Annamalai University , Annamalai Nagar, Chidambaram, Tamil Nadu, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **श्रीमद्भगवद्गीता का योग आधारित साधना पक्ष**<br>डॉ. माधवी चन्द्रा | 01-06 |
| 2 | **ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य और पोषण: एक समग्र दृष्टिकोण**<br>डॉ. शाहेदा सिद्दीकी | 07-15 |
| 3 | **श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित आहार शुद्धि**<br>मंजीत कुमार वर्मा | 16-18 |
| 4 | **रीतिकालीन आचार्य कुलपति का श्रृंगारेतर (रस निरूपण) काव्य**<br>डॉ. गुंजन त्रिपाठी | 19-25 |
| 5 | **सामयिक परिप्रेक्ष्य में वृद्धजनों की स्थिति**<br>डॉ. रचना श्रीवास्तव | 26-33 |
| 6 | **वैश्वीकरण के दौर में राजनीति, समाज और मीडिया की भूमिका**<br>मीना चरांदा | 34-39 |
| 7 | **दोयम से पहले दर्जे की यात्रा**<br>डॉ. उमा मीणा | 40-44 |
| 8 | **Self-Reliance Awareness Reflected in Chinese Martial Arts Children Stories**<br>Ferril Irham Muzaki | 45-53 |
| 9 | **Printing Technology in India: Priorities and Challenges**<br>Shri A. M. Vinod Kumar | 54-57 |
| 10 | **Factors Influencing the Purchase Intention of Consumers Towards Vegan Fashion Products : A Case Study in Hanoi, Vietnam**<br>Van Tuan Pham, Nguyen Ha Minh Anh, Dinh Tran Ngoc Huy, Kieu Vu Linh Chi, Le Minh Ngoc, Ho Thi Phuong Thao | 58-70 |
| 11 | **वैदिकदर्शनेषु मोक्षस्यावधारणा**<br>डॉ. सुदेष्णा दाशः | 71-74 |
| 12 | **Modern Lesson Planning Method for Kids Education – A Model In Developing Countries**<br>Dinh Tran Ngoc Huy, Do Thi Sang, Nguyen Thi Thuy Hanh | 75-83 |
| 13 | **पदुमनदास का अलंकार विवेचन**<br>डॉ. संदीप कुमार मिश्रा | 84-91 |
| 14 | **Moral Compassion Reflected in Chinese Digital Native Generation Stories**<br>Ferril Irham Muzaki | 92-102 |
| 15 | **आधुनिक परिप्रेक्ष्य में वैदिक युगीन प्राकृतिक चिकित्सा की उपादेयता**<br>डॉ० उमाकान्त यादव | 103-108 |
| 16 | **वास्तौ गर्भविधानम्**<br>अव्यक्त रैणा | 109-118 |

| | | |
|---|---|---|
| **17** | **सामाजिक मनोविज्ञान में प्रयुक्त विधियाँ**<br>डॉ. सुनील कुमार शर्मा | 119-125 |
| **18** | **शिक्षा के अनिवार्य अंग के रूप में जनसंख्या शिक्षाकी भूमिका**<br>डॉ. आरती शर्मा | 126-131 |
| **19** | Antimicrobial Activity of Seeds of Abrus Precatorius Linn<br>Pramod Kumar Singh | 132-134 |
| **20** | **भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि-एक नव प्रणयन**<br>सत्येन्द्रनाथ शुक्ल | 135-141 |
| **21** | **आधुनिक काल के कवि जनार्दन मणि: एक परिचय**<br>डॉ. देवनारायण पाठक, बबली सिंह | 142-145 |
| **22** | **ब्रह्मवैवर्तपुराण में राधा तत्त्व एक अनुशीलन**<br>डॉ. प्रभात कुमार | 146-150 |
| **23** | **वाल्मीकि रामायण में नीतितत्त्व**<br>डॉ. प्रभात कुमार | 151-157 |
| **24** | **वर्तमान विसंगतियाँ और बौद्ध दर्शन**<br>डॉ. पूनम सिंह | 158-162 |
| **25** | **संस्कृत कविता की दूसरी परम्परा और अवध की हिन्दी चेतना का मेल**<br>डॉ. अनुराग मिश्र | 163-168 |
| **26** | **वैदिक वाङ्मय में सप्तसैन्धव प्रदेश और गंगा**<br>डा ॅ.बी बी त्रिपाठी, गौरी | 169-173 |
| **27** | Concept of Social Justice in Indian Constitution<br>Dr. Ritu Shukla | 174-180 |
| **28** | **भारत का राजनीतिक विशिष्ट वर्ग**<br>मदन कुमार वर्मा | 181-183 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# श्रीमद्भगवद्गीता का योग आधारित साधना पक्ष

**डॉ. माधवी चन्द्रा**
**योग विभाग**
**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,**
**भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत।**



**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 01-06

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 March 2021
Published : 03 March 2021

**साराश** – श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने परम कल्याण की प्राप्ति हेतु मनुष्यों के लिये कर्मयोग, भक्तियोग एवं ज्ञानयोग के रूप में तीन प्रकार के साधनों का अनुष्ठान करने की विधि बतायी है। श्रीमद्भगवतगीता के प्रथम छः अध्याय में कर्म अगले छः में भक्ति तथा अंतिम छः में ज्ञानयोग की चर्चा की गई है। ज्ञानयोग एवं भक्तियोग की प्राप्ति कर्मयोग के आधार पर ही है। अतः कर्म की अवहेलना कर भक्ति और ज्ञान के क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया जा सकता है। आध्यात्मिक साधनाओं का एकमेव लक्ष्य है ''मोक्ष की प्राप्ति'' करना।

**मुख्य शब्द** – श्रीमद्भगवद्गीता एवं साधना पक्ष।

## I. INTRODUCTION

**प्रस्तावना** – आध्यात्मिक साधना का लक्ष्य सदैव एक ऐसा आन्तरिक संतुलन है जहाँ वैयक्तिक चेतना विश्व चेतना से एकाकार हो जाती है। परिणामतः अजस् आनन्द और शान्ति की उपलब्धि होती है जिसके कारण बाहय घटनाओं के प्रभावों से मानव का तन और मन आंदोलित नहीं होता। तन और मन का यह स्थैर्य ही समाधि कहा जाता है। यह किसी साधक की मानवीय चेतना की अन्यतम उपलब्धि है। इसे ही पराचैतन्य अथवा स्थितप्रज्ञ की स्थिति कहा जा सकता है। इस स्थिति में नियंत्रण प्राप्त करने पर क्रमशः चित्त के विभिन्न स्तरों के पार कर लेता है।

पुरातनकाल से चित्त की इस दशा को प्राप्त करने के लिए विभिन्न अनुशासन प्रयोग में लाये जाते रहे हैः जिन्हें उपासना अथवा साधना की संज्ञा से अभिहित किया गया है। साधना की इन प्रणालियों में पॉच अनुशासन ख्यातिप्राप्त हैं, जिन्हें हठयोग, राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के रूप में जाना जाता है।

**विषय प्रवेश** – परमात्मा ने अत्यन्त दुस्तर भवसागर को पार कर स्वयं के परम् कल्याण की प्राप्ति के लिये कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के रूप में तीन प्रकार के साधनों का अनुष्ठान करने की विधि बतायी है। अधिकारी भेद से

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

इन तीनों मार्गों की व्यवस्था की गयी है इनके अतिरिक्त मानव के आत्यन्तिक कल्याण के लिये कोई दूसरा उपाय सहज उपलब्ध नहीं है।

भगवान श्रीकृष्ण ने नर से नारायण बनने की साक्षात् विधि बताने के उद्देश्य से अर्जुन रूपी नर को निमित्त बनाकर इन्हीं तीनों योगों का उपदेश श्रीमद्भगवद्गीता में दिया है।

**कर्मयोग–** समत्व और प्रज्ञत्व को प्राप्त करने की दिशा में पहला चरण कर्मयोग का है। स्वामी विवेकानन्द का अभिमत है कि ''हमें योगमय'' होकर कर्म करना चाहिये। गीता हमें कर्मयोग की शिक्षा देती है। योगमय होकर किए गए कर्म में अपरा प्रकृति का किंचितमात्र योग नहीं होता है। योगवत् कर्म में कर्तापन का भाव नहीं होता। पाश्चात्य सभ्यता के अनुसार यदि अहंकार का भाव ही नहीं रहेगा तो कोई कार्य कैसे हो सकेगा। भारतीय सम्भ्यता के अनुसार योगस्थ होकर कर्म किया जाता है तब अहंकार विलुप्त हो जाता है। ऐसी स्थिति कर्म को कुशलता, दक्षता और लगन से सकारात्मक रूप से संपादित करती है। परिणामस्वरूप कर्म की पूर्णता अपने चरम सौष्ठव पर होती है। इसी को गीता गायक श्रीकृष्ण ''योगः कर्मसुकौशलम्'' की विभूति से अभिहित करते हैं। इसी कौशल की प्राप्ति के लिये गीता में बताया गया है :–

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।**
**मा कर्मफल हेतुभूर्मा ने संगोहस्त्वकर्मणि। (2/47)**

उक्त श्लोक के माध्यम से समझेंगे –

1. ''कर्मण्येवाधिकारस्ते'' कर्म पर तेरा अधिकार है अर्थात् कर्म करने का, श्रम का अधिकार।
2. ''मा फलेषु कदाचन'' अर्थात् फल पर तेरा अधिकार कदापि नहीं।
3. ''मा कर्मफल हेतुः भूः'' अर्थात् कर्मफल को निमित्त मत बनाओ, कर्मफल की वासना वाले मत बनो।
4. ''मा ते संगः अस्तु अकर्मणि'' अक्रियता में तेरी आसक्ति न हो, अर्थात् निरासक्त हो।

अतः उक्त श्लोक कर्मयोग को पूर्ण वाच्कता प्रदान करते हैं। इनमें से एक पर भी आचरण किया जा सके तो योग की प्राप्ति हो जाती है। अतएव गीताकार अर्जुन को सीधा अनुदेश के भाव में परामर्श देते हैं – कि कर्म करो? कर्म में आसक्ति का त्याग करो, सिद्धि और असिद्धि में संतुलित रहे। सिद्धि और असिद्धि में समान भाव रहना ही समत्व है और यही समत्व योग है। गीता का कर्मयोग कर्तव्य कर्म को निष्काम बुद्धि से करने की सीख देता है।

**ज्ञानयोग –** संख्ययोग ज्ञानयोग का प्रतिपादक है किन्तु गीता प्रतिपादित ज्ञानयोग उससे इस अर्थ में भिन्न है कि वह सांख्य के प्रकृति–पुरूष के विवेक ज्ञान को मोक्ष का साधन मानने की बजाय आत्मा की एकता को मोक्ष का आधार मानता है। स्वामी रामसुखदासजी कहते हैं – ''क्षेत्र–क्षेत्रज्ञ तथा प्रकृति–पुरूष के विवके ज्ञान द्वारा प्राकृत पदार्थ, क्रिया आदि से अपने को सर्वथा अपरा समझना, इंद्रियों ही इन्द्रियों के विषय में बरत रही हैं, सारी क्रियायें केवल प्रकृति के द्वारा ही हो रही हैं, गुणों के सिवा कोई कर्ता नहीं है – इस प्रकार समझकर अपने अपने स्वरूप

को गुणों, कर्मो और पदार्थो से सदा निर्लिप्त अनुभव करना तथा परमात्मा के साथ अभिन्न भाव से नित्य निरन्तर स्थित रहना ही ज्ञानयोग है।''

गीता के द्वितीय अध्याय में जीवनोत्कर्ष आधारित कथन दिया गया है। कि जिनमें वांछित साहस और मनोबल होता है, वही गीता के संदेश को आत्मस्थ करने में समर्थ हो सकता है।

आसक्ति चित्त वाले इस ज्ञान को समझने में असमर्थ हैं। सत्य का साक्षात्कार करने के लिये चित्त का शान्त एवं स्थिर होना आवश्यक है। अर्जुन विषादग्रस्त है। इसलिये सर्वप्रथम चित्त आधारित अज्ञान को दूर कर उसको चित्त स्थिर का ज्ञान का संदेश दिया गया। तत्पश्चात अर्जुन ने कहा –

**नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्ध्वात्पप्रसादान्मयाच्युत।**

**स्थितो·स्मि गत सन्देहः करष्यिेवचनं तव।। (18/73)**

**ज्ञान**योग का तात्विक सत्व इन्हीं दो शब्दों में 'अज्ञानसंमोहः प्रनष्ठः' (18/72) और गत सन्देह' में विनिर्दिष्ट है। ज्ञान वह साधन है जो मोह का नाश करता है, स्मृति की पुनर्रचना करता है। सन्देह से मुक्त कर प्राकृत रूप में स्थापित करता है। ऐसी स्थिति में जो महापुरूषों और गुरूजनों द्वारा करने योग्य कहा गया है, वही करने की संकल्पशक्ति आ जाती है। यहॉ स्मृति शब्द महत्वपूर्ण है जो जीव को प्रकृतिस्थ करता है। अर्जुन जोर देकर कहता है – मेरा मोह नष्ट हो गया है, मेरी आत्स्मृति लौट आई है। जिस आत्मविस्मृति के कारण जीव अनेक बार इस संसार में आता और जाता है, आज वह विस्मृति दूर हो गई। नाम रूप युक्त तन स्वप्न दर्शन के समान है और केवल अज्ञान से उत्पन्न होता है, आज वह मोह, एवं अज्ञान नष्ट हो गया। जिस प्रकार जाग्रतावस्था में स्वप्नज्ञान दूर हो जाता है उसी प्रकार मेरा कर्तृत्वाभिमान, मेरा शत–शत रूप धारण एवं सारा संमोह मेरी ज्ञान दृष्टि से दूर हो गया। मैं अर्जुन हॅू, यह बोध दूर हो गया। देह बोध से जो अपने पृथक कर्तव्य की धारणा थी,, वह लुप्त हो गई। देह बोध की धारणा तभी तक रहती है, जब तक आत्म्बोध नहीं होता, कर्तव्य के नाना–बोध जीव को व्याकुल किये रहते हैं। उस समय देह, मन और प्राण के चांचल्य जीव को अस्थिर किये रहते हैं। आज माया का वह ताण्डव नृत्य तुम्हारी कृपा से बन्द हो गया है। अतः स्पष्ट है कि ज्ञानयोग माया से निकालकर जीव को उसकी मौलिक स्थिति का ज्ञान कराती है।

जीव को उसकी मूल प्रकृति और स्वरूप से अवगत कराना ही ज्ञानयोग का लक्ष्य है। चूंकि यह बहुत ही दुष्कर कार्य है और कठिनाई से ही नहीं बल्कि बुद्धि से परे का रहस्य है अतः अर्जुन के 'प्रज्ञावादांश्च भाषसे' पर प्रहार करने के लिये कृष्ण को अन्यतम उपचार का प्रयोग करना पड़ा। उसे दिव्यदृष्टि प्रदान करना पड़ी और अपना 'त्वदन्येन दृष्ट पूर्वम्' रूप दिखाना पड़ा। समस्त ज्ञानोपदेश का समाहार करते हुये कृष्ण ने गीता में कहा है कि :–

**'इति तेज्ञान माख्यातं गुह्यादगुह्यतरं माया।**

**विमृश्यैतदशेषैण यथेच्छसि तथा कुरू।। (18/63)**

**भक्तियोग** – गीता निरंतर अव्याप्त रूप से इस शिक्षा पर जोर देती है कि भगवत्प्राप्ति के साधन का सार ऐसी अनासक्ति और भक्ति है जिससे कर्म निष्कर्म में प्रतिफलित होता है। यज्ञ, दान और तपरूप कर्म चित्तशुद्धि के

साधन है और सच्चा त्याग–संगत्याग और फलत्याग है। यह सात्विकता ही साधक की साक्ष्य होती है जिसका लक्ष्य दुःखनिवृत्ति हैं सांसारिक का जन्म ही दुःख से जुड़ा हुआ है। दुःखनिवृत्ति के लिये पुनर्जन्म से मुक्ति परमावश्यक है। पुनर्जन्म से निजात पाने के लिये ब्रम्हज्ञान ही एक मात्र साधन है।

प्रश्न है कि ब्रम्ह का ज्ञान कैसे हो? केवल जानना या विश्वास करना कि ईश्वर है, चराचर जगत् का रचियता है, सर्वज्ञ है, सर्वशक्तिमान है, कोई अर्थ नहीं रखता। हमें उसे देखना एवं अनुभव करना होगा। आत्मा का प्रत्यक्ष होना परमावश्यक है। आँखे उसे नहीं देख सकती, कान सुन नहीं सकते। उसका दर्शन तभी संभव है यदि वह स्वयं हमें दर्शन देने की कृपा करे। हम अनुभव तभी कर सकते हैं जब वह हमें अनुभव करने की शक्ति प्रदान करें। वह शक्ति तभी प्रदान करता है जब उसकी कृपा होती है। वह परम दयालु है। हम उसकी कृपा के पात्र नहीं बन पाते क्योंकि हम वह चाहते ही नहीं हैं। हम चाहते है सांसरिक सुख। यदि उसकी कृपा का संपादन चाहते हैं तो उसके आदेशों का पालन करना होगा। कर्म अत्यावश्यक है। ईश्वर की भक्ति उन्हें ही प्राप्त होती है जो पुण्यकर्मी हैं। इससे इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कर्म भक्ति प्रदाता है और भक्ति ज्ञानदायी। वे पुण्यकर्मी जिनके कालक्रम में पूर्वजन्मों के कल्मषक्षीण हो जाते हैं। तभी वे स्वस्थ और सुस्थिर चित्त ईश्वर की अर्चना करते हैं। जो साधक ईश्वर की शरणागत होते हैं जहॉ मरण के कष्ट से छुटकारा पाने का यत्न करते हैं, वे ही मुझे पूर्णतः जान सकते हैं। गीता का तो यहॉ तक कथन है कि कर्म अकेला सीधे ज्ञान का साधन नहीं हो सकता। कर्म और ज्ञान के बीच में भक्ति की भूमिका होनी चाहिये। ज्ञान भक्ति के मार्ग से होकर ही लभ्य है। यदि बिना भक्ति के कर्म किया जाता है अर्थात लौकिक ऐषणाओं के लिये किया जाता है तो कर्म भक्ति में समन्वित नहीं हो सकता और ज्ञान प्राप्त ही नहीं होता। अतः ज्ञान लाभ के लिये भक्ति करनी होगी। भक्ति लाभ के लिये कर्म करना है। पहले कर्म, फिर भक्ति और फिर ज्ञान। स्वामी शिवानन्द भक्तियोग को ईश्वरानुभूति का सरलतम मार्ग बताते हुये ईश्वर के अस्तित्व में आस्था को भक्ति की आधारशिला मानते हैं।

**समीक्षा** – दार्शनिक अपनी रूचि और स्वभाव के अनुसार गीता में किसी एक योग की प्रधानता दर्शाने के पक्षधर हो जाते हैं किन्तु गीता में ऐसे किसी योग की एकदेशीयता वर्णित नहीं है। गीता दुर्गान्तर को सुगमतर बनाती चलती है। इसलिये एक ओर वह ''द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्त'' कहती है तो दूसरी ओर ''एक सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति'' कहकर उभय मार्गो का एक ही तत्व तक पहुंचाने वाला बता देती है। 'सर्व कर्माखिलं ब्रम्हज्ञाने परिसमाप्यते' का मंतव्य भी एकदेशीयता का विरोध करती है।

अनासक्ति और भक्ति में ही भगवत प्राप्ति का साधन मार्ग माना गया है। इससे ही कर्म में नैष्कर्म्य की लब्धि होती है यज्ञ–दान तप ऐसे कर्म हैं जो चित्तशुद्धि के साधन–मार्ग हैं। अतः इनका परित्यागकिसी भी स्थिति में नहीं किया जाना चाहिये। स्पष्टतः गीता का योग मार्ग आत्मानुभव का मार्ग है तथैव आत्मा स्वरूप में अवस्थिति अनुभव और आनन्द की परिणति है।

गीता योगस्वरूपता का 'समत्वं योग उच्यते' और 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर जिस कौशल की विविक्षा करती है वह कौशल अनासक्ति और निजता के विसर्जन की संज्ञा है। अस्मिता विसर्जन से बंधनकारी कर्म मोक्षदायक कर्म बन जाते हैं।

उनके मोहनाश के लिये गीता भक्तिमार्ग का प्रवर्तन करती है और भक्तियोगी को 'युक्तम' संज्ञित करते है। विभूतियोग और विश्वरूप दर्शन योग इसी 'युक्तम' में समाहित है। अकेला भक्तियोगी ही परमात्मा के विश्वरूप को देखने में समर्थ है। यह भक्तियोग एक ओर कर्मयोग से तो दूसरी ओर ज्ञानयोग से संबद्ध हो जाता है। गीता का कथन कि जो पुरूष सब भूतो में द्वेष भाव रहित, स्वार्थरहित, सबका प्रेमी करणासक्ति और ममता से रहित अहंकार रहित, सुख—दुःखों को प्राप्ति में समभाव रखता है, क्षमाशील है, वह संतुष्ट, दृढ निश्चियी 'मय्यिर्पितमनोबुद्धि' वाला भक्त ही मुझे प्रिय है ज्ञानयोग की भक्तियोग में परिसमाप्ति लक्षित है तो कर्म की परिसमाप्ति भी ज्ञान में होती है।

'लोकेउ स्मिन्द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानध' में ज्ञानयोग और कर्मयोग, दो ही निष्ठाएं मानी गई हैं किन्तु यह कथन कर्मयोग में भक्ति को मानकर ही मानी गई हैं और 'ध्यानेनात्मनि पश्यन्ति केचदात्मानमात्मना। अन्ये सांख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे' में ध्यान (भक्ति) योग, ज्ञानयोग, कर्मयोग तीन साधन बतलाए गए हैं।

स्वामी रामसुखदास जी ने इस आधार पर कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग की पारस्परिकता का सरल और सहज विवेचन किया है जो इन तीनों को सुस्पष्ट विवेचित करता है —

| कर्मयोग | भक्तियोग | ज्ञानयोग |
|---|---|---|
| कर्तव्य कर्म करते हुये अन्तः करण को निर्विकार रखना कर्मयोग की समता है। | भगवंच्चिन्तन करते हुये भगवान के विधान में सन्तुष्ट होकर निर्विकार रहना भक्तियोग की समता है। | एक सच्चिदानन्द परमात्मा की ही सत्ता समझते हुए निर्विकार रहना ज्ञानयोग की समता है। |

प्रायः लोग मानते है कि कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग पृथक—प्रथक मार्ग हैं किन्तु उपरोक्त विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि कर्म, भक्ति, ज्ञान परस्पर विरोधी नही है। अपितु तीनों का लक्ष्य जीव की दुःख निवृत्ति से है और तीनों में किसी एक की साधना सम्पूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति में बाधक न होते हुये सम्पूरकत्व की भूमिका निभाते हैं।

आसक्ति रहित कर्म समर्पण का भाव जाग्रत करता है, समर्पण से चंचलता में कमी एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है और समभाव आने लगता है समभाव ज्ञान प्राप्ति में निश्चित रूप से सहायक है।

अतः अतिश्योक्ति नहीं है कि कर्मयोग, भक्तियोग एवं ज्ञानयोग एक दूसरे के पूरक हैं और साध्य एवं साधन की भूमिका का निर्वहन उत्कृष्टता के साथ करते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का साधना पक्ष, शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :–**


1. रामसुखदास, स्वामी, गीतादर्पण, गीता प्रेस गोरखपुर– 1980
2. अरविन्द, श्री, गीता प्रबंध, श्री अरविन्द सोसायटी पांडिचेरी–1954
3. प्रेम, कृष्ण, भगवद्गीता का योग, पब्लिशिंग हाउस दिल्ली, 1984
4. प्रभुपाद, स्वामी, श्रीमद्भगवद्गीता (यथारूप), भक्तिवेदान्त बुक ट्रस्ट मुम्बई, 2002
5. राधाकृष्ण, एस., श्रीमदभगवद् गीता, राजपाल एंड संस दिल्ली, 1972
6. सान्याल, भुपेन्द्रनाथ, श्रीमद्भगवद गीता (1, 2, 3 भाग), गुरूधाम प्रकाशन बिहार–2005
7. पोद्दार, हनुमान प्रसाद, गीता चिन्तन – गीतापेस, गोरखपुर
8. रामसुखदास, स्वामी गीता परिचय, गीता प्रेस गोरखपुर

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य और पोषण : एक समग्र दृष्टिकोंण



**डॉ. शाहेदा सिद्दीकी**
प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
शा. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा, मध्य प्रदेश, भारत

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 07-15

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 March 2021
Published : 03 March 2021

**सारांश :** कुपोषण की शब्दावली का उपयोग आमतौर पर अल्प–पोषण और अतिपोषण तथा इनसे संबंधित चुनौतियों को बताने के लिए किया जाता है। अधिकतर स्थितियों में किसी एक तरह के कुपोषण की अधिकता पाई जाती है। अब यह महसूस किया जा रहा है कि कई देशों में अल्प और अति–पोषण दोनों का प्रकोप नई चुनौती के रूप में उभर कर सामने आ रहा है जिसे 'कुपोषण की दोहरी चुनौती' बताया जा रहा है। यह दोहरा संकट स्वास्थ्य संबंधी प्रयासों के परिणामों और जनता की उत्तरजीविता पर असर डालता है। भारत में अल्प–पोषण जहां प्रमुख और जबर्दस्त चुनौती बना हुआ है, वहीं अतिपोषण का मसला भी एक वास्तविकता है। इसलिए अब वक्त आ गया है जब भारत को कुपोषण से निबटने के लिए समग्र दृष्टिकोंण अपनाने की आवश्यकता है ताकि 'कुपोषण की दोहरी चुनौती' पर ध्यान केंद्रित किया जा सके और इससे निपटने के लिए उपयुक्त रणनीति अपनाई जा सके।

**पारिभाषिक शब्द** :– कुपोषण, अल्प–पोषण, अतिपोषण, उत्तरजीविता, दोहरी चुनौती आदि।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 'स्वास्थ्य' का अर्थ किसी बीमारी या कमजोरी का न होना मात्र नहीं है। यह शारीरिक, मानसिक व सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ्य होने का नाम है। पर स्वास्थ्य की यह अवधारणा काल्पनिक है। व्यवहार में हम देखते हैं कि स्वास्थ्य एक परिवर्तनशील स्थिति है और ज्यादातर लोग पूर्ण व खराब स्वास्थ्य के बीच में लगातार झूलते रहते हैं। पोषणता स्वास्थ्य की पूर्व आवश्यकता है। पोषणता की सर्वाधिक स्वीकृत परिभाषा

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

रोबिन्दसन की है। वे कहते हैं– ''यह खाद्यान्न, पुष्टिकर व अन्य पदार्थों का विज्ञान है जिसमें इनके बीच क्रिया अंतरक्रिया व संतुलन से अंग पोषक तत्वों को ग्रहण करते हैं, पचाते हैं, आत्मसात करते हैं और उनका उपयोग करने के बाद अवशिष्ट को बाहर फेंक देता है।''[1] व्यक्ति को अपने को स्वस्थ्य व सक्रिय रखने के लिए काफी अधिक पोषक तत्वों को जरूरत होती है।

स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की आधारभूत जरूरत और मौलिक अधिकार है। महिलाओं के संदर्भ में यह बात कई कारणों से और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। सबसे पहले तो वे कुल जनसंख्या का आधा हिस्सा हैं और कुल श्रम बल का एक तिहाई से ज्यादा भी वे ही हैं। दूसरा, बच्चा पैदा करने से लेकर उसके पालन–पोषण की मुख्य जिम्मेदारी उनकी ही है। उनके स्वास्थ्य का बच्चों के स्वास्थ्य व तंदुरस्ती पर सीधा असर पड़ता है। पौष्टिक तत्वों का सेवन न करने से वे कुपोषण और अंततः रूग्णता का शिकार हो सकती है। खराब स्वास्थ्य का वैसे भी अर्थ है ज्यादा संख्या में महिलाओं का बीमार होना। कम उम्र में ज्यादा मौतें, प्रजनन क्षमता में कमी और आजीविका कमाने के लिए शारीरिक व मानसिक बल की कमी।

स्वास्थ्य और पोषण के बीच अंतर–संबंध को सदियों पहले ही समझा–जाना जा चुका है। किसी व्यक्ति के पोषण का अच्छा स्तर यह सुनिश्चित करता है कि उसमें बीमारियां फैलाने वाले कारकों से लड़ने की अच्छी क्षमता है, वह स्वस्थ बना रह सकता है तथा समाज के लिए उत्पादक बन समग्र विकास में योगदान कर सकता है। बच्चों में अल्प–पोषण, खासतौर पर गर्भावस्था के दौरान भ्रूण की स्थिति से लेकर शिशु के दो साल का होने तक पोषण में कमी होने से बच्चे की बुद्धिलब्धि (आईक्यू) में 15 अंकों की कमी आ सकती है।

विश्व बैंक के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में कुपोषण से होने वाले नुकसान की लागत कम से कम 10 अरब अमेरिकी डॉलर बैठती है जिसका परिणाम उत्पादकता में कमी, बीमारी और अकाल मृत्यु होता है।[2] साथ ही, बीमारियों की वजह से किसी सामान्य वजन वाले व्यक्ति में भी अल्प–पोषण की समस्या उत्पन्न हो सकती है जो आगे बढ़कर एक कुचक्र का रूप ले सकती है। जाहिर है कि पोषण की चुनौती कई स्तर वाला मुद्दा है। यह सिर्फ अल्प–पोषण तक सीमित नहीं है, बल्कि अति–पोषण (मोटापा), 'प्रोटीन हंगर' और 'हिडन हंगर' (या सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी) इसके अन्य आयाम हैं जो 'सामान्य वजन' वाले व्यक्ति में भी हो सकते हैं।

**पोषण सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम :–** पोषण की चुनौती से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारम विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया गया है, इन्हें निम्न प्रकार से समझाया जा सकता, यथा

| वर्ष | महत्वपूर्ण पहल, नीतियां और कार्यक्रम |
|---|---|
| **1951** | भारत की पंचवर्षीय योजनाएं देश में स्वास्थ्य और पोषण में सुधार का प्रमुख माध्यम रही हैं। पहली योजना 1951 में शुरू हुई और तब से भारत की 12वीं पंचवर्षीय योजना तक (2012-17) अल्प–पोषण की समस्या से निपटने के लिए पंचवर्षीय योजनाएं महत्वपूर्ण नीतिगत औजार रहीं। |
| **1952** | सामुदायिक विकास कार्यक्रम (सीडीपी) में स्थानीय स्वशासन के सहयोग से ब्लॉक–स्तर पर जनता के पोषण में सुधार का एक महत्वपूर्ण घटक भी शामिल रहा। |
| **1974** | न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम (एमएनपी) की शुरुआत पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-78) में की गई। इसका उद्देश्य लोगों की कुछ न्यूनतम बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना और उनके जीवन के स्तर में सुधार के साथ–साथ स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं प्रदान करना था। |
| **1975** | समन्वित बाल विकास सेवा की शुरुआत 2 अक्टूबर, 1975 को भारत में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार के लिए की गई। |
| **1986** | भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत अलग से महिला और बाल विकास विभाग का गठन। इस विभाग को गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए समन्वित बाल विकास सेवा और अन्य पोषण सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। |
| **1993** | राष्ट्रीय पोषण नीति जारी |
| **1995** | 15 अगस्त, 1995 को भारत सरकार ने प्राथमिक शिक्षा को पोषण सहयोग (एनपी–एनएस) के राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की। ये कार्यक्रम मिड डे मील योजना के नाम से जाना जाता है। |
| **2001** | मिड–डे मील कार्यक्रम पका हुआ भोजन मिड–डे मील योजना में परिवर्तित हो गया जिसके तहत प्रत्येक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल में साल में कम से कम 200 दिन 300 कैलॉरी ऊर्जा और 8-12 ग्राम प्रोटीन वाला भोजन दिया जाता है। |
| **2006** | 'महिला और बाल विकास' नाम से एक पूर्ण मंत्रालय की स्थापना |

| | |
|---|---|
| **2017** | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (जिसकी घोषणा 31 दिसंबर, 2016 में की गई) का सरकारी तौर पर अमल |
| **2017** | नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी 'राष्ट्रीय पोषण रणनीति' |
| **2018** | 8 मार्च, 2018 को पोषण अभियान तथा राष्ट्रीय पोषण मिशन शुरू किया गया। |

1947 में देश की आजादी के समय भारत में स्वास्थ्य और पोषण के संकेतक बहुत खराब स्थिति में थे। वर्ष 1950के दशक में भारत में औसत अनुमानित आयु 32 साल थी (जो 2017 में बढ़कर 68 साल हो गई) और शिशु मृत्युदर (आईएमआर) प्रति हजार जीवित जन्म पर करीब 200 और मातृ मृत्युदर (एमएमआर) 1,00,000 जीवित जन्म लेने वालों पर करीब 2,000 थी। वर्ष 2014-16 के दौरान मातृ मृत्युदर 130/1,00,000 जीवित जन्म थी वहीं 2017 में शिशु मृत्युदर 33/1,000 जीवित जन्म आ गई थी।[3] इन वर्षों के दौरान लक्ष्य निर्धारित कर उठाए गए कदमों से जहां गरीबी–रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों की जनसंख्या में कमी आई, वहीं खाद्य उत्पादन और इसकी उपलब्धता में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। लेकिन जनता के कुपोषण के स्तर में उसी अनुपात में गिरावट नहीं देखी गई।

किसी व्यक्ति के पोषण के स्तर से उसके स्वास्थ्य के स्तर और परिणामों पर असर पड़ता है। अपर्याप्त पोषण वाले व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर पड़ जाती है।

अल्पपोषित और न्यून भार की समस्या से ग्रस्त बच्चे को पेचिश (डायरिया) और निमोनिया का खतरा अधिक होता है। हालांकि उचित पोषण के अभाव में जनसंख्या के सभी उप–समूहों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है लेकिन प्रजनन की उम्र वाली महिलाओं और नवजात शिशुओं तथा बच्चों पर आमतौर पर इस तरह का असर ज्यादा देखा गया है। लोक स्वास्थ्य विज्ञान ने इस बात के प्रमाण जुटाए हैं कि गर्भावस्था (मां के पेट में) के दौरान शुरू हुआ अल्पपोषण का कुचक्र नवजात शिशु के पैदा होने के बाद जीवन भर असर डालता रहता है।[4]

सही पोषण बेहतर स्वास्थ्य का आवश्यक हिस्सा है और हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धतियां इस सिद्धांत का पालन करती हैं। लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि अल्प–पोषण भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत की आशंका उत्पन्न करने वाला और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य खराब होने का सबसे बड़ा कारण है।

### सारणी–1

### पिछले तीन दशकों में भारत में वृद्धि रोध, भार क्षय और न्यूनभार

**(प्रतिशत में)**

| | एनएफएचएस–1 (1992-93) | एनएफएचएस–2 (1998-99) | एनएफएचएस–3 (2005-06) | एनएफएचएस–4 (2015-2016) |
|---|---|---|---|---|
| **न्यूनभार** | | | | |
| ग्रामीण | 55.9 | 49.6 | 46 | 38.3 |
| शहरी | 45.2 | 38.4 | 33 | 29.1 |
| **कुल** | **53.4** | **47** | **42.5** | **35.8** |
| **वृद्धि रोध** | | | | |
| ग्रामीण | 54.1 | 48.1 | 51 | 41.2 |
| शहरी | 44.8 | 35.6 | 40 | 31 |
| **कुल** | **52** | **45.5** | **48** | **38.4** |
| **भार क्षय** | | | | |
| ग्रामीण | 18 | 16.2 | 21 | 21.5 |
| शहरी | 15.8 | 16.2 | 17 | 20 |
| **कुल** | **17.5** | **15.5** | **19.8** | **21** |

दूसरी ओर, अति–पोषण एक नया रूझान है जिसकी वजह से गैर–संचारी रोगों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। आहार संबंधी बीमारियां जैसे मधुमेह, कैंसर, हृदय और रक्तवाहिकाओं के रोग और यकृत की बीमारियां बड़ी तेजी से फैलती जा रही हैं। इससे भारत की वयस्क आबादी के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।[5]

कुपोषण के पीढ़ी–दर–पीढ़ी असर विनाशकारी हो सकते हैं। इससे न सिर्फ पीड़ित परिवारों पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता, विकास और प्रगति पर भी इसका असर देखा जा सकता है। गर्भावस्था में माताओं को पर्याप्त पोषण न मिलने से कम वजन वाला शिशु जन्म लेता है जिससे उसका विकास ठीक से न होने, संक्रमण और शैक्षिक परिणामों के कम रहने और विकास में कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है।[6] ऐसे बच्चों को आगे चलकर हृदय और रक्तवाहिकाओं से संबंधित बीमारियों और मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है।

बेहतर स्वास्थ्य और पोषण संबंधी नतीजों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच टिकाऊ संपर्क कायम करने की आवश्यकता अब महसूस की जाने लगी है। पोषण का स्तर कम से कम तीन प्रमुख कारणों पर निर्भर है : अच्छी खुराक (45-50 प्रतिशत), माताओं के कमजोर स्वास्थ्य की वजह से जन्म के समय शिशु का कम वजन (25 प्रतिशत) और बच्चों में डायरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप (25-30 प्रतिशत)[7] साथ ही, कम वजन वाले शिशुओं की संख्या में कमी लाने के लिए लक्ष्य बनाकर कार्रवाई करने की आवश्यकता है (जिनकी संख्या भारत में नवजात शिशुओं की कुल संख्या के 30 प्रतिशत के बराबर है)।

अधिक वजन और मोटापा, कुपोषण का एक अन्य और लगातार बढ़ता हुआ आयाम है। पहले इनका प्रकोप खाते–पीते शहरी लोगों में ही दिखाई देता था मगर अब धीरे–धीरे गरीबों और ग्रामीण समाज में भी बढ़ता जा रहा है। अधिक वजन वाले लोगों में भी पोषण की कमी हो सकती है क्योंकि उनकी खुराक भले ही कैलोरी के लिहाज से अच्छी हो मगर उसमें खास सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी हो सकती है। कोई आश्चर्य नहीं कि हमें अपनी जनसंख्या में कुपोषण के वर्तमान में कई रूप दिखाई दे रहे हैं।

**बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण न होने के कारण** :– बच्चों का नियमित टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण न हो पाने के लिये प्रमुख कारण उत्तरदायी हैं, इन कारणों का वर्णन सारणी–2 के द्वारा दर्शाया गया है।

**सारणी–2**

| क्र. | कारण | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | माता/पिता का जागरूक न होना | 36 |
| 2. | बच्चों के टीके लगवाने से बीमार होने का भय | 23 |
| 3. | टीकाकरण के महत्व की जानकारी न होना | 11 |
| 4. | स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव | 30 |

**बच्चों में दस्त रोग होने के कारण :–** बच्चों में दस्त रोग एक महत्वपूर्ण बीमारी है, इससे गम्भीर खतरा उत्पन्न हो सकता है यहां तक कि बच्चे की जान भी जा सकती है। इनमें दस्त रो होने के कारण को सारणी–3 में दर्शाया गया है। साथ ही इन कारणों में कितने प्रतिशत रोग होने की संभावना रहती है इसे सारणी–3 में प्रतिशत के आधार पर व्यक्त किया गया है।

**सारणी–3**

| क्र. | कारण | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | दूषित पानी | 44 |
| 2. | अस्वच्छता | 32 |
| 3. | दूषित भोजन | 24 |
| 4. | अन्य | 0 |

**बच्चों तथा महिलाओं में कुपोषण का कारण** :– बच्चों तथा महिलाओं में होने वाले कुपोषण के कारणों को सारणी–4 में दर्शाया गया है, साथ ही कारणों से सम्बन्धित प्रतिशत सम्भावनाओं को भी सारणी–4 में प्रस्तुत किया गया है।

**सारणी–4**

| क्र. | कारण | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | गरीबी | 35 |
| 2. | बेरोजगारी | 31 |
| 3. | लिंग भेद | 23 |
| 4. | जागरूकता की कमी | 11 |

**सुझाव–**

भारत में लोगों के पोषण के स्तर में सुधार के क्षेत्र में कुछ प्रगति हुई है। लेकिन 2021 के भारत को अब तक किए गए काम से कहीं अधिक करना बाकी है। कुछ सुझाव इस प्रकार हैं–

1. **महिला और बाल विकास तथा शिक्षा विभागों के घनिष्ठ सहयोग से समन्वित स्वास्थ्य और पोषण पहल** : फिलहाल इस दिशा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मान्यता–प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आग्जीलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) से शुरुआत हो चुकी है लेकिन इनके कार्यनिष्पादन में सुधार की आवश्यकता है।

2. **सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत भोजन की आपूर्ति में विविधता लाना** : अधिक पोषण वाले पदार्थों जैसे बाजरा, अंडे, दूध, सोयाबीन और पोषण की दृष्टि से समृद्ध ताजा भोज को इसमें शामिल करने की आवश्यकता है। चावल, गेहूं, खाद्य तेल व नमक का बड़े पैमाने पर आवश्यक खनिजों और विटामिनों, जैसे आयोडीन, आयरन, जिंक और विटामिन ए व डी से समृद्ध करने के लिए फोटिफिकेर्शन का अनुकूलतम उपयोग कया जाना चाहिए।
3. **'न्यूट्रीशन गार्डन' अवधारणा को बढ़ावा** : इससे जनसंख्या के पोषण में सुधार लाने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी।
4. आहार एक स्तर में सुधार के लिए व्यवहार परिवर्तन पर जोर।
5. **आहार में विविधता लाने पर गौर और स्वस्थ खुराक पर जोर** : आहार संबंधी विविधता के साथ संतुलित पोषण शरीर के विकास और अच्छे स्वास्थ्य का आधार है।
6. ग्रामीण भारत में फल–सब्जियों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक है।
7. लोगों को फल–सब्जियों के सेवन के स्वास्थ्य संबंधी फायदों के बारे में शिक्षित किया जाए।

**निष्कर्ष :–**

कुपोषण की दोहरी चुनौती भारत समेत दुनियां के कई देशों के लिए एक नई 'पोषण संबंधी वास्तविकता' है। वर्ष 2016-25 को 'संयुक्त राष्ट्र' पोषण दशक के रूप में मनाया जा रहा है और इसके अब केवल 4 वर्ष और बचें साल बच्चे हैं। 'सतत विकास लक्ष्यों' को प्राप्त करने का लक्ष्य 2030 तक का है। अब तक सारी पहल और प्रयास अल्प–पोषण की चुनौती पर केंद्रित रहे हैं। ऐसे में भारत में केंद्र और राज्यों के स्तर पर नीति निर्माताओं और कार्यक्रम प्रबंधकों को पोषण संबंधी नई वास्तविकताओं का ध्यान रखना आवश्यक है।

समय आ गया है जब अल्प–पोषण के साथ ही मोटापे की समस्या को कम करने के लिए नए तौर–तरीकों पर विचार किया जाए। प्रजनन की उम्र वाली महिलाओं, बच्चों और सभी ग्रामीण लोगों जैसे खासतौर पर कुपोषण से अधिक प्रभावित होने वाले जनसंख्या समूहों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए विशेष रूप से रणनीति तैयार करने की बड़ी आवश्यकता है। भारत में पोषण संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच अधिक मजबूत सहयोग और समन्वय के साथ–साथ बेहतर डाटा संग्रह व विश्लेषण की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए कार्रवाई करने तथा इस कार्य के प्रति राजनीतिक प्रतिबद्धता कायम रखी जाने की जरूरत है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट, 2020 (जनवरी)
2. विश्व बैंक की रिपोर्ट, 2019 (जून)
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट, 2018 (मार्च)
4. महिला एवं बाल विकास
5. ग्रामीण विकास प्राधिकरण, भारत सरकार (2019)
6. स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार
7. रोजगार समाचार पत्र, (जनवरी, 2017)

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित आहार शुद्धि



मंजीत कुमार वर्मा
शोधार्थी,
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी,
उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 16-18
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 10 March 2021
Published : 15 March 2021

**सारांश** – मानव के विकास एवं समुचित जीवन निर्वहन में शुद्ध भोजन या आहार की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। श्रीमद्भगवद्गीता में इसकी महत्ता स्पष्ट है।

**मुख्य शब्द** – श्रीमद्भगवद्गीता, आहार, शुद्धि, मानव, सात्विक आहार ,राजस आहार , तामस आहार ।

आज भोजन के लिए समस्त प्राणिजगत कार्यशील रहता है। किन्तु आहार नियम एवं शुद्ध आहार तथा कब, कैसे, कितना भोजन करना चाहिए इसकी मनुष्य समुचित जानकारी नही रखता इसलिए स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पडता है। विश्वप्रसिद्ध हिन्दू धर्मग्रन्थ श्रीमद्भगवद्गीता में आहार विहार के तीन प्रकार बताये गये हैं। जो इस प्रकार हैं–

**1–सात्विक आहार**
**2–राजस आहार**
**3–तामस आहार**

उपर्युक्त आहार व्यवस्था एवं इसका विस्तृत लक्षण गीता में दिया गया है। व्यक्ति अपनी–अपनी प्रवृत्ति सात्विक, राजसी और तामसी के अनुसार भोजन करता है तथा समस्याओं से आक्रान्त होता है, पुनः जीवन पर्यन्त उपचार करवाता रहता है। इसलिए

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

भोजन सदैव समय और मात्रा के अनुसार ग्रहण करना चाहिए तथा भजन की कोई सीमा नही है। गीता अनुसार भोजन (तामस) के लक्षण इस प्रकार है–

**यातयामं गतरसं पूति पर्युषितं च यत्।**
**उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम्।।**

जो भोजन अधपका (फास्ट फूड या चाइनीज फूड) रस रहित दुर्गन्धयुक्त मांसाहार भोजन बासी प्रातरास और जूठा जिसे कई लोगो नें छुआ हो तथा जो भोजन पवित्र स्वच्छ न हो उसे तामस भोजन कहते हैं। इस प्रकार के भोजन तामसी प्रवृत्ति वाले ज्यादा पसन्द करते है फलस्वरूप अधिक बीमार रहते है।

गीता के अनुसार राजसी भोजन के लक्षण इस प्रकार है–

**कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्ण रूक्षविदाहिनः।**
**आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकमयप्रदाः।।**

जो भोजन कडवा,खट्टा,नमकीन युक्त बहुत गरम जैसे चाट टिकिया,समोसा,गोलगप्पे आदि तीखा रूखा एवं जो बहुत दाहकारक हो इस प्रकार के भोजन को राजसी प्रवृत्ति के लोग अधिक पसन्द करते है। जो कि दुःख, शोक और रोगों को उत्पन्न करने वाला होता है। इस प्रकार यह भोजन स्वास्थ्यवर्धक नही होता है ।

सात्विक भोजन के लक्षण–

**आयुः सत्त्वबलारोग्य सुखप्रीति विवर्धनाः।**
**रस्याःस्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्विकप्रियाः।।**

आयु बुद्धि एवं बल को बढाने वाला आरोग्य, सुख और प्रीति उत्पन्न करने वाला रस स्वाद एवं सुगन्धयुक्त स्निग्ध एवं शरीर में लम्बे समय तक टिकने वाला भोजन स्वाभाविक रूप से हृदयाह्लादकारी एवं सर्वप्रिय आहार होता है। तथा यह भोजन शुद्ध होता है अतः सात्विक पुरूष ऐसा ही भोजन पसन्द करते है । इस प्रकार के परिस्कृत एवं परिमार्जित भोजन करने से किसी प्रकार का शारीरिक विकार नही होता है।

इस प्रकार गीता में उक्त बातें शुध आहार के प्रति प्रेरित एवं आकर्षित करती है। शुद्ध और सन्तुलित भोजन करने से शरीर स्वस्थ और निरन्तर विकसित होता है इस प्रकार जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो मस्तिष्क भी स्वस्थ रहेगा।

अरस्तू ने कहा है–**स्वस्थ षरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है ।** उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि मानव के विकास एवं समुचित जीवन निर्वहन में शुद्ध भोजन या आहार की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। श्रीमद्भगवद्गीता में इसकी महत्ता स्पष्ट है।

## पाद टिप्पणी

1. श्रीमद्भगवद्गीता गीताप्रस गोरखपुर, जयदयाल गोयन्दका, 75.वॉ पुनर्मुद्रण 2016
2. संसारसागर का गीतादीपस्तंभ, डॉ0 श्रीकृष्ण द0 देशमुख चौखम्भा संस्कृत भवन वाराणसी
3. यथार्थ गीता श्री परमहंस स्वामी अड.गड.ानन्द जी आश्रम ट्रस्ट
4. श्रीमद्भगवद्गीता श्रीमत्छांकरभाष्याआनन्दगिरिव्यिख्यायुता आचार्य केशवलाल वि0 शास्त्री चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान दिल्ली

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# रीतिकालीन आचार्य कुलपति का श्रृंगारेतर (रस निरूपण) काव्य



**डॉ. गुंजन त्रिपाठी**
1N/5C, तिलक नगर
अल्लापुर, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 19-25

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 10 March 2021
Published : 15 March 2021

**सारांश–** 'रीति' का अर्थ प्रणाली, पद्धति या शैली होता है। संस्कृत में रीति का अर्थ 'विशिष्ट पद रचना' है परंतु हिंदी में उक्त काल के संदर्भ में इसका प्रयोग शास्त्रीय ग्रंथों अर्थात् लक्षण ग्रंथों के अनुकरण पर काव्य रचना करने के अर्थ में हुआ है! इस प्रकार रीतिकाव्य वह काव्य है जो लक्षण के आधार पर या उसे ध्यान में रखकर लिखा गया है। इसी प्रकार की रचनाओं की अधिकता या प्रभाव के कारण इस काल को रीतिकाल कहा गया। रीतिकाव्य के भीतर प्रायः श्रृंगार के विभिन्न पक्षों को लेकर काव्य रचना हुई। इसके अतिरिक्त वीर, नीति और भक्ति मूलक रचनाएं भी परम्पराबद्ध रूप में रीति कवियों ने प्रस्तुत की है। कुलपति के श्रृंगारेतर काव्य में प्रशस्तिमूलक, अनूदित और भक्ति भावित वीर काव्य पद्धति के प्रभाव रूप में शिवाजी, रामसिंह–प्रशंसा, द्रोणपर्व तथा दुर्गा सम्बन्धिनी रचनाएँ देखी जा सकती हैं। भक्ति भावित रचनाएँ और नीतिमूलक सूक्तियाँ–ध्यान लीला, रसरहस्य' और 'युक्ति–तरंगिणी' में उपलब्ध हो जाती हैं। तांत्रिक प्रभाव 'दुर्गाभक्ति–चन्द्रिका' के दस–महाविद्या प्रकरण में समाहित है। श्रृंगारेतर रसों का वर्णन 'रसरहस्य' और 'युक्ति–तरंगिणी' में हुआ है। प्रस्तुत शोधपत्र में रीतिकालीन आचार्य कुलपति के श्रृंगारेतर रस निरूपण काव्य का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**मुख्य शब्दः–** प्रशस्तिमूलक, रीतिकाव्य, नीतिमूलक, सामासिकता आलम्बन, अनूदित एवं आक्षिप्त आदि।

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

रीतिकालीन वीर–काव्यों में लोक–कल्याण की वृत्ति से अनुचालित वीर नायकों को ही आलम्बन रूप में स्वीकार किया गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम, कृष्ण, शिवाजी तथा छत्रसाल पर रीतिकाल के अन्तिम चरण की वीर रचनायें इस तथ्य को पुष्ट करती हैं।[1] वीर काव्य के जन्म की प्रेरणाओं में औरंगजेब की युयुत्सा तथा हिन्दू राज्यों के पुनर्गठन की संभावनाओं को ऐतिहासिक तथ्य माना जा सकता है, किन्तु नीति और भक्तिकाव्य के लिए रीतिकालीन सांस्कृतिक सामासिकता उत्तरदायी नहीं कही जा सकती।[2] लक्ष्य की दृष्टि से श्रंगारेतर काव्य में श्रृंगार के अतिरिक्त अन्य रसों के उदाहरण प्रस्तुत करने में रीति कवि पुरातन पर अधिक आश्वस्त है। वीर, रौद्र अद्भुत आदि में उसने राम, कृष्ण, अर्जुन, भीष्म, कर्ण तथा हास्य आदि प्रकरणों में महादेव आदि का आलम्बन रूप में चित्रण कर अपनी विगत दृष्टि का परिचय दिया है।[3]

आचार्य कुलपति ने मम्मट को आधार बनाकर रसों की संख्या का निरूपण किया है। वह श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स तथा अद्भुत सहित आठ रस नाटक में और षान्त सहित नव रस कविता में मानते हैं। मम्मट की कारिका मूल रूप से 'नाट्यशास्त्र' की कारिका है। वाग्देवतावतार मम्मट ने उसे भरत के 'नाट्यशास्त्र' से ज्यों का त्यों ग्रहण कर लिया है। इस क्रम के सम्बन्ध में भी 'अभिनव भारती' में विशेष प्रयोग किया गया है। सम्मिलन सापेक्ष्य होने के कारण श्रृंगार हास्य और निरपेक्षता के कारण करुण को स्थान दिया गया है। भवभूति ने 'तटस्थं नैराश्यात्' कहकर इसका समर्थन किया है। करुण का मूल कारण रौद्र से सम्बन्धित होता है। रौद्र अर्थ प्रधान होने के कारण वीर के साथ सम्बद्ध है, वीर रस का कार्य भयभीतों को अभय प्रदान करना है। अतः वीर के साथ भयानक का सम्बन्ध होता है। वीभत्स विभाव के रूप में वीर और रौद्र का परिणाम होता है। इन सब के मूल में चमत्कार के कारण अद्भुत रहता है। अतः अन्त में अद्भुत रस को स्थान देना चाहिए। काव्य में, शान्तरस के निवृत्तिमूलक होने के कारण इन सबके बाद गणना करनी चाहिए। भरत के 'नाट्यशास्त्र' के भट्टलोल्लट, भट्टनायक तथा अभिनवगुप्त आदि टीकाकार शान्तरस की स्थिति स्वीकार करते हैं। रामस्वामी शास्त्री की यह मान्यता कि भरत प्रणीत 'नाट्यशास्त्र' में शान्तरस सम्बन्धी प्रकरण प्रक्षिप्त है, सर्वथा अनुचित प्रतीत होती है। 'अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः' का आशय केवल नाट्य में आठ रसों का प्रतिपादन करना है। काव्य में शान्तरस भी हो सकता है, अतः काव्यप्रकाशकार ने 'निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमोरसः' लिखकर शान्तरस का प्रतिपादन किया है। कुलपति की कारिकाओं से इस बात की पुष्टि हो जाती है।

पहिलो रस सिंगार पुनि, हास्यरु करुन बखान,
रौद्रो वीर भयानको औ वीभत्सहिं जान।
अद्भुत सो मिलि आठ यह, रस नाटक में होत,
शांत सहित नौ कबित में कविकुल कहत उदोत।

'युक्तितरंगिणी' में केवल लक्ष्य रूप में सब रसों के उदाहरण रखे गये हैं और 'रसरहस्य' में रसों की परिभाषा, विभावादि–निरूपण के साथ रसों के उदाहरण लक्षण दिये गए हैं। 'युक्तितरंगिणी' में विस्तार से न कहने का कारण स्पष्ट करते हुए कवि ने स्वयं लिख दिया है–

रसरहस्य में मैं कहें, इनके लच्छन भाव,
या ते हँया बरने नहीं, इहाँ कह्यो प्रस्ताव।[4]

इस जगह पर हम श्रृंगार के अतिरिक्त अन्य रसों के सम्बन्ध में कवि द्वारा प्रस्तुत उदाहरणों की प्रकृति पर विचार करेंगे। अतः क्रमबद्धता के अनुसार अन्य रसों का कवि–प्रस्तुत विवरण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

आलम्बन मात्र निरूपण से रसबोध कराने वाले रसों में हास्य महत्वपूर्ण माना जाता है। हास्य रस के आलम्बन–चित्रण में विकृतरूप, आकार, वेशभूषा, विचित्र अनर्गल वचन और विलक्षण चेष्टाओं को स्थान दिया गया है। कवि ने विकृत रूप का चित्रण कर हास्य की सृष्टि की है।

तन की छवि लुहटु जैसो बुझ्यो, दृगहू चकचूँधरी तैं सरसैं,

दंसन दुति कौडिन पांत बनी, चले चालन ऊँट हू की परसे।

छोटी सी नाक बड़े–बड़े पायन, बोल सुने घन हूँ तरसें

धरि आई है ऐसो सरूपहि भूपर, भाग भर्‌यौ नर जो दरसै।

इसके अतिरिक्त सामाजिक विद्रूपताओं की ओर भी व्यंग करते हुए उन्होंने सामयिक सांस्कृतिक और नैतिक विघटन का चित्र इस प्रसंग में प्रस्तुत किया है।

सजि–माला छापै तिलक बैठे कहत पुरान,

चोट करत दृग बान की, कहि अरजुन के बान।

यों ज्योतिष सौं जोति की अरज जू कीनो लोग,

जन्मपत्र कर लेत ही बरने जारज योग।[5]

पुराण की कथा कहते हुए रसिक पण्डित का कटाक्ष–दान तथा ज्योतिषी का जन्मपत्र देखते हुए जारज योग का कथन सामयिक कुत्सित अभिजात्य रुचि के परिचायक कहे जा सकते हैं। यहाँ हास, रति–भाव का संचारी बनकर आया है। ज्योतिषी के हास का आलम्बन जारज योग से उत्पन्न होने की अज्ञानता है। 'बिहारी सतसई' के 'पर तिय दोष पुरान सुनि लखि मुलकी सुखदानि' तथा 'फिरि हुलस्यो जिय जोइसी, समुझै जारज योग' जैसी उक्तियाँ भी उक्त कथन का समर्थन करती हैं। सामाजिक पाखण्ड के अतिरिक्त धार्मिक पाखण्ड का संकेत–'जाके नख अरु जटा बिसाला' या 'दाढ़ी रखाय जोगी होइ गेले बकरा' जैसी क्रमशः तुलसी और कबीर की उक्तियों के समान कुलपति ने 'बड़े रोम नख सीस पर' वाले दोहों में किया है।

बड़े रोम नख सीस पर जटाधरी मुख मौन,

कहा भुजा रूँची किए रुकी न मन की गौन।

इड़ा पिंगला जो गही जोगी मान्यो भागु,

कान फराए कह भयो जो न फर्‌यौ जगरागु।

इस खेवे के कवियों में कबीर आदि निर्गुण सन्तों की फटाकर के व्यंगात्मक चिन्ह केवल कुलपति में दिखाई देते हैं।

हास्य के बाद करुण के उदाहरण कवि ने रसरहस्य और युक्तितरंगिणी दोनों में प्रस्तुत किये हैं। करुण में शोक को व्यंग्य प्रस्तुत किया गया है। मित्र आदि का दुख और मृत व्यक्ति, करुण रस के आलम्बन माने गये हैं। रुदन, कम्प, विलास अनुभाव और ग्लानि, दीनता, मूर्छा इसके संचारी कहे गये हैं।

रोर परी रण में भई मार, मरे बहुतै कछु के बचि आये,

तेऊ पुकारत हा सुत! हा पितु बीरन क्यों हमें छोड़ सिधाये।

देखत छाती फटे सब की, उपजे जिय को सुनि मोह महाये,

ह्वे के उदास तजे हैं अवास, सुहास विलास सबे बिसराये।

'युक्तितरंगिणी' में मृत अभिमन्यु को आलम्बन और अर्जुन को आश्रय रूप में प्रस्तुत किया गया है।

अर्जुन सुनि अभिमन्यु वध, धर पर सक्यो उर दाह,

भूलि वीरता दृगनि ते चल्यो नीर परवाह।

मित्र अथवा भक्ति भावित के दुख से द्रवीभूत होने का उदाहरण 'रसरहस्य' में न देकर 'युक्तितरंगिणी' में दिया गया है।

रौद्र का स्थायीभाव क्रोध है। आलम्बन शत्रु तथा उद्दीपन शत्रु की चेष्टायें होती हैं। नेत्रों का लाल होना, भौंहे तानना, ललकारना आदि अनुभाव और गर्व, अमर्ष आवेग आदि संचारी हैं। कवि ने रामसिंह और शिवाजी तथा भीष्म और कृष्ण के माध्यम से रौद्र रस की निष्पत्ति कराई है।

साहि के हुकुम दल दलवो कितेक बात,

उत्तर ते दक्षिण पहार डारौ चूरि के।

और के भरासे जिन भूलै रे पहारी चढ़ि,

आयो रामसिंह हों हिये में तेजभूरि के।

धौंसा की धकार धाक धौंकल धरा में धरि,

अरिन के सीस भरों खुरतान धुरि के।

खण्ड खण्ड करौं परचण्ड परमण्डल को,

शोणित समूह सातौं सिन्धु राखों पूरि के।।

वीर रस का स्थायी भाव उत्साह अर्थात् युयुत्सा माना गया है। आलम्बन शत्रु या साहसिक कार्य, अनुभाव अंग संचालन तथा अरुण–नेत्रपात् तथा गर्व, उग्रता, असूया आदि संचारी माने गये हैं। युद्ध वीर में विभावन की सुगमता के लिए ऐतिहासिक गाथाओं का चित्रण प्रायः किया जाता रहा है। वीर रस का आलम्बन प्रत्यक्ष होने के कारण उत्साह की उन्मुखता और कार्य की तीव्रता स्पष्ट लिए होता है। यही कारण है कि यह अधिक प्रभावकारी होता है। अनौचित्य संवर्द्धक उत्साह वीर रस के गहरे प्रभाव में असमर्थ सिद्ध होता है। अपने प्रतिद्वन्द्वी के बल आदि से प्रेरित वीर की युयुत्सा भी प्रतिज्ञापूर्ति या उद्देश्य पूर्ति के प्रयोजन के कारण वीर रस निष्पन्न करने में सहायक होती है। वासुदेव की प्रतिज्ञा भंग कराने के लिए भीष्म का कथन युद्धवीर का सुन्दर उदाहरण कहा जा सकता है।

मेरे युद्ध उद्ध करि आयुध सके न कोय,

मानव की कहा गति दाख न देव की,

अर्जुन की गज्ज कहा सम्मुख हमारे रहे,

कछु हू न जाने गति बावन के मेव की।

कुटिल बिलोकनिते होत लोक खण्ड खण्ड,

जाको करु प्रकट धराधर की टेच की,

भीषण हौं आयौ रन भीषम मचाइ आज,

खगबल पैजहि छुड़ाऊ वसुदेव की।

यहाँ योद्धा की युद्ध भावना में आत्म सम्मान की रक्षा के कारण उत्साह है, क्रोध संचारी है तथा कर्म की असाधारणता आलम्बन है 'खग बल पैजहि छुड़ाऊ वसुदेवकी' कथन से इसकी पुष्टि हो जाती है। वीर काव्य ओजस्वी होना चाहिए। ओज गुणानुकूल भाषा एवं ध्वनि से निष्पत्ति में सहायता मिलती है। कुलपति मिश्र की रचनाओं में यह गुण विद्यमान है। वीर कवि कर्म की दृष्टि से योद्धा में तेजस्विता, धीरता, प्रचंडता आदि के साथ उसकी मार–काट अर्थात् उसके युद्ध कर्म का वर्णन भी होना चाहिए। विवेच्य पद में दोनों ही तथ्यों की पूर्ति मिल जाती है।

युद्धवीर के अतिरिक्त दानवीर, दयावीर तथा धर्मवीर प्रमुखभेद माने जाते हैं। कुलपति ने प्रसिद्ध दानी कर्ण की उक्तियों को दानवीर, शिव की कपोत–रक्षा सम्बन्धी उक्तियों को दयावीर तथा युधिष्ठिर की धर्मनिष्ठा को धर्मवीर के उदाहरणों में व्यंजित किया है।

कर्ण की 'सीसहु कटि कृपाण सदेहु हों, होय जो भिक्षुक को मनभायों, शिवि की 'तू जनि सोचै कपोत के पोतक, आपनि देह दे ताहि बचाओ' तथा युधिष्ठिर की, 'धाक यही है युधिष्ठिर की धन धाम तजों पै न बोलन फेरों' उक्तियाँ यश को प्रकृति आलम्बन स्वीकार करके चली है। लोक रक्षण परक होने के कारण दया, धर्म तथा दान आदि सत् के संघटन को लक्ष्य बनाकर चलते हैं। अतः सत्व रूप वीर रस की निष्पत्ति में अन्य की अपेक्षा इनका स्थायी प्रभाव पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखकर कवि ने पुराण–सम्मत कथाओं को पद्य–बद्ध किया है। वीररस के आलम्बन महत्कर्म का पर्यवसान लोक–कल्याण में मानने के कारण ही उत्सर्ग के प्राधान्य से युद्धवीर, दानवीर, दयावीर, धर्मवीर, विभेद वीर रस के किये गए हैं। कुलपति द्वारा प्रस्तुत उदाहरण शास्त्रीय दृष्टि से सर्वथा शुद्ध हं।

स च वीरो दान वीरो, धर्म वीरो युद्धवीरो, दयावीरश्चेति चतुर्विधः।[6]

भयानक रस की निष्पत्ति में सिंह इतै इत व्याल कराल इतै तकि व्याधहू ताकि रह्यौ 'सर' तथा 'स्वेद कंप रोमांच तन जम मुह व्याकुल मैन, विष्वरूप विकराल भय सक्यो न मूँदे नैन'[7] दो उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। इसका एक अन्य उदाहरण इस प्रकार है–

दंतनि अन्त उठाय फिराय सु कै किलकार धरा में पटक्कतु,
हाथी की छाती पैठि पिशाच सु ओठ चलाय चलाय मटक्कतु।
स्वाद सों यौं गट के लटके पुनि गेंद सी खेलत हाड़ सटक्कतु,
मांस के पिंडन घट्ट हर्‍यो लोहू कौं ले घट घट्ट घटक्कत।।

प्रथम उदाहरण शुद्ध है और द्वितीय में स्थायीभाव कथन के कारण स्ववाच्यत्व दोष आ गया है। वीभत्स में, जुगुप्सा व्यंजक चित्रों का प्राधान्य होता है। कवि ने रसरहस्य में युद्धोपरान्त का एक दृश्य तथा तरंगिणी में नारी के अस्थि मज्जामय शरीर का घृणित चित्र प्रस्तुत किया है। प्रथम वीभत्स का स्पष्ट चित्र तथा द्वितीय रूप की क्षणिकता और घृणात्मक व्यंजना के कारण निर्वेदमूलक अधिक है।

लोचन कीचर नाक साफ कफ माँग काढ़ि, कुच जान,
मूत कूप सर्वस्व पर कामिनी करत गुमान।

विस्मय अथवा आश्चर्य को लेकर अद्भुत की सृष्टि की जाती है। विस्मय में आश्रय आलम्बन को मुग्ध होकर देखता भर रहता है, सचेशष्ट नहीं होता। उत्साह से विस्मय में यही अन्तर है। आलम्बन के अलौकिक चरित्र तथा उसकी व्यापार

विलक्षणता उद्दीपन के रूप में कार्य करते हैं। कवि ने कृष्ण के बाल–जीवनगत किन्तु विलक्षण व्यापारों का उल्लेख कर अद्भुत के उदाहरण प्रस्तुत किये हैं–

जानी न परत यह कौन परकट भया,
आनि के यशोमति के भागन के दाय सों।,
तीन ही दिना कौ कोडर पूतना पछारे,
बात देखी न सुनी है ऐसी मानुष सुभाउ सों।,
तनक से तन ही सौ मारयौ है अधासुर,
जू व्याप रह्यौ अधनी अकास निजकाय सों।,
बालक बिहारी गति जाई न निहारी तहाँ,
नाचत है, काली के बदन पर चाय सों।
दावानल अचमन कियो, काली के सिरनाच,
पय पावति प्राननु पिये, कहा मौन यह साँच।

शान्तरस के वर्णन में संसार की असारता से प्रेरित होकर तीर्थदर्शन आदि की कामना व्यक्त की जाती है। 'युक्तितरंगिणी' में माया का प्रपंच, तृष्णा की अभिवृद्धि, दुःखातिशयता, असन्तोष तथा माया–मोह का चित्रण कर संसार की नश्वरता प्रतिपादित की गयी है। गुरुप्रसाद तथा आत्मसाक्षात्कार को मुक्ति का साधन निरूपित किया गया है। माया के मिथ्या आभास को भ्रम के कारण स्वीकार कर लेने पर दार्शनिक उक्तियों द्वारा एवं उदाहरणों द्वारा तथ्य की पुष्टि की गयी है। आत्म साक्षात्कार की प्रेरणा तथा अविद्या और ब्रह्म का आभास सम्बन्ध निरूपित किया गया है। परम्परित और शास्त्रानुमोदित युक्तियों द्वारा प्रकरण की समाप्ति की गयी है।

गुरु प्रसाद ते होइ जब, आतम जोति विकास,
नलिनी आनि का बुद्धि के, सुद्ध सत्य मति वास।
करता भरता भौन के, हरता तेरे भाग
नलिनी के सुक्लौ बध्यौं तु ही विषै अनुराग।
ब्रह्म बँध्यौ प्रतिबिम्ब कै बँधे अविद्या माँह,
ज्यों बाँध्यौ हनुमान को नाति निसाचर छाँह।[8]

इन नव रसों के अतिरिक्त कुछ लोग भक्ति को भी अलग रस मानते हैं। उसकी स्थापना साहित्यिक क्षेत्र की न होकर धार्मिक क्षेत्र की है। साहित्यशास्त्र में इसकी गणना देवादि विषयक भावध्वनि के रूप में हुई है। गौड़ीय वैश्णव भी देवता विशयक रति को भाव ही मानते हैं, किन्तु 'कृशणस्तु भगवान स्वयं' के कारण कृष्ण विषयक रति को भाव के अन्तर्गत न मानकर स्वतन्त्र रस मानते हैं। कुलपति इस तथ्य से परिचित लगते हैं। तभी उन्होंने 'युक्तितरंगिणी' में 539-541 तक भाव–ध्वनि के रूप में दैव विषयक रति का चित्रण किया है–

देव काज मन्दिर धरयौ ह्वै कूरम निजपीठ,
मो काढ़त भव जलधि ते पावहि कहिगे नीठ,
महामीन भव जलधि से त्यौं ही मोहि उधार,

विप्र जानिके हन तुहे महामोह नृप मोहि

जो न बचैं हो राम तौ लाज आइ है तोहि।

'रसरहस्य' में भी, उन्होंने देव रति भाव ध्वनि शीर्षक ही दिया है, उसे भक्ति रस की संज्ञा नहीं दी। वैसे लक्ष्य रूप में कृष्ण, शिव तथा दुर्गा विषयक स्तुतियाँ रस रहस्यादि में भक्ति की दृष्टि से उत्कृष्ट की जा सकती है, पर शास्त्रीय दृष्टि से कवि उन्हें देवादि विषयक रति के कारण भाव–ध्वनि के उदाहरण ही स्वीकार करता है, भक्ति रस में नहीं। यही स्थिति वात्सल्य की भी है।

चंद सौ आनन चाह सौं चूमे चलै चख चाह न चोस चखाई,

हार दिये कठला बधना पहुँची पहरी सु महा छवि छाई।

तोरि के तिनका डिठोना बनाय के प्यार से वारत लोनरु राई,

गोद ते गोद हँसी भरि मोद विनोद सो देखिए लाल कन्हाई।

उत्तम लक्ष्य होते हुए भी शास्त्रीय दृष्टि से कवि के मत में, उसे भक्ति रस शीर्षक से अभिहित नहीं किया जा सकता।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि कुलपति के लक्ष्य शास्त्र स्थिति सम्पादन की दृष्टि से कुछ स्थानों के अतिरिक्त सर्वथा शुद्ध है। 'रसरहस्य' के उदाहरण 'युक्तितरंगिणी' की अपेक्षा अधिक स्पष्ट और विस्तृत है। लक्ष्य का प्रतिपाद्य विषय परम्परानुमोदित अधिक है। विश्रुत पौराणिक कथाओं के पात्रों को ही आलम्बन विभाग के रूप में चुना गया है। 'युक्तितरंगिणी' में अनुभावों और संचारियों की व्यंजना पर अधिक बल दिया गया है। लक्ष्य प्रस्तुत करते हुए मम्मट की मान्यताओं का सतर्कता से पालन किया गया है तथा एक ही रूढ़ आलम्बन (कृष्ण) को केन्द्र मानकर रसों के उदाहरण प्रस्तुत करने की रूढ़ि से बचकर उन्होंने इस प्रसंग को केशव आदि की अपेक्षा अधिक सुष्ठु बनाया है। भवभूति, भोजराज, विश्वनाथ, नारायण पण्डित तथा अभिनव सम्मत एक रसवादी मान्यता की उपेक्षा कर उन्होंने सर्वसम्मत नव–रसों का विवेचन ही किया है। यह प्रवृत्ति कवि की शिक्षक, आचार्य की दृष्टि की सूचना देती है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. शुक्ल रामचन्द्र (2010), हिन्दी साहित्य का इतिहास, नयी दिल्ली, प्रकाशन संस्थान, पृष्ठ–38
2. सिंह प्रभाकर (2016), रीतिकाव्य मूल्यांकन के नये आयाम, इलाहाबाद लोक भारती प्रकाशन, पृष्ठ–43
3. प्रसाद शशिप्रभा (2007), रीतिकालीन भारतीय समाज, इलाहाबाद, भारती प्रकाशन पृष्ठ–52
4. कुलपति मिश्र – रस रहस्य 3/61
5. कुलपति मिश्र – युक्तितरंगिणी, दोहा 461-465
6. विश्वनाथ – साहित्यदर्पण, तृतीय परिच्छेद, 234
7. कुलपति मिश्र – रस रहस्य 3/82, युक्तितरंगिणी–486
8. कुलपति मिश्र – युक्तितरंगिणी, दोहा 495, 499 व 520

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# सामयिक परिप्रेक्ष्य में वृद्धजनों की स्थिति



**डॉ. रचना श्रीवास्तव**

प्राध्यापक (समाजशास्त्र)

शा.क. स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

रीवा, मध्य प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 26-33

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 10 March 2021
Published : 15 March 2021

**सारांश** – वृद्धजन किसी भी देश की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण भाग होते हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। साथ ही किसी भी समाज के संगठन एवं विकास में वृद्धजनों की भूमिका भी अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। वृद्धजन का वर्ग एक ओर समाज की विरासत अर्थात् पुरातन परम्पराओं एवं व्यवस्थाओं का पोषण एवं संरक्षण करता है तथा दूसरी ओर अपने जीवन के खट्टे–मीठे अनुभवों की सहायता से नवीन पीढ़ी का मार्गदर्शन भी करता है। यह वर्ग समाज के अतीत को वर्तमान से जोड़ने में एक सेतू के रूप में कार्य करता था परन्तु आज वैश्वीकरण, नगरीकरण, औद्योगीकरण आदि के कारण जो नवीन मूल्य प्रतिमान विकसित हुए हैं, उनमें वृद्धजनों का जीवन अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहा है। आज परिवार में वृद्धों की देखभाल एक समस्या बन गयी है। वर्तमान में वृद्धों की हालत बहुत दयनीय हो गयी है। यह एक चिंता का विषय है। प्रस्तुत शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में रीवा नगर के परिवारों में वृद्धों की स्थिति का अध्ययन करना है।

**मुख्य शब्द** :– वैश्वीकरण, औद्योगीकरण, नगरीकरण, जीवन प्रत्याशा, पोषण एवं संरक्षण।

---

यदि हम पिछले कुछ दशकों के भारत की वृद्ध आबादी का अध्ययन करें तो हम देखते हैं कि यह सर्वत्र बढ़ रही है। यह गिरती हुई मृत्यु दर तथा बढ़ती जीवन प्रत्याशा से संभव हुई है। इसके कारण अच्छी चिकित्सा सुविधाऐं तथा उपयुक्त शिक्षा है। भारत में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। साथ–साथ इनकी औसत आयु भी बढ़ रही है। सामान्य स्वास्थ्य का स्तर बेहतर हुआ है। सन् 1951 में जहां 60 वर्ष से ऊपर की आयु के 1.98

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे, वहीं सन् 2011 की जनगणना में उनकी संख्या 10.4 करोड़ हो गई।[1] अनुमान है कि वर्ष 2021 में यह संख्या 14.3 करोड़ और 2026 में 17.3 करोड़ होगी।

पारम्परिक भारत में वृद्धजनों को परिवार तथा समाज में ऊंचा स्थान प्राप्त था। तत्कालीन परिवार की पहचान परिवार के सबसे वृद्ध व्यक्ति के नाम से होती थी। सभी प्रकार के निर्णय वृद्धजन ही किया करते थे। संयुक्त परिवार प्रणाली के अन्तर्गत वृद्धों को सामाजिक सुरक्षा प्राप्त थी परन्तु जैसे–जैसे औद्योगीकरण, नगरीकरण व सामाजिक गतिशीलता में वृद्धि हुई, वैसे–वैसे ही संयुक्त परिवारों का विघटन होने लगा।[2] वर्तमान में पारिवारिक संरचना में परिवर्तन होने तथा एकाकी परिवारों में वृद्धि व परिवार के सदस्यों की आर्थिक कार्यों में भागीदारी होने के कारण वृद्धों की देखभाल एक समस्या बनती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता के कारण छोटे परिवार की लालसा तथा रोजगार के लिए एक जगह से दूसरी जगह पलायन के कारण वृद्धों को अपने परिवार का समर्थन नहीं मिल पा रहा है तथा उनकी परिवार से दूरी बढ़ती जा रही है। इन परिस्थितियों ने अधिकांश वृद्धों को घर में कुछ समय के लिए नितान्त अकेले रहने के लिए बाध्य कर दिया है। वृद्धों के बीमार होने की दशा में भी उनकी देखभाल के लिए परिवार में युवा सदस्यों की अनुपलब्धता वर्तमान में एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है।[3]

इसके अतिरिक्त वृद्धजनों की सबसे बड़ी समस्या उनकी निजता स्वतन्त्रता एवं गतिशीलता को बदस्तूर बनाये रखने की है।[4]

जीवन के इस अंतिम पड़ाव की अवस्था में वृद्धजन अपने परिजनों तथा पड़ोसियों एवं मित्रों आदि पर शारीरिक, मानसिक, भौतिक तथा भावात्मक रूप से अधिक निर्भर होते हैं। उनका परिवेश ही उनके सामाजिक जीवन की धुरी है क्योंकि उनके सामाजिक सम्बन्धों का ताना–बाना उनके वास्तविक निवास के आस–पास ही सिमट कर रह जाता है।[5] परन्तु वर्तमान की भागदौड़ भरी जिन्दगी में किसी के पास भी समय नहीं है कि वे उनकी भावुकता, पसन्द ना पसन्द तथा स्वास्थ्य समस्याओं को सुने। अतः वे स्वयं को बहुत अकेला अनुभव करते हैं।[6] सामाजिक गतिविधियों से उनकी सहभागिता लगभग समाप्त होती जा रही है। पीढ़ी अन्तराल के कारण बच्चे वृद्धजनों की बात का विरोध करते हैं जिससे वे अपने ही घर में पराये जैसा व्यवहार महसूस कर रहे हैं।

अतः भारत जैसे विकासशील देश में जहां आधुनिकीकरण के दौरान वृद्धों की स्थिति खराब हो रही है। वहीं इन समस्याओं के दृष्टिगत भारत सरकार ने उन्हें सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने के लिए अनेक योजना संचालित की है। जैसे– स्वास्थ्य रक्षा योजना, बचत बीमा और निवेश योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना आदि। अतः वर्तमान विषय की महत्ता को देखते हुये इस पर शोध कार्य किये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है।

**उद्देश्यः–** प्रस्तुत शोध पत्र के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–

1. वृद्धों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. परिवार में वृद्धों की स्थिति का अध्ययन करना।

**अध्ययन क्षेत्रः–**

प्रस्तुत अध्ययन मध्य प्रदेश में स्थित रीवा जनपद के रीवा नगर में सम्पन्न किया गया है।

**अध्ययन विधिः–**

प्रस्तुत अध्ययन वर्णात्मक शोध प्ररचना के अन्तर्गत किया गया है।

**निदर्शनः–**

रीवा नगर के 50 वृद्धजनों का चयन दैव निदर्शन पद्धति के प्रयोग द्वारा किया गया है तथा उनसे सूचनाओं का संकलन साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है।

**उपलब्धियाँः–**

अध्ययन की प्रमुख उपलब्धियां अधोवर्णित हैं।

**उत्तरदाताओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति**

**तालिका संख्या–1**

| | **सूचक** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | आयु | | |
| **1.** | 60-70 वर्ष | 30 | 60 |
| **2.** | 70-80 वर्ष | 10 | 20 |
| **3.** | 80+ वर्ष | 10 | 20 |
| | **युग** | **50** | **100** |

**तालिका संख्या–2**

**जातिः–**

| **क्र.सं.** | **जाति का विवरण** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1. | सवर्ण | 27 | 54 |
| 2. | पिछड़ी | 13 | 26 |
| 3. | अनुसूचित | 10 | 20 |
| | योग | 50 | 100 |

**तालिका संख्या–3**

**शिक्षाः–**

| **क्र.सं.** | **शिक्षा का विवरण** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **1.** | उच्च शिक्षित | 18 | 36 |
| **2.** | अल्प शिक्षित | 32 | 64 |
| | **योग** | **50** | **100** |

**तालिका संख्या–4**

| **क्र.सं.** | **वैवाहिक स्थिति** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **1.** | विवाहित | 35 | 70 |
| **2.** | विधुर | 15 | 30 |
| | योग | 50 | 100 |

**तालिका संख्या–5**

| क्र.सं. | परिवार की प्रकृति | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **1.** | एकाकी | 30 | 60 |
| **2.** | संयुक्त | 20 | 40 |
| | योग | 50 | 100 |

**तालिका संख्या–6**

| क्र.सं. | निजी आय | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **1.** | है | 28 | 56 |
| **2.** | नहीं | 22 | 44 |
| | योग | 50 | 100 |

**तालिका संख्या–7**

| **परिवार के सदस्यों का व्यवहार** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | परिवार का व्यवहार | संख्या | प्रतिशत |
| **1.** | अच्छा | 15 | 30 |
| **2.** | खराब | 35 | 70 |
| | **योग** | **50** | **100** |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार के सदस्यों का व्यवहार उनके प्रति अच्छा है। जबकि 70 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि उनके परिवार के सदस्यों का व्यवहार उनके साथ खराब है।

**तालिका संख्या–8**

| पारिवारिक निर्णयों में भूमिका | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | पारिवारिक निर्णयों में भूमिका | संख्या | प्रतिशत |
| **1.** | राय ली जाती है | 20 | 40 |
| **2.** | नहीं ली जाती है | 30 | 60 |
| | **योग** | **50** | **100** |

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार पारिवारिक निर्णयों में उनकी राय लेते हैं तथा सर्वाधिक 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार उनकी राय नहीं लेते हैं।

**तालिका संख्या–9**

| भोजन के प्रति संतुष्टि | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **भोजन से संतुष्टि** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| **1.** | हाँ | 22 | 44 |
| **2.** | नहीं | 28 | 56 |
| | **योग** | **50** | **100** |

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 44 प्रतिशत उत्तरदाता परिवार में मिलने वाले भोजन से संतुष्ट हैं जबकि 56 प्रतिशत उत्तरदाता भोजन से संतुष्ट नहीं है।

**तालिका संख्या–10**

| बीमारी में परिवार के द्वारा देखभाल | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **देखभाल करते हैं** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| **1.** | हाँ | 18 | 36 |
| **2.** | नहीं | 32 | 64 |
| | **योग** | **50** | **100** |

उपर्युक्त तालिका से ज्ञात होता है कि बीमार पड़ने पर 36 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार उनकी देखभाल करते हैं जबकि सर्वाधिक 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार उनकी देखभाल नहीं करते हैं।

**तालिका संख्या–11**

| चिकित्सा करवाने की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **चिकित्सा करवाते हैं** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| **1.** | हाँ | 27 | 54 |
| **2.** | नहीं | 23 | 46 |
| | **योग** | **50** | **100** |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 54 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार बीमारी में उनकी चिकित्सा करवाते है।

**तालिका संख्या–12**

| रिश्तेदारों के यहां होने वाले उत्सवों में परिवार के साथ भागीदारी | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **भागीदारी करते हैं** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| **1.** | हाँ | 22 | 44 |
| **2.** | नहीं | 28 | 56 |
| | **योग** | **50** | **100** |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि रिश्तेदारों के परिवारों में होने वाले उत्सवों में 44 प्रतिशत उत्तरदाता अपने परिवार के साथ सम्मिलित होते हैं तथा 56 प्रतिशत उत्तरदाता भागीदारी नहीं करते हैं।

**निष्कर्ष :–**

वर्तमान में भारतीय समाज में वृद्धजनों की दशा बहुत दयनीय है। परिवार में सदस्यों का व्यवहार वृद्धजनों के प्रति अच्छा नहीं है। पारिवारिक निर्णयों में उनकी राय नहीं ली जाती है। वे परिवार द्वारा मिलने वाले भोजन से भी संतुष्ट नहीं हैं। इसलिये यह आवश्यक है कि वरिष्ठ नागरिकों के पारिवारिक सदस्यों तथा रिश्तेदारों को अभिप्रेरित किया जाए कि वे उनकी उचित देखभाल करें। इसके साथ–साथ वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी सरकार की एक अनिवार्य सामाजिक तथा नैतिक जिम्मेदारी हो। इसके अलावा उन वृद्धजनों के ऊपर विशेष ध्यान देने कि

आवश्यकता है जो किन्हीं कारणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में असमर्थ हैं। यदि सरकार उम्रदराज तथा समाज के हाशिए पर खड़े इन लोगों को देश की उन्नति की धारा में ला सके तो वह इन वृद्धजनों जिन्होंने अपने समय में देश के विकास में अपना योगदान दिया था के प्रति सच्ची सहायता तथा सम्मान होगा।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. जनगणना, 2011 भारत सरकार
2. यादव, के.एन.एस. (2011), ''एजिंग सम इमरजिंग इश्यूज'', नई दिल्ली : मानक पब्लिकेशन्स, पृष्ठ–28
3. रेडी, पी.एच. (1996) ''दि हैल्थ आफ दि एज्ड इन इंडिया'', हैल्थ ट्रांजीशन रिव्यू, सप्लीमेंट टू वॉल्यूम 6,पृष्ठ–234
4. द्विवेदी, परेश (2014), ''वृद्धावस्था के विविध आयाम, समस्याएं एवं चुनौतियाँ'' पृष्ठ–42
5. अग्रवाल, उमेश चन्द्र (2009), ''बढ़ते बुजुर्ग, घटती सुरक्षा'' पृष्ठ–52
6. ढिल्लन, परमजीत कौर (1992), ''साइको–सोशल आसपैक्ट्स ऑफ एजिंग इन इंडिया'' नई दिल्ली : कान्सेप्ट पब्लिशिंग, पृष्ठ–18
7. योजना पत्रिका, भारत सरकार, जून 2019

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# वैश्वीकरण के दौर में राजनीति, समाज और मीडिया की भूमिका

मीना चरांदा
असिस्टेंट प्रोफेसर
राजनीति विज्ञान विभाग, कालिन्दी कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 34-39
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 10 March 2021
Published : 15 March 2021

**सारांश** — वैश्वीकरण के दौर में समाज का पिछड़ा वर्ग दलित वर्ग का भी शोषण निरंतर बढ़ता जा रहा है। लोग बदल रहे हैं परन्तु सोच आज भी वहीँ की वहीँ है। उच्च वर्ग यानि (ब्राह्मण) यह सामान्य वस्तुएँ निम्न वर्ग यानि (दलित) तक पहुँचने नहीं देते। छुआछूत जैसे समाज में पिछड़े वर्ग को उठने नहीं दिया जा रहा, माना कि कानूनी रूप में इस समस्या पर निगरानी है, परन्तु शोषण आज भी खत्म नहीं हुआ है। बल्कि कहा तो ये जा सकता है कि हरेक तरह के सामाजिक और आर्थिक शोषण में इस वैश्वीकरण के दौर में वृद्धि ही हुई है.

**मुख्य शब्द** — वैश्वीकरण, समाज, सामाजिक , आर्थिक, शोषण, मीडिया ।

आज 'भूमंडलीकरण', 'ग्लोबलाइजेशन' और 'वैश्वीकरण' आदि शब्दों की ही गूँज सुनाई पड़ती है। भूमंडलीकरण, ग्लोबलाइजेशन, वैश्वीकरण, जगतीकरण, ग्लोबल विलेज आदि शब्द एक दूसरे के पर्यायवाची शब्द है। इन सभी का एक सामान्य सा अर्थ यह निकलता है कि- पूरा विश्व आज एक गाँव की भाँति प्रतीत होता है। आधुनिक युग में मानव ने अपने परिश्रम के बल पर विज्ञान, जनसंचार, औद्योगिक-क्रांति, संचार के साधनों और सूचना क्रांति के कारण इतना विकास कर लिया है कि उसने सभी देशों की सीमाओं का अतिक्रमण कर दिया है। पारम्परिक रूप से हमारे यहाँ- ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' के रूप में यह अवधारणा मानव जाति को इतिहास के साथ चली आई है जिसमें समस्त विश्व की कल्पना एक परिवार के रूप में की गई है।

'भूमंडलीकरण' के वर्तमान इतिहास को विश्व स्तर पर तीन चरणों में बाँटा जा सकता है सन् 1700 से 1914 तक प्रथम चरण, सन् 1914 से 1960 तक द्वितीय चरण तथा तीसरा, 1960 से अब तक का वर्तमान। इस दोरान भूमंलीकरण का प्रथम चरण अंतर्राष्ट्रीयकरण का दौर कहा जा सकता है जिसमें सभ्यताएँ और देश भिन्न-भिन्न कारणों से एक-दूसरे के सम्पर्क में आते हैं। व्यापारिक रास्तों की खोजे होती है। धर्म प्रचार के साथ व्यापारिक और राजनीतिक सक्रियता बढ़ती है। 15वीं सदी में 'केप ऑफ़ गुड होम' से होकर यूरोप से एशिया के रास्ते की खोज मानव सभ्यता के इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना है। यूरोप और एशिया के इस समुद्री रास्ते की खोज के पीछे सभ्यता और धार्मिक प्रेरणा कार्य कर रही थी। इस खोज ने तुरंत व्यापार और वाणिज्य के लिए भी प्रेरित किया।

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रो. फ्रेड ब्लोक बिल्कुल सही लगते हैं जब कहते हैं कि '12वीं शताब्दी के अमरीका में भूमण्डलीय समाज के सामने उपस्थित दुविधाओं और समस्याओं को समझना 1944 में छपी पोलान्यी की पुस्तक 'द ग्रेट

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

ट्रांस्फोर्मेशन: द पोलिटिकल एंड इकोनोमिक्स ओरिजंस ऑफ़ ओवर टाइम' को ध्यान पूर्वक पढ़े बिना संभव नहीं है। पोलान्यी की कृति बाजार आधारित उदारवाद की अनुपम मीमांसा है। वह बहुप्रचलित धारणा को धाराशायी करती है कि राष्ट्र समाज और भूमंडलीकरण अर्थव्यवस्था की संरचना स्वनिर्मित बाजारों के जरिए ही संभव है। 1980 विशेषकर शीत युद्ध की समाप्ति और सोवियत संघ के पतन के बाद बाजार, आधारित, 'उदारवाद' 'थैचरवाद', 'रगिनवाद', 'नवउदारवाद' और 'वाशिंगटन' आमराय के विभिन्न नामों से प्रचलित है। वह भूमंडलीय राजनीति पर पूरी तरह हावी है।'' औद्योगिक क्रांति के तुरंत बाड एडम स्मिथ ने अपनी यह प्रस्थापना रखी कि अगर राज्य अपने को केवल तीन कार्यों (विदेशी शत्रुओं से देश का बचाव, आंतरिक कानून और व्यवस्था बनाए रखना तथा सड़क, अस्पताल, स्कूल आदि सेवाओं को प्रदान करना जिनका उपयोग सब करते हैं, अगर कोई एक व्यक्ति उन्हें प्रदान नहीं कर सकता) तक ही सीमित रखे तथा उन्हीं के लिए करो के जरिए संसाधन जुटाए, तो अर्थव्यवस्था के संचालन और विनियन का शेष कार्य बाजार की शक्तियाँ सुचारू रूप से चलाएंगी. उन्होंने रेखांकित किया कि श्रमिको, तैयार या कच्चे माल के उत्पादकों, दुकानदारों या फिर उपभोक्ताओं का कोई भी संगठन बना तो बाजार की शक्तियों के कार्य में व्यवधान पड़ेगा।

पारिभाषिक तौर पर वैश्वीकरण' का अर्थ है, स्थानीय वस्तुओं या घटनाओं का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूपान्तरण। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें माना जाता चाय कि पूरे विश्व के लोग मिलकर एक साथ कार्य करते हैं और चर्चा करते हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं का अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में एकीकरण हो जाता है। चोमस्की का तर्क है कि सैद्धांतिक रूप में वैश्वीकरण शब्द का उपयोग आर्थिक वैश्वीकरण के नव उदारवादी रूप का वर्णन करने में किया जाता है। ऐसे में भूमंडलीकरण का अर्थ हुआ, किसी देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करना। भारतीय संदर्भ में भी इसका अर्थ यही होगा कि - विदेशी कम्पनियों को भारत की विभिन्न गतिविधियों में निवेश करने की अनुमति देकर अर्थ-व्यवस्था को विदेशी निवेश के लिए खोल देना। जिसे निजीकरण के नाम से हम सभी जानते हैं.अतः विश्व व्यापार को प्रेरित करने के लिए ऐसे नियमों, सिद्धांतों और संस्थाओं की रचना की जाती है जिनका चरित्र सार्वभौमिक होता है। अतः भूमंडलीकरण का सीधा अर्थ हुआ, विश्व बाजारवाद के आर्थिक नियम और सिद्धांत वैश्विक स्तर पर आरोपित और स्थापित करना.

प्रभाष जोशी भूमंडलीकरण को निजीकरण व उदारीकरण को बढ़ाने वाली प्रवृत्ति के रूप में देखते हैं उनके अनुसार- भूमंडलीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य और प्राथमिक रूप से आर्थिक प्रक्रिया है। हमने वे बंधन, मर्यादाएँ और सीमाएँ छोडी, जो हमारी अर्थव्यवस्था को अपना ही बनाए हुए थी, तो इसे उदारीकरण कहा गया और देश के जो उद्योग व्यापार सरकार के नियंत्रण में थे, उनकी मिल्कियत उद्योगपतियों और व्यापारियों को दे दी गई, तो वह निजीकरण कहलाया।

**वैश्वीकरण और राजनीति-** अधिक राष्ट्रों के रूप में, लोग, और संस्कृतियों बदलते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, राजनयिकों, राजनेताओं और प्रतिनिधियों के अनुकूल है और राष्ट्रों की जरूरतों और इच्छाओं के अनुसार उनसे मिलना चाहिए। कूटनीति को कई रूपों में उकेरा जा सकता है। शांति वार्ता, लिखित गठन, क्षेत्र के अनुभव आदि के माध्यम से संस्कृति एक परिचित शब्द है और परिभाषा से अपरिवर्तित रहता है। हालांकि वैश्वीकरण और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों ने संस्कृति को सकारात्मक और नकारात्मक दोनों में लगातार बदल दिया है। वैश्वीकरण से दुनिया भर में प्रौद्योगिकी बढ़ती है और लोकप्रिय उत्पादों के तेज, प्रभावी संचार और खत की पठनीयता होती है। वैश्वीकरण विभिन्न स्तरों पर संस्कृतियों और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को जोड़ता है, अर्थशास्त्र, राजनीतिक, सामाजिक आदि।

अंतर्राष्ट्रीय संबंधों ने अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए वैश्वीकरण का उपयोग किया है। संस्कृतियों को समझना। अंतराष्ट्रीय संबंध इस बात पर ध्यान केन्द्रित करते हैं कि कैसे देश, लोग और संगठन बातचीत करते है और वैश्वीकरण अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों पर गहरा प्रभाव डाल रहा है।

भौगोलिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सीमाओं को हटाकर वैश्वीकरण, और समय और स्थान के पास से भी, व्यक्तियों, राष्ट्रों, राज्यों और यहाँ तक कि समाजों के सामाजिक-राजनीतिक ढांचे के दृष्टिकोण, व्यवहार और कार्यवाही को बदल दिया है। राजनीति के दायरे में, वैश्वीकरण ने कई विकास पैदा किए है। जिनमें से कुछ इस प्रकार है।

वैश्वीकरण और लोकतंत्र आर्थिक विकास के प्रभाव में एक नए प्रतिमान के रूप में वैश्वीकरण की घटना ने आधी सदी के अतीत से उत्कृष्ट मानव समाजों को बदल दिया है। देर के दशकों में, वैज्ञानिक और अकादमिक समाज, विशेष रूप से राजनीतिक विज्ञान और कुछ अन्य मामले जैसे राजनीतिक प्रणाली, राज्य और लोकतंत्र, वैश्वीकरण द्वारा वैचारिक पुनपरिभाषित किए गए है। लोकतंत्र और भूमंडलीकरण के विषय को लेकर कुछ प्रश्न भी है जैसेः वैश्वीकरण ने लोकतंत्र के किस रूप को प्रभावित किया? क्या लोकतंत्र एक शासन पद्धति के रूप में दौर या क्या लोकतंत्र की विचारधारा या उसकी राजनीतिक संस्कृति वैश्वीकरण से प्रभावित थी?

लोकतंत्र के विभिन्न लक्ष्यों और परिभाषाओं के आधार पर लोकतंत्र के कई विभिन्न मॉडल है। बड़े पैमाने पर प्रयत्क्ष या अप्रत्यक्ष भागीदारी के अनुसार, यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष या सहभागी लोकतंत्र को सीमित करता है। और अर्थव्यवस्था की समानता और समरसता के अनुसार, उदार और सामाजिक लोकतंत्र है और सामाजिक लोकतंत्र औद्योगिक और कॉर्पोरेट लोकतंत्र के लिए है2 और अलग-अलग भौगोलिक दायरे और कई धर्मों और नस्लों के समूहों के अनुसार, अप्रत्यक्ष लोकतंत्र वर्तमान लोकतंत्र और बहुराष्ट्रीय और साहचर्य लोकतंत्र के लिए अक्षम है।

**लोकतंत्र की कुछ विशेषताएँ जैसेः-**

1. मुक्त चुनावः- इसका अर्थ है कि हर एक ओर समूह को सत्ता तक पहुँचने का मौका मिल सकता हैं यह राजनीतिक प्रणालियों में लोकतंत्र के मूल्यांकन का एक मुख्य सूचकांक हैं।
2. राजनीतिक कार्यों में पार्टियों, राजनीतिक समूहों, सामाजिक दलों की स्वतंत्रता। ''जोसेफ शम्पेटर'' का मानना है की यह सूचकांक लोकतांत्रिक निर्णय लेने के लिए आवश्यक है।4
3. संविधान का संहिताकरण और उसका सम्मान करना वास्तव में, संविधान उपस्थिति सामान्य इच्छा और लोकतंत्र की गारंटी देता है।5
4. शक्तियों का पृथक्करण और निगरानी।
5. उदारवादी निर्णय लेने की श्ि्क्त का प्रतिनिधित्व करते है। आभ्यावेदन को आंतरिक और बाहरी खतरे और प्रभावों के बिना उदारतापूर्वक निर्णय लेने वाला होना चाहिए।
6. सभी नागरिकों के लिए राजनीतिक और सामाजिक समान अवसर होने चाहिए।

राजनीतिक व्यवस्था और लोकतंत्रीकरण प्रक्रिया की संरचनाओं पर भूमंडलीकरण के प्रभावी होने के बारे में कई तरह के अलग-अलग दृष्टिकोण है। भूमंडलीकरण और लोकतंत्र के कारण जटिल, तरल और सार्वभौमिक अवधारणाएं हैं। कुछ

विचारशील यह तर्क देते हैं कि भूमंडलीकरण विस्फोट करता है। और राष्ट्रीय और सुपरनैशनल स्तर में लोकतंत्र की माप की पुष्टि करता है।6

लेकिन कुछ लोगों का यह कहना है कि भूमंडलीकरण लोकतंत्रीकरण की प्रक्रिया के लिए गंभीर चुनौती है। कुछ विद्वानों का मानना यह भी है कि यह नकारातमक और सकारात्मक प्रभाव हर देश की परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग है और उस देश की स्थिति पर निर्भर करता है।

लोकतंत्र पर वैश्वीकरण का प्रभाव विशेष दायरे तक सीमित नहीं है। कुछ ऐसी विचारशील मान्यताएँ हैं जो, लोकतंत्र के सभी आधारों पर भूमंडलीकरण को प्रभावित करती है जैसे-

1. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
2. विश्वास और धर्म की स्वतंत्रता
3. नागरिक समुदाय
4. नागरिक अधिकार
5. राज्य गतिविधि की परिसीमा
6. राज्यपालों की वैधता
7. प्रेस की स्वतंत्रता आदि।

हम कह सकते हैं कि लोकतंत्र पर भूमंडलीकरण के प्रभावी होने के कुछ तरीके हैं। जैसेः-

1. लोकतंत्र की अवधारणा पर विकासः- लोकतंत्र, भूमंडलीकरण के प्रभाव में, अपनी पारस्परिक अवधारणा के सापेक्ष अधिक बदल गया है। ऐसा कहा जा सकता है कि अपनी नई अवधारणा में लोकतंत्र केवल भागीदारी प्रक्रिया, चुनाव, प्रतिनिधित्व, निम्न का शासन और राजनीतिक और शहरी स्वतंत्रता नहीं है लेकिन लोकतंत्र को इस रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए। समाजों में नागरिक संस्थानों के गठन और भूमंडलीय संस्कृति पर इसका समायोजन।7
2. मध्यम वर्ग की वृद्धिः- शहरी संस्थानों, दलों, राष्ट्रीय और सुपरनेचुरल समूहों और आंदोलनों की वृद्धि के द्वारा वैश्वीकरण में वृद्धि हुई और डपककसम ब्सें मध्यम वर्ग का विकास हुआ। मध्यम वर्ग की वृद्धि, विभिन्न और विशाल मांगों को सफेद करना, लोकतंत्र का एक सामाजिक संदर्भ है। अन्यथा, यह लोकतंत्र के गैर-विकास पर हस्ताक्षर करता है।8

इसलिए अपनी उच्च्च प्रभाव शक्ति के साथ भूमंडलीकरण ने संस्कृति को भी पूरी तरह से प्रभावित किया है और राजनीति में व्यक्तिगत और राज्यों के दायरे तय किए हैं। भूमंडलीकरण ने नए राजनीतिक और सांस्कृतिक कलाकारों का निर्माण भी किया है।

राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्कोप अब दुनिया में दिखाई दिए हैं। भूमंडलीकरण का मानव समाज पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इसकी सरल कलपना नहीं करनी चाहिए।

**वैश्वीकरण और मीडिया-** मीडिया ने हमें सनसनीखेज सुर्खियों का आदि बना दिया है। इतिहास, कला, संस्कृति, राजनीति, घटना आदि सभी क्षेत्रों में सनसनीखेज तत्व हावी हैं. सनसनीखेज सुर्खियाँ जनता के दिमाग पर निरंतर बमबारी कर रहे है। इस

हमले में ज्यादा से ज्यादा सूचनाएं होती है किन्तु इन सूचनाओं की व्याख्या करने और आत्मसात करने की जरूरत में लगातार गिरावट आ रही हैं. आज मीडिया जनता को संप्रेषित की नहीं कर रहा, बल्कि भ्रमित भी कर रहा है। यह कार्य वह अप्रासंगिक बनाकर पुनरावृत्ति और शोर के साथ कर रहा है। बराबर मीडिया से 'क्लिचे' सुन रहे है। इस सबके कारण जहाँ मीडिया संप्रेषित कर रहा है। खास तौर पर टेलीविजन कम से कम सूचना संप्रेषित कर रहा है। स्मृति और घटना के इतिहास से इसका संबंध पूरी तरह टूट चुका है। यह ग्लोबल मीडिया का सामान्य फिनोमिना है। ग्लोबलाइजेशन को प्रभावी बनाने में परिवहन, संचार और साइबरस्पेस की आधुनिक तकनीकों की केन्द्रीय भूमिका रही है। इसके अलावा पर्यटन का तेजी से विकास हुआ है।

**विदेशी चैनल्स**: भूमंडलीकरण होने से जनसंचार के माध्यमों का विकास दिन-ब-दिन सशक्त होता जा रहा है। आज हमारे देश में अधिक से अधिक चैनल दिखाने की होड़ लगी हुई है। केबल सैंकड़ों की संख्या में चैनल प्रसारित कर रहा है, जिसमें आधे से अधिक चैनल्स विदेशी चैनलस है.

**इंटरनेट**: इंटरनेट सूचनाओं का मायाजाल है। घर बैठे कम्प्यूटर पर हम किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सदियों पहले घटी घटना की खोज कर सकते हैं, वर्तमान होने वाली सभी सूचनाओं को प्राप्त कर सकते हैं। भविष्य-फल जान सकते हैं।

**दैनिक समाचार पत्र**: विश्व में दैनिक समाचार पत्रों की संख्या लाख के करीब पहुँच चुकी है। भूमंडलीकरण के कारण एक देश का समाचार पत्र अपने देश के अलावा पड़ोसी देश तथा विश्व के दूसरे कोने तक पहुंच जाता है। रेल और हवाई जहाज के माध्यम से नहीं अपितु इन्टरनेट के माध्यम से ही समाचार पत्र और पत्रिकाओं को विश्व के किसी भी कोने तक पहुंचना आज संभव हो गया है।

**हाशिए के समाज पर विभिन्न प्रभाव व बदलाव:** भारत कभी गाँवों में बसता था, आज शहरीकरण का पर्याय बन उपभोक्तावादी समाज में परिवर्तित हो रहा है. अब गाँव नगर में और नगर महानगरों में परिवर्तित हो रहे हैं. जिनमें बड़ी-बड़ी बहुमंजिला इमारत, शोपिंग कोम्प्लेक्स, मल्टीप्लेक्स, मंहगी शराब, महंगी गाड़िया इत्यादि की वर्चस्वी उपस्थिति आज दृश्य की तरह देखने को मिलती है.किसान व मजदूर वर्ग पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बड़े किसान तो कैसे न कैसे करके अपना जीवनयापन कर लेते हैं, परन्तु छोटे किसान जो बड़े किसानों की जमीन पर खेती कार्यों में मदद करते थे, अब वैश्वीकरण के कारण नष्ट ही हो रहे हैं, क्योंकि 'छोटे किसानों की जगह मशीनों ने ले ली है. जिससे छोटे किसानों के रोजगार पर बड़ी मार पड़ी है.भारतीय संयुक्त परिवार की संस्था भी टूटने लगी है। एकल परिवार प्रणाली और उससे भी बढ़कर (सिंगल) यानि एकल प्रणाली महानगरों में जोर पकड़ने लगी.

उपभोक्तावादी संस्कृति ने सबकुछ भोग लेने की प्रवृत्ति ने स्त्री देह को भी नहीं छोड़ा है। समाज के आरम्भ से ही स्त्री को मात्र भोग्या माना गया है। मीडिया और विज्ञापनों ने स्त्री देह को सिर्फ उपभोग की वस्तु माना है। पैसे का लालच देकर, रोजगार के नाम पर स्त्रियों के साथ बलात्कार जैसे कुकर्म दिनों दिन बढ़ते जा रहे है। निःसंदेह वह दिन दूर नहीं जब यह समाज एक दिन अंधी खाई में गिरेगा। जहाँ विश्व में एक और अरबपतियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, वही दूसरी और भूखे और बेरोजगार लोगों की संख्या भी बहुत बड़ी तेजी से बढ़ी है। वैश्वीकरण के इस दौर में सब कुछ तेजी से बदल रहा है। सब कुछ फास्ट हो रहा है। फास्ट फूड, फास्ट म्यूजिक, फास्ट पैकिंग आदि। वैश्वीकरण के दौर में समाज का पिछड़ा वर्ग दलित वर्ग का भी शोषण निरंतर बढ़ता जा रहा है। लोग बदल रहे हैं परन्तु सोच आज भी वहीँ की वहीँ है। उच्च वर्ग यानि (ब्राह्मण) यह सामान्य वस्तुएँ निम्न वर्ग यानि (दलित) तक पहुँचने नहीं देते। छुआछूत जैसे समाज में पिछड़े वर्ग को उठने नहीं दिया जा रहा, माना कि कानूनी रूप में इस

समस्या पर निगरानी है, परन्तु शोषण आज भी खत्म नहीं हुआ है। बल्कि कहा तो ये जा सकता है कि हरेक तरह के सामाजिक और आर्थिक शोषण में इस वैश्वीकरण के दौर में वृद्धि ही हुई है.

**संदर्भ सूची :**


1. Sinaei. Vahid, "Cultural Pluralism in Globalization Age", Olome Ejtemaei, No: 25, 2006.
2. Loin. Andre, Discuss and realize of liberal democracy Tehran, Samt press, 2000, pp. 37-59.
3. Bashirieh. Hosein, Democracy lessons for all, Tehran, neghahe Moaser press, 2000, pp. 175-190
4. Mostafa. Rahimi, Tragedy power in shahnameh, Tehran, nilofar press, 1990, p. 256
5. Alam. Abdorahman, Foundation of Political Science, Tehran nilofar press, 1990.
6. Held. David, The transformation of political community, retninking democracy in the centext of globalization, lane shapiro & casian ottaoker coran (eds), Democracy age, Cambridge, polity press, 1999, p. 107
7. Bashirieh, Hosein, Ibid, p. 82
8. www.Ayandeh.nu


**सहायक संदर्भ :**


1. संस्कृति के चार अध्याय, रामधारी सिंह दिनकर, लोकभारती प्रकाशन
2. संस्कृति का अकेलापन, दुर्गाप्रसाद गुप्त, संजय प्रकाशन
3. आधुनिक हिंदी आलोचना के बीज शब्द, बच्चन सिंह, वाणी प्रकाशन
4. भारत का आर्थिक संकट और समाधान, विमल जालान, ने.बु.ट्रे.
5. आधुनिक भारत की द्वन्द कथा, शिवनारायण सिंह अनिवेद,वाणी प्रकाशन
6. भारत में राजनीति कल और आज, रजनी कोठारी, वाणी प्रकाशन
7. रस्साकशी, वीरभारत तलवार,सारांश प्रकाशन
8. हिंसा की सभ्यता, राजकिशोर, वाणी प्रकाशन
9. लोकतंत्र के तलबगार,जावीद आलम,वाणी प्रकाशन
10. आधुनिकता के आईने में दलित ,अभय कुमार दुबे, वाणी प्रकाशन
11. Agarwal, Shriman Narayan, gandhian Constitution for Free India, Allahabad, Kitabistan, 1946
12. Alexander, Horace, Gandhi Through western Eyes, Bombay: Asian Publishing House, 1969
13. Ashe, Geoffrey, Gandhi: A Study in Revolution, Bombay: Asia Publishing House, 1968
14. Bose, N.K., Gandhiji The Man and His Mission, Bharatiya Vidya Bhawan, Bombay, 1966
15. Dallmayr, Fred, Beyond Orientalism, New York, New York University Press, 1966
16. Dhawan, G.N., Political Philosophy of Gandhi, Bombay, Popular Book Depot, 1946

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# दोयम से पहले दर्जे की यात्रा

**डॉ. उमा मीणा**
सहायक प्राध्यापक,
मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 34-39
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 10 March 2021
Published : 15 March 2021

**सारांश:–** आत्मकथाओं में हम देखते हैं कि ये वे स्त्रियाँ हैं जिन्होंने शिक्षा,राजनीति साहित्य और व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है । इन्होने यह सिद्ध करके दिखाया है कि दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए भी ये किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं । समाज के विकास में उनकी भूमिका पुरुष से किसी भी प्रकार कम नहीं है ।लेकिन स्त्री को समाज में पुरुष के बराबर का दर्जा तभी मिल सकता है जबकि स्त्री को दोयम दर्जे का समझने की मानसिकता से पुरुष समाज मुक्त नहीं हो जाता ।

**मुख्य शब्द–** आत्मकथा, दोयमशिक्षा, राजनीति, साहित्य, यात्रा, दर्जे।

स्वतंत्रता की प्राप्ति के उपरांत भारतीय नारी की स्थिति में राजनितिक और वैधानिक दृष्टी से बहुत से परिवर्तन हुए लेकिन जो परिवर्तन हुए उनके अनुसार समाज में परिवर्तन नहीं हो सका . भारतीय संविधान ने उसे नागरिक के सभी अधिकार प्रदान किये , उसके कर्मक्षेत्र में भी अधिक विविधता तथा व्यापकता आ गयी . उत्तराधिकार, दहेज़, विवाह–विच्छेद सम्बन्धी विधान बन जाने से उसके वैधानिक अधिकारों में भी वृद्धि हुई किन्तु भारत में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हुई अत: समाज–व्यवस्था में कोई क्रन्तिकारी परिवर्तन नहीं हुआ।

विगत युगों में स्त्री को स्वतंत्र रूप से किसी मार्ग या दिशा को चुनने का अधिकार नहीं था.अभी तक स्त्री के कर्तव्य और उसकी जीवन शैली का निर्धारण पुरुष ही करता आया है.भारतीय समाज में स्त्रीत्व नैतिकता, मर्यादा और मातृत्व की दुहाईयों में ही विलीन होता रहा है .उसकी प्रतिभा,कर्मठता,निर्णय क्षमता,सहनशीलता सभी को दोयम दर्जे का बनाकर उसके अधिनस्थ रूप को ही सराहा गया ।शिक्षा के प्रसार और समाज सुधार आंदोलनों की प्रतिक्रिया में स्त्री अस्मिता को एक नयी दिशा मिली ।

आधुनिक युग की स्त्री सामाजिक अंत: विरोधों की सृष्टि है । स्त्री का व्यक्ति– पक्ष उसकी सामाजिक स्थिति और परम्परावादी दृष्टी से निरंतर प्रभावित होता रहता हैइसीलिए विद्रोह और संकोच की द्वंदात्मक स्थिति उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती हैं । स्त्री में आसक्ति और मोह के बंधन दिखाई देते हैं, वह आत्ममुग्ध होकर नहीं सोचती बल्कि संवेगात्मक रूप में सबसे बंधी रहती है। मन से पुरुष की निर्भरता को ख़त्म न होने के कारण वह अभी तक सभी जगह अंततः मात खाती जा रही है । वह जितनी स्वतंत्र बाहर से नज़र आती है उतनी स्वतंत्र है नहीं । आधुनिकीकरण की प्रक्रिया और परिवर्तन के दौर से गुज़र रही आज की स्त्री को दोहरा संघर्ष करना पड रहा है । जहाँ उसे सफलता कम और विफलता अधिक मिल रही है ।

यहाँ मैं कुछ स्त्री आत्मकथाओं के माध्यम से बताना चाहुंगी कि स्त्रियों ने किस प्रकार पुरुषसत्तात्मक समाज में विपरीत परिस्थितयों में संघर्ष करते हुए अपने को दोयम दर्जे से उठाकर प्रथम दर्जे पर लाने का रास्ता तय किया और उसमें

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वे कितनी सफल रहीं । इन लेखिकाओं ने भारतीय समाज व्यवस्था में स्त्रियों के सामाजिक अधिकार और स्वावलंबी व स्वतंत्र होती स्त्री के प्रति लोगों की मानसिकता को उजागर किया है । अपनी आत्मकथा 'अन्या से अनन्या 'में व्यापारिक क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और अनुभवों को प्रभा खेतान ने पाठकों के समक्ष रखा है. आर्थिक रूप से सबल बनने के लिए प्रभा ने कड़े प्रयास किये. अपने प्रथम प्रयास में प्रभा ने फिगरेट नाम से हेल्थ क्लब खोला और बकौल प्रभा खेतान 'पहले यह हेल्थ क्लब छोटा था, एक कमरे में सीमित मगर धीरे–धीरे काम चल निकला, कुछ पैसे जमा हुए तो मैंने इसे बड़े रूप में खोलना चाहा । 1970, इसी हेल्थ क्लब से मुझे पच्चीस से तीस हजार रुपये महीने की आय हो जाती थी. अपने आप में यह एक बड़ी आर्थिक उपलब्धि थी.'[1] और प्रभा यह महसूस करने लगी 'बाहरी दुनिया में कदम रखते ही मेरी कार्यक्षमता दुगुनी हो गई. एक असह्य यथार्थ से पलायन कर रही थी, मैं केवल डाक्टर की होकर नहीं रह गई थी. लोगों से मैं कहना चाहती, डॉक्टर साहब से अलग भी मेरी कोई हैसियत है. मैं भी कुछ हूँ. दुनिया देखने का, पारम्परिक दायरों के अतिक्रमण का यह दौर था.मैं व्यापारी महिला बन चुकी थी ।'[2] लेकिन 'एक व्यापारी महिला बनने के बाद और पुरुष के समान ही आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनने के बाद भी प्रभा यह अनुभव करती है कि 'औरत के आर्थिक अवदान को नकारने की परंपरा रही है।'[3]

भारतीय परिवेश में पुरुषों का दायित्व पैसा कमाना और संतानोत्पत्ति करना ही है, पत्नी की भावनाओं को, उसकी इच्छाओं को समझने का न तो उसका कोई कर्त्तव्य है, और न ही उसके पास समय। ऐसी स्थिति में एक पढ़ी–लिखी स्त्री की मानसिक स्थिति कितनी गड़बड़ा जाती है, इसका चित्रण आत्मकथाओं में मिलता है। वह अपने पति से सम्मान और समान अधिकार चाहती है। प्रतिष्ठित साहित्यकार के रूप में अपने को स्थापित करने वाली मन्नू भंडारी राजेन्द्र के साथ सुखद दाम्पत्य जीवन का सपना लिए परिवार के विरोध के बावजूद राजेन्द्र से विवाह तो कर लेती है किंतु विवाह के उपरांत राजेन्द्र 'समानान्तर जिंदगी' का आधुनिकतम पैटर्न थमाते हुए उसे एक निर्धारित दायरे में बद्ध कर देते हैं जिसमें 'घर की सारी जिम्मेदारियाँ और समस्याएँ–आर्थिक से लेकर दूसरी तरह की–मेरे जिम्मे थीं जिसमें मुझे राजेन्द्र की दिलचस्पी की ही नहीं, सहयोग की भी जरूरत रहती थी लेकिन उसे तो राजेन्द्र ने मेरा अधिकार–क्षेत्र घोषित कर रखा था। मेरे अधिकार–क्षेत्र में कभी भी न झाँकने की, न किसी तरह की दिलचस्पी लेने की और न ही कोई हस्तक्षेप करने की बेहद उदारवादी मुद्रा ओढ़कर एक बड़ी वाजिब और तर्कसंगत अपेक्षा ये करते थे कि मैं भी इनके अधिकार क्षेत्र में न कभी झाकूँ, न किसी तरह की दिलचस्पी लूँ।'[4]मन्नू तो राजेन्द्र के साथ आई थी 'सब तरह के अलगाव को दूर करके एक हो जाने के लिए, पूरी तरह घुल–मिल जाने के लिए'[5] और इस उम्मीद और आश्वासन के साथ कि 'सहजीवन के सुख–दु:ख और जिम्मेदारियाँ भी मिल बाँटकर ही उठाएंगे।'

राजेन्द्र यादव मानते हैं कि पत्नी को नर्स की भाँति होना चाहिए। इसी सन्दर्भ में मन्नू भण्डारी कहती हैं कि 'अपने को विशिष्ट मानने वाले राजेन्द्र की धारणा पत्नी की भूमिका के बारे में विशिष्ट ही नहीं, सचमुच चौकाने वाली थी। इनके हिसाब से पत्नी को एक नर्स की भाँति होना चाहिए जो सिर्फ पति की सेवा करे, बदले में उससे अपेक्षा कुछ न करे।'[6] मन्नू भण्डारी एक कामकाजी महिला रही हैं। उनके समक्ष अपनी बेटी को पालने की समस्या और नौकरी की जिम्मेदारी दोनों रहीं। वह चाहती हैं कि अपनी बच्ची को उसके पिता के पास छोड़कर वह नौकरी पर जाए लेकिन पति को यह बर्दाश्त नहीं होता कि पत्नी नौकरी करने जाए और वह घर में बच्ची के साथ रहे क्योंकि उन्हें भय है कि उनके लेखक मित्र उन्हें कहेंगे कि वे 'आयागिरी' कर रहे हैं। इस पर मन्नू का मन विद्रोह करता है। वह कहती हैं कि 'कई बार मन होता कि पूछूँ कि माँ अगर बच्चे को रखे तो माँ और अगर बाप बच्चे को रखे तो वह बाप न होकर आया कैसे हो गया?'[7]

ये तो विवाह करके एक पुरुष के साथ दाम्पत्य संबंध में बंध जाने वाली आधुनिक, आत्मनिर्भर, कामकाजी स्त्री की स्थिति है जो दोहरे दायित्व का निर्वाह करते हुए भी अपने पति से सदा उपेक्षित रहती है। लेकिन प्रभा जैसी स्वतंत्र

स्वावलम्बी स्त्री की स्थिति भी इससे कुछ भिन्न नहीं है। विवाह करके एक पुरुष के साथ आजीवन बंधन युक्त होने के बजाय प्रभा अपनी स्वेच्छा से बिना विवाह किए एक विवाहित पुरुष से संबंध स्थापित करती है, अपनी कार्यक्षमता के बल पर एक सफल व्यापारी महिला बनती है लेकिन इसके बावजूद डॉ. सर्राफ उसे अपनी संपत्ति 'अपनी चीज़' समझते हैं, उस पर और उसके 'अर्थ' पर भी अपना नियंत्रण रखते हैं। इस संबंध में प्रभा लिखती हैं–'व्यापार मैं कर रही थी मगर पैसे का कंट्रोल डॉक्टर साहब कर रहे थे। कहाँ कितना पैसा लगाना है, किसके पास कितना रुपया जाना है, इसका निर्णय वही लेते थे। मेरी भी उनके प्रति शिकायत बढ़ रही थी। इतनी मेहनत करती हूँ, इनके परिवार को इससे फायदा होता है, इनका छोटा बेटा इस काम में लगा है, उसका एक सुंदर भविष्य बन रहा है। लाखों–करोड़ों वाला भविष्य। कहाँ से कहाँ हम सब पहुँचेंगे, क्या इस उपलब्धि की कोई कीमत नहीं? मेरी उपलब्धियों को आखिर किसलिए हल्का किया जाता है?'[8]

आधुनिक समाज में परिवार का आर्थिक आधार मात्र पुरुष ही नहीं होता। महिलाएँ उत्पादन के हर क्षेत्र में पुरुष का साथ देती हैं किंतु उसके सहयोगों को नजर–अंदाज कर दिया जाता है और केवल पुरुष को ही कमाऊ अर्थात् कमाने वाला माना जाता है। जबकि वास्तविकता यह है कि अर्थोपार्जन में नारी की अतिरिक्त भूमिका रहती है। वह पुरुष से कहीं अधिक श्रम करती है किंतु उसके श्रम का सही मूल्यांकन नहीं होता और उसका शोषण होता रहता है। चाहे नौकरी पेशा महिलाएँ हों या खेतिहर मजदूर महिलाएँ, उन्हें शोषण की दोहरी चक्की में पिसना पड़ता है। प्रभा खेतान बताती हैं 'लेकिन नहीं मैं एक औरत थी ... औरत के आर्थिक अवदान को नकारने की परंपरा रही है। पहले गृहस्थी में उसके श्रम को नकारा जाता है, फिर मुख्यधारा में यदि उसे स्थान दिया जाता है तब उस स्त्री को या तो अपवाद मानकर पुरुष वर्ग अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझ लेता है, या फिर उसे परे धकेल दिया जाता है।'[9]

परंपराओं को नकारने वाली रमणिका गुप्ता, समाज में अपनी अलग पहचान बनाना चाहती हैं। वे लिखती हैं 'इतना ही नहीं, अपनी अलग पहचान बनाने की धुन मुझमें इतनी तीव्र हो गई थी कि अगर किसी समारोह का निमन्त्रण–पत्र मेरे नाम पर न आए तो मैं प्रकाश के साथ श्रीमती वी.पी.गुप्ता बनकर जाने से इनकार कर देती थी। "मुझे लोग मेरे कारण पहचानें, प्रकाश की पत्नी होने के कारण नहीं''– मेरे मन में यह भावना अति तीव्र हो गई थी।'[10] और इसीलिए अपने स्वयंसिद्धा बनने के संकल्प को पूरा करने के लिए वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर स्त्रियों को स्वावलम्बी बनाने वाली संस्थाओं को चलाने के लिए धनबाद में अकेले रहने का निर्णय करती है।

भारत का जातीय मानस आसानी से जीवन के हर क्षेत्र में  स्त्री की स्वतंत्रता को स्वीकार करने को तैयार नहीं था इसलिए जैसे- जैसे वो अपने बल पर आगे बढती गयी वैसे –वैसे उसका हर क्षेत्र में सामंतवादी और पुरुष मानसिकता से टकराव  भी होता गया ।राजनीति और समाज सुधार के क्षेत्र में अपने कार्यों और अनुभवों को बताती रमणिका कहती है कि 'राजनीति में आए नेताओं का औरतों के प्रति अजीब–सा रवैया होता है। रमणिका ने अपने अनुभव से जाना है कि राजनीति और समाज–सेवा में आत्मविश्वास, हौसला, निडरता और हठ जरूरी चीजें हैं। एक औरत को आगे बढ़ने के लिए 'थेथर' होना भी जरूरी है। 'थेथर' का मतलब संवेदनारहित नहीं बल्कि पूर्णतया संवेदनशील होते हुए विपरीत स्थितियों में डटे रहना है– आरोपों, कलंकों, घटनाओं–दुर्घटनाओं तथा ज्यादतियों को झेलते हुए, अपने रास्ते चलते रहना और संकल्प–शक्ति तथा इच्छा–शक्ति का बल बनाए रखना ही है। इसका मतलब है खुद को अपनों की बेरूखी सहने को भी तैयार रखना, हँसते–हँसते कुत्सित व्यंग्य, कुटिल मुस्कानें, द्विअर्थी वाक्य पचाने की आदत डालना और कभी–कभी दूसरों के वाक्यों को उन्हीं के खिलाफ मुहिम छेड़ने के लिए उछालना। पीठ थपथपाकर बहादुरी का वास्ता देने वाले भी बहुत मिलते हैं राजनीति में– खासकर औरतों को। उनकी नीयत को पहचानना और सब सुनकर समझकर, अपने फैसलों पर अडिग रहना ही अगर 'थेथरपन' है तो वह राजनीति में स्त्रियों के लिए लाजिमी है।'[11]

आत्मकथा 'कस्तूरी कुंडल बसै" में एक ग्रामीण अल्पशिक्षित महिला होकर भी मैत्रेयी की माँ कस्तूरी अपने विचारों और कार्यों से अग्रगामी हुई। कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए उसने समाज में एक मुकाम हासिल किया। कस्तूरी ने शिक्षा का सहारा लेकर परंपराओं और रूढियों को बहुत पीछे छोड़ दिया। परंपराओं को धत्ता बताकर अपनी बेटी के लिए वह रिश्ता स्वयं देखने जाती हैलेकिन अपने प्रयासों से अग्रगामी हुई कस्तूरी को पाठक जैसे लोग अपमानित करके ये जता देते हैं कि शिक्षा के बल पर वो और कुछ भले कर ले लेकिन पुरुष की बराबरी नहीं कर सकती ।

जैसे जैसे स्त्रियाँ आगे बढ़ रही हैं वैसे वैसे उनके शोषण की संभावनाएं भी बढ़ गयी हैं । कस्तूरी महिला मंगल की सदस्य रही है लेकिन मैत्रेयी ने महिला मंगल के कार्य को अपनाने के प्रति कभी रुचि नहीं दिखलाई क्योंकि उसने 'महिला मंगल' के कार्यों और उससे जुड़ी महिलाओं की स्थिति को नजदीक से देखा और उसे इस संस्था से कटु अनुभव ही प्राप्त हुए। 'महिला मंगल' की महिलाओं की स्थिति को उजागर करते हुए मैत्रेयी अपनी माँ से कहती है, "मेरा हश्र मुझे मालूम है। तुम पाठक जैसे 'भूत-पिशाच' से अपमानित हुई हो जो असहनीय है। मैं अब तैयार होती हूँ तुम्हारे हैडक्लर्क सारस्वत के स्वागत को, जो तुम्हारी तरक्की की रिकमंडेशन डी.पी.ओ. साहब तक पहुँचाने आया था। साथ ही, मेरे कमरे में ठहरने का हक भी लाया था। माँ मैंने बताया नहीं कि मैं उससे बड़ी रात तक जूझी थी और फिर कमरे की मालकिन बाई की मदद से छूटकर कमरे के बाहर हो गई थी। बाई ने तुमको हजार गालियाँ दी थीं माँ और सारस्वत मुझे गालियाँ देता हुआ कमरे से बाहर हो गया था।'[12]

कस्तूरी से मैत्रेयी तक स्त्रियों की स्थिति बहुत नहीं बदली है । साहित्य के क्षेत्र में अपनी जगह बनाने केलिए मैत्रेयी पुष्पा को जो धक्के झेलने पड़े वो पुरुष वर्चस्व में सेंध का नतीजा ही थे । वे चिंता व्यक्त करती हैं "साहित्य का क्षेत्र गुलामी के अड्डों और आपसी कुश्तियों के अखाड़ों से ज्यादा क्या है ? मैं चिड़िया की तरह उड़ने के लिए आकाश खोजने आई थी ,जगह-जगह पिंजरे रखे हैं । मेरे पंखों का क्या होगा?"[13] घर और बाहर की लड़ाई में वो हारी हुई नज़र आती है "बेटियां भी नहीं समझ पाएँगी कि माँ के लिए लेखिका के रूप में साहित्य का लोकतंत्र कितना सामंतवादी है और घर में पिता का पति रूप दिन पर दिन संस्कारों से ऐसा ग्रस्त हुआ जाता है कि पुरुष वर्चस्व के वे कठोर सेनापति अपने अनुशासन में प्रतिबद्ध ..."[14]

स्त्रियाँ समाज में पहले दर्जे पर आना चाहती हैं ,इसके लिए वे सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर आगे तो बढ़ रही हैं मगर पहले दर्जे तक पहुँचने की ये यात्रा बेहद कष्टपूर्ण है । इस यात्रा में वह स्वयं से, परिवार और समाज से टक्कर ले रही है और पितृसत्तात्मक समाज अपनी पुरजोर कोशिश कर रहा है इनके बढ़ते क़दमों को रोकने की ।

तहमीन दुर्रानी की आत्मकथा "मेरे आका"उसके व्यक्तित्व के रूपांतरण की कथा है। आत्मकथा के अंत में वह कहती है-"लेकिन अगर मैं बेगम मुस्तफा खर नहीं थी, तो फिर मैं थी कौन? मेरे बचपन की तहमीना दुर्रानी अब मेरे लिए अजनबी थी, एक भ्रमित नन्हीं लड़की थी जिसके कद से अब मैं ऊपर निकल चुकी थी। मैं उससे कोई नाता नहीं जोड़ पाती थी। क्या मेरे अंदर कोई नई तहमीना दुर्रानी थी, जो ज्यादा उम्रदराज, ज्यादा दु:खी, लेकिन ज्यादा समझदार भी थी।'[15] अपनी पहचान को बरकरार रखने के लिए ही उसने परंपरागत खामोशी को तोड़ते हुए अपनी आत्मकहानी लिखी और मुस्तफा के द्वारा किये गए अपने अपमान के जवाब में कहा-'देखो मुस्तफा, अब दुनिया जल्दी ही तुम्हें सिर्फ तहमीना दुर्रानी के भूतपूर्व पति के रूप में जानेगी।'[16] और तहमीना अपने आका को पछाड़ कर आगे निकल जाती है ।

मुस्तफा की आजादी के लिए राजनीति में प्रवेश करने वाली तहमीना अपनी एक अलग पहचान बनाती है। वह मानती है कि 'यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि थी कि मैंने ऐसे नए रिश्ते बनाए थे जो मुझ पर मुस्तफा ने नहीं थोपे थे। ये

लोग मुझे मेरे असली रूप में देखते थे, किसी राजनीतिज्ञ के पुछल्ले के तौर पर नहीं।'[17] मुस्तफा को जेल से आजाद कराना तहमीना की एक बड़ी सफलता थी और लोगों ने उस सफलता का श्रेय तहमीना को दिया भी।

हमेशा अपने शौहर और अपने परिवार वालों के प्यार और सम्मान को तरसती तहमीना उस क्षण को अपने जीवन की एक बड़ी अहम सफलता और अविस्मरणीय पल मानती है जब "मेरे घर वाले मुझे तहमीना खर यानी उस औरत के रूप में देख रहे थे जिसने अपने शोहर को आजाद करवाने के लिए एक निर्मम और अंततोगत्वा सफल लड़ाई लड़ी थी। मैंने एक ऐसी शख्सियत बना ली थी जो उन्हें प्रभावशाली लग रही थी।'[18] औरत को बांदी समझने वाला मुस्तफा तहमीना को राजनीती में केवल अपने लाभ के लिए आगे बढ़ता है लेकिन इसी दौरान तहमीना अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचानती है ।

**निष्कर्ष** : उपर्युक्त आत्मकथाओं में हम देखते हैं कि ये वे स्त्रियाँ हैं जिन्होंने शिक्षा,राजनीति साहित्य और व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है । इन्होने यह सिद्ध करके दिखाया है कि दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए भी ये किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं । समाज के विकास में उनकी भूमिका पुरुष से किसी भी प्रकार कम नहीं है ।लेकिन स्त्री को समाज में पुरुष के बराबर का दर्जा तभी मिल सकता है जबकि स्त्री को दोयम दर्जे का समझने की मानसिकता से पुरुष समाज मुक्त नहीं हो जाता ।

**सन्दर्भ सूची**


1. अन्य से अनन्या –प्रभा खेतान पृ. 170
2. वही पृ. 210
3. वही पृ. 212
4. एक कहानी यह भी –मन्नू भंडारी पृ. 49
5. वही पृ. 49
6. वही पृ. 88
[10]. Sharma, N. (2020). Dark tourism and moral disengagement in liminal spaces. Tourism Geographies, 22 (2), 273-297.

[11]. Thornberg, R., Wänström, L., Pozzoli, T., & Hong, JS (2019). Moral disengagement and school bullying perpetration in middle childhood: a short-term longitudinal study in Sweden. Journal of school violence, 18 (4), 585-596.

[12]. Wang, L., & Ngai, SSY (2020). The effects of anonymity, invisibility, asynchrony, and moral disengagement on cyberbullying perpetration among school-aged children in China. Children and Youth Services Review, 119, 105613.

[13]. Wu, CH (2020). The influence of mindfulness and moral disengagement on the psychological health and willingness to work of civil servants experiencing compassion fatigue. Current Psychology, 1-14.

[14]. Xu, B. (2017). The politics of compassion: The Sichuan earthquake and civic engagement in China. Stanford University Press.

[15]. Zăbavă, T. (2020). The Compassion Dimension in Bullying in High School Students. Journal of Experiential Psychotherapy / Revista de PSIH Therapy Experientiala, 23 (3).

**Cite this article as :**

Sh

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# 'आधुनिक परिप्रेक्ष्य में वैदिक युगीन प्राकृतिक चिकित्सा की उपादेयता'



**डॉ० उमाकान्त यादव**
**प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय,**
**प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 103-108

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 02 March 2021
Published : 10 March 2021

**सारांशः** वैदिक वाङ्मय में प्राकृतिक चिकित्सा रोग निवारणार्थ एक उत्तम पद्धति है जिसका सूत्रपात वैदिक ऋषियों ने किया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी उपादेयता और बढ़ गयी है। सम्पूर्ण विश्व में प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति आकर्षण उत्पन्न हो रहा है क्योंकि यह पद्धति पूर्णतः दोषमुक्त है। इसे अंगीकार कर सम्पूर्ण मानव पूर्ण एवं स्थायी स्वस्थता का प्राप्त कर सकता है।

**मुख्य शब्द –** वैदिक, आधुनिक, प्राकृतिक, चिकित्सा, भैषज्य–विज्ञान, संस्कृति, अथर्ववेद।

वैदिक युगीन भैषज्य–विज्ञान भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि है। चिकित्सा शास्त्र की दृष्टि से भी वैदिक वाङ्मय का विशेष महत्त्व है। अथर्ववेद के अनुसार तत्कालीन समाज में वैद्यों की बहुलता थी तथा सहस्र प्रकार की औषधियाँ प्रयुक्त होती थी।[1] इसी कारण अथर्ववेद को 'भेषजवेद' के रूप में भी व्यवहृत किया जाता है।[2] सुश्रुत संहिता तो आयुर्वेद को अथर्ववेद का अंग मानती है[3] तथा कश्यपसंहिता आयुर्वेद की उत्पत्ति अथर्ववेद से ही स्वीकार करती है।[4] चरक ने चिकित्सकों को अथर्ववेद के अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया है क्योंकि यह ग्रन्थ हवन, नियम, प्रायश्चित, उपवास, मन्त्र आदि द्वारा चिकित्सा का विधान करता है।[5]

मानव जीवन का मुख्य केन्द्र बिन्दु प्रकृति है। सभी प्राकृतिक तत्त्व यथा– पृथ्वी, जल, अग्नि, सूर्य, वायु, चन्द्र आदि किसी न किसी रूप में प्राणी–जीवन के लिये परमोपयोगी हैं। वैदिक ऋषि रोगों का उपचार मन्त्र– विद्या, मन्त्रसिद्धमणियों, वानस्पतिक औषधियों के साथ ही प्राकृतिक तत्त्वों यथा– सूर्य, जल, अग्नि आदि से करते थे। वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध साक्ष्यों से ज्ञात होता है कि वैदिक ऋषि प्राकृतिक चिकित्सा को विशेष महत्त्व देते थे। वैदिक काल में मानस–चिकित्सा तथा हस्तस्पर्श–चिकित्सा का भी प्रचलन था।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह चिकित्सा पद्धति पूर्णतः प्रासंगिक है और वर्तमान महामारी कोरोना के काल में यह अतीव उपादेय है।

वैदिक काल में जल–चिकित्सा का प्रचलन था। अथर्ववेद में वर्णित है कि जल में सभी प्रकार के रोगों को नष्ट करने की सामर्थ्य है।[6] ऋग्वेद में कहा गया है कि जल में सभी औषधीय गुण विद्यमान है– **अप्सु में सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजा।**[7] अर्थवेद में उसे हृदय के रोगों को दूर करने वाला[8], बलवर्धक[9] एवं रोगनाशक[10] कहा गया है। ऋषि अथर्वा ने जल को दिव्य औषधि कहा है– **आपो अग्रं दिव्या औषधयः।**[11] अथर्ववेद के उन्नीसवें अध्याय के उनहत्तरवें सूक्त में जल के औषधीय गुणों की चर्चा करते हुए उसे संजीवनी शक्ति प्रदाता स्वीकार किया गया है। साथ ही उसके युक्त–युक्त प्रयोग के द्वारा सौ वर्ष की आयु की परिकल्पना की गयी है।

आधुनिक युग में उषापान, सहस्रधारा–स्नान, कटि–स्नान, टब–स्नान आदि विधियों का प्रयोग विभिन्न रोगों के निदान हेतु किया जा रहा है। अथर्ववेद के एक मन्त्र में कहा गया है कि रोगग्रस्त अंग को जल में भिगोना चाहिये अथवा इसे सिक्त रखना चाहिए–**जलाषेणाभिषिंचत जलाषेणोतसिंचत।**[12] इस आधार पर कहा जा सकता है कि आधुनिक जल चिकित्सा के मूल में वैदिक ऋषियों की जल चिकित्सा परम्परा ही है। आयुर्वेद में भी जल को विशेष महत्त्व दिया गया है। उदर–विकार के शमन हेतु प्रातःकाल बासी मुख यथाशक्ति जल पीने का विधान है। अजीर्णता होने पर भी अत्यधिक जल पीने की व्यवस्था की गयी है। अतः अजीर्णता का जल उत्तम उपचार है। शीतल जल से नित्य स्नान करने पर शरीर निरोग रहता है तथा इसमें स्फूर्ति तथा चेतना का संचार होता है।

वैदिक काल से ही सूर्य की किरणों को मानव–जीवन के लिये परमोपयोगी स्वीकार किया गया है। ऋग्वेद में सूर्य को स्थावर–जङ्गम जगत का आत्मा कहा गया है– **सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च**[13] **अन्यत्र** [14]सूर्य को रोगों से दूर करने वाला, बुद्धि को शुद्ध करने वाला तथा ज्ञान की वृद्धि करने वाला कहा गया है। अथर्ववेद में कहा गया है कि सूर्य के प्रकाश में रहना अमृत से युक्त स्थान में रहने जैसा है, इससे व्यक्ति दीर्घजीवी होता है।[15] अथर्ववेद के ही एक अन्य मन्त्र[16] में उदीयमान सूर्य को मृत्यु के सभी कारकों को नष्ट करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद में वर्णित है कि उदीयमान सूर्य हृदय के सभी रोगों और रक्त की अल्पता को दूर करता है।[17] अथर्ववेद में भी सूर्य की अवरक्त रश्मियों को हृदय रोगों तथा रक्त की अल्पता को दूर करने वाला बताया गया है।[18] इस तरह वैदिक ऋषियों ने वैदिक ऋचाओं में अनेकशः सूर्य की रश्मियों को स्वास्थ्य के लिये हितकारी निरूपित किया है। उनकी मान्यता है कि सूर्य की किरणों में जीवनीशक्ति निहित है और उनमें रोगों को विनष्ट करने की सामर्थ्य भी है। आधुनिक युग में जो सूर्य चिकित्सा विकसित हुई है उसका मूल आधार वैदिक चिन्तन ही है। आधुनिक युग में वैदिक वाङ्मय में वर्णित सूर्य–रश्मियों के औषधीय

गुणों के आधार पर ही रोगोपचार की नाना विधियों को विकसित किया गया जिसे 'सन थेरेपी' नाम से अभिहित किया जाता है।

वैदिक ऋषियों ने वायु को प्राणशक्ति के रूप में मान्यता दी है और वैदिक ऋचाओं में उसकी विशेष महत्ता निरूपित की है। अथर्ववेद में वायु को चराचर जगत का स्वामी[19] कहा गया है साथ ही यह भी उद्घाटित है कि सब कुछ इसी में प्रतिष्ठित है।[20] वैदिक ऋचाओं में इसे भेषज, विश्वभेषज, अमृत आदि कहा गया है और इसे दीर्घ जीवन का मुख्य आधार स्वीकार किया गया है।[21] वैदिक ऋषियों की मान्यता है कि शरीर की पुष्टता प्राणों की सबलता पर निर्भर है अतः उन्होंने सुस्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिये प्राणायाम द्वारा प्राण–अपान क्रिया की व्यवस्था की अनुशंसा की।[22] अन्यत्र भी प्राणापान वायु के सम्यक् क्रिया से सर्वविध रोगों को दूर करने का संकेत प्राप्त होता है।[23] वस्तुतः ऋषियों ने भी प्रतिष्ठित किया है कि जीवनीशक्ति के संवर्धन का सशक्त माध्यम प्राणायाम है। इसके अभ्यास से शरीर और हृदय पुष्ट होता है और व्यक्ति रोगमुक्त होकर दीर्घायु होता है। इस पद्धति में श्वास को अन्दर भरकर उसे कुछ समय तक अन्दर रोककर बाहर छोड़ा जाता है जिन्हें क्रमशः पूरक, कुम्भक एवं रेचक कहा जाता है। योगदर्शन मे प्राणायाम के महत्त्व को दर्शाते हुए कहा गया है कि प्राणायाम से बढ़कर कोई दूसरा तप नहीं है। इससे शरीर के सारे मल नष्ट हो जाते हैं और ज्ञानरूपी ज्योति प्रज्वलित हो जाती है– **तपो न परं प्राणायामात्ततो विशुद्धिर्मलानां दीप्तिश्च ज्ञानस्येति।**[24] प्राणायाम से मस्तिष्क की सूक्ष्म और सुप्त शक्तियाँ जागृत हो जाती हैं। फलतः मानस रोग तनाव आदि नष्ट हो जाते हैं। इसी आधार पर प्राणायाम चिकित्सा प्रचलित हुई है। प्राणायाम से नाड़ी संस्थान, पाचन संस्थान, श्वसन संस्थान और रक्त संचार सभी सक्रिय रहते हैं और उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है। अतः स्वस्थता के लिये प्राणायाम चिकित्सा या वायु चिकित्सा परम उपादेय है।

प्राकृतिक चिकित्सा में अग्नि चिकित्सा का भी विशेष स्थान है। यजुर्वेद में कहा गया है कि अग्नि शीत की औषधि है–**अग्निर्हिमस्य भेषजम्।**[25] अतः शीत एवं शीतजन्य रोगों में अग्नि–सेवन श्रेयष्कर है। अथर्ववेद में अग्नि को रोगोत्पादक कृमियों का नाशक कहा गया है।[26] अन्यत्र व्यवस्था दी गयी है कि अग्नि में गुग्गुल आदि के जलाने से रोग नष्ट हो जाते है।[27] एक मन्त्र में सर्प–विष उतारने के लिये सर्प द्वारा काटे गये अंश को गर्म लोहे आदि से जला कर या दागने की व्यवस्था दी गयी है।[28] ऋषियों की मान्यता है कि ऊर्जा के सम्पूर्ण स्रोत अग्नि में विद्यमान है। वैदिक ऋचाओं में उसे तेज, वर्चस, ओजस, दीर्घायु, बल और यश का कारण भी माना गया है।[29] साथ ही यह भी कहा गया है कि अग्नि ऑक्सीजन के रूप में शरीर में प्राणशक्ति को पुष्ट करती है जो यह प्रमाणित करता है कि इससे 'जीवनी–शक्ति' प्राप्त होती है। वर्तमान काल में अग्नि के साक्षात् सेवन अग्नि में रोगनाशक जड़ी–बूटी डालकर रोगों एवं कृमियों को नष्ट करना,

निवास आदि स्थानों को अग्नि के ताप से गर्म करना आदि बहुविध प्रयोग परिलक्षित होते हैं। इसे अग्नि–चिकित्सा के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

प्राकृतिक चिकित्सा का एक प्रमुख घटक यज्ञ चिकित्सा भी है। वैदिक ऋषि प्राचीन काल में रोग अथवा महामारी फैलने पर बड़े–बड़े यज्ञ सम्पादित कर, आरोग्य का लाभ प्राप्त करते थे। तत्कालीन औषधि–विशेषज्ञ ऋतु–संधियों में उत्पन्न होने वाले रोग विशेष के निवारणार्थ तद्नुकूल विशिष्ट औषधियों या वनस्पतियों का चयन कर शास्त्रोक्त विधि से यज्ञानुष्ठान कराकर वायु की शुद्धता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते थे। अथर्वा ऋर्षि का कथन है कि जिस घर में नियमतः यज्ञ सम्पादित होता है, वहाँ रोग के विषाणु नष्ट हो जाते हैं।[30] अन्यत्र उन्होंने व्यवस्था दी है कि यज्ञ सामग्री के रूप में गुग्गुल का प्रयोग तपेदिक एवं संक्रामक रोगों से रक्षा करता है।[31]

प्राकृतिक चिकित्सा की दृष्टि से मृत्–चिकित्सा का भी विशेष महत्त्व है। ऋषियों ने मिट्टी को रोग–नाशक माना है क्योंकि उसमें औषधीय गुण विद्यमान हैं।[32] अथर्ववेद के एक मन्त्र में विधान किया गया है कि मिट्टी के लेप से व्रण आदि पक जाते हैं और व्यक्ति स्वस्थता को प्राप्त करता है।[33] अन्यत्र दीमक की बामी की मिट्टी का प्रयोग विष–चिकित्सा के लिये विहित है।[34] इस विष–चिकित्सा का विधान सुश्रुत ने भी कल्प स्थान में किया है।[35] नारायण उपनिषद् में मिट्टी को शारीरिक पुष्टिकारक तत्त्व के रूप में वर्णित किया गया है।[36] मृत्–चिकित्सा में मिट्टी का बहुविध प्रयोग किया जाता है। उदर–विकार में और उदरशूल आदि में मिट्टी का लेप लगाने का विधान है। आधुनिक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति में मिट्टी–लेप विधि का प्रयोग काफी कारगर सिद्ध हो रहा है।

वैदिक ऋचाओं में हस्तस्पर्श–चिकित्सा का भी उल्लेख प्राप्त होता है। ऋग्वेद में प्रथमतः इस विधि का संकेत प्राप्त होता है। वहाँ मन्त्र पूर्वक दोनों हाथों से रोगी व्यक्ति के स्पर्श के द्वारा आरोग्यता का संकेत प्राप्त होता है। यहाँ हाथों में आरोग्य शक्ति के अनुभव पर बल दिया गया है, जिसमें आरोग्यता के गुण विद्यमान है।[37] अथर्ववेद में कहा गया है कि रोगी के शरीर का स्पर्श करते समय यह अनुभव करना चाहिए कि मेरे दोनों हाथ सुखदायी हैं और इनका स्पर्श लाभदायक है। ये सभी रोगों को दूर करने में समर्थ हैं। इनके स्पर्श से आपके अन्दर शक्ति का संचार हो रहा है और आप रोग मुक्त हो रहे हैं।[38] कौशिक सूत्र में भी 'हस्त स्पर्श चिकित्सा' का उल्लेख प्राप्त होता है।[39] वर्तमान युग में 'मेस्मरिज्म', हिप्नोटिज्म और रेकी आदि का प्राकृतिक चिकित्सा में बहुतायत प्रयोग हो रहा है जिसका विकास वैदिक हस्तस्पर्श–चिकित्सा द्वारा स्वीकार किया जा सकता है।

वैदिक वाङ्मय में मानस–चिकित्सा या मनोवैज्ञानिक चिकित्सा के भी संकेत प्राप्त होते हैं। अथर्ववेद में **'त्वं मनसा चिकित्सीः'**[40] वरुण के इस कथन से मानस चिकित्सा का संकेत प्राप्त होता है। वस्तुतः

मानसिक रोगों का उपचार मनोवैज्ञानिक चिकित्सा द्वारा ही सम्भव है क्योंकि इसका मूल कारण मन ही है। ऋषि शन्ताति का कथन है कि मन ही रोगादि का कारण है और वही उनका निवारणकर्त्ता भी है।[41] अथर्ववेद में अनेक स्थलों पर रोगी व्यक्ति को आश्वासन के माध्यम से मानस चिकित्सा के सूत्र प्राप्त होते हैं। ऋषि ब्रह्मा और ऋषि उन्मोचन के मन्त्रों में रोगी को रोग से न डरने तथा सौ वर्ष तक जीने का आश्वासन दृष्टिगत होता है।[42] वस्तुतः मनोबल और संकल्प शक्ति द्वारा आत्मविश्वास उत्पन्न कर व्यक्ति को रोगमुक्त किया जा सकता है। यह चिकित्सा–विधि रोगी को आत्मविश्वास पैदा करती है तथा उसे मानसिक शक्ति प्रदान करती है जिसके परिणामस्वरूप रोगी व्यक्ति स्वस्थता को प्राप्त करता है। वर्तमान वैश्विक महामारी कोरोना से सम्पूर्ण विश्व भयाक्रान्त है। लोगों के बीच मनोविकार बहुतायत में परिलक्षित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में मानस–चिकित्सा की उपादेयता अपरिहार्य है।

इस तरह हम देखते हैं कि वैदिक वाङ्मय में प्राकृतिक चिकित्सा रोग निवारणार्थ एक उत्तम पद्धति है जिसका सूत्रपात वैदिक ऋषियों ने किया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी उपादेयता और बढ़ गयी है। सम्पूर्ण विश्व में प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति आकर्षण उत्पन्न हो रहा है क्योंकि यह पद्धति पूर्णतः दोषमुक्त है। इसे अंगीकार कर सम्पूर्ण मानव पूर्ण एवं स्थायी स्वस्थता का प्राप्त कर सकता है।

**सन्दर्भ–**


1. अथर्व0 2.9.3
2. वही, 11.6.14
3. सुश्रुत सं0 1.1.5
4. कश्यप सं0 पृ0 42
5. चरक सं0 1.30.20–21
6. अथर्व 6.57.01
7. ऋ0 1.23.20
8. अथर्व 6.24.01
9. वही 1.5.1
10. वही 1.6.1
11. वही 8.7.3
12. वही 6.57.2
13. ऋ0 1.115.2
14. वही 10.100.8

15. अथर्व0 8.1.1
16. वही 17.1.30
17. ऋ0 1.50.11
18. अथर्व0 1.22.1
19. अथर्व0 11.10.10
20. वही 11.4.15
21. ऋ0 10.186.1, अथर्व0 8.2.3 आदि
22 अथर्व0 3.11.5 एवं 6
23. वही 4.13.1
24. यो0सू0 2.52 पर व्यास भाष्य
25. यजु0 23.10
26. अथर्व0 5.23.13
27. वही 19.38.1
28. वही 10.4.26
29. वही 19.37.1
30. वही 7.76.5
31. वही 19.38.1
32. वही 2.3.4
33. वही 2.3.5
34. वही 6.100.1
35. सुश्रुत, कल्पस्थाव, 5.17
36. नारायणगोपनिषद् 1.8
37. ऋ0 10.137.1—7
38. अथर्व0 4.13.5—7
39. कौशिक सूत्र, 58.3.11
40. अथर्व0 5.11.1
41. अथर्व0 19.9.4
42. वही 5.30.8, 8.2.24 आदि

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# वास्तौ गर्भविधानम्



अव्यक्त रैणा
शोधच्छात्रः,
वास्तुशास्त्रविभागः,
श्री ला. ब. शा. रा. सं. विश्वविद्यालयः,
नई दिल्ली।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 109-118

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**सारांश –** शिलान्यासदतिरिक्तं गर्भविन्यासस्य मयोक्तपरम्परा तत्कालीनसंस्कृतेर्विशिष्टता विद्यते । यस्यां पृथिव्यां जनः सम्पदामर्जयति, तस्याः कुक्षौ रत्न-धात्वादितत्त्वानि समर्प्य कार्यराम्भस्य विचारः गर्भविन्यासे क्रियते । गर्भविन्यासस्य प्रयोजनंसन्दर्भे ग्रन्थकारो वदति यद् देवालय-द्विजातिहर्म्यगृहेभ्यश्च गर्भविन्यासविधिं (नींवभरणादिविचारः) वक्ष्याम्यहम् ।[1]
समस्तद्रव्यैः सह कृतः गर्भविन्यासः सर्वदा सम्पदाशाली भवति। यदि द्रव्यादिभिर्हीनः गर्भविन्यासः क्रियते तदा गृहस्थाय सर्वविपत्तिकारणभूतो भवति । तस्मातद् गृहशिल्प्याचार्याद्यः सम्यग्रूपेण गर्भविन्यासस्य कार्यं सम्पादयेयुः ।[2]

**मुख्यशब्दः–** गिर्भविन्यासः, गर्भः, जनः, शयनगारः, प्रासादः, अर्थाः वास्तुः, गर्भविधानम् ।

गृ धातोः भन् प्रत्ययेन पुँल्लिङ्गे 'गर्भः' इति पदं निष्पद्यते । यस्यानेके अर्थाः विद्यन्ते। यथा – गर्भाशयः, गर्भाधानम्, गर्भकालः, अण्डशावकः, आभ्यन्तरम्, मध्यभागः, छिद्रम्, अग्निः, आहारः, गर्भाङ्कः इत्यादयः । वास्तुशास्त्रे गर्भपदं सामान्यतः गर्भमण्डपार्थे भवति, यस्यार्थाः सन्ति – शयनगारः, प्रासादः, भवनम्, प्रसूतिकागृहः इत्यादयः ।[3] वास्तुशास्त्रे गर्भस्य विधानं विस्तरेण प्रतिपादितमस्ति। अत्र 'गर्भविधानम्', 'गर्भविन्यासः' वा अनयोर्द्वयोः पदयोरर्थस्तु समान एव ।

**गर्भविधानस्य कृते आवश्यकखातकर्म तत्र प्रपूरणीयवस्तूनि** - वास्तौ गर्भविन्यासस्य कृते आवश्यकमस्ति यत् तत्र भवनस्य उच्चताऽनुरूपं गर्त्तनिर्माणं कर्त्तव्यम्। गर्त्तस्याकारः समचतस्रः स्यात्। गर्तम् ईष्टिकापाषाणादिभिः समं चतुस्रञ्च कुर्यात् । तदन्तरं तं गर्त्तं जलेन पूरयित्वा सर्वविधमृत्तिकाभिः तं सम्पूरयेत्।

तत्र मयमतानुसारेण नद्यः, तडागाद्यगाधजलाशयस्य, सस्यक्षेत्रस्य, पर्वतस्य वल्मीकस्य, कर्कटानां निवासस्थलस्य, हलस्य निवेशस्थलस्य, समुद्रतटस्य गोश्रृङ्गस्य, हस्तिदन्तस्य च मृतिकाभिः गर्तस्य मूलं प्रपूरणीयम्। एतासां मृदानां प्रयोगः गर्त्ते स्थापनाय भवति ।[4] राज्याभिषेककालेऽपि निम्नमृदानामुल्लेखो वर्त्तते । यथोक्तम् –

**पर्वताग्रमृदा तावन्मूर्द्धानं शोधयेन्नृपः ।**
**वल्मीकाग्रमृदाकर्णौ वदनं केशवालयात् ॥**

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**इन्द्रालय मृदा ग्रीवां हृदयं च नृपाजिरात् ।**

**करिदन्तोद्धृतमृदा दक्षिणं तु तथा भुजम् ॥**[5]

मृदापूर्त्यनन्तरं तस्मिन् गर्त्ते मध्ये पद्मकन्द (रक्तकमूलस्यमूलं), पूर्वदिशि उत्पलकन्द (नीलकमलस्यमूलम्) दक्षिणदिशि कुमुदम् (श्वेतकमलस्यकन्दम्), पश्चिमदिशि सौगन्धिकम्, उत्तरदिशि च काकलोहं नीललोहं वा निक्षिपेत्। सुप्रभेदागमे उत्पल-पद्म-नीललोहितकुमुदादीनां मूलादेर्न्यासः पूर्वदिशि करणाय निर्देशः प्राप्यते। विवरणमिदं मानसारेऽपि तुलनीयं विद्यते।[6] ततः तस्मिन् एव गर्त्ते अष्टविधानां धान्यानामपि न्यासः कर्त्तव्यः। तत्र ईशानादारभ्य क्रमशः प्रदक्षिणक्रमेण शालिधान्यं , ब्रीहिधान्यं, कोद्रवं मुद्गं माषं, कङ्कुं , कुलत्थं तिलं च प्रक्षिपेत्। तर्हि तस्योपरि ताम्रमयं मञ्जूषं संस्थापयेत् ताम्रमञ्जूषायाः प्रमाणविषये तत्र कथितमस्ति यत्-

**तस्योपरि निधातव्यं मञ्जूषं ताम्रनिर्मितम्।**

**त्रिचतुर्मात्रविस्ताराद् द्विद्वयङ्गुलविवर्धनात् ।**

**पञ्चषड्विंशमात्रान्तं मानं द्वादश भाजने ।**

**समोच्चं वाऽष्टपञ्चभागोनं वा तदुच्छ्रयम्।।**[7]

प्रकारान्तरेण गर्भविन्यासाय ताम्रमञ्जूषायाः दीर्घता स्तम्भस्य निर्धारितविधानपेक्षया गृहीतोच्चमानस्य 1/3 अंशयुक्तं स्थापयेत्। एतदतिरिक्तं स्तम्भस्य विष्कम्भकस्य समतुल्यं दैर्घ्यं स्यात्। अस्याः मञ्जुषाया उच्चता दैर्घ्यसदृशमेव भवेत् ।[8] मञ्जूषाया आकारविधानस्य त्रयो वर्गाः भवितुमर्हन्ति -

1. त्रिवर्गमण्डपाकारमञ्जूषा
2. वृत्ताकारमञ्जूषा
3. चतुरस्राकारमञ्जूषा चेति ।

मञ्जूषायां पञ्चविंशति कोष्ठकानि अथवा नव कोष्ठकानि स्युः ।[9]

तत्र फेलायाः(मञ्जूषायाः) यदुच्छ्रायमानमस्ति तस्यार्धस्य भागत्रयं विधाय एकभागतुल्यं कोष्ठकस्योच्छ्रायो भवेत्। तस्याः भित्ते घनतां स्थौल्यं वा यवद्वयस्य यवत्रयस्य यवचतुष्टयास्य वा कार्यम् । तत्रोपपीठवास्तुविन्यासे पञ्चविंशति देवाः स्थाप्याः।।

**गर्भस्थापनस्य विधिः -** कस्मिन्नपि शुभसम्मतकाले उक्तमञ्जुषायाः स्थापनार्थं भूतलस्य गर्त्तं सर्वविधगन्धैः पवित्रं कुर्यात्, कुलदेवाय पुष्पाणि समर्प्य, दीपप्रज्वालनञ्च कुर्यात् । एतत्पूर्वमत्र गोमय-गोमूत्र-दधि-दुग्ध-घृतनिर्मितैः पञ्चगव्यैः स्थानमिदं पवित्रं कुर्यात् । पवित्रीकरणादनन्तरं क्षेत्रं शुद्धसूत्रेणावेष्टितं कर्त्तव्यम् ।[10] तदनन्तरं तत्र स्थण्डिले चण्डितपदस्य (7 ×7 पदानि) रचनां अथवा मण्डूक पदस्य (8×8 पदानि) कुर्यात्, तद्विन्यासानुसारञ्च श्वेततण्डुलं (अक्षतं) निक्षेप्य ब्रह्मादीनां देवानामावाहनं कुर्यात् ।[11]

स्थपतेः इदं कर्त्तव्यमस्ति यदावाहितदेवैः सह भुवनपतेर्भगवतो महेश्वरस्य आराधनां कुर्यात्। गन्धपुष्पादिभिः सम्पूज्य प्रणवस्य जपं कुर्यात्। अस्मिन्नेवावसरे तत्र कलशं स्थापयेत्। कलशमिदं वस्त्रादिभिर्विभूषितं स्यात् ।[12]

**कलशलक्षणम् -** कलशः सुगन्धितद्रव्यैर्युक्तः पवित्रजलेन पूरितश्च स्यात्। कलशस्य गन्धपुष्पादिभिः पूजनं कुर्यात्। तस्योपरि किमपि कलङ्कं न स्यात्, न च छिद्रं भवेत्। तदन्तरं 5-5 कलशान् एकस्यां पङ्क्तौ संस्थापयेत् ।[13]

उक्तसज्जाऽनन्तरं गर्भविन्यासस्थले निर्मित्तस्य स्थण्डिलस्य निर्दिष्टमण्डले ईशादिक्रमेण विभिन्नदेवानां सुवासितगन्धैः रचनां कुर्यात्। गन्धपुष्पादिभिः सह यथाविधि बलिं दातव्यम्।[14] तत्पश्चात् उक्तपात्रं श्वेतपात्रेणाऽऽवृत्तं कुर्यात्। तदनन्तरं तस्य उपरि कुशास्तरणं करणीयम्।

**न्यासयोग्यवस्तुनि (धातुविन्यासः)** - ततः अपरदिने मञ्जूषायां पूर्वोक्तनिर्दिष्टवस्तूनां निवेशनं कुर्यात्। स्थपतिः ईशानकोणात् प्रदक्षिणक्रमानुसारं स्वर्णेन शालीद्रव्यस्य, रजतेन व्रीहेः, ताम्रेण कुलत्थस्य,त्रपुणा कङ्कोः सीसेन माषस्य, अयसा मुद्गस्य , अयसा कोद्रवस्य वैकन्तेन तिलस्य च निर्णाणं कृत्वा  पात्रे न्यासं कुर्यात् ।[15]

**जातिहिङ्गुलादिद्रव्यविन्यासः** - तदुपरान्तं विद्वन्मतानुसारं जयन्तपदे जातिहिङ्गुल्यस्य, भृशपदे हरितालस्य, वितथपदे मनःशिलायाः, भृङ्गराजपदे माक्षिकस्य, सुग्रीवपदे राजावर्त्तस्य, शोषपदे गैरिकस्य, मुख्यपदे अञ्जनस्य, अदितिपदे च दरदखनिजस्य न्यासं कुर्यात् ।[16]

**रत्नादिविन्यासः** - एवं मध्यतः पूर्वदिगभिमुखीं प्रदक्षिणक्रमेण मध्ये पद्मरागस्य, मरीचिपदे विद्रुमस्य (प्रवालस्य), सविन्द्रपदे पुष्परागस्य, विवस्वतपदे वैदूर्यस्य, इन्द्रजयपदे वज्रस्य, मित्रपदे इन्द्रनीलस्य, रुद्रराजपदे महानीलस्य, महीधरपदे मरकतस्य, आपवत्सपदे च मुक्तायाः क्रमानुसारं न्यासं कुर्यात् ।[17]

**औषधिसम्भारविन्यासः** - उक्तमञ्जूषायां ईशादिक्रमेण औषधीनां न्यासः कर्त्तव्यः। ईशानकोणे विष्णुक्रान्तायाः (तुलसीपत्रस्य), पूर्वदिशि त्रिशूल्याः, आग्नेये श्रियः, दक्षिणदिशि सहजनस्य, नैर्ऋत्ये दूर्वायाः, पश्चिमे भृङ्गकस्य (भृङ्गराजस्य), उत्तरदिशि अपामार्गस्य, मध्ये च एकपत्रीयपङ्कजस्य न्यासं कुर्यात् ।[18]

**गन्धादिविन्यासः** - औषधिविन्यासानन्तरं जयन्तपदेन प्रदक्षिणक्रमेण चन्दन–अगरु–कर्पूर–लवङ्ग–ईलायची–लालताफल–तक्कोल–इनासंज्ञकानां अष्टगन्धयुक्तानां द्रव्याणां न्यासः कर्त्तव्यः ।[19]

**स्वस्तिकविन्यासः** - अन्ते मञ्जुषायां पूर्वादिचतुर्दिक्षुः स्वर्णलौहताम्ररजतानां स्वस्तिकानां न्यासं कुर्यात् ।  एतद्विन्यासः सामान्यतः सर्वेषां देवानां मन्दिरे गर्भार्थं निगदितमस्ति। अनन्तरं देशविशेषानुसारेण गर्भविन्यासे कानिचन विशेषवस्तून्यपि संस्थापनीयानि ।

**शिवालयार्थं गर्भविन्यासः** - शिवालयार्थं गर्भविन्यासे मञ्जुषया सह स्वर्णकपाल–शूल–खट्वाङ्ग–परशु–वृषभ–पिनाक–हरिण–पाशानामष्टवस्तूनां पूर्वादिदिक्क्रमेण न्यासं कर्त्तव्यम्।

शिवालयगर्भविन्यासार्थमष्टानां माङ्लिकचिह्नानामपि न्यासो भवति । तानि अष्टविधानि मङ्गलचिह्नानि सन्ति– दर्पण–पूर्णकुम्भ–वृषभ–चामरयुग्म–श्रीवत्स–स्वस्तिक–शङ्ख–दीपकाः। एतानि महादेवस्याष्टमङ्गलानि उच्यन्ते । स्थापकस्याज्ञानुसारं शिष्यः स्थपतिंश्च एतेषामष्टानां माङ्गलिकचिह्नानां क्रमशो निवेशं कुर्यात् ।[20]

अनेन सहैव उक्तशुभ्रपात्रं पिहितं कृत्त्वा स्थापयेत्, अथ च गन्धादिद्रव्याणि अर्पयित्वा पवित्रकलशानां जलेन स्नानं कारयेत् ।[21]

**स्थपतिस्थापकयोः पञ्चाभरणम्** - अस्मिन् अवसरे पाठपारायणे प्रवीणविप्राः कल्याणकारीं जयघोषं कुर्युः । तत्रैव शङ्खभेर्यादिवाद्ययन्त्रैः स्थपतिस्थापकाभ्यां स्वर्णनिर्मितैः पञ्चालङ्कारैः सज्जा कुर्यात् । तानि पञ्चालङ्काराणि सन्ति पुष्पम्, कुण्डलम्,हारम्,कटकम्,अङ्गुलीयकञ्चेति ।

अनेन सहैव स्वर्णस्य यज्ञोपवीतं, नवीनमुत्तरीयञ्च धारयेत् । देहे श्वेतगन्धस्यानुलेपनं कुर्यात् । शीर्षे श्वेतपुष्पं धारयित्वा चित्तं निर्मलं कुर्यात् ।[22]

**ध्याननिर्देशः** - पवित्रचित्तेन तस्याः धरायाः ध्यानं कर्त्तव्यं, या समस्तदिक्पालैः समन्विता विद्यते, सागर–गिरिपर्वतादीन् धारयति अनन्तस्य शीर्षे च स्थिरा विद्यते । अस्मिन्नेव क्रमे सृष्टेः स्थित्युत्पत्तिसंहाराणां मुख्याधारस्य भुवनाधिपतेः शिवस्य **'ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्' इति** मन्त्रजपं कुर्यात् ।[23]

**देवालयेषु गर्भस्थानस्य निर्देशः** - ब्रह्मादीनां देवानां प्रासादप्रसङ्गे इदं ज्ञातव्यमस्ति यत् तेषां मुख्यद्वारस्य दक्षिणभागे अथवा

स्तम्भमूले यथायोग्यं गर्भविन्यासं कुर्यात् ।[24]

एतदतिरिक्तं होमस्तम्भस्य (प्रतिस्तम्भं) स्थाने अथवा वेदिकास्थलस्य निम्नस्थानेऽपि गर्भविन्यासं कर्त्तुं शक्यते । एतदर्थं निश्चितमापनमपेक्षितमस्ति । यदि होमस्तम्भस्य उच्चता वेदिकाया: पादुकाया: वा अधिका न्यूना वा भवेत् चेत् स्तम्भोऽयं विनाशदायको भवति ।[25]

**प्रतिमाफलकाय निर्देश:** - स्थापनादनन्तरं मञ्जूषायां सारवृक्षस्य अथवा पाषाणेन प्रतिमाफलकस्य निर्माणं कारितव्यम् । इदं निर्माणं ताम्रपत्राद् द्विगुणात्मकं भवेत् । एवं एतादृशे स्थाने देवस्वरूपं स्थापयेत् ।[26]

उक्तफलकोपरि एकस्य स्तम्भस्य स्थापनां कुर्यात् । स्थापनेयं चतुरिष्टिकाधारिता स्यात् । स्थापनां रत्नौषधियुक्तंवस्त्रपुष्पादिभि: सुशोभितं कर्त्तव्यम् ।[27]

**वैष्णवायतनेभ्य: गर्भविन्यास: -**

वैष्णवायतनाय गर्भविन्यासे भवनस्य मध्ये स्वर्णचक्रं निवेशयेत् । एवं स्वर्णस्यैव शङ्ख-धनुष-दण्ड-नन्दकसञ्ज्ञकखड्गादीनां न्यास: कर्त्तव्य:।[28]

तत्र धनु: शङ्खौ वामभागे, खड्ग-दण्डौ च दक्षिणभागे स्थापयेत् । विष्णुवाहनं गरुडमपि स्वर्णनिर्मितामायुधानां समक्षे स्थापयेत् ।[29]

**ब्रह्मायतनाय गर्भविन्यासनिर्देश:** - ब्रह्मायतनाय स्वर्णनिर्मित्तानां यज्ञोपवीत-ओङ्कार-स्वस्तिकाग्नीनां निर्माणं कारयेत् । अपि च तत्र ताम्रनिर्मितानि पद्म-कमण्डलु-दर्भ अक्षसूत्राणि स्थापयेत् । ब्रह्माविराजनस्थाने अर्थात् मध्ये पङ्कजं निवेशयेत् ।[30]

उक्तपङ्कजमध्ये ओङ्कारं (ऊँ) स्थापयेत्, एनं स्थानञ्च यज्ञोपवीतेनावेष्टितं कुर्यात् । चतुर्दिक्षु स्वस्तिकम्, वामभागे च कमण्डलुं स्थापयेत् । अस्य वामभागे कुशां अक्षमालां च स्थापयेत्, समक्षे च अग्निकुण्डं स्थापयेत् । तदुपरान्तं ब्रह्मायतने ब्रह्मस्थाने एव गर्भविन्यास: कर्त्तव्य:।[31]

**षण्मुखायतने गर्भविन्यासनिर्देश:** –कार्तिकेयप्रासादाय स्वर्णनिर्मित्तानां स्वस्तिकाऽक्षमाला-शक्त्यायुध-चक्र-कुक्कुट-मयूरवाहनादीनां ग्रहणं कर्त्तव्यम् । एतेषु धातुनिर्मित्तशक्तिं खड्गं च मध्ये निवेशयेत् ।[32]

तदनन्तरं वामभागे कुक्कुटस्य दक्षिणे मयूरस्य अनयो: समक्षे च अक्षसूत्रस्य न्यास: कर्त्तव्य: ।

**सवितृ-इन्द्रमन्दिरागर्भविधानम्** - सावित्रे प्रासादाय गर्भविन्यासे पङ्कजाऽङ्कुश-पाश-सिंहादीनां पूर्वादिक्रमेण न्यास: कर्त्तव्य:। एवं वज्रिण: प्रासादाय वज्र-नन्दकखड्ग-चक्र-चामरादीनां उक्तक्रमेण न्यासविधानं कथितम्[33]।

**अग्नियमसद्माभ्यां गर्भविधानम्** - अग्ने: प्रासादाय गर्भविधाने स्वर्णमयस्य मेषस्य शक्तेश्च न्यास: कर्त्तव्य:। एवं यममन्दिराय लौहमयस्य महिषस्य स्वर्णपाशस्य च स्थापना कार्या[34]।

**निर्ऋतिवरुणालयाभ्यां गर्भविधानम्** - एव नैर्ऋते: गर्भविधाने तथा च वरुणप्रासादाय लौहमकर-स्वर्णपाशयोश्च स्थापनं कुर्यात्।[35]

**वायु-चन्द्र-कुवेरकामदेवानामालयेभ्य: गर्भविधानम्** - वायो: प्रासादाय गर्भविधाने स्वर्णमयस्य कृष्णमृगस्य न्यास: करणीय: । तारापते: चन्द्रस्य सद्मनिमित्तं सुवर्णनिर्मितस्य सर्पस्य स्थापनं कुर्यात्। नरवाहस्य कुबेरस्य देवालये नराकृतिनिवेशस्य विधानमस्ति। । मदनालयस्य (कामदेवस्य) देवालयाय मकरस्य निवेश: कर्त्तव्य: ।[36]

**विघ्नेश-आर्यकप्रासादाय गर्भविन्यास:** - विघ्नेशस्य (गणेशस्य) प्रासादाय गर्भविधाने टङ्क-दन्त-अक्षमालादीनां निवेश: कर्त्तव्य:। आर्यकस्य प्रासादाय गर्भविन्यासे स्वर्णनिर्मित्तम् ओङ्कारं तिर्यग्दण्डं च स्थापयेत् ।[37]

**सुगतदेवस्य (बुद्धस्य मन्दिरे) गर्भविधानम्** - सुगतदेवस्य प्रासादाय स्वर्णाश्वत्थवृक्ष-कमण्डलु-छत्र-सिहादीनां गर्भविधानं

कर्त्तव्यम्। एतेषु स्वर्णाश्वत्थवृक्षः समक्षे भवति, तदुपरि छत्रं स्थापयेत्। वामभागे कुण्डिकां दक्षिणभागे च केसरीसिंहञ्च स्थापयेत्। गर्भे श्रीवत्स- अशोक-सिंहान् च संस्थापयेत् ।[38]

**जिनालयार्थं गर्भविधानम्** - जैनग्रन्थेषु परिकराय येषां लक्षणानां वर्णनं प्राप्यते, ते निवेशयोग्याः सम्भारा उक्ताः । स्वर्णनिर्मितश्रीवत्स-अशोकद्रुम-सिंह-कमण्डलु-अक्षमाला-शिखिपिच्छानां ग्रहणं कर्त्तव्यं गर्भविधानाय । एवं त्रीणि छत्राणि कमण्डलु , स्वर्णनिर्मित्ततालवृन्तञ्च जिनालये गर्भविधानाय विन्यसेत् ।

न्यासकाले अशोकवृक्षः समक्षे स्थापयेत्, तमुपरि च छत्रं स्थापयेत्। मयूरपिच्छं दक्षिणे भागे कुण्डकासहितां अक्षमालाञ्च वामभागे स्थापयेत्। तत्र श्रीरूपं  मध्ये स्थापयेत्। तत्रैव च सिंहस्य स्थितिर्भवेत्। अपरभागे कलशतालवृन्तयोः स्थापनां जिनालयनिमित्तं गर्भविधाने कुर्यादिति ।[39]

**दुर्गाप्रासादाय गर्भविधानम्** – दुर्गामन्दिरस्य गर्भविधाने स्वर्णशुकचक्रयोः रजतसिंह-शङ्खयोः निर्माणं कारयेत् । ताम्रधातुना मृगस्य लौहधातुना च नन्दकखड्गस्य निर्माणं कारयेत् ।[40]

**क्षेत्रपालायतनाय गर्भविधानम्** - क्षेत्रपालायतनाय गर्भविधाने स्वर्णनिर्मित्तखट्वाङ्ग-नन्दकखड्गशक्त्यादीनां न्यासः कर्त्तव्यः ।[41]

**लक्ष्मी-सरस्वती-ज्येष्ठानां देवालयेभ्यो गर्भविधानम्** - लक्ष्मीप्रासादस्य गर्भविधानाय पद्मं  विन्यसेत्। सरस्वतीप्रासादाय त्रिवर्णकेन ओङ्कारेण (ॐ) गर्भविधानं कर्त्तव्यम् । ज्येष्ठायाः देवालयाय स्वर्णध्वज-ध्वाङ्क्ष-उत्पलादिभिः गर्भविधानं कर्त्तव्यम् ।[42]

**कालिका-सप्तमातृकानां प्रासादाय गर्भविधानम्** - कालिकायाः गृहाय स्वर्णनिर्मित्तकपाल-शूल-घण्टादिभिः गर्भविधानं कर्त्तव्यम्। तत्रैव प्रेतानामपि गर्भविधानं कर्त्तव्यमित्यपि विवेचनमुपलभ्यते। एवं सप्तमातृकानां प्रकोष्ठेभ्यः स्वर्णमयहंस-वृष-मयूर-गरुड-सिंह-गज-प्रेतानां गर्भविधाने स्थापनं करणीयम्।[43]

**पार्वतीमोहिनीदेव्योर्देवालयाभ्यां गर्भविधानम्** - पार्वतीमातुः प्रासादाय दर्पणाऽक्षमालाभ्यां गर्भविधानं कर्त्तव्यम् । मोहिनीदेव्याः प्रासादाय पद्माऽक्षसूत्र-पूर्णकुम्भैर्गर्भविधानं कर्त्तव्यम्।

अत्र स्मरणीयमिदं तथ्यमस्ति यद्येषां देवतानामुल्लेखोऽत्र नाऽभवत्, तासां प्रासादेभ्यः निर्दिष्टचित्र-ध्वजाऽऽयुध-पताकाऽन्यचिह्नैर्गर्भविधानं कर्त्तव्यम् ।[44]

**विप्राणां भवनाय गर्भविधानम्** - देवालयानन्तरं चतुर्णां वर्णानां भवनेभ्यः गर्भविधानाय ग्रन्थकारेणोक्तमस्ति यत् सर्वप्रथमन्तु विप्राणाम् आवासीयभवनाय स्वर्णनिर्मित्तकमण्डलुदण्डकाष्ठशुल्बैः गर्भविधानं कर्त्तव्यम् । मतान्तरेण दण्डकाष्ठस्थाने दन्तकाष्ठमिति पाठः लभ्यते। एवमेव यज्ञोपवीत-यज्ञकुण्ड-यज्ञपात्रादीनां निर्माणं रजतधातुना कारयेत् ।[45]

उक्तेषु मध्ये यज्ञोपवीतं, दक्षिणभागे यज्ञपात्रं, वामभागे कलशं, समक्षञ्च अग्निकुण्डं स्थापयेत् । चतुर्दिक्षु स्वस्तिकचिह्नानि स्युः इति ब्राह्मणवर्गस्य भवनाय गर्भविधानं कर्त्तव्यम् ।[46]

**क्षत्रियवर्गस्य आवासीयभवनाय गर्भविधानम्** - क्षत्रियभवनाय गर्भविन्यासार्थं मध्ये स्वर्णमयचक्रं वामभागे च रजतमयं शङ्खं स्थापयेत्। वामभाग एव ताम्रनिर्मित्तकार्मुकं स्थापयेत्। दक्षिणभागे स्वर्णनिर्मित्तदण्डं लौहधातुनिर्मित्तं खड्गञ्च स्थापयेत्। पूर्वादिक्रमानुसारेण स्वर्ण-लौह-ताम्र-रजतधातुभिर्निर्मितान् गजान् स्थापयेत्।[47]  यदि शासनकर्त्तुः नरेशस्य भवनमस्ति चेत् तदा तन्मध्ये स्वर्णमयी-लक्ष्म्याः प्रतिकृतिं (श्रीरूपम्) स्थापयेत्। तत्रैव च चतुर्दिक्षु स्वसस्तिक-छत्र-ध्वज-पताका-दण्डादिभिर्गर्भविधानं कर्त्तव्यम् ।[48]

क्षत्रियाणां भवनप्रसङ्गे ज्ञातव्यमस्ति यत् तत्र गर्भविधानं राजद्वारे अथवा उचितस्थले एव कर्त्तव्यम्। अस्मिन्नेव क्रमे

विचारणीयमस्ति यत् वार्ष्णेयेभ्य: गर्भविधानं विजयद्वारस्य दक्षिणभागे कर्त्तव्यम् ।[49]

**वैश्यानामावासीयभवनाय गर्भविधानम्** - वैश्यवर्णस्य भवनाय गर्भविधाने पञ्च वैष्णवाऽऽयुधानामुल्लेखो प्राप्यते। ते च सन्ति –

1. चक्रम् 2. शङ्खः 3. धनु: 4. दण्ड: 5. नन्दनखड्गः चेति ।

एतैः पञ्चायुधैः सह लौहधातुनिर्मित्तहल–ताम्रनिर्मित्तकुलीर–शङ्खैः गर्भविधानं कर्त्तव्यम् । तत्रैव अश्व–वृष–सिंहादीनां क्रमशः अर्क–इन्दु–अग्नि–वरुणानां पदेषु न्यासं कुर्यात्। अर्थात् आदित्यस्य पदे अश्वस्य, अग्निपदे गजस्य, वरुणपदे वृषस्य, इन्दुपदे च सिंहस्य न्यास: कर्त्तव्य: ।[50]

एतदतिरिक्तं ताम्रपात्रे चतुर्दिक्षु श्वेतरजतनिर्मितानां चतुर्गवानां न्यासं कुर्यात् । अग्रे च रजतनिर्मित वृषभस्य निवेशं कुर्यात्।

**शूद्राणामावसीयभवनाय गर्भविधानम्** - मयमतशास्त्रानुसारं शूद्राणामावासीयभवनाय गर्भविधाने सर्वप्रथमन्तु स्वर्णमयं बीजपात्रं हलंञ्च, ताम्रमयं युगं ,रजतमयं च पशुः पूर्वादिक्रमेण चतुर्दिक्षु स्थापयेत् ।[51] मध्ये वृषभस्य निवेशं कुर्यात् यः युगस्य निरीक्षणं कुर्वन्नस्ति। हलं दक्षिणभागे बीजपात्रञ्च वामांशे स्थापयेत्, यस्मिन् हिरण्यमयानि बीजानि स्युः। एवं गर्भविन्यासः शूद्रवर्णसम्मतो वर्त्तते ।[52]

**चतुश्शाले गर्भविन्यासस्थानम्** - चतुर्गृहयुक्ताय भवनाय (चतुश्शालार्थं) पुष्पदन्त–भल्लाटक–महेन्द्र–गृहक्षतादीनां पदे न्यासं जानीयात्, परश्चात्र उत्तरदिगादिक्रमेण दक्षिणे नेत्रभित्तिमध्ये निर्दिष्टं स्थानं जानीयात् ।[53]

**धान्यालयाय गर्भविधानम्** - यद् भवनं (अन्नभाण्डागार:) दक्षिणदिशि स्यात्, तदर्थं कलशे ओदनं स्थापयेत्। यदि धान्यालयस्य गर्भविधानं करणीयमस्ति चेत् तदर्थं तले अर्गलां कुञ्चजकाञ्च स्थापयेत् ।[54]

**सभादिभ्य: गर्भविन्यासस्थानम्** - यदि सभा–जलस्थान–यज्ञमण्डपादीनां निर्माणं करणीयमस्ति चेत् तत्र गर्भविन्यासः प्रदक्षिणक्रमेण दक्षिणकर्णपादे कर्त्तव्यम्। अत्र द्वितीयस्तम्भे दक्षिणद्वारस्य स्तम्भेऽपि न्यासं कर्त्तुं शक्यते ।[55] तत्र पात्रमध्ये लौहमयहस्तिः कृष्णलौहमयकोद्रवधान्यं तथा च स्वर्णनिर्मित्तलक्ष्मी–सरस्वतीदेव्योः प्रतिमां स्थापयेत् ।[56]

**नाट्यसभागाराय गर्भविधानम्** - नगरादिस्थानेषु अनुरञ्जनार्थं निर्मितायै रङ्गशालायै ज्ञातव्यमस्ति यत् नाट्यगारस्य मुख्यद्वारे (कुटिकामुखे) अथवा तत्र निर्मित्तस्य मण्डितस्तम्भस्य मूले अथव द्वयोः स्थानयोर्गर्भविधानं कर्त्तुं शक्यते । नाट्यशालायै तत्र सर्वधातुमयसमस्तावश्यकवाद्योपकरणैर्गर्भविधानं कर्त्तव्यम् ।[57]

**तुलाभार-अभिषेकाभ्यां मण्डपगर्भविन्यास:** - गृहस्य स्तम्भेषु तुलाभारादीनां कार्यं महत्त्वपूर्णं मत्त्वा तत्रापि गर्भविधानमावश्यकमस्ति । तदर्थं ग्रन्थकारो वदति यत् श्रीवत्स–पद्म–पूर्णकुम्भानां रचना स्वर्णधातुना कारयेत् । हेमगर्भ–सभागर्भ–द्वारस्तम्भेभ्यः पूर्वोक्तप्रदक्षिणकर्णपादानुसारं गर्भविधानं कर्त्तव्यम् । अस्य वर्णनस्य प्रयोजनन्तु तुलाभाराऽभिषेकमण्डपाभ्यां ज्ञातव्यम् ।[58]

**सन्दर्भ–**

1. तैतिलानां द्विजातीनां वर्णानां हर्म्यके गृहे ।
   गर्भन्यासविधः सम्यक् सङ्क्षेपाद् वक्ष्यतेऽधुना ॥ मयमुनिः, मयमतम्, 12.1
2. सर्वद्रव्यैस्तु सम्पन्नं गर्भं तत् सम्पदां पदम् ।
   द्रव्यहीनमसम्पम्मं गर्भं सर्वविपत्करम् ॥ मयमुनिः, मयमतम्, 12.2
   तस्मात् सर्वप्रयत्नेन गर्भं सम्यग् विनिक्षिपेत् ।

3.वामनशिवराम आप्टे, संस्कृत–हिन्दीशब्दकोशः, पृष्ठसङ्ख्या – 371–372

4.निम्नगाह्रदसस्याद्रिपल्लिके कुलिरावटे ।

हलस्थलाब्धिगोशृङ्गहस्तिदन्तेषु मृतिका ॥ मयमतम्, 12.5

5. चक्रपाणिमिश्रः, राज्याभिषेकपद्धतिः, विष्णुधर्मोत्तरीयनिर्देशः, 15-17

6.मानसारः, 12.11-17

7.मयमतम् 12.9

8.गृहीतोच्चत्रि भागैकं पादालम्बिविधानकम् ॥ मयमतम्, 12.11

तत्तद्धर्म्याङ्घ्रिविष्कम्भसमं वाष्टांश हीनकम् ।

त्रिपादं वा विशालं तत् फेलायाः प्रागिवोच्छ्रयम् ॥ मयमतम्, 12.12

9.त्रिवर्गमण्डलपाकारं वृत्त वा चतुरश्रकम् ।

पञ्चविंशतिकोष्ठं वा नव कोष्ठकमेव वा ॥ मयमतम्, 12.13

10.मयमतम् 12.15

11. स्थण्डिले चण्डितं कृत्वा मण्डुकं वाऽथ तत्परम् ।

विन्यस्य देवान् ब्रह्मादीन् श्वेततण्डुलधारया ॥ मयमतम्, 12.17

12. आराध्य गन्धपुष्पाद्यैर्भुवनाधिपतिं जपेत् ।

स्थपतिः कलशान् न्यस्य सर्वान् वस्त्रविभूषितान् ॥मयमतम्, 12.18

13. सुगन्धोदकसम्पूर्णान् गन्धपुष्पसमर्चितान् ।

निष्कलङ्कानसुषिरान् पञ्चपञ्चैव सूत्रितान् ॥ मयमतम्, 12.19

14.तस्य प्रदक्षिणे गन्धशालिस्थण्डिल मण्डले ।

आराध्य गन्धपुष्पाद्यैर्बलिं दत्त्वा यथाविधि ॥ मयमतम्, 12.20

15. हेमराजतशुल्बैश्च शालिव्रीहिकुलत्थकान् ॥ मयमतम्, 12.23

त्रपुणा कङ्कु सीसेन माषो मुद्गोऽयसायसा ।

कोद्रवं च तिलं भाव्यं वैकृन्तेन प्रयत्नतः ॥ मयमतम्, 12.24

ईशादिषु न्यसेदेतान्यष्टदिक्षु यथाक्रमम् ।

16. जयन्ते जातिहिङ्गुल्यं हरितालं भृशे मतम् ॥ मयमतम्, 12.25

मनः शिला च वितथे भृङ्गराजे तु माक्षिकम् ।

राजावर्त्तं तु सुग्रीवे शोषे गौरिकमीरितम् ॥ मयमतम्, 12.26

अञ्चनं गणमुख्ये स्यादुदितौ दरदं विदुः ।

17. मध्ये पद्मरागं तु मरीचौ विद्रुम मतम् ॥ मयमतम्, 12.27

सविन्द्रे पुष्यरागं तुं वैडूर्यं स्याद् विवस्वति ।

वज्रमिन्द्रजये विद्यादिन्द्रनीलं तु मित्रके ॥ मयमतम्, 12.28

रुद्रराजे महानीलं मरकतं तु महीधरे ।

मुक्तापवत्से मध्यादिपूर्वेण क्रमशो न्यसेत् ॥ मयमुनिः, मयमतम्, 12.29

18. विष्णुक्रान्ता त्रिशूला श्रीः सहा दूर्वा च भृङ्गकम् ।

अपामार्गैकपत्राब्जमीशादिष्वौषधं न्यसेत् ॥ मयमुनिः, मयमतम्, 12. 30

19. चन्दनागरुकर्पूरलवङ्गैलालताफलम् ।

तक्कोलेनाष्टगन्धांस्तु जयन्तादिषु विन्यसेत् ॥ मयमतम्, 12.31

20.कार्तस्वरमयं चाष्टमङ्गलमं तत्र पूर्ववत् ।

दर्पणं पूर्णकुम्भं च वृषभं युग्मचामरम् ॥ मयमतम्, 12.34
श्रीवत्सं स्वस्तिकं शङ्खं दीपं देवाष्टमङ्गलम् ।
स्थापकस्यानुशिष्यस्तान् स्थपतिः क्रमशो न्यसेत् ॥ मयमतम्, 12.35
21. आच्छाद्य भाजनं शुभ्रं पिधानेन तु निश्चलम् ।
तमेवाराध्य गन्धाद्यैः स्त्रापयेत् कलशोदकैः ॥ मयमतम्, 12.36
22. विप्रस्वाध्यायषैश्च शङ्खभेर्यादिनिः स्वनैः ।
कल्याणजयघोषैश्च स्थपतिः स्थापकेन तु ।। मयमतम्, 12.37
पुष्पकुण्डलहारादिकटकैरङ्गुलीयकैः ।
पञ्चाङ्गभूषणैर्हेमनिर्मितैश्च विभूषणैः ॥ मयमतम्, 12.38
हेमयज्ञोपवीतस्तु नववस्त्रोत्तरीयकः ।
श्वेतानुलेपनश्चैव सितपुष्पशिराः शुचिः ॥ मयमतम्, 12.39
23. ध्यात्वा धरातलं सर्वं दिग्गिन्द्रपेन्द्रसमन्वितम् ।
ससागरं सशैलेन्द्रमनन्तस्योपरि स्थिरम् ॥ मयमतम्, 12.40
सृष्टिस्थितिलयाधारं भुवनाधिपतिं जपेत् ।
24. ब्रह्मादीनां च देवानां द्वारदक्षिणे ॥ मयमतम्, 12.41
स्तम्भमूले यथायोग गर्ते गर्भं निधापयेत् ।
25. होमस्तम्भे प्रतिस्तम्भे पादुकाच्च प्रतेरधः ॥ मयमतम्, 12.42
तस्मादत्युन्नतं निस्नं गर्भं सम्पद्विनाशकृत् ।
26. चतुरश्रीकृता सारवृक्षपाषाणनिर्मिता ॥ मयमतम्, 12.43
पात्रद्विगुणविस्तारा पञ्चाङ्गुल घनान्विता ।
प्रतिमाफलका या सा स्थाप्या तद्भाजनोपरि ॥ मयमतम्, 12.44
27. तदूर्ध्वे स्थापयेत् स्तम्भं संश्लिष्टचतुरिष्टकम् ।
सरत्नौषधिभिर्युक्तं वस्त्र पुष्पादिशोभितम्॥ मयमतम्, 12.45
28. विष्णुधिष्णे च गर्भं स्याद्धैमं चक्रं तु मध्यमे ॥ मयमतम्, 12.46
शङ्खकार्मुक दण्डं च रुक्ममायसनन्दकम् ।
29. धनुः शङ्खं च वामे तु खड्ग दण्डं च दक्षिणे ॥ मयमतम्, 12.47
प्रमुखे वैनतेयं च स्थापयेद्धेमनिर्मितम् ।
30. यज्ञोपवीतमोङ्कारं स्वस्तिकाग्निं च हेमजम् ॥ मयमतम्, 12.48
पद्मं कमण्डलुं चाक्षसूत्रदर्भाश्च ताम्रजाः ।
ब्रह्मासनपदे मध्येऽग्नबुरुहं स्थाप्यमेव च ॥ मयमतम्, 12.49
31. तस्मान्मध्ये तदोङ्कारं यज्ञसूत्रावृतं तु यत् ।
स्वस्तिकानि चतुर्दिक्षु वामे स्थाप्यं कमण्डलु ॥ मयमतम्, 12.50
कुशाक्षमालं वामे तु पुरे तीक्ष्णानलं क्षिपेत् ।
ब्रह्मगर्भमिदं प्रोक्तं ब्रह्मस्थाने प्रतिष्ठितम् ॥ मयमतम्, 12.51
32.स्वस्तिकं चाक्षमालां च शक्तिं चक्रं च कुक्कुटम् ।
मयूरं चैव सौवर्णमयसा शक्तिमध्यमे ॥ मयमतम्, 12.52

33. अम्बुजं चाङ्कुशं पाशं सिंहं सवितृधामके ।
वज्रेभं नन्दकं चक्रं चामरे धाम्नि वज्रिणः ॥ मयमतम्, 12.54
34. जाम्बूनदमयं मेषं शक्तिं पावकधामनि ।
अयसा महिषं पाशं हेमजं यमधामनि ॥ मयमतम्, 12.55
35. अयसा नन्दकं गर्भं निर्ऋतेस्तु विमानके ।
वरुणे मकरं पाशं लोहजं हेमजं तथा ॥ मयमतम्, 12.56
36. वायोः कृष्णमृगं हैमं व्यालं तारापतेः क्षिपेत् ।
नरवाहे नरः प्रोक्तो मकरो मदनालये ॥ मयमतम्, 12.57
37.टङ्कं दन्ताक्षमाला च विघ्नेशावासगर्भके ।
ओङ्कारं वक्रदण्डं च सौवर्णं चार्यास्य तु ॥मयमतम्, 12.58
38. अश्वथं करकं सिहं छत्रं स्वर्णेन कारयेत् ।
अश्वथं पुरतः स्थाप्यश्छत्रं तस्योपरि स्थितम् ।।
कुण्डिकापरभागे तु केसरी दक्षिणे भवेत् ।
सौगते धामके गर्भं श्रीवत्साशोकसिंहकम् ॥ मयमतम्, 12.59- 60
कमण्डल्वक्षमाला च शिखिपिञ्छं तु हेमजम् ।
त्रिच्छत्रं करकं तालवृन्तं रुक्ममयं भवेत् ॥ मयमतम्, 12.61
39. वृक्षस्तु पुरतः स्थाप्यश्छत्रं तस्योपरि स्थितम् ।
पिञ्छं दक्षिणभागेऽक्षमाला वामे तु कुण्डिका ॥ मयमतम्, 12.62
श्रीरूपं मध्यमे स्थाप्यं केसरीं तत्र विन्यसेत् ।
अपरे करकं तालवृन्तं गर्भौ जिनालये ॥ मयमतम्, 12.63
40. शुकं चक्रं च हैमं तु सिंहं शङ्खं च राजतम् ।
मृगं ताम्रमयं चैव कृष्णलोहेन नन्दकम् ॥ मयमतम्, 12.64
एवं दुर्गाविमाने तु गर्भं कुर्याद् विचक्षणः ।
41. खट्वाङ्गनन्दकं शक्तिं क्षेत्रपालस्य हेमजम् ॥ मयमतम्, 12.65
42. पद्मं लक्ष्म्याः सरस्वत्या ओङ्कारं च त्रिवर्णकम् ।
ध्वाङ्क्षकेतूत्पलं हैमं ज्येष्ठाकोष्ठस्य गर्भके ॥ मयमतम्, 12.66
43.कपालशूलघण्टाभिः प्रेतान् कालीगृहे न्यसेत् ।
हंसोक्षशिखिताक्ष्यांश्च सिंहेभप्रेरूपकान् ॥ मयमतम्, 12.67
जाम्बूनदमयान् मातृकोष्ठकेषु निधापयेत् ।
44. चित्रध्वजपताकाश्च सचिह्नैः सह वाहनैः ।
अनुक्तानां च देवानां देवीनां गर्भमिष्यते ॥ मयमतम्, 12.70
45. द्विजातीनां तु वर्णानां जातिगर्भो विधीयते ।
करकं दण्डकाष्ठं च शुल्बं हेममयं भवेत् ॥ मयमुनिः 12.71
यज्ञोपवीतं यज्ञाग्निं यज्ञभाण्डं च राजतम् ।
46.यज्ञोपवीतमध्यस्थं यज्ञभाण्डं च दक्षिणे ॥ मयमतम्, 12.72
वामे तु करकं काष्ठमनलं पुरतो भवेत् ।

विप्रगर्भमिदं प्रोक्तं स्वस्तिकानि चतुर्दिशि ॥ मयमतम्, 12.73
47. मध्ये हेममयं चक्रं वामे शङ्खं च राजतम् ।
कार्मुकं ताम्रजं वामे दण्डो रुक्मेण दक्षिणे ॥ मयमतम्, 12.74
खड्गं चायसमेव स्याच्चतुर्नागाश्चतुर्दिशि ।
हैममायसकं ताम्रं राजतं क्रमशो न्यसेत् ॥ मयमतम्, 12.75
48. मध्ये श्रीरुपकं हैमं स्वस्तिकानि चतुर्दिशि ।
छत्रध्वजपताकाश्च दण्डं वै शासनात्मकम् ॥ मयमतम्, 12.76
49. राजद्वारे भवेद् गर्भमन्येषां तु यथार्हकम् ।
वार्ष्णेयकानां गर्भं चेद् विजयद्वारदक्षिणे ॥ मयमतम्, 12.77
50.अयसा हलजिह्वां च शङ्खं ताम्रकुलीरकम् ।
पञ्चायुधं सीसमाषं वृषगजौ हरिम् ॥ मयमतम्, 12.78
अर्काग्निवरुणेन्दूनां स्थाने सम्यङ्निवेशयेत् ।
51. बीजपात्रं हलं हैमं ताम्रजं युगामिष्यते ॥ मयमतम्, 12.80
रजतेन पशु विद्याच्चतुर्दिक्षु विनिक्षिपेत् ।
52. मध्ये गोपुङ्गवं चैव तन्निरीक्ष्य युगं पुनः ॥ मयमतम्, 12.81
हलं दक्षिणभागे तु वामांशे बीजपात्रकम् ।
बीजं हिरण्यमयं शूद्रगर्भं वैश्ये च सम्मतम् ॥ मयमतम्, 12.82
53.पुष्पदन्ते च भल्लाटे महेन्द्रे च गृहक्षते ।
दक्षिणे नेत्रभित्तौ तु सौम्यादौ तु चतुर्गहे ॥ मयमतम्, 12.84
54. दक्षिणे भवने गर्भः कुम्भः शाल्युदपूरितः ॥ मयमतम्, 12.86
धनसद्मनि गर्भस्तु सार्गलं कुञ्चिकं भवेत् ।
55. सभाप्रपामण्डपेषु कर्णपादे प्रदक्षिणे ।
द्वितीयस्तम्भके द्वारदक्षिणाङ्घ्रौ तु वा न्यसेत् ॥ मयमतम्, 12.89
56. अयोमयगजो गर्भः कृष्णलोहेन कोद्रवः ।
लक्ष्मीं सरस्वतीं हेमां पात्रमध्ये तु विन्यसेत् ॥ मयमतम्, 12.90
57. गर्भो नाट्यसभायां च प्रक्षिपेत् कुटिकामुखे ।
मण्डितस्तम्भमूले वाऽप्युभयोरपि चेष्यते ॥ मयमतम, 12.91
अतोद्यानि च सर्वाणि सर्वलोहमयानि च ।
58.श्रीवत्सं पङ्कजं पूर्णकुम्भं हेमजमिष्यते ॥ मयमतम्, 12.92
हेमगर्भसभागर्भो द्वारस्तम्भे विधीयते ।
पूर्वोक्तकर्णपादे वा गर्भस्थानं तु तस्य वै ॥मयमतम्, 12.93
तुलाभाराभिषेकार्थं मण्डपे वाऽथ तद्भवेत् ।

# सामाजिक मनोविज्ञान में प्रयुक्त विधियाँ

डॉ. सुनील कुमार शर्मा
सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्रविभाग
श्री लाल बहादुर शास्त्री,
राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।



**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 119-125
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**सारांश** – प्रयोगात्मक विधि में क्षेत्र प्रयोग तथा प्रयोगशाला आधारित प्रयोग सम्मिलित है। क्षेत्र अध्ययन प्रायः क्षेत्र प्रयोगों के लिए सम्बन्धित चरों की महत्त्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है। मनोविज्ञान में प्रयोग दो प्रकार से किये जाते हैं- गुणात्मक तथा परिणामात्मक। गुणात्मक प्रयोगों का मुख्य उद्देश्य प्रयोगों द्वारा मनोवैज्ञानिक तथ्यों की व्याख्या करना, जबकि मात्रात्मक प्रयोगों का उद्देश्य मापन करना है, मात्रात्मक प्रयोगों में मुख्यतः सांख्यिकीय विधियों का उपयोग किया जाता है।

**मुख्यशब्द** – प्रयोगात्मक, विधि, परिणामात्मक, गुणात्मक, सामाजिक, शारीरिक, बौद्धिक।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है, क्योंकि उसे अपने सामाजिक, शारीरिक, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक अस्तित्त्व के लिए समाज पर निर्भर रहना पड़ता है। इसे बनाये रखने के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आस-पास के अनेक व्यक्तियों तथा समूह से अन्तः क्रियात्मक सम्बन्ध स्थापित करना पड़ता है, व्यक्ति पर इन विचारों, क्रियाओं और व्यवहारों का निरन्तर प्रभाव पड़ता है और जो विज्ञान व्यक्ति के व्यवहारों पर सामाजिक परिस्थितियों के प्रभावों का विश्लेषण तथा अध्ययन करता है, सामाजिक मनोविज्ञान कहलाता है। प्रत्येक व्यक्ति के अलग-अलग विचार, भावनायें, विश्वास, आदर्श एवं कार्यविधियाँ होती हैं, अगर ध्यान से देखा जाय तो इन विषयों की दृष्टि से समूह के सदस्यों में काफी समानता होती है। इन समानताओं के कारणों का पता लगाना सामाजिक मनोविज्ञान का ही कार्य है। यह विज्ञान इन्हीं समानताओं को जन्म देने वाली शक्तियों का विश्लेषण एवं विवरण प्रस्तुत करता है। इस कार्य के लिए सामाजिक मनोविज्ञान को एक ओर समाज की प्रकृति, संरचना, संगठन और अन्तः क्रियात्मक प्रक्रियाओं को समझाना और सुलझाना पड़ता है, तो दूसरी ओर व्यक्ति के मानसिक व शारीरिक आधारों का भी अध्ययन करना होता है। सामाजिक मनोविज्ञान अनेक वैज्ञानिक विधियों का

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

प्रयोग करके व्यक्तियों के व्यवहार का अध्ययन करता है। जिनमें से कुछ प्रमुख विधियों की चर्चा इस पत्र के माध्यम से करने का प्रयास किया जा रहा है।

सामाजिक मनोविज्ञान में विविध विधियों का प्रयोग किया जाता है, जिनमें अवलोकन, सर्वेक्षण, समाजमिति, वैयक्तिक अध्ययन, प्रयोगात्मक इत्यादि प्रमुख हैं।

(1) **अवलोकन**- सामाजिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में अवलोकन एक महत्त्वपूर्ण विधि है। इसे प्रेक्षण विधि भी कहते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि समाज मनोविज्ञान व्यवहार का अध्ययन करता है। व्यवहार का वास्तविक अध्ययन निरीक्षण द्वारा ही किया जा सकता है। इसमें मापन की जाने वाली घटना के आयामों का प्रत्यक्ष बोध होता है। हम सभी तथ्यों, घटनाओं तथा अनुभवों को ज्ञानेन्द्रियों द्वारा ग्रहण करते हैं। शिशुओं, बालक, प्रौढों एवं व्यक्ति के व्यक्तित्व के अनेक पक्षों का ज्ञान अवलोकन द्वारा ही होता है।

किसी घटना अथवा कार्य को ध्यानपूर्वक देखना निरीक्षण है। अतः किसी परिस्थिति में किसी व्यक्ति के कार्य में बाह्य व्यवहार को देखना ही अवलोकन या निरीक्षण है। इसमें नेत्रों के माध्यम से नवीन तथा प्राथमिक तथ्यों एवं सूचनाओं का विचारपूर्ण संकलन किया जाता है। इसके साथ ही इसमें अवलोकनकर्ता देखे जाने वाले व्यक्ति, घटना या समूह के सामाजिक एवं व्यक्तिगत व्यवहारों का अपनी ज्ञानेन्द्रियों द्वारा प्रत्यक्ष निरीक्षण करता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अवलोकन नेत्र के माध्यम से किया गया स्वाभाविक घटनाओं के सम्बन्ध में एक ऐसा क्रमबद्ध एवं विचारपूर्ण अध्ययन है जो कि उनके घटित होने के समय पर किया जाता है।

ऐसी परिस्थितियाँ जहाँ आन्तरिक संरचना में अनेक तत्त्व, चर एवं प्रक्रियाएं क्रियाशील होते हैं, जहाँ जटिल अंतःक्रिया होती है और जिससे उनका मापन अन्य परीक्षाओं से सम्भव नहीं है, वहाँ अवलोकन अधिक उपयोगी होता है। अवलोकन द्वारा एक व्यक्ति या समूह दोनों का ही अवलोकन किया जा सकता है तथा एक समय में एक या अनेक गुणों का निरीक्षण सम्भव है, इसीलिए विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में, कक्षा में, अध्यापक के लोकतंत्रीय व्यवहार में, पशु-पक्षियों के व्यवहार इत्यादि में इस विधि का विशेष महत्त्व है।

अवलोकन विधि को इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है।

(1) प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के आधार पर
- (i) प्रत्यक्ष अवलोकन (Direct Observation)
- (ii) अप्रत्यक्ष अवलोकन (Indirect Observation)

(2) अवलोकन कर्त्ता की सहभागिता के आधार पर
- (i) सहभागी अवलोकन (Participant Observation)
- (ii) असहभागी अवलोकन (Non- Participant Observation)

(3) अवलोकन की जाने वाली परिस्थितियों के नियत्रंण के आधार पर

(i) अनियंत्रित अवलोकन (Uncontrolled Observation)

(ii) नियंत्रित अवलोकन (Controlled Observation)

अवलोकन की कुछ सीमाएँ भी हैं। यथा- अवलोकन द्वारा केवल प्रकट तथा बाह्य व्यवहार का ही पता लगाया जा सकता है। इसमें प्राप्त तथ्यों को सिद्ध करना सम्भव नहीं है। इसमें व्यक्ति-निष्ठता अधिक रहती है। वैयक्तिक विभिन्नताओं के कारण मूल्यांकन में अंतर होता है अथवा वस्तुनिष्ठता की कमी होती है। सामाजिक व्यवहारों के अंकन, व्यवस्थीकरण, विश्लेषण एवं व्याख्या में कठनाई आती है।

इस प्रकार इसे निष्पक्ष प्रेक्षक, समस्या का स्पष्ट ज्ञान, अनुभवों को व्यवस्थित लेखन तथा प्रेक्षित घटनाओं का परिमाणन, सांख्यिकीय विश्लेषण तथा प्रेक्षणों एवं प्रेक्षकों की संख्या में वृद्धि आदि अधिक विश्वसनीय तथा वैज्ञानिक बना सकती है।

(2) **सर्वेक्षण (Survey)**- सामाजिक तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में सर्वेक्षण किसी समस्या से सम्बन्धित सूचनाओं के संकलन की एक महत्त्वपूर्ण विधि है। सर्वेक्षण शब्द अंग्रेजी के दो शब्द sur+vey से मिलकर बना है। ‘Sur’ (Sor) का अर्थ ‘over’ तथा ‘vey’ (veir) का अर्थ ‘to look’ होता है। इस प्रकार इसका मूल अर्थ ‘ऊपर देखना’‘अवलोकन’ अथवा ‘अन्वेषण’ होता है।

**समाजशास्त्र शब्दकोष के अनुसार**- “एक समुदाय के सम्पूर्ण जीवन या उसके किसी एक पक्ष के सम्बन्ध में व्यवस्थित और पूर्ण सत्य संकलन और तथ्य विश्लेषण का नाम ही सर्वेक्षण है।”

**विटनी के अनुसार**- “सर्वेक्षण एक व्यवस्थित प्रयास है जिससे कि एक सामाजिक संस्था, समूह या क्षेत्र की वर्तमान दशा का विश्लेषण, स्पष्टीकरण और प्रस्तुतीकरण किया जाता है।“

सर्वेक्षण उपागम में निम्नलिखित सोपानों का अनुसरण किया जाता है-

1. समस्या को निश्चित तथा स्पष्ट करना।
2. सर्वेक्षण उपकरणों का निर्माण।
3. आंकडों अथवा तथ्यों का संकलन।
4. प्राप्त आंकडों का विश्लेषण।
5. प्रतिवेदन लेखन अथवा प्रस्तुतीकरण।

शिक्षा के क्षेत्र में सर्वेक्षण के निम्न प्रकार हो सकते हैं-

1. विद्यालय सर्वेक्षण (School Survey)
2. जनमत सर्वेक्षण (Public opinion Survey)
3. कार्य विश्लेषण सर्वेक्षण (Job Analysis Survey)
4. प्रलेखी विश्लेषण सर्वेक्षण (Documentary Survey )

5. समुदाय सर्वेक्षण (Community Survey)
6. अनुवर्ती सर्वेक्षण (Follow-up Survey)
7. मूल्यांकन सर्वेक्षण (Appraisal Survey)

सर्वेक्षण अध्ययन में अधिक सूचनाऐं कम खर्च पर तथा कम समय में प्राप्त की जा सकती है, अतः यह एक मितव्ययी उपागम है।सर्वेक्षण द्वारा अध्ययनकर्ता घटनास्थल पर उत्तरदाता के प्रत्यक्ष सम्पर्क में आता है तथा उसे उसके विचारों एवं अन्य तत्त्वों का निकट से अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होता है। सामाजिक सर्वेक्षण एक व्यावहारिक तथा तात्कालिक समस्या समाधान की प्रक्रिया है। वैज्ञानिक रूप से किया गया सर्वेक्षण व्यक्तियों तथा स्थिति से सम्बन्धित परिशुद्ध, वस्तुपरक तथा विश्वसनीय आंकड़ों के संकलन में सहायक है।

सर्वेक्षण की कुछ सीमाएँ भी होती है यथा- सर्वेक्षण द्वारा केवल साधारण एवं व्यावहारिक समस्याओं की ही अध्ययन किया जा सकता है। गहन एवं गम्भीर अध्ययन के लिए यह उपयुक्त नहीं है। इसका क्षेत्र व्यापक है परन्तु अध्ययन गहन व सूक्ष्म नहीं। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में सर्वेक्षण का प्रयोग बहुतायत से होता है। सामाजिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने हेतु यह एक महत्त्वपूर्ण विधि है।

(3) **वैयक्तिक अध्ययन (Case study)-**किसी व्यक्ति अथवा समूह का विस्तृत अध्ययन ही वैयक्तिक अध्ययन कहलाता है। इसमें एक व्यक्ति, परिवार, एक समाज, एक समुदाय, एक संस्था या एक कक्षा ही सकती है। जिसका मूल उद्देश्य किसी इकाई का अधिक गहराई से अध्ययन करना होता है, जिससे प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से निष्कर्ष प्राप्त हो सके।

सर्वप्रथम इसका प्रयोग 19 वीं शताब्दी के अंतिम चरण में व्यवस्थित रूप से हुआ। इसका कानून, चिकित्सा, मनोविज्ञान तथा शिक्षा के क्षेत्र में क्रमशः उपयोग किया जाने लगा। समाज शास्त्र के क्षेत्र में इस विधि के माध्यम से एक सामाजिक इकाई के विकास प्रक्रम का क्रमबद्ध अध्ययन, मनोविज्ञान के क्षेत्र में प्रायः एक बालक (समस्याग्रस्त, प्रतिभाशाली या पिछड़ा हुआ) का अध्ययन किया जाता है। मूलतः सभी विषयों के वैयक्तिक अध्ययन का स्वरूप व योजना एक जैसी होती है। इसकी विशेषताएँ देखी जाएँ तो इसमें एक समय पर एकल इकाई का ही अध्ययन किया जाता है। इसमें क्रमबद्ध, गहन एवं गुणात्मक अध्ययन किया जाता है। इसमें कार्य-कारण सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है। इसमें किया जाने वाला अध्ययन दीर्घकालीन एवं बहुपक्षीय होता है। वैयक्तिक अध्ययन के निम्न प्रकार हो सकते हैं-

1. अनुगामी प्रकार का वैयक्तिक अध्ययन (Follow-up type Case study)
2. सामाजिक/सामूहिक वैयक्तिक अध्ययन (Community Case study)
3. क्रियात्मक विश्लेषण व्यक्ति अध्ययन (Activity Analysis Case study)

4. प्रवृत्तियों का अध्ययन (Study of Trends)
5. कारणों का तुलनात्मक वैयक्तिक अध्ययन (Comparative Case study)
6. विषयवस्तु विश्लेषण (Content Analysis)

वैयक्तिक अध्ययन की भी कुछ सीमाएँ हैं। जैसे- इसमें केवल चयनित और बहुत ही कम इकाईयों का अध्ययन कर पाते हैं। इसके माध्यम से सम्बन्धित इकाई के गहन अध्ययन के प्रति केवल गुणात्मक सामग्री ही उपलब्ध होती है, मात्रात्मक नहीं। अतः इसके आधार पर वस्तुपरक सामान्यीकरण करने में विशेष कठिनाई आती है। इस विधि द्वारा प्राप्त सूचना या अभिलेखन कई बार दोषपूर्ण भी रहता है, क्योंकि प्रायः व्यक्तिगत सम्पर्क या साक्षात्कार का स्वरूप विस्तृत तथा दीर्षकालीन होता है। इतने अंतराल में अभिलेखन यथावत नहीं रहता। स्मृति दोष, व्यक्तिगत पक्षपात एवं पूर्वाग्रहों के कारण भी अभिलेखन में दोष आ जाते हैं। इस प्रकार इस विधि में वैज्ञानिक, तर्कसंगत एवं वैध सूचनाओं के संकलन हेतु दक्ष एवं कुशल अध्ययनकर्ता हो तथा आवश्यकता होने पर दो या अधिक शोधकर्ता अध्ययन को अधिक तुलनीय या विश्वसनीय बना सकते हैं।

(4) **समाजमिति (Socimentry)**-समाजमिति एक महत्त्वपूर्ण विधि है जिसका सामाजिक मनोविज्ञान में बहुत प्रयोग होता है। यह एक समूह की बनावट का अध्ययन करने और प्रत्येक समूह में सदस्य का स्तर मापने, समूह के अंतर्सम्बन्धो तथा सामाजिक वातावरण का पता लगाने में सहायक है। यह अनौपचारिक सामाजिक स्थितियों व समूहों में व्यक्तियों के विशिष्ट अंतर-वैयक्तिक सम्बन्धों के परीक्षण, प्रेक्षण, अभिलेखन एवं मापन की एक महत्त्वपूर्ण विधि है।इसके अंतर्गत एक समूह से सम्बन्धित व्यक्तियों के एक विशेष आधार पर पारस्परिक आकर्षणों (Attraction), प्रतिकर्षणों (Repulsions) व उदासीनताओं (Indifference) की प्रतिक्रियाओं द्वारा सम्बन्धित समूह की संरचना, समरसता (Cohesiveness), नेतृत्व, पूर्वाग्रह व मनोबल आदि के स्वरूप का अध्ययन एवं मापन किया जाता है।

समाजमिति विधि की कुछ विशेषताएँ हैं, जैसे- इस विधि द्वारा एक समूह या अनेक समूहों में व्यक्तियों के विशिष्ट अंतर-वैयक्तिक सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है। इस विधि द्वारा व्यक्तियों के अंतर्सम्बन्धों के गुणात्मक स्वरूप को वस्तुपरक तथा मात्रात्मक स्वरूप प्रदान किया जाता है। इस विधि का व्यक्तियों के अंतर्सम्बन्धों के अध्ययन में विशेष बल सामाजिक पक्ष से रहता है, अन्य पक्षों से नहीं।

समाजमिति विधि का उपयोग विद्यालय, कक्षाओं, विभागों, समुदायों, कारखानों, कारीगरों, शिविरों इत्यादि में व्यक्तियों के लोकप्रिय नेता के चयन, सम्प्रेषण के साधन, मनोबल के अध्ययन, समूह संरचना, सामूहिक समरसता व उसमें सक्रिय गुटों व शक्ति गुटों आदि के अध्ययन के लिए विशेष रूप से किया जाता है। विद्यालय में समाजमिति के अनेक उपयोग हैं, जैसे- कक्षा में समूहों को व्यवस्थित करने, कक्षा में समाजिक वातावरण निर्मित करने, विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन को अच्छा को अच्छा इत्यादि। इस विधि द्वारा समूह की समरसता (Cohesiveness) का ज्ञान होता है।

**समाजमिति तकनीकी के प्रकार (Types of Sociometry)-**

1. समाजमिति स्वनिर्धारण अथवा सम्बन्धात्मक विश्लेषण (Sociometric Self Rating Analysis)
2. समूह वरीयता अभिलेख (Group Preference Record)
3. सामाजिक दूरी स्केल (Social Distance Scale)
4. सामाजिक स्वीकृति स्केल (Social Acceptance Scale)
5. समूह सहभागिता मापनी (Group Participation Scale)
6. समयाविधि अंकन विधि (Estimates of Time Method)
7. बहुसम्बन्धी समाजमिति सर्वेक्षण (Multi Relational Sociometric Survey Method)
8. बताओ कौन प्रविधि (Guess Who Technique)

(5) **प्रयोगात्मक विधि (Experimental Method)-**

प्रयोगात्मक विधि एक ऐसी विधि है, जिसमें दो या अधिक चरों के प्रभावों का अध्ययन किया जाता है।

प्रयोग में आश्रित चर पर स्वतंत्र चर या प्रयोगात्मक चर के प्रभाव का अध्ययन किया जाता है। अतः वह विधि जो प्रयोगों पर आधारित हो, प्रयोगात्मक विधि कहलाती है अथवा प्रयोग विधि पर आधारित अध्ययन ही प्रयोगात्मक विधि है।प्रयोगात्मक विधि एक वैज्ञानिक विधि है, अतः इसकी कसौटी का आधार भी वैज्ञानिक विधि के अनुसार है-

1. वस्तुनिष्ठता 3. निश्चयात्मकता
2. सत्यापन क्षमता 4. भविष्यकथन क्षमता

प्रयोगात्मक विधि की कुछ विशेषताएँ होती हैं, जैसे- प्रयोगात्मक विधि में प्रयोगकर्ता अपनी इच्छानुसार घटना का निर्माण कर सकता है, जिसके फलस्वरूप वह सही निरीक्षण के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहता है। प्रयोग द्वारा प्राप्त निष्कर्षों के सत्यापन के लिए प्रयोगकर्ता पूर्व परिस्थितियों में ही फिर से निरीक्षण कर सकता है तथा प्रयोग की परिस्थितियों की व्याख्या कर सकता है। समाज मनोविज्ञान के प्रयोगात्मक अध्ययन करने में सांख्यिकी प्रविधियों का प्रयोग प्रदत्त सामग्री या आंकडों के विश्लेषण आदि में कर सकते हैं।

प्रयोगात्मक विधि में क्षेत्र प्रयोग तथा प्रयोगशाला आधारित प्रयोग सम्मिलित है। क्षेत्र अध्ययन प्रायः क्षेत्र प्रयोगों के लिए सम्बन्धित चरों की महत्त्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है। मनोविज्ञान में प्रयोग दो प्रकार से किये जाते हैं- गुणात्मक तथा परिणामात्मक। गुणात्मक प्रयोगों का मुख्य उद्देश्य प्रयोगों द्वारा मनोवैज्ञानिक तथ्यों की व्याख्या करना, जबकि मात्रात्मक प्रयोगों का उद्देश्य मापन करना है, मात्रात्मक प्रयोगों में मुख्यतः सांख्यिकीय विधियों का उपयोग किया जाता है।

**सन्दर्भग्रन्थसूची-**

1. बघेला, डी.एस (1995) सामाजिक मनोविज्ञान, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
2. मुकर्जी, रवीन्द्र नाथ (1997) सामाजिक मनोविज्ञान की रूपरेखा, किताब महल, इलाहाबाद।
3. प्रसाद, नगीना (1981) समाज मनोविज्ञान, किताब महल, इलाहाबाद।
4. रस्तोगी, घनश्याम दास (1980) आधुनिक सामाजिक मनोविज्ञान, टाटा मेक्ग्रा हिल पब्लिशिंग कम्पनी लिमिटेड, नई दिल्ली।
5. शर्मा, कुमुद एवं त्रिवेदी, देवीदीन, सामाजिक मनोविज्ञान, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, लखनऊ।
6. श्रीवास्तव, पाण्डे सिंह (1994) आधुनिक समाज मनोविज्ञान, हर प्रसाद भार्गव शैक्षिक पुस्तक प्रकाशन, कचहरी घाट, आगरा।
7. त्रिपाठी, डी. लाल बचन (1992) आधुनिक सामाजिक मनोविज्ञान, हर प्रसाद भार्गव प्रकाशन, आगरा।
8. Freemen F.S, : Psychology Testing (Oxford) 1960.
9. Young P.V, : Scientific Social Surveys and Research , (Prentice-Hall)
10. Roy, P.N., : An Introduction to Research Methods applied to Psychology, Sociology and Education.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# शिक्षा के अनिवार्य अंग के रूप में जनसंख्या शिक्षाकी भूमिका



**डॉ. आरती शर्मा**
**सहायकाचार्या, शिक्षाशास्त्रविभाग,**
**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 126-131

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**शोधसार (Abstract)-** शिक्षा ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन है। शिक्षा ज्ञान के प्रसार द्वारा अतीत, वर्तमान और भविष्य के मध्य फैले अंतराल को दूर करती है तथा व्यक्तियों और उनके समूहों को ऐसा ज्ञान, चेतना एवं कौशल प्रदान करती है कि वे वैयक्तिक एवं सामूहिक जीवन-यापन करने योग्य बन सकें तथा सांस्कृतिक एवं आर्थिक जीवन में सहभागिता निभा सकें। मनुष्य एक चिंतनशील प्राणी है और शिक्षा केवल मनुष्य के लिये होती है ,अन्य प्राणियों के लिए नहीं। प्रारम्भ से ही मनुष्य शिक्षा के माध्यम से समाज और प्रकृति के बारे में ज्ञान प्राप्त करता आया है तथा कार्यकारण की कसौटी पर इस ज्ञान को परखता रहा है। जनसंख्या के आकार-प्रकार के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए भी मनुष्य सदैव जागरूक रहा है। जनसंख्या शिक्षा की अवधारणा शताब्दियों पुरानी नही है, इसका उद्भव काल लगभग बीसवीं शताब्दी के मध्यकाल को माना जा सकता है जब मनुष्य, समाज एवं शासन ने बढ़ती आबादी को एक चिन्ता के रूप में देखना शुरू किया तथा इसे नियन्त्रित करने के लिए प्रयास प्रारम्भ किये। वस्तुतः जनसंख्या शिक्षा जनसंख्या चेतना ही है जो बढ़ती आबादी और इसके दुष्परिणामों को ध्यान में रखकर विकसित होती है। बढ़ती जनसंख्या विकास की दिशा में सबसे बड़ा अवरोध सिद्ध होती है अतएव जनसंख्या और इससे जुड़े मुद्दो के बारे में मानव व्यवहार को तार्किक एवं उत्तरदायी बनाने की आवश्यकता ने ही जनसंख्या शिक्षा की अवधारणा को जन्म दिया है। यूनेस्को द्वारा भी स्पष्ट प्रतिपादित किया है कि- जनसंख्या शिक्षा एक शैक्षिक कार्यक्रम है जो परिवार, समूह, राष्ट्र तथा विश्व की जनसंख्या के सन्दर्भ में विद्यार्थियों में आदर्श एवं जिम्मेदारीपूर्ण अभिव्यक्ति तथा व्यवहार प्रस्तुत करती है। अतः प्रस्तुत पत्र में हम जनसंख्या शिक्षा का अर्थ, परिभाषा, क्षेत्र, महत्त्व के विषय में चर्चा करते हुए शिक्षा के अनिवार्य अंग के रूप में जनसंख्या शिक्षा की भूमिका एवं जनसंख्या शिक्षा हेतु अध्यापक की भूमिका को प्रतिपादित करने का प्रयास करेंगें।

मुख्यशब्द – शिक्षा, अंग, जनसंख्या, संबंध, समाज, संस्कृति, मनुष्य, अध्यापक, अर्थ, परिभाषा, क्षेत्र।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**प्रस्तावना**- शिक्षा एवं समाज में गहरा संबंध है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज अपनी परम्परा, संस्कृति एवं ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाता है। शिक्षा देशकाल परिस्थिति एवं आवश्यकता के अनुसार समाज को परिवर्तन एवं नवाचार के लिए प्रेरित करती है। शिक्षा से यह आशा एवं अपेक्षा की जाती है कि वह व्यक्ति एवं समाज के हित के लिए अपनी भूमिका को निरन्तर उपयोगी एवं प्रासंगिक बनायेगी। समाज के प्रति अपने इस उत्तरदायित्व को निभाकर ही शिक्षा अधिकाधिक संगत एवं सार्थक बन सकती है। शिक्षा अपने व्यापक उद्श्यों के तहत व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अंततः विश्व से जुड़कर ज्ञान की सर्जना करती है एवं मानव को ज्ञान प्रदान करती है। तथा शिक्षा विभिन्न स्तरों पर व्याप्त समस्याओं को रेखांकित करती है तथा इसके समाधान की दिशाओं से अवगत कराती है। जब शिक्षा को भविष्योन्मुख बनाने की बात कही जाती है तो उसका आशय यही है कि शिक्षा मनुष्य को वर्तमान की समस्याओं एवं भविष्य की आशंकाओं से मुक्त करेगी तथा सुखद एवं समृद्ध जीवन की संभावनाओं को जागृत करेगी।

जनसंख्या विस्फोट ने विश्व समाज और विशेष रूप से तीसरी दुनिया के देशों और विकासशील देशों के लिए संकट खड़ा किया है, इसके परिणामस्वरूप विकास की बढ़ती जटिलताओं एवं निरन्तर प्रदूषित होते पर्यावरण ने मानवता के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक समझा जा रहा है कि विश्व की नई पीढ़ी को जनसंख्या की विभीषिका से अवगत कराया जाए तथा इस विकराल समस्या के समाधान के लिए उन्हें प्रेरित एवं तत्पर किया जाए। इसी पृष्ठभूमि में जनसंख्या शिक्षा की अवधारणा का विकास हुआ है। आज विश्व में जनसंख्या शिक्षा का प्रचार-प्रसार गति पकड़ रहा है तथा एक विषय के रूप में इस सुदृढ़ अकादमिक आधार भी प्राप्त हो रहा है। विकास एवं पर्यावरण का मुद्दा जुड़ने के बाद जनसंख्या शिक्षा का अर्थ बहुत व्यापक हो गया है।

जनसंख्या शिक्षा को विभिन्न दृष्टिकोणों से परिभाषित किया जा सकता है। यथा-

**ब्युर्सन के अनुसार**- जनसंख्या शिक्षा जनसंख्या समस्या से संबधित ज्ञान के प्रति चेतना है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करके शिक्षा जनसंख्या से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान में योगदान दे सकती है।

**पो. गोपालराव की दृष्टि में**- जनसंख्या शिक्षा को एक ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें जनसंख्या समस्या का तथ्यात्मक अध्ययन किया जाता है ताकि विद्यार्थी तीव्र जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को समझ सके तथा बौद्धिक आधार पर निर्णय ले सके।

वीडरमैन महोदय के मतानुसार जनसंख्या शिक्षा एक शैक्षिक प्रक्रिया है जो मानव को-

- स्वयं के लिए तथा समाज, जिसमें सम्पूर्ण पृथ्वी सम्मिलित है- जनसंख्या सम्बन्धी कारणों एवं परिणामों को समझने में सहायक होती है।
- स्वयं के सम्बन्ध में तथा समाज के सम्बन्ध में जनसंख्या से सम्बन्धित समस्याओं के स्वरूप की व्याख्या प्रस्तुत करती है।

- वर्तमान में तथा भविष्य में व्यक्तिगत तथा सामाजिक जीवन स्तर को उन्नत बनाने, जनसंख्या की प्रक्रियाओं को समझने तथा उनका उचित मूल्यांकन करने में सहायक होती है।

जनसंख्या शिक्षा के अभिप्राय में व्यापक सोच एवं दूरगामी दृष्टिकोंण निहित है। यह केवल नई पीढ़ी को जनसंख्या वृद्धि और उसके दुष्परिणामों से ही अवगत नहीं कराती बल्कि भावी अभिभावकों के रूप में उन्हें जनसंख्या से संबधित मुद्दों पर सही समझ, तार्किक अभिवृत्ति, परिपक्व व्यवहार एवं सम्यक् मानक एवं मूल्य की शिक्षा भी प्रदान करती है ताकि वे समाज, देश एवं स्वयं के प्रति दायित्व एवं कर्त्तव्य का निर्वाह कर सकें।

जनसंख्या शिक्षा को उद्देश्यपूर्ण एवं सार्थक बनाने के लिये इसके क्षेत्र का निर्धारण एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में वर्ष 1970 में नई दिल्ली में आयोजित जनसंख्या शिक्षा विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में जनसंख्या शिक्षा के लिए मुख्य रूप से जिन क्षेत्रों को महत्त्वपूर्ण माना गया उनमें जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या एवं सामाजिक विकास, स्वास्थ्य, पोषण, जैविक कारक एवं पारिवारिक जीवन के बिन्दु शामिल किये गये।

प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. गोपालराव जनसंख्या शिक्षा के क्षेत्र के निर्धारण में अनेक बिन्दुओं की अनुशंसा करते हैं। उनकी दृष्टि में निम्नलिखित बिन्दुओं को जनसंख्या शिक्षा के क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए-

1. जनसंख्या वृद्धि का इतिहास।
2. राष्ट्रीय संदर्भो के साथ जनांकिकी का सामान्य परिचय, जनसंख्या वृद्धि, वितरण तथा उसकी संरचना।
3. तीव्र जनसंख्या वृद्धि तथा उसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक आयाम।
4. व्यक्ति तथा परिवार एवं जीवन की गुणवत्ता पर जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव।
5. भौतिक पर्यावरण, खाद्य एवं प्राकृतिक संसाधनों पर जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव।
6. प्रजनन व्यवहार से संबंधित सामान्य एवं परिचयात्मक जानकारी।
7. जनसंख्या नीति एवं कार्यक्रम।

जनसंख्या शिक्षा के महत्त्व को निम्नलिखित बिन्दुओं में रखा जा सकता है-

1) बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों से नई पीढ़ी को अवगत कराना।
2) छोटे परिवार के आदर्श को स्वीकार्य बनाने के लिए।
3) जीवन की गुणवत्ता के विकास हेतु।
4) प्रजनन, स्वास्थ्य संवर्द्धन हेतु।
5) निर्णय क्षमता के विकास हेतु।

6) जनसंख्या विकास एवं पर्यावरण में संतुलन का संदेश।

अब मन में प्रश्न उठता है कि शिक्षा के अनिवार्य अंग के रूप में जनसंख्या शिक्षा क्यों आवश्यक मानी जा रही है। जनसंख्या शिक्षा की क्या भूमिका हो सकती है? आइए इस बिन्दु पर इस पत्र के माध्यम से कुछ विचार करते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि एक गतिशील, संवेदनशील तथा सुसंगठित राष्ट्र का निर्माण करने के लिए शिक्षा ही लोगों को ज्ञान, चेतना और विश्वास प्रदान करती है। शिक्षा केवल मानव संसाधन के विकास का ही साधन नहीं है बल्कि सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक परिवर्तन का माध्यम भी है।यह शिक्षा का दायित्व है कि वह जनसंख्या जैसी राष्ट्रीय समस्या के प्रति शिक्षार्थियों एवं समाज का ध्यान आकर्षित करे एवं उसके समाधान का मार्ग प्रशस्त करे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर जनसंख्या शिक्षा को शिक्षा के अनिवार्य अंग के रूप में अपनानेएवं शिक्षा के सभी स्तरों पर इसे लागू करने की आवश्यकता प्रतिपादित की जाती है। विद्यालय स्तर पर एक स्वतन्त्र एवं अनिवार्य विषय के रूप में जनसंख्या शिक्षा लागू करने के लिए गम्भीर प्रयास आवश्यक है लेकिन प्रारम्भ में विद्यालयी पाठ्यक्रम में विभिन्न विषयों के साथ जनसंख्या शिक्षा से सम्बन्धित पाठों का समाकलन किया जा सकता है। उच्च शिक्षा व अनौपचारिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों में जनसंख्या शिक्षा को एक अनिवार्य एवं स्वतन्त्र विषय के रूप में सम्मिलित किया जा सकता है। जनसंख्या शिक्षा को विशेष रूप से शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के साथ तो अवश्य ही जोड़ा जाना चाहिए ताकि प्रशिक्षण काल में ही शिक्षक इसके महत्त्व से अवगत हो सकें। वर्ष 1968 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आयोजित विश्व मानवाधिकार सम्मेलन में कहा गया कि जनसंख्या शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। वर्तमान में जनसंख्या शिक्षा का परिदृश्य एवं परिप्रेक्ष्य दोनों बदल गए हैं एवं इसके क्षेत्र का भी विस्तार हुआ है। अतः जनसंख्या शिक्षा को शिक्षा का अनिवार्य एवं अपरिहार्य अंग बनाना सार्थक सिद्ध हो रहा है।

विश्व के जनांकिकीय विद्वानों ने जनसंख्या शिक्षा के उद्देश्यों के विषय में अपने विचारों को विस्तार से प्रकट किया है। सूक्ष्म दृष्टि से देखें तो उनके विचारों में विशेष मतांतर दिखाई नहीं देता। प्रमुख रूप से जनसंख्या शिक्षा के उद्देश्यों को निम्नलिखित बिन्दुओं में अभिव्यक्त किया जा सकता है-

1. जनांकिकी या जनसंख्या विज्ञान के मूलभूत प्रत्ययों एवं सिद्धान्तों की समझ विकसित करना।
2. जनसंख्या विस्फोट के कारणों एवं कारकों की समझ विकसित करना।
3. जनसंख्या एवं जीवन की गुणवत्ता के पारस्परिक संबंध को समझना तथा व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक विकास के साथ इस संबंध को स्थापित करना।
4. जनसंख्या, विकास एवं पर्यावरण के मध्य संतुलित संबंधों का अर्थ एवं महत्त्व समझना तथा इनके बीच बढ़ते असंतुलन को उजागर करना।

5. व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व के सभी स्तरों पर जनसंख्या वृद्धि के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों में पड़ने वाले प्रभावों की विवेचना करना एवं इनकी समझ विकसित करना।
6. जनसंख्या के साथ दीर्घकालिक एवं सुरक्षित विकास के संबंधों का ज्ञान प्रदान करना तथा जनसंख्या के साथ विकास का संतुलन, विकास की नीतियाँ, कार्यक्रम, प्रक्रिया आदि की समझ प्रदान करना।
7. जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न पर्यावरणीय एवं परिस्थितिकीय प्रभावों को समझना।
8. प्रजनन स्वास्थ्य एवं प्रजनन अधिकार के बारे में सही समझ एवं परिपक्व दृष्टिकोंण विकसित करना तथा इनके साथ जुड़े उत्तरदायित्वों की जानकारी देना।
9. छोटे परिवार के आदर्श को प्रोत्साहित एवं प्रशंसित करना तथा यह समझ विकसित करना कि कम संतान या दो संतान ही आदर्श एवं ग्रहणीय मानक है तथा परिवार का आकार दैवी कृपा या भाग्य से निर्धारित नहीं होता बल्कि यह मानव द्वारा नियन्त्रित एवं नियोजित किया जा सकता है।
10. शिशु और माता के स्वास्थ्य के खतरों को समझना तथा उन्हें यथासम्भव कम करने या समाप्त करने के प्रयासों की जानकारी प्रदान करना। किशोरों, महिलाओं एवं बुजुर्गों की स्थिति को समझना तथा इनकी समस्याओं का समाधान करने की प्रवृत्ति विकसित करना।
11. राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम की रीति-नीति को समझना।
12. राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर लागू जनसंख्या नीति के प्रति चेतना विकसित करना तथा इनसे संबंधित कार्यक्रमों एवं कार्यान्वयन तंत्र के बारे में जानकारी एवं जागरुकता का प्रसार करना।
13. छात्र-छात्राओं में देश की जनसंख्या नीति तथा जनसंख्या नियन्त्रण सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना।
14. छात्र-छात्राओं में जनसंख्या वृद्धि की प्रक्रिया को वैज्ञानिक दृष्टिकोंण से समझने की योग्यता विकसित करना।
15. छात्र-छात्राओं में परिवार के आकार तथा जीवन स्तर के बीच के सम्बन्ध को समझने की योग्यता विकसित करना।
16. पर्यावरण पर जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराना।
17. छात्र-छात्राओं को जनसंख्या वृद्धि की प्रक्रिया व उसके कारणों का ज्ञान प्रदान करना।

**जनसंख्या शिक्षा में अध्यापक की भूमिका-**

निःसन्देह जनसंख्या शिक्षा अत्यधिक आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण है। शिक्षा के इस प्रकार में शिक्षक द्वारा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी जाती है। शिक्षक को जनसंख्या शिक्षा की समुचित जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। उसका दायित्त्व है कि वह अपने छात्र-छात्राओं तथा समाज के व्यक्तियों को जनसंख्या सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान करे। शिक्षक का दायित्व है कि वह छात्रों को जनसंख्या वृद्धि से

उत्पन्न समस्याओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करे तथा जनसंख्या वृद्धि को नियन्त्रित करने की आवश्यकता तथा उपायों की भी जानकारी प्रदान करे। अतः यह आवश्यक है कि शिक्षा के पाठ्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा को अवश्य सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस स्थिति में शिक्षक अपने दायित्त्व को भलीभाँति निभा सकेगें।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**


1. शर्मा, डॉ. आर.ए., जनसंख्या शिक्षा, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
2. सिंह, डॉ. सदन, जनसंख्या शिक्षा (2013), अभिषेक प्रकाशन,नई दिल्ली।
3. मलैया, डॉ. के.सी, शर्मा, डॉ. रमा, जनसंख्या शिक्षा (2014), श्री विनोद पुस्तक मन्दिर,आगरा।
4. टाक, डॉ. ओमप्रकाश, जनसंख्या एवं विकास शिक्षा (2012), राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
5. द्विवेदी, जया, शर्मा, अञ्जू, जनसंख्या शिक्षा एवं पर्यावरण शिक्षा (2016), Rakhi Prakashan, Agra
6. चन्देल, डॉ. नरेन्द्र पाल सिंह, नन्द, डॉ. विजय कुमार, जनसंख्या शिक्षा, श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
7. Pandey, V.c, Population Education (2005)Isha Book Publisher,Haryana.
8. Singh, U.K., Sudershan, K.N., Population Education, Discovery publishing Pvt.Ltd., Delhi.
9. Udaiveer, Modern Teaching of population Education, Anmol publication, Pvt.Ltd., Delhi.
10. Sharma, Rampratap, Population Education in India (2013), Kaniska publication, New Delhi.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# Antimicrobial Activity of Seeds of Abrus Precatorius Linn

Pramod Kumar Singh
Associate professor, department of Chemistry Kamla, Nehru Institute of Physical & Social Sciences
Sultanpur. U.P

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 132-134

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**Abstract**

In vitro studies of seeds of Abrus precatorius Linn were carried out, which includes determination of antimicrobial activity by different methods like cylindrical plate method and turbid metric method. Determination of antibacterial activity by using the following strains of gram positive bacteria (Staphylococcus aureus and Bacillus subtilis) and gram negative (Escherichia coli and Salmonella typhi). In addition to this antifungal activity is also carried out by using the following strains of Candida albicans, Cryptococcus neoformans by using sabourand dextrose broth.

**Keywords :** - Antimicrobial activity, Abrus precatorius Linn.

The plant Abrus precatorius Linn is a climbing shrub widely distributed in most districts of Andhra Pradesh/Uttarpradesh and M.P. and among bushes on open lands. Among various coloured seed type namely red colooured seeds and white coloured seeds wre selected for this study. The seeds re found to be useful as antibacterial agents[1] , anti-inflammatory agents[2] , antpyretic agents[3] antineoplastic agents[4] , antiallergic agents[5] , etc. The present work is done on comparative studies of white and red coloured seeds of Abrus precatorius Linn for antimicrobial activity.

Extraction is carried out by the following procedure. 1 Kg of Coarse powder was extracted with 50% aqueous ethanol in cold maceration method at room temper-ature separately. After filtration the marc was extracted twice in the same condition. Ethanol was removed under vacuum and the aqueous residue was lyophilized to dry the txract. Extracts were fractioned in petroleum ether, chloroform and methanol. The crude (50 % ethanolic extract of red form and white form) and methanol soluble and insoluble fractions of crude (red form and white form) were stored in desiccators and used. The crude

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

(50 % ethanolic extract of red form and white form) and methanolo soluble and insoluble fractions of crude (red form and white form) were used for the study of antimicrobial activity. The seed powders of both forms were studied with different chemical reagents. The fluorescence properties of the various extracts were studied both in day light and ultraviolet light. The following methods were employed to assess the antimicrobial activity of the extract and fraction. (1) Cylindrical plate method or cup plate method (2) Turbidimetric method or two fold serial dilution method. The strains of Staphylococcus aureus, Bacillus sutillis and Escherichia coli wre obtained from aNational Chemical KGMC Medical College, Lucknow typhi was obtained dromm Calicut Medical College, Kerala and strains of Candida albicans, Cryptococcus neoformans were obtaind from KGMC Medical College, Lucknow and inoculated in conical flask containg 100 ml. Sterile nutrient broth. These conical flask were incubated at 37 $^0$C for 24 h. This has been referred to as seeded broth Ampicillin trihydratee was takep as the standard from for estimating antibacterial activity and amphotericin –B was taken as the standard for antifungal activity. The concentration of the drug used was 100 ug/ml.

**TABLE-1**

ANTIBACTERIAL ACTIVITY OF THE CRUDE AND ITS FRACTIONS OF RED AND WHITE FORMS OF Abrus precatorius Linn SEEDS

| Name of the drug | | Zone of inhibition (mm) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Gram positive bacteria | | Gram negative Bacterial | |
| | | S. aureus | B. subtilis | E. coli | S. typhi |
| Dimethyl sulphoxide (solvent | | 0 | 0 | 2.0 | 0.0 |
| Ampicillin trihydrate (Standard) | | 25 | 24 | 23.5 | 20.2 |
| Crude | Red form | 19 | 16 | 0 | 0 |
| | White form | 23 | 20 | 0 | 0 |
| Methanol soluble | Red form | 16 | 14 | 0 | 0 |
| Fraction of crude | White form | 17 | 18 | 0 | 0 |
| Methanol Insoluble | Red form | 14 | 12 | 0 | 0 |
| Fraction of crude | White form | 18 | 16 | 0 | 0 |

**TABLE-2**

ANTIFUNGAL ACTIVITY OF THE CRUDE AND ITS FRACTIONS OF RED AND WHITE FORRM OF Abrus pracatorius Linn SEEDS

| Name of the drug | | Zone of inhibition (mm) | |
|---|---|---|---|
| | | Candida albicans | Cryptococcus neoformans |
| Dimethyl sulphoxide (solvent | | 0 | 0 |
| Amphotericin-B (Standart) | | 23 | 24 |
| Crude | Red form | 19 | 18 |
| | White form | 21 | 17 |
| Methanol soluble | Red form | 14 | 0 |
| Fraction of crude | White form | 19 | 14 |
| Methanol Insoluble | Red form | 0 | 0 |
| Fraction of crude | White form | 13 | 12 |

In the pharmacological study, the antibacterial activity of white form against gram positive microorganism was significantly greater than red form. Though methanol soluble ad insoluble fractions exhibited moderate activity against gram positive bacteri, it has no effect against gram negative bacteria. Like antibacterial activity, antifungal activity indicated that the crude extract of white form significantly affected fungal growth than red form although fraction of both forms showed moderate activity.

**ACKNOWLEDGEMNT**

The authors is thankful to the principal of Kamla Nehru Institute of Physical & Social Sciences Sultanpur and in charge of chemistry department to provide facility in chemical laboratory for the above work.

**REFERENCES**

1. S.E. Agine, A.O. Olaolu and S.W.H. Husaini, Legume Res., 23. 97 (2000).
2. W.M. Anam, Phytomedicine, 8, 24 (2001)
3. C. Delporte, N. Backhouse, R. Negrete, M.C. Gallardo and P. Rivera, Int. J. PHamacog., 34, 179 (1996).
4. K.Hu, H. Kobayashi, A. Dong. Y. Jing, S. Iwaski and X. Yao, Planta Med., 65, 35 (1999).
5. S.C. Kuo, S.C. Chen, L.H. Wu, J.B. Wang and C.M. Teng, Planta Med., 61, 307 (1995).

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि–एक नव प्रणयन

**सत्येन्द्रनाथ शुक्ल,**
**पूर्वशोधछात्र,**
**संस्कृतविभाग, कला संकाय,**
**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,**
**वाराणसी, उत्तर प्रदेश,**
**भारत।**



**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 126-131
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**सारांश – अवतरणिका एवं प्रणामाञ्जलि से संवलित इस महाकाव्य में आदि शङ्कराचार्य के दिव्य चरित्र का पवित्र गान है। जो अपनी परम्परा को जहाँ एक ओर समृद्ध करती है, वही दूसरी ओर अन्य परवर्ती कवियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करती है। रस संयोजन, अलङ्कार विन्यास, वर्णन वैभव, छन्दोविधान, कथानक एवं पात्रों के सफल चरित्र चित्रण महाकाव्य के काव्यशास्त्रीय ऐश्वर्य को द्योतित करते हैं।**

**मुख्यशब्द – आदि शङ्कराचार्य, अवतरणिका, प्रणामाञ्जलि, महाकाव्य, काव्यशास्त्रीय।**

वेदों को शाश्वत ज्ञान का स्रोत मानने वाली भारतीय परम्परा में अनेक ऐसे विद्वान, मनीषी एवं ऋषि हुए हैं; जिन्होंने विश्व के कल्याणार्थ शाश्वत् मूल्यों का प्रचार–प्रसार किया और यहीं से अवतारवाद का विकास हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हमारे देश में अथवा सम्पूर्ण विश्व में 20वीं व 21वीं शताब्दी में ज्ञान–विज्ञान एवं बौद्धिक क्रान्ति तो हुई परन्तु यह कटु सत्य है कि इसी क्रम में नैतिकता एवं मानवता का ह्रास होता रहा। इसी के फलस्वरूप जहाँ पाश्चात्य जगत् में मानवतावाद, मानववाद, उत्तर–आधुनिकता आदि विचारों का उदय हुआ है, जो समाज का पथ प्रदर्शक बना। भारतीय समाज के सन्दर्भ में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् जहाँ एक ओर अनेक प्राचीन नैतिक मान्यताएँ टूटीं वहीं स्वयं या पश्चिम से प्रभावित होकर नवीन नैतिक मापदण्डों की सर्जना भी हुई। इन्हीं के बीच समाज को एक दिशा प्रदान करने हेतु, अपनी समृद्ध सौहार्द्र, त्याग आदि दैवीय गुणों से युक्त ‘तेन त्यक्तेन भुञ~जीथाः’ अनुप्राणित इस देश में, भोगवादी, जड़वादी विचारों, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अनाचार, स्वार्थपरता, अनैतिकता आदि को देखकर व्यथित होते हुए कवयित्री शाश्वत एवं निरपेक्ष नैतिक मूल्यों के स्थापनार्थ राष्ट्रीय अखण्डता के परिपोषक, चतुष्पीठों के संस्थापक, विश्रृंखलित उपासनाओं, विश्वासों, मतों एवं सम्प्रदायों को एकसूत्र में पिरोने वाले अद्वैतवाद के संस्थापक, उपनिषदों के भाष्यकार, सर्वशास्त्र विचक्षण, ज्ञान एवं भक्ति के समन्वयक, परमयति शङ्करावतार आचार्य शङ्कर के व्यक्तित्व को आधार बनाकर काशी की पण्डित परम्परा में परिगणित परम विदुषी आचार्या डॉ0 कमला पाण्डेय ने भगवान श्रीमच्छङ्कराचार्य के जीवनवृत्त का अवलम्बन करते हुए 1020 छन्दों में उपनिबद्ध अह्वनात्मक महाकाव्य का प्रणयन किया है। 17 सर्गों के अतिरिक्त 29 छन्दों की अवतरणिका तथा 11 छन्दों की प्रणामांजलि में अनेक सामयिक पक्षों को प्रस्तुत किया व परमशक्ति की अनुकम्पा से जगत् की दुव्यर्वस्था जनित पीड़ा से विगलित चेतना ने इस अनुपम काव्य

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

की सर्जना की है। वस्तुतः कृति कवयित्री की अद्वितीय भावयित्री एवं कारयित्री प्रतिभा की द्योतक है। कवयित्री इनमें विश्वमानवतावाद, अनेकता में एकता, राष्ट्रियचेतना, महिला सशक्तीकरण स्पृश्यता निवारण, पर्यावरण चेतना, लोकगीतों आदि नवीन विषयों की उद्भावना की गयी है। यह महाकाव्य वर्ष 2007 में प्रकाशित है। जो भगवान शङ्कर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने के साथ–साथ एवं वैदुष्य से प्राचीन भारतीय उदात्त परम्परा के पुनरुद्धार का भी वर्णन किया है।

प्रश्न उठता है कि कवयित्री ने वर्तमान दुर्व्यवहार से मुक्ति पाने के लिए भगवान् शङ्कराचार्य के जीवन को ही आदर्श रूप में क्यों बनाया।

यद्यपि साहित्य समकालीन घटनाओं का कलात्मक प्रतिफलन होता है तथापि इतिहास पुराण के विचारों या पूर्वजों के चरितों को हम एकदम अप्रासङ्गिक नहीं कह सकते हैं। उनका समावेश आधुनिक साहित्य में अवांछित नहीं है। आज हम अपने पूर्वजों की स्तुति को करते हैं परन्तु उनका अनुशीलन नहीं करते। आज इतिहास पुराणों एवं पूर्वजों, महापुरुषों के चरित्रों का पुनराख्यान आवश्यक है। इस पुनराख्यान के साथ–साथ समकालीन संस्पर्श स्वतः आ जायेंगे।[1]

उक्त बातों को ही ध्यान में रखकर डॉ0 पाण्डेय ने अपने ऐतिहासिक पूर्वज शंकर के व्यक्तित्व को लेकर काव्य का प्रणयन किया है। कोई भी महान व्यक्तित्व किसी देश एवं काल की सीमा में न तो बंधता है और न ही उसे किसी प्रकार की शक्ति बांध सकती है। तथापि प्रस्तुत महाकाव्य में आचार्य शङ्कर का समय निर्धारित करते हुए कवयित्री ने **उनका समय श्लोक संख्या 1/44,46,47,48 में सिद्ध किया** तथा 788 ई0 को निरस्त करते हुए 507 ईसा पूर्व माना है।

जिस महान व्यक्तित्व को कवयित्री ने अपने रचना का विषय बनाया है। यह वह महान व्यक्तित्व है जिसके बारे में पं0 नेहरू ने अपने ग्रन्थ 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' में चर्चा की है कि पं0 जी लिखते हैं कि– ''मैं सन् 1935–36 में यूरोप–भ्रमण पर गया था। मैं फ्रांस के पेरिस विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध प्रोफेसर ऐण्ड्रे माल्राक्स से मिलने गया। उन्होंने मिलते ही मुझसे पूछा कि वह कौन सी शक्ति थी जिसने आज के सहस्राधिक वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म को बिना किसी रक्तपात या संघर्ष के ही भारत से निर्मूल कर दिया?'' पं0 नेहरू ने इस प्रश्न का उत्तर शंकराचार्य के जीवन–दर्शन और उनकी संगठन शक्ति का वर्णन करते हुए बड़े विस्तार से किया है।

यद्यपि यह बात सत्य है कि महापुरुष किसी युग विशेष में पैदा होकर भी उस युग विशेष तक सीमित नहीं रहते वे तो अपनी लोकमंगल एवं सर्वहिताय की भावना के कारण सभी लोक व काल के हो जाते हैं। आचार्य शङ्कर इसी प्रकार की शाश्वत एवं जाज्वल्यमान तेजपुंज है जिनका भारतीय दर्शन एवं संस्कृति में विशेष स्थान है।

वैसे आचार्य शंकर के जीवन के सन्दर्भ में उनके शिष्यों या उनके समय के किसी विद्वान ने कहीं विशेष चर्चा नहीं की है। उनके दिवंगत होने के लगभग 5 सौ वर्ष बाद स्वामी विद्यारण्य ने काव्य के रूप में उनके जीवन पर प्रभाव डाला। विद्यारण्य के **'श्री शंकर दिग्विजय'** 1386 परवर्ती अनेक विद्वानों, कवियों ने अपने ढंग से भगवत्पाद के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला।[2] शंकर के जीवन व उनके क्रिया–कलापों का क्रमबद्ध इतिहास न प्राप्त होने का सम्भवतः यही कारण रहा होगा कि संन्यासी वर्ग की परम्परा के अनुसार वे लोग अपने जीवन के सन्दर्भ में चर्चा करना न तो स्वयं पसन्द करते थे और न ही दूसरों को यह अधिकार देते थे। वस्तुतः संन्यासी नियमपूर्वक अपने कर्मों का त्याग करता है जिसे उपरति कहते हैं–

**निवर्तितानामेतेषां तद्व्यतिरिक्तविषयेभ्य उपरणमुपरतिः अथवा विहितानां कर्मणा विधिना परित्यागः।**[3]

यही उपरति ही मूल कारण है कि जिससे संन्यासी संन्यास को दीक्षा लेने के पूर्व के जीवन की बातों को न तो सुनना चाहता है न ही किसी को सुनाना चाहता है। चाहे जो रहा हो परन्तु प्राचीन भारत के अनेक प्राचीन अभिलेखों जो इण्डो चाइना से प्राप्त हैं, में 'भगवान शङ्कर' का इस नाम से शङ्कराचार्य को सम्बोधित किया गया है। महाकवि हर्ष ने अपने महाकाव्य नैषधीयचरितम् में आचार्य शङ्कर का नाम 'भगवान् शङ्कर' कहकर अत्यन्त श्रद्धा के साथ

1. नया ज्ञानोदय अक्टूबर 2013/19/एस0के0 पोट्टेक्काट्ट भारतीय ज्ञानपीठ विजेता
2. आदिशङ्कराचार्य जीवन और सन्देश, जून 1991
3. वेदान्तसार/पृ. 9

उल्लेख किया है। भगवान शङ्कर के जीवन एवं चरित के बारे में सूचना देने वाले दो विद्वान मुख्य हैं– महामहोपाध्याय प्रो0 जयंत कृष्ण एच दवे एवं महामण्डलेश्वर स्वामी महेशनन्द गिरि आदि हैं; जिन्होंने शङ्कराचार्य के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने वाले प्राचीन स्रोतों को समाज के सामने उपस्थित किया।

कवयित्री ने अपने ग्रन्थ में शंकर के चरित्र का आश्रय लिया है। स्वातन्त्र्योत्तर रचनाओं में अनेक ऐसी रचनाएँ हुई हैं, जो अपने पौराणिक आख्यानों, वर्णनों को अपनी रचना का विषय बनाया तथा नवीन उद्भावना प्रस्तुत की है तथा समाज को नयी दिशा प्रदान की इनमें उत्तरसीताचरितम्, जानकीजीवनम्, गणपतिराज्योदयम् आदि परिगणित हैं। इसी क्रम में समाज को एक दिशा देने, संस्कृत साहित्य को समृद्ध करने के उद्देश्य से जगत की दुव्यर्वस्था जनित पीड़ा से विगलित होकर प्रस्तुत अनुपम महाकाव्य का सर्जन की है।

**कलहाऽन्धतमश्छेत्तुमद्वैतकिरणैः शुभैः।**
**भगवान् शङ्कराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि।।**[4]

**महाकाव्य का स्वरूप–** प्रस्तुत महाकाव्य में भगवान शंकराचार्य के चरित का वर्णन है। 17 सर्गों में विभक्त इस महाकाव्य के नायक शंकर प्रधान रस शांत तथा सज्जनाश्रय वृत्त है। धर्म की प्राप्ति एक फल है। अवतरणिका के रूप में नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण है। पर्वतों, नदियों का वर्णन है। कवयित्री ने सर्गों का नामकरण नहीं किया है। यहाँ पर शंकर का जन्म ही पुत्रोदय का वर्णन है। ऋतुओं में वर्षा, ग्रीष्म का वर्णन तथा पर्वत में विन्ध्याटवी, हिमालय का उदात्त वर्णन है। इस प्रकार से कवयित्री ने प्रबन्ध काव्य के आवश्यक एवं अनिवार्य अनेक तत्वों का समावेश भाव एवं अवसरों के अनुसार स्थान–स्थान पर प्रस्तुत किया है। ग्रन्थ में महाकाव्य के आवश्यक एवं महत्वपूर्ण तत्त्वों का पालन है। कवयित्री ने अनेक स्थलों पर शङ्कराचार्य के स्तोत्रों के एकपाद को लेकर अनेक पद्यों की रचना की है; जो शङ्कराचार्य के स्तोत्रों की तरह माधुर्य से युक्त है–

**अच्युतं केशवं रामनारायणं**
**कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम्।**
**कीर्तयन् भक्तिभावान्वितः कोविदो**
**मूर्तिमस्थापयत् सुस्थिरां रोधसि।।**[5]

**पर्वत वर्णन –** शंकर के बदरिकाश्रम की यात्रा के समय हिमालय का वर्णन 5 छन्दों में किया है। जिसकी पवित्रता से प्रभावित होकर शंकर ने उत्तराम्नायपीठ की स्थापना का संकल्प लिया–

**यस्य प्रशान्ते विपिने सुरम्ये, मृगो मुदा धावति कृष्णसारः यज्ञाङ्गनिष्पादकशैलराजं, हिमालयं द्रष्टुमथ प्रतस्थे।।**[6]

**नदी वर्णन–** शिष्य मंडली के साथ जब शङ्कर प्रयाग पहुँचते हैं। उस समय कवयित्री ने त्रिवेणी का वर्णन किया है।

**यद्वा समालिङ्गति शुक्लधारा, कृष्णां यदा वीचिकरैरसंख्यैः।**
**कालावधिं जातु विहाय दृष्टे–ऽमापूर्णिमे किं युगपद मिलन्त्यौ।**[7]

नर्मदा नदी के वर्णन के प्रसङ्ग में कवयित्री ने शङ्कराचार्य के नर्मदाष्टक की कतिपय पंक्तियों को लेकर अत्यन्त मनोहर वर्णन किया है–

**उत्तुङ्गात् शिखरात् प्रपातधवलामावर्तमालाधरां**
**पारावारतटोज्ज्वलोपलशिलादोर्भ्यां समालिङ्गिताम्।**
**दर्शं दर्षमनेकभावलहरीरुद्भावयन् मानसे**
**वैराग्येऽप्यनुरागनिर्झरझरन् श्रीषङ्करोऽषोभत।।**[8]

4. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि / पृ. 21
5. वहीं / 3 / 34
6. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि / 7 / 03
7. वहीं / 8 / 5
8. वहीं / 3 / 54

**ऋतु वर्णन–** भारत में छः ऋतुएँ मानी गयी हैं जिनमें तीन ऋतु इस प्रायद्वीप में सदैव रहती हैं। अतः इसका वर्णन प्रायः सभी महान् कवियों ने किया है। कालान्तर में ऋतुओं का वर्णन महाकाव्य एक अङ्ग व आवश्यक तत्त्व बन गया कवयित्री ने भी ऋतु वर्णन क्रम में प्रायः सभी ऋतुओं का वर्णन किया है। परन्तु जीवनदायिनी वर्षा का वर्णन अत्यन्त मनोरम है; जिससे कृषि प्रधान इस भारतभूमि की कृषिप्रियता द्योतित होती है। एक गीत का प्रणयन किया है–

**वारि झर्झरायते अरे!**
**पयोधरैर्मनोहरैः समावृतेऽम्बरे!!**
**दाहकः प्रचण्डताप, ईषदद्य शान्तिमापः**
**नाऽनिलोऽनलायते अरे!**
**पयोधरैर्मनोहरैः समावृतेऽम्बरे!**
**नूपुराः क्वचित्क्वणन्ति, तन्त्रिका मृदु स्वनन्ति;**
**रागिनी स्वरायते अरे! पयोधरै......।**
**अश्रुविन्दवः पतन्ति, गोपिकाः, प्रियं स्मरन्ति**
**माधवः स्मरायते अरे! पयोधरै.....।**[9]

कवियत्री नें अपनें ग्रन्थ में जहाँ स्मृति वाक्यों का समर्थन करती हैं। जैसे अनेक वर्षों तक सन्तान की प्राप्ति न होनें पर आर्यम्बा एवं शिवगुरू अपनें जीवन को व्यर्थ समझने लगे।

**अपत्यहीनं क्रमशो व्यतीतं तयोर्दिनं मासमनेकवर्षम्।**
**शनैः शनै यौवनमव्यतीतं स्वजीवनं व्यर्थमिव प्रतीतम्।।**
**कुटुम्बिनाऽपुत्रवता प्रदत्तां जलाञ्जलिं भावि विलुप्यमाने।**
**विशङ्कमाना परिदेवयन्तो वाष्पाम्बुसिक्तं पितरः पिबन्ति।।**[10]

परन्तु दोहद काल के वर्णन में स्त्रियों के श्रुति श्रवण के सन्दर्भ में आपने उदारता का परिचय दिया है। दोहद का वर्णन कवियत्री की नवीन उद्भावना है। गर्भवती आर्यम्बा ने जो–जो दोहद प्रकट किया, उन सभी का कारण आपने गर्भ में शंकर का होना माना है।

कवयित्री की यह उद्भावना वैज्ञानिक एवं भारतीय परम्परा से अनुप्राणित है। हम जन्म का कारण प्रारब्ध को मानते हैं। तात्पर्य यह है कि शिशु गर्भ में अपनें प्रारब्ध के साथ आता है, जिसका प्रभाव मा पर होता है। अस्तु माँ आर्यम्बा की वेद सुनने की इच्छा हुई। क्यों कि उनके गर्भ में भगवान् शङ्कर स्वयं विराजमान थे।

**पतिर्यदाऽध्यापयति स्म वेदं, सैकाग्रचित्ता श्रवणेऽनुरक्ता।**
**यतः श्रुतेरूत्तम भाष्यकर्ता विवर्धमानो विललास तस्याम्।।**[11]

कवयत्री ने अनेकता में एकता जो इस भारतभूमि की प्रधान विशेषता है को भी काव्य के माध्यम से एवं सगुण एवं निर्गुण के समन्वय की विराट चेष्टा भी दृष्टिगोचर होती है; जो श्लाघनीय है –

**यथाऽनुविद्धं सलिलेषु चन्दनं तथाऽनुविद्धं सकलेषु निर्गुणम्।**
**अनेकतायां ददृशे य एकतां नमामि तं शंकरदेशिकं वरम्।।**[12]

वर्तमान समय में जहाँ विश्व के अनेक देश राष्ट्रवाद, एवं अतिराष्ट्रवाद की भावना पर बल दे रहे हैं। सम्पूर्ण विश्व परमाणु बम पर बैठा प्रतीत होता है, तब विश्व मानवतावाद का समर्थन कवियित्री करती है तथा विश्व को नीड़ होने की कल्पना की है।

**जगदिदमनुकूलं दृश्यतादेकनीडम्**

---

9. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि / 2 / 45
10. वहीं / 1 / 23, 24
11. वहीं / 1 / 41
12. वहीं / प्रणमाञ्जलिः / 6

**इति मनसि विचिन्त्ये श्रौतवाक्यं ब्रुवाणः।**
**उपदिशतु मनुष्यान् शुद्धवेदान्ततत्त्वं**
**विजित–भुवन–कीतिः साम्प्रतं श्रेयसे नः।**[13]

**अस्पृश्यता निवारण**

अस्पृश्यता जो भारत में व्याप्त बहुत बड़ा अभिशाप है; जिसको समाप्त करने के लिए अथवा इसके विरोध में समय–समय पर मुखर विरोध के स्वर उठाए जाते रहे हैं। आधुनिक काल में महात्मा गांधी हरिजन आदि पत्रिका के माध्यम से तथा अछूतोद्धार आदि कार्यक्रमों के द्वारा अस्पृश्यता निवारण को प्रोत्साहित किया। इस क्षेत्र में डॉ. अम्बेडकर का महनीय योगदान सर्वविदित है। सामाजिक चेतना के इस पक्ष पर विचारकों व समाजसुधारकों के अतिरिक्त साहित्यकारों ने भी इस विषय पर प्रचुर मात्रा में विचार किया। उक्त विषय को अवलम्बित कर प्रायः समस्त भारतीय भाषाओं में कविताओं, निबन्धों व उपन्यासों का प्रणयन हुआ। इस सामाजिक दुर्व्यवस्था पर आचार्या ने भगवान् शङ्कर के चरित्र के माध्यम से प्रहार किया है। आचार्य शङ्कर व काशी के अन्त्यज के संवाद को अत्यन्त रोचक रूप में वर्णित किया है–

**तदानीं स ऊचेऽन्त्यजो भो महात्मन्!**
**निवार्योऽधुना को विचार्य ब्रवीतु।**
**शरीरं मनो वा उत प्रत्यगात्मा**
**किमद्वैतबोधेऽपि ते द्वैतभावः।।**
**किमन्नेन निर्मीयमाणं शरीरं**
**पृथग्भिद्यते वा उताहो शरीरी।**
**यदुक्तं श्रुतावेकमेवाऽद्वितीयं**
**वचस्ते न सङ्गच्छते तेन नूनम्।।**[14]

इस महाकाव्य में शंकराचार्य के जीवनवृत्त के वर्णन के साथ ही अनेक स्थलों पर सामाजिक समस्याओं की भी उठाया गया है तथा विसंगतियों के समाधान के बारे में भी चर्चा की गयी हैं स्पृश्यता जो भारतीय समाज में व्यादा बहुत बडा अभिशाप रहा है, जिसकी समाप्ति के लिए महात्मा गांधी ने अपनी प्रसिद्ध पत्रिका हरिजन के द्वारा, तथा अम्बेडकर ने बहुत महत्वपूर्ण प्रयास किया। यद्यपि न तो शंकर ने और न ही कवियत्री ने वर्णाश्रम धर्म का विरोध किया है। दोनों को व्यवहार एवं परमार्थ के अनुसार परिभाषित करते हैं। इसी प्रकार से समाज में व्याप्त रूढ़ियों पर भी कुठाराघात किया गया है।

**तत्क्षेत्रे शङ्कराचार्यो निषिध्य नृवलिप्रथाम्।**
**पाखण्डोन्मूलनं कृत्वा, भक्ति मार्गमुपादिशते।।**[15]

**महिला सषक्तीकरण**

बीसवीं शताब्दी में प्रायः समस्त भारतीय भाषा साहित्य मे अन्य आधुनिक विषयों के साथ महिला सशक्तीकरण को भी अपनी लेखनी का विषय बनाया। संस्कृत साहित्य में इस विषय को स्वतन्त्र रूप में प्रोत्साहित करने का श्रेय पण्डिता क्षमाराव को प्राप्त है; इन्होंने अपनी कहानी विधवोद्वाह सनुटम्, परित्यक्ता किमहं पतिता एवं कलरवश्चिन्ता च में अनेक ज्वलन्त प्रश्नों को उद्घाटित किया है। महिला सशक्तीकरण के इस दौर से कवयित्री भी अछूती नहीं रहीं। महाकाव्य के स्त्री पात्रों आर्याम्बा, उभयभारती तथा राजा सुधन्वा की रानी के चरित्र के माध्यम से नारी के अबला पक्ष को नकारते हुए उसके स्नेह, दया, शाश्वतशक्ति, सरसता की मूर्ति आदि दैवीय रूपों में चित्रित किया है–

**दुर्गा दुर्गतिनाशिनी विजयते काली कराला रणे**

13. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि / अवतरणिका / 8
14. वहीं / 5 / 26–27
15. वहीं / 2 / 50

**काशी या त्रिपुराररिराजनगरी भागीरथी स्वर्धुनी।**
**'राष्ट्री संगमनी' तथा 'चिकितुषी' प्रोक्ता श्रुतौ सादरं**
**'वन्दे मातर'मित्यमूल्यवचनेरुक्तर धरा पावनी।।**
**पूज्या स्यात्पुरुषैः सदा सरसतामूर्तिः कृपावर्षिणी**
**पुष्टिं तुष्टिमहर्निषं विदधती जाया मनोहारिणी।**
**कौमारी भगिनी सुताऽथ जननी स्निग्धा प्रसन्नानना**
**गार्हस्थ्यं तनुते सदा सहचरी पत्नी तदर्धाङ्गिनी।।**[16]

जैसा की हम जानते हैं, साहित्य समाज का दर्पण है। हम साहित्य हीन, समाज की तो कल्पना कर सकते हैं, परन्तु समाज हीन साहित्य की कल्पना कभी नही की जा सकती। अतः कवि की रचना में अनेक बार लोक व्यवहारों प्रयोगों, रीतियों आदि का वर्णन होता है जो श्रेष्ठ साहित्य का आवश्यक तत्व भी है– इसी क्रम में आचार्या ने भी कतिपय लोकोक्तियों का प्रयोग किया है–

**अहो दीप ज्योतिनिर्कटतलभूः पश्यति न हि।**[17]

लोकोक्ति एवं मुहावरों का ही नही अपितु आचार्या ने नीति तत्त्वों को भी अत्यन्त व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया है तथा सूक्तियों का प्रयोग किया है –

**समत्व दृष्टिर्महतां दयालो!, साधावसाधावुभये कृपालो!**[18]
**विरोधो नैव कर्तव्यो, महसां राशिभिः सह।**
**अहो! तिरस्क्रिया तेषां, कल्याणाय न कल्पते।।**[19]

**राष्ट्रिय चेतना**

प्रस्तुत महाकाव्य में राष्ट्रीय चेतना के स्वर पग–पग पर विद्यमान है। वह समाज में व्याप्त पाखण्ड के उन्मूलन तथा आतंकवाद आदि से मुक्ति के लिए शंकर का आह्वान करती है–

**दिशि– दिशि पुनरहा प्रायशो वर्धमानः**
**सपदि निरसनीपः हन्त! पाखण्डवादः।**
**अहह! रूधिर पातैः त्रासदाताऽऽततायी**
**कथम् उपशमनीयस्तावदातक्ङवादः।।**[20]

**पर्यावरण चेतना**

कवियित्री ने पर्यावरण चेतना को भी अपने इस काव्य में स्थान दिया है। यद्यपि कवियित्री का ''रक्षत गङ्गाम्'' यह एक स्वतन्त्र गाङ्गेय पर्यावरण चेतना से अनुप्राणित ग्रन्थ है। इस महाकाव्य में –

**जल–पवन–मृदां वा दूषणादन्तरिक्षाद्,**
**उपलबहुलवृष्टिः शातयत्येव सस्यम्।**
**कृषक–गण–विषादं वर्धयन्ती प्रकामं**
**प्रभवति पुनरीतिविष्टपेऽमङ्गलाय।।**[21]

उक्त छन्द में प्रदूषण से फसलों के नष्ट होने से दुखी किसानों को चित्रित किया गया है जो विदर्भ को इंगित करता प्रतीत होता है। छन्दों के विधान में जहाँ कवयित्री ने शास्त्रीय छन्दों का प्रयोग किया है, वहीं सोहर नामक लोकगीत, वर्षागीत आदि को भी लिया है। शंकर के जन्म पर स्त्रियाँ गातीं हैं –

16. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि/11/22–23
17. वहीं/14/54
18. वहीं/1/17
19. वहीं/14/59
20. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि/अवतरणिका/17
21. वहीं/अवतरणिका/18

**कथयति सुरयुवतिः अपि धन्यतमे सुभगेः**
**अवतरितः कः सुप्रकाशमयो भवने तव ए।**[22]

कवयित्री ने अत्यन्त लालित्यपूर्ण व अनुप्रासयुक्त पदशय्या का प्रयोग किया है। इसके अतिरिक्त अनेक अलङ्कारों का विधान किया है।

**भारते दक्षिणस्यां सुरम्योऽञ्चलः**
**नारिकेर–द्रुमाच्छादितः श्यामलः**
**शोभते ताल हिन्ताल–पूगीफल**
**पिप्पलैला लवंगादिभिः पुष्कलः।।**[23]

इस प्रकार से हम कह सकते हैं कि अवतरणिका एवं प्रणामाञ्जलि से संवलित इस महाकाव्य में आदि शङ्कराचार्य के दिव्य चरित्र का पवित्र गान है। जो अपनी परम्परा को जहाँ एक ओर समृद्ध करती है, वही दूसरी ओर अन्य परवर्ती कवियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करती है। रस संयोजन, अलङ्कार विन्यास, वर्णन वैभव, छन्दोविधान, कथानक एवं पात्रों के सफल चरित्र चित्रण महाकाव्य के काव्यशास्त्रीय ऐश्वर्य को द्योतित करते हैं।

अतः स्वातन्त्र्योत्तर काल में समाज व साहित्य को दिशा एवं गति प्रदान करने वाली एक भाव प्रवण रचना है।

**सन्दर्भ ग्रन्थसूची –**


1. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि / लेखिका डॉ. कमला पाण्डेया / प्रकाशक– विद्याश्रीधर्मार्थन्यास, वाराणसी / 2007
2. रक्षत गङ्गाम् / लेखिका डॉ. कमला पाण्डेया / प्रकाशक– विद्याश्रीधर्मार्थन्यास, वाराणसी
3. नया ज्ञानोदय / अक्टूबर 2013 / प्रकाशक–भारतीय ज्ञानपीठ
4. आदिशङ्कराचार्य जीवन और सन्देश / प्रकाशक–सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय भारत सरकार / जून 1991
5. वेदान्तसार / सदानन्दयति / व्याख्याकार– रमाशङ्कर त्रिपाठी / चौखम्बा पब्लिशर्स वाराणसी


22. वहीं / 1 / 50
23. भगवान् शंकराचार्य आविर्भूयात् पुनर्भुवि / 1 / 1

# आधुनिक काल के कवि जनार्दन मणिः एक परिचय



**डॉ0 देवनारायण पाठक (उपाचार्य)**
**बबली सिंह (वरिष्ठ शोध अध्येता)**
संस्कृत विभाग
नेहरू ग्राम भारती मानित्
विश्वविद्यालय प्रयागराज,उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 142-145

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**शोध आलेख सार :–**प्रो0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' जी का जन्म 02 अक्टूबर सन् 1962 में उत्तर प्रदेश प्रान्त के जौनपुर जनपद के 'शकरा' नामक ग्राम मे हुआ। आपकी माता स्व0 रमा देवी एवं पिता श्री कामता प्रसाद पाण्डेय है। बचपन में पाँच वर्ष की अवस्था में आपकी माता का देहावसान हो गया तदनन्तर आपकी हृदयद्रवित भावना ने कवित्त्व रचना की तरफ उन्मुख किया। मणि जी आधुनिक काल के चमकते हुए रत्न की भाँति आलोकित एवं आभासित होकर अपनी कृतियों से समाज में अपनी प्रतिभा की छठा बिखेर रहे हैं। आपकी रचनाएं समाज एंव राष्ट्र से सम्बन्धित हर पहलू के समस्या एवं समाधान पर बल देते हुए, समाज मे एक परिवर्तन लाने की दिशा में अग्रसर है। आप वर्तमान में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रीडर के पद पर आसीन पद की शोभा को निरन्तर बढ़ा रहे हैं।

**मुख्य बिन्दु :–** सारस्वत परिचय, प्रेरणा, रचनायें एवं कवित्त्व, पुरस्कार एवं सम्मान, अन्य उपलब्धि।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध शीर्षक की विधि सोदाहरण एवं वर्णनात्मक है।

**1. सारस्वत परिचय**–आपकी प्रारम्भिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में सम्पन्न हुयी तथा इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में एक मेधावी छात्रों की श्रेणी में आपने उच्च शिक्षा पूर्ण की। सन् 1984 में एम0ए0 संस्कृत की वार्षिक परीक्षा में आपने विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। आपने इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय से ही नाट्यशास्त्र में उपलब्ध ''काव्यशास्त्रीय तत्वों का समीक्षात्मक अध्ययन'' विषय पर ''डाक्टर ऑफ फिलॉसफी'' (डी0फिल्0) की उपाधि अर्जित किया। इसके बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली से 'रिसर्च एसोसिएट' के रूप में चयनित होकर इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय से ही 'संस्कृत वाड्.मय में विद्यमान प्रमुख "रामकाव्यों का तुलनात्मक साहित्यिक समालोचन" विषय पर पी0डी0एफ0 (पोस्ट डॉक्टरल फेलॉशिप) शोध किया। आपने इस दौरान इसी विश्वविद्यालय में ही शैक्षणिक कार्य भी सम्पन्न किया।

इसके बाद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लैंसडौन, जयहरिखाल पौड़ी गढ़वाल में प्राध्यापक पद को अलंकृत किया। वर्तमान में आप राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (गंगानाथ झा परिसर) प्रयागराज में रीडर पद की शोभा को अभिभूत कर रहे हैं।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

2. **प्रेरणाः—** किसी बालक के जीवन में सर्वोच्च स्थान उसकी जन्मदात्री माता का होता है अतः आपने भी माता के निधन के पश्चात अपनी करूणा और वेदना को व्यक्त करने का माध्यम साहित्य सर्जना को बनाया। यह कार्य कोई कवि हृदय ही कर सकता है ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार क्रौञ्च पक्षी के जोड़े के दुःख को देखकर महर्षि वाल्मीकि के मुख से अनायास ही करुण रस में व्याप्त यह मार्मिक 32 अक्षरों वाला श्लोक छन्द युक्त श्लोक निःसृत हुआ।

**मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः**
**यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।। 1**

अतः आपने भी अपनी ममतामयी मामा की छाया सिर से हट जाने के बाद साहित्य सर्जना करना प्रारम्भ किया। एक प्रोफेसर से कवि लेखन बनने का यही एक मात्र प्रेरणा रही है। प्रारम्भिक लेखन कार्य आपने अपनी ग्रामीण भाषा लोकभाषा जौनपुरी में किया तदनन्तर आपने हिन्दी तथा संस्कृत व्याकरण के पुष्ट हो जाने के पश्चात संस्कृत भाषा में लेखन कार्य प्रारम्भ किया। यह आपके सरल एवं सहज स्वभाव का गुण है कि संस्कृत भाषा पर अपना सम्पूर्ण ज्ञान अर्जित किए बिना ही लेखन कार्य प्रारम्भ नहीं किया। यही गुण आपका आधुनिक काल में व्याप्त संस्कृत कवियों से आपकी पृथकता सिद्ध करता है। आपके मित्र उपेन्द्र पाण्डेय जी वाराणसी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर आपने अपने जीवन की विषम से विषम परिस्थिति में भी लेखन कार्य को बाधित नहीं किया तथा अपनी पीड़ा को वर्तमान समाज की पीड़ा से जोड़ते हुए लेखन कार्य का अनवरत सफर जारी रखा। यह भी आपके व्यक्तित्व की एक मूल कड़ी के रूप में आधुनिक काल में परिलक्षित होती है।

आपकी रचनाओं को पढ़ने से ऐसा अनुभव होता है कि समस्त पक्तियाँ पाठक के ही जीवन पर चरितार्थ हो रही है। उदाहरण स्वरूपः—

**शंङ्काऽलेनाहर्निशं दग्धीकृतं ननु यौवनम्।**
**इदमेव किं रे कल्पने! मुग्धीकृतं मम जीवनम्।। 2**
**दृप्तविध्नैरपि प्रोन्नतं जीवनम्।**
**दृश्यतां दृश्यतां मामकं जीवनम्।।**

इस प्रकार आपकी कविता की समस्त पंक्तियाँ व्यक्ति के स्वयं के ही जीवन पर घटित होकर किसी भी समस्या के लिए समाधान रूप में वर्णित है।

**रचनाएं एवं कवित्त्वः—**प्रो0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' जी के अब तक मौलिक सम्पादित, अनूदित एवं समीक्षाग्रन्थ के रूप में 11 ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं।

1. निस्यन्दिनी (मौलिक 1995)
2. जानकीगीतम् (अनूदित 1995)
3. नीराजना (मौलिक 2001)
4. रागिणी (मौलिक 2002)
5. जिजीविषा (मौलिक 2009)
6. संस्कृत वाड्.मये कवि शिक्षा (समीक्षात्मक ग्रन्थ 2011)
7. सकलरस सार संग्रह (सम्पादित एवं अनूदित 2011)
8. नृपविलासः (सम्पादित 2011)
9. दीपमाणिक्यम् (मौलिक 2018)
10. सौरभेयी (मौलिक 2019)

आपके द्वारा 97 शोध पत्रों का लेखन कार्य हो चुका है, जिनमें से 45 का प्रकाशन कार्य भी पूर्ण हो चुका है। आपने 96 राष्ट्रीय एंव अन्ताराष्ट्रिय शोध संगोष्ठियों/सम्मेलनों में शोध पत्रों का वाचन किया हैं जिनमें से 90 राष्ट्रीय सम्मेलन है तथा 6 अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन है। राष्ट्रीय एवं अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलनों के कवि सम्मेलनों में आपने अपनी रचनाओं का काव्य—पाठ प्रस्तुत किया है।

आपको क्योटो विश्वविद्यालय जापान में आयोजित विश्व संस्कृत सम्मेलन के संस्कृत कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करने के लिए वर्ष 2009 में भारत सरकार द्वारा भेजा गया था। आपने इलाहाबाद रेडियो के लिए "गंगा की मंगल यात्राः उद्गम से प्रदेश के सीमान्त तक" शीर्षक वाले एक नाट्यरूपक (सीरियल) का लेखन किया, जिसका 14 एपिसोड (भाग) में आकाशवाणी प्रयागराज से प्रसारण हुआ।

**पुरस्कार एवं सम्मानः–** आपको प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान की संख्या लगभग 23 है।

1. महाकवि कालिदास सम्मान (वैदिक शोध संस्थान, कण्वाश्रम कोटद्वार गढ़वाल 1993)
2. विविध पुरस्कार (उ0प्र0 संस्कृत संस्थान लखनऊ उ0प्र0 सरकार 1995)
3. पं प्रतापनारायण मिश्र स्मृति पुरस्कार (भाऊ राव देवरस सेवा न्यास लखनऊ 1995)
4. पण्डितराज जगन्नाथ पुरस्कार (दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार 1997)
5. सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर (दशम विश्व संस्कृत सम्मेलन बैंगलोर, भारत 1997)
6. व्यासध्वज पुरस्कार (श्रेष्ठ संस्कृत कवि पुरस्कार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ 2000)
7. व्यासध्वज पुरस्कार (श्रेष्ठ संस्कृत कवि पुरस्कार चौधरी चरण सिंह मेरठ 2001)
8. विशेष पुरस्कार (उ0प्र संस्कृत संस्थान लखनऊ उ0प्र0 सरकार 2001)
9. महर्षि बादरायण व्यास सम्मान (राष्ट्रपति पुरस्कार भारत सरकार नई दिल्ली–2002)
10. विविध पुरस्कार (उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ उ0प्र0 सरकार)
11. कालिदास सम्मान (कालिदास जल भू स्मारक समिति काविल्का रूद्र प्रयाग उत्तराखण्ड 2002)
12. महर्षि कण्व सम्मान (वैदिक शोध संस्थान कण्वाश्रम कोटद्वार उत्तराखण्ड 2002)
13. साहित्य प्रवीण सम्मान (राष्ट्र भाषा प्रचार परिषद, प्रयाग उ0प्र0 2008)
14. प्रभा श्री सम्मान (सोनाञ्चल साहित्य संस्थान सोनभद्र उ0प्र0 2011)
15. विशेष पुरस्कार (उ0प्र0 संस्कृत संस्थान लखनऊ उ0प्र0 सरकार 2012)
16. विविध पुरस्कार (उ0प्र0 संस्कृत संस्थान लखनऊ उ0प्र0 सरकार 2012)
17. साहित्यकार सम्मान (ज्योतिष, कर्मकाण्ड एवं अध्यात्म संस्थान इलाहाबाद 2015)
18. मछलीशहर रत्न सम्मान (रामेश्वरनाथ सोसल एण्ड वेलफेयर फाउण्डेशन मछलीशहर जौनपुर 2015)
19. संस्कृत महामहोपाध्याय सम्मान (हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग 2016)
20. विशिष्ट पुरस्कार (उ0प्र0 संस्कृत संस्थान लखनऊ 2016)
21. संस्कृत भूषण सम्मान (राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान भोपाल परिसर 2016)
22. पण्डितराज सम्मान (देववाणी परिषद दिल्ली–2016)
23. विविध पुरस्कार (उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ–2017) इत्यादि पुरस्कार जो आपको प्राप्त हुए हैं।

**अन्य उपलब्धिः–** आपकी प्रतिभा लेखन कला के अतिरिक्त अभिनय कौशल में हमारे सम्मुख परिलक्षित होती है, आप अद्वितीय प्रतिभा सम्पन्न एक श्रेष्ठ कवि, लेखक एवं नायक के तौर पर समाज में स्वयं को प्रतिष्ठित कर चुके हैं। आपने अब तक 10 से अधिक नाटकों में अभिनय किया है तथा 15 से अधिक नाटकों का निर्देशन भी किया है।

आपके निर्देशन में लगभग 17 शोधच्छात्र एवं शोधच्छात्राओं को विद्या वारिधि (पी0एच0डी0) की उपाधि प्राप्त हो चुकी है। आपकी रचनाओं पर देश के विविध विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हो रहा है तथा आपके निर्देशन में लगभग 10 शोधच्छात्रों का शोधकार्य जारी है। आप वर्तमान में भी अनवरत सारस्वत तपश्चर्या में संलग्न है।

**निष्कर्षः–** अतः निष्कर्षतः हम कह सकते है कि आप आधुनिक संस्कृत साहित्य के कवियों में अपनी प्रतिभा, बुद्धिक्षमता एवं भाषाकौशल के ज्ञान के बल पर काव्य सर्जना की कसौटी पर अपना एक विशिष्ट स्थान

स्थापित करते हैं। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि आप एक सरल, सहज एवं बेहद सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी है। आपकी वाणी ही रसिकों को अपनी तरफ आकृष्ट करने में पर्याप्त है तो आपकी रचनाओं का क्या कहना? युगों–युगों तक आपको आपकी कविता में छिपी हृदयगत भावना के रूप में स्मरण किया जाएगा तथा आपकी कवित्त्वमयी प्रतिभा से समस्त संसार आलोकित और आलोडित हो जाएगा। एक शिष्य होने के नाते हमारी भी हृदयस्थ अभिलाषा है कि आप आधुनिक संस्कृत साहित्य के कवियों में सर्वोच्च शिखर पर उदयाचल पर सूर्य की भाँति अधिष्ठित रहें।

## पाद टिप्पणी

1. रामायण बालकाण्ड द्वितीय सर्ग श्लोक संख्या 15
2. निस्यन्दिनी पेज संख्या 33, गीत संख्या–11
3. निस्यन्दिनी पेज संख्या 54 गीत संख्या–32
4. व्यक्तिगत सूचना स्रोत

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


| क्र. | पुस्तक | लेखक | प्रकाशक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामायण | गीता प्रेस | गीताप्रेस | |
| 2. | निस्यन्दिनी | डॉ0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' | वैशम्यापन प्रकाशन 7 एल/7ए शिवपुरी कालोनी गोविन्दपुर प्रयागराज, उ0प्र0 | 1995 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# ब्रह्मवैवर्तपुराण में राधा तत्त्व एक अनुशीलन



डॉ0 प्रभात कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर,
संस्कृत विभाग,
नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 146-150
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**सारांश –** पुराण का प्रधान लक्ष्य कृष्णचरित्र का विस्तृत वर्णन है। सृष्टि के अवसर पर परब्रह्म परमात्मा भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं दो रूपों में प्रकट हो गये–प्रकृति और पुरूष। उनका दाहिना अंश पुरूष और बायाँ अंश प्रकृति हुआ। वही मूल प्रकृति श्रीराधा हुयी। ये ब्रह्मस्वरूपा नित्या और सनातनी है।

**मुख्य शब्द –** ब्रह्मवैवर्तपुराण, राधातत्त्व, संस्कृत,साहित्य, पुराण, संस्कृति।

संस्कृत साहित्य के उपजीव्य कहे जाने वाले तथा भारतीय संस्कृति का सम्यक् उद्घाटन पुराणों में ही प्राप्त होता है। 'पुराण' शब्द से तात्पर्य पुराना या प्राचीन अथवा जिसमें प्राचीन आख्यानों का वर्णन हो उसे पुराण शब्द से अभिहित किया गया है। वैदिक साहित्य में यह इसी अर्थ में प्रयुक्त होता रहा है। पुराणों में से कुछ पुराणों में सम्बन्धित उल्लेख उपलब्ध होता है। जैसे–ब्रह्मवैवर्त, पद्मपुराण, विष्णुपुराण, देवी, स्कन्ध इत्यादि। ब्रह्मवैवर्त पुराण में शौनक जी कहते हैं कि–

**विवर्तं ब्रह्मकात्स्र्न्यं च कृष्णेन यत्र शौनक। ब्रह्मवैवर्तकं तेन प्रवदन्ति पुराविदः।।**[1]

जिस पुराण में श्रीकृष्ण ने अपनी पूर्ण ब्रह्मरूपता को विवृत या प्रकट कर दिया है, अथवा जिसमें श्रीकृष्ण के ब्रह्मत्व के विवर्तों या परिणामों का पूर्णतया वर्णन किया गया है, उसको पुराणवेत्ताओं ने ब्रह्मवैवर्त के नाम से अभिहित किया है। ब्रह्मवैवर्त शब्द का अर्थ है–ब्रह्मणो विवर्तः परिणामः ब्रह्मविवर्तः, ब्रह्म का विवर्त परिणाम। ब्रह्म का आद्य विवर्त प्रकृति है अतः ब्रह्मविवर्त शब्द का अर्थ प्रकृति होता है। ब्रह्मविवर्तस्य (प्रकृते.) विवर्ताः (परिणामा.) यत्र प्रदर्श्यन्ते तत् पुराणम् ब्रह्मवैवर्तम् । प्रकृति के भिन्न–भिन्न परिणामों का जहाँ प्रतिपादन हो, वह पुराण ग्रन्थ ब्रह्मवैवर्त है। ब्रह्मवैवर्त के प्रकृतिखण्ड में प्रकृति के दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, सावित्री तथा श्रीराधा नामक मुख्य पाँच विवर्तों का वर्णन है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के प्रधान लक्ष्य कृष्णचरित्र का विस्तृत रूप से वर्णन करना है। सृष्टि के अवसर पर परब्रह्म परमात्मा भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं दो रूपों में प्रकट होते हैं–प्रकृति और पुरूष। उनका दाहिना अंग पुरूष और बायाँ अंग प्रकृति होता है। वही मूल प्रकृति श्रीराधा है। ये ब्रह्मस्वरूपा नित्या और सनातनी है। फिर इनके पाँच रूप हो गये दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, सावित्री तथा राधा। इस मूल–प्रकृति देवी के अंश, कला और कलांश भेद से अनेक रूप हैं। गंगा, तुलसी, मनसा, देवसेना, मंगलचण्डी, काली, पृथ्वी, स्वाहा तथा सम्पूर्ण दिव्य देवियाँ इन्हीं से प्रकट हुयी हैं। यहाँ तक की लोक में जितनी भी स्त्रियाँ हैं, वे

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सभी प्रकृति की कला के अंश की अंशरूपा ही हैं। इसलिए स्त्रियों के अपमान को प्रकृति का अपमान समझा जाता है–

**"योषितामपमानेन प्रकृतिश्च पराभवः"।**

ब्रह्मवैवर्तपुराण के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि यह पुराण श्रीराधा जी के महत्ता का प्रतिपादक है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्मखण्ड में श्रीराधा जी के रहस्यमयी, महिमामयी, पूर्णब्रह्म की शक्ति का प्राणतत्त्व बताया गया है। वहाँ पर राधा जी ने यशोदा जी से अपने नाम की व्युत्पत्ति निम्नांकित तरीके से बतलाया है। एक व्युत्पत्ति के अनुसार 'राधा' शब्द में 'रा' विष्णु तथा 'धा' धात्री (माता या जननी) के अर्थ में प्रयुक्त है। इस प्रकार राधा को विष्णु की जननी, ईश्वरी या मूल–प्रकृति सिद्ध किया गया है

**राशब्दश्च महाविष्णुर्विश्वानि यस्य लोमसु।**
**विश्वप्राणिषु विश्वेषु धा धात्री मातृवाचकः।।**
**धात्री माताहमेतेषां मूलप्रकतिरीश्वरी।**
**तेन राधा समाख्याता हरिणा च पुरा बुधैः।।**[2]

इसी तरह एक अन्य स्थल पर 'राधा' शब्द का अर्थ बतलाते हुए कहा गया है कि 'रा' शब्द दानवाचक है और 'धा का अर्थ संसिद्ध अर्थात् (निर्वाण) है। इस प्रकार जो स्वयं निर्वाण दिलाने वाली हो वह राधा शब्द से अभिहित किया गया है –

**"राधेत्येव च संसिद्धौ रकारोदानवाचकः।**
**स्वयं निर्वाणदात्री या सा राधा प्रकीर्तिता।**[3]

इसी पुराण के ही इसी खण्ड 52वें अध्याय में श्रीराधा शब्द का एक और अर्थ बताते हुए कहा गया है कि 'रा' शब्द के उच्चारण मात्र से ही श्रीकृष्ण हृष्ट–पुष्ट हो जाते हैं और धा धातु के उच्चारण होते ही वे निश्चय ही तीव्रता से उच्चारणकर्ता भक्त के पीछे–पीछे दौड़ पड़ते है। यथा

**'रा' शब्दोच्चारणादेव स्फीतो भवति माधवः।**
**'धा शब्दोच्चारतः पश्चाद्धावत्येव ससंभ्रमः।।**[4]

श्रीराधा के श्रीकृष्ण सम्बन्ध सूचक जितने नाम पुराणादि में प्राप्त होते हैं, उतने नाम सम्भवतः अन्य किसी युगल अवतार के नहीं प्राप्त होते हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्म खण्ड में श्रीराधा सम्बन्ध सूचक श्रीकृष्ण की नामावली बहुत ही प्रेममयी रूप में वर्णित है–

**राधावन्धू राधिकात्मा राधिका जीवन स्वयम्।**
**राधिका सहचरी च राधामानस पूरकः।।**
**राधाधनो राधिकांगो राधिवकाशक्त मानसः।**
**राधा प्राणो राधिकेशो राधिका रमणः स्वयम् ।।**
**राधिका चित्त चोरस्य राधा प्राणाधिकाः प्रभुः।।**[5]

राधा और श्रीकृष्ण की लीला से सम्पूर्ण ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्णजन्म–खण्ड में राधा–कृष्ण का विशद् रूप से वर्णन मिलता है। श्रीराधा के ब्रज में अवतीर्ण होने का मूल कारण श्रीदामा द्वारा उन्हें श्राप दिया जाना है। एक बार श्रीदामा द्वारा पिता की प्रशंसा और माता की निन्दा सुनकर श्रीराधा जी ने श्रीदामा को शाप दिया कि तुम जिस प्रकार असुर देवों की निन्दा किया करते है, उसी भाँति मेरी निन्दा कर रहे हो इसलिए तुम असुर हो जाओ और गोलोक के बाहर जाकर आसुरी योनि में जन्म ग्रहण करो। इस प्रकार श्रीराधा जी की बात सुनकर श्रीदामा का भी होंठ फड़फड़ाने लगा उसने श्रीराधा जी को शाप दिया कि तुम भी मनुष्य योनि में जाओ। क्योंकि तुम्हारा क्रोध मनुष्य के ही समान है अतः मेरे शाप के कारण तुम्हें भूतल पर मनुष्य योनि में जन्म लेना पड़ेगा। पराशक्ति की छाया या कला द्वारा वहाँ में भूतल पर प्रकट होने पर मूर्ख लोग तुम्हें रायण वैश्य की पत्नी कहेगें, जो वृन्दावन में श्रीकृष्ण के अंश से समुत्पन्न होगा –

**मानुष्या इव कोपस्ते तस्मात्त्वं मानुषी भुवि।**
**भविष्यसि न सन्देहो मया शप्ता त्वमम्बिके।।**
**छायया कलया वाऽपि परशक्त्या कलंकिना।।**

**मूढा रायणपत्नी त्वां वक्ष्यन्ति जगतीतलं**
**रायणः श्रीहरेरंशो वैश्यो वहिदावने**
**वने भविष्यति महायोगी राधाशापेन गर्भजः।।**[6]

श्रीराधा जी को नित्य विकारहीना, निर्गुण होते हुए भी गुण स्वरूपा और सर्वालंकार अलंकृता और उन्हीं को ही सबकी जन्मदात्री माना गया है–

**तस्माद्या प्रकति, राधिका, नित्यानिर्गुण सर्वालंकार शोभिता।**
**प्रशन्नाशेष, लावण्य, सुन्दरी अस्मद् जनानां जन्मदायिनी।।**[7]

इसी पुराण में ही श्रीराधा जी को आदि प्रकृति भी कहा गया है–

**त्रिगुणात्मिका या सर्व शक्ति समन्विता प्रस्थाने**
**सृष्टिकरणे प्रकतिस्तेन कथ्यते।।**[8]

मूल–प्रकृति निर्विकार है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्म खण्ड में श्रीकृष्ण जी को अपना अर्धांश और मूल प्रकृति कहा है –

'ममार्धांशस्वरूपस्त्वं मूल प्रकृतिरीश्वरी इसी पुराण में भगवान् श्रीकृष्ण श्रीराधा जी से कहते हैं मैं तुम्हारे बिना जड़वत् हूँ अर्थात् निष्क्रिय हूँ। जिस प्रकार शिवा के बिना शिव 'शव' के समान जड़वत् है–

**"त्वया विना जडश्चाद्वं सर्वत्र न च शक्तिमान्।**[9]

ब्रह्मवैवर्त पुराण के ब्रह्मखण्ड के 30वें अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण की पंच प्रकृतियों में मुख्य प्रकृति श्रीराधा जी को कहा गया है जो परमात्मा भगवान् श्रीकृष्ण को प्राणों की अधिष्ठात्री देवी और और श्रीकृष्ण को सबसे प्यारी है। संसार की जितनी भी स्त्रियाँ हैं। वे सब प्रकृति के अंश–अशांश से उत्पन्न या प्रकट होती है। वहीं यह भी उल्लेख है कि स्त्री जाति की पूजा और सम्मान प्रकृति देवी का सम्मान और पूजा है। जो नारी जाति का चाहे अपनी या दूसरी की नारी हो सम्मान करता है, प्रकृति उसे अपना सम्मान समझती है। श्रीराधा श्रीकृष्ण से अभिन्न अर्थात् ब्रह्मस्वरूपा है।

ब्रह्मवैवर्तपुराण में यह भी उल्लेख है कि श्रीराधा जी और श्रीकृष्ण एक दूसरे के परस्पर आराधना करते हैं–

**राधा भजति श्रीकृष्णं स च तां च परस्परम्।**
**उभयोः सर्वसाम्यं च सदासन्तोवदन्ति च।।**[10]

वहीं पर यह भी उल्लेख है कि श्रीराधा श्रीकृष्ण की प्रियतमा तथा श्रीराधा ही श्रीकृष्ण को प्राणों की अधिष्ठात्री देवी हैं –

**प्राणाधिष्ठा तदिवी च तस्यैव परस्परम्।**
**भजत्वं परब्रह्म राधेशं त्रिगुणात्परम् ।।**[11]

इसी पुराण के श्रीकृष्ण जन्मखण्ड में ही श्रीराधा जी ने अपने नाम की व्युत्पत्ति यशोदा जी से बताते हुए कहती हैं–

**"तेन राधा समाख्याता हरिणा च पुरावुधः''**

इसी ब्रह्मवैवर्त पुराण के 29वें अध्याय में राधा के साथ कृष्ण का वन विहार वर्णित है। 52–54वें अध्याय पर्यन्त कृष्ण के अन्तर्धान होने से समस्त गोपियों के साथ राधा का रोदन एवं दुःख निवेदन, पुनः कृष्ण का प्राकट्य होना और राधा के साथ विहार करना, राधा के नाम के प्रथम उच्चारण करने का कारण तथा कृष्ण ब्रह्मवैवर्तपुराण में राधा तत्त्व–एक अनुशीलन द्वारा राधा का श्रृंगार वर्णन किया गया हैं इसी पुराण के प्रकति खण्ड के प्रथम अध्याय में राधा जी की महिमा के सम्बन्ध में यह उल्लेख है कि ब्रह्मा जी ने 60 हजार वर्ष तक श्रीराधा जी का दर्शन करने के लिए तपस्या किया किन्तु उनका दर्शन नहीं कर सके। भगवान की कृपा एवं आशीर्वाद से जब राधा जी का वृन्दावन में वृषभानु की पुत्री के रूप में जन्म हुआ तब ब्रह्मा जी को उनके दर्शन प्राप्त हुए–

**यत्रैव राधिकाख्यानमत्यपूर्वं सुन्धोपमम् ।**[12]

ब्रह्मवैवर्तपुराण के प्रकृतिखण्ड में भगवान् श्रीकृष्ण अपने को त्रितत्त्व कहा है और यह भी कहा है कि मैं कारण भी हूँ, कार्य भी हूँ और उनसे परे भी हूँ। साथ ही अपने आद्या शक्ति श्रीराधा जी को भी उन्होंने त्रितत्त्वरूपिणी माना है–

**'त्रितत्त्व रूपिणी सापि राधिका मम वल्लभा'**

इसी प्रकार श्रीराधा भी कार्य, कारणरूपा और इससे परे परत्व रूप होकर भगवच्छक्ति के रूप में सर्वव्याप्त है–

**"प्रकतिः परा इवां सापि मच्छक्ति रूपिणी"**

इसलिए जब भगवान् श्रीकृष्ण का भूतल पर अवतरण होता है तब वे भी श्रीकृष्ण के साथ गोलोक से मनुजाकृति में अवतीर्ण होकर भगवान् की लीला सम्पादन में सहचरी होती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में भगवान श्रीकृष्ण ने बलराम जी से कहा भी है कि तुम्हारे साथ और उसके (राधा) के साथ देवद्रोहियों के विनाश के लिए मैं अवरित होता हूँ–

**"त्वया सार्द्धं तया साद्र्धं नाशाय देवता द्रुहाम्''**

इसी को आधार मानकर वल्लभ मत में श्रीराधा जी को स्वकीया माना गया है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं इस पुराण का प्रधान लक्ष्य कृष्णचरित्र का विस्तृत वर्णन है। सृष्टि के अवसर पर परब्रह्म परमात्मा भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं दो रूपों में प्रकट हो गये–प्रकृति और पुरूष। उनका दाहिना अंश पुरूष और बायाँ अंश प्रकृति हुआ। वही मूल प्रकृति श्रीराधा हुयी। ये ब्रह्मस्वरूपा नित्या और सनातनी है। फिर इनके पाँच रूप हो गये–(1) दुर्गा (2) महालक्ष्मी (3) सरस्वती (4) सावित्री (5) और श्रीराधा। इस मूल–प्रकृति देवी के ही अंश, कला, कलांश भेद से अनेक रूप हैं। गंगा, तुलसी, मनसा, देवसेना, काली तथा सम्पूर्ण दिव्य देवियाँ इन्हीं से प्रकट हुयी हैं। यहाँ तक कि लोक में जितनी स्त्रियां है, वे सभी इन्हीं प्रकृति देवी के अंशरूपा है। इसलिए स्त्रियों का अपमान प्रकृति का अपमान समझना चाहिए। इस प्रकार उपक्रम, उपसंहार तथा अभ्यास आदि तात्पर्य–निर्णय के साधनानुसार इस ग्रन्थ का यह सिद्धान्त स्वीकार किया जा सकता है कि श्रीराधा ही परम तत्त्व है। त्याग, तपस्या, वैराग्य, धर्म, सदाचार आदि के सदुपदेश तो इसमें कूट–कूट कर भरे हैं। सर्वप्रथम एक सुप्रसिद्ध मन्त्र देखिए जिसे प्रत्येक कर्मकाण्डी कार्यारम्भ में पढ़कर अपने ऊपर जल छिड़कता है–

**अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।**
**यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स वाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।**[13]

## सन्दर्भ सूची


1. ब्रह्मवैवर्त पुराण, ब्रह्मखण्ड 2
2. ब्रह्मवैवर्त पुराण, कृ0ज0 खण्ड 111/57–58
3. वही, 16/226
4. ब्रह्मवैवर्त पुराण, कृ०ज0 खण्ड 52/39
5. वही, 13/77–79
6. वही, 3/103––105
7. ब्रह्मवैवर्त पुराण, कृ0 ज0 खण्ड 55–87
8. वही, 17
9. वही
10. वही, 48/38–47
11. वही, 48/48
12. ब्रह्मवैवर्त पुराण, प्रकृतिखण्ड अध्याय, 1/25
13. ब्रह्मखण्ड 17/17

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# वाल्मीकि रामायण में नीतितत्त्व

**डा0 प्रभात कुमार (असिस्टेन्ट प्रोफेसर)**
**संस्कृत–विभाग नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय प्रयागराज।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 151-157

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

नीति शब्द 'नी'[1] धातु से "स्त्रियां क्तिन्'[2] सूत्र से भावार्थक क्तिन् प्रत्यय के योग से निष्पन्न है। 'नी' धातु ले जाने या ले चलने के अर्थ में प्रयुक्त होता है। अमरकोष के अनुसार नीति समानार्थक एक 'नय' शब्द भी है, जो 'नी' धातु में अच् प्रत्यय के योग से निष्पन्न होता है। 'नी' धातु में अच् प्रत्यय लगने पर नी के ई को गुण ए तथा ए को अय् आदेश होता है। इस प्रकार न् + अय् + अच्= नय शब्द बनता है। इससे स्पष्ट है कि नीति एवं नय दोनों हो शब्द नी धातु से निष्पन्न है। नीति शब्द के अर्थ वामन शिवराम आप्टे कृत संस्कृत हिन्दी कोष में[3] निर्देशन, मार्गदर्शन, पद्धति, रीति, औचित्य आदि दिये गये हैं। लगभग इन्हीं अर्थों[4] का बोधक 'नय' शब्द भी है। विभिन्न कोषों के अनुसार नीति शब्द के अर्थ नीति, रीति, पद्धति, व्यवस्था, औचित्य आदि ही है।

भारतीय साहित्य में नीति का प्रयोग अत्यन्त प्राचीनकाल से होता चला आ रहा है और समय–समय पर नीति सम्बन्धी अनेक सूक्ति वाक्यों का प्रयोग महापुरुष करते रहे हैं। ये नीति सम्बन्धी वाक्य हर युग में भारतीय काव्य का गौरव वर्धन करते रहे हैं, क्योंकि नीति के प्रयोग से काव्य अधिक मानव हित साधन में समर्थ हो जाता है। वस्तुतः नीति एक ऐसा जीवन मार्ग है जो मानव के हर क्षेत्र के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होता है। यदि यह कहा जाय कि मानव जीवन का पूर्ण विकास किसी न किसी नीति का ही सुपरिणाम है, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। नीति के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए विभिन्न विद्वानों ने अपने मत प्रस्तुत किये हैं। इस प्रसंग में डॉ० सुखदेव शुक्ल के विचार दर्शनीय हैं–

''प्रत्येक समाज अपने अन्दर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एक विशिष्ट प्रकार की आचार पद्धति निर्धारित करता है। इस आचार पद्धति का लक्ष्य यही होता है कि समाज के सामूहिक जीवन को समृद्ध और सुखी बनायें। समूचे समाज द्वारा स्वीकृत यह विशिष्ट आचार धीरे–धीरे एक सुस्पष्ट एक सुनिश्चित व्यवस्था का रूप धारण कर लेता है और समाज के अन्दर रहने वाले सभी व्यक्तियों के आचरण का निर्देशन व

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

नियन्त्रण करने लगती है। यहाँ आकर इस सुनिश्चित एवं व्यवस्थित आधार– पद्धति को नैतिकता की संज्ञा दी जाती है और सामाजिक जीवन में व्यवस्था और शान्ति बनाये रखने वाला आचरण नैतिक कहलाने लगता है। इस प्रकार नैतिकता से अभिप्राय व्यक्ति के आचरण का निर्देशन करने वाली एक विशिष्ट नियम व्यवस्था एवं आचार पद्धति से है जिसे समाज अपने सदस्यों के लिए रचता है''[5] नीति के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए ''हिन्दी साहित्य कोष'' में कहा गया है–

''समाज को स्वस्थ एवं संतुलित पथ पर अग्रसर करने एवं व्यक्ति को धर्मार्थ, काम तथा मोक्ष की उचित रीति से प्राप्ति के लिए जिस विधि निषेधमूलक सामाजिक, व्यावहारिक, आचारिक, धार्मिक तथा राजनैतिक आदि नियमों का विधान देशकाल और पात्र के सन्दर्भ में किया जाता है उसे नीति शब्द से अभिहित करते हैं।''[6] इस प्रसंग में महात्मा गाँधी के विचार भी विशेष महत्त्व रखते हैं। वे धर्म और नीति को एक मानते हुए लिखते है कि– ''धर्म ही नीति है और नीति को धर्म के अनुसार होना चाहिए।''[7] डॉ दीनदयाल गुप्त नीति के प्रचलित अर्थ की ओर संकेत करते हुए लिखते है– मनुष्य का वह ज्ञान और अनुभूति का भण्डार जो मानव के व्यावहारिक जीवन को सुखमय और उन्नत बनाने में सहायक होता है, नीति साहित्य है। मनुष्य क्या करता है, इस को छोड़कर मनुष्य को क्या करना चाहिए, नीति है।[8]

उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि नीति मानव जीवन को सरल, सुखद् मार्ग से ले चलने का ही नाम है। मानव मात्र का लक्ष्य दुःख से निवृत्ति और सुख की प्राप्ति है। इसी के लिए मानव जाति प्राचीन काल से निरन्तर प्रयास करती चली आ रही है। मानव को अपने जीवन पथ से चलते समय अनेक बाधाओं एवं व्यवधानों का सामना करना पड़ता है। वस्तुतः इन समस्त जीवन क्षेत्रों को सरलता से पार करके पूर्व सन्तोष एवं सुख की उपलब्धि में ही मानव जीवन की सफलता का रहस्य निगूहित है। इस सफलता की प्राप्ति में सहायक मार्ग ही नीति है। वस्तुतः नीति शब्द का सही अर्थ– ''नीयते अनेन इति नीतिः क्योंकि जिस मार्ग पर चलकर मानव अपना सर्वांगीण विकास करता हुआ अन्य के विकास में भी सहयोग प्रदान करें वही, मार्ग नीति है। यो तो मनीषियों ने मानव जीवन का लक्ष्य स्पष्ट करते हुए लिखा है –

**''धर्मार्थकाम मोक्षामां यस्यै कोऽपिन् विद्ययते,**
**अजागलस्तनस्येव तस्य जन्म निरर्थकम् ।।''**

अर्थात् जिसने धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष में से किसी एक की भी उपलब्धि नहीं की, तो उसका जन्म बकरी के गले के समान व्यर्थ ही है। कहने का तात्पर्य है कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की उपलब्धि कराने वाला जीवन पथ ही नीति है। निष्कर्ष रूप में यही कहा जा सकता है कि मानव जीवन की सफलता के लिए कुछ नियमों की, कुछ आदर्शों की आवश्यकता तो अवश्य होती है। ऐसे नियम, संयम एवं आदर्शों से युक्त

जीवन पद्धति को ही नीति की संज्ञा दी जा सकती है जिसका अनुकरण करते हुए मानव बहुमुखी विकास की ओर उन्मुख होता हुआ अपने जीवन की सार्थकता सिद्ध कर सकें।

**नीति का वर्गीकरण–** देशकाल एवं परिस्थिति के अनुसार नीति के भेदों की संख्या अधिक हो सकती है। परन्तु भेद–प्रभेदों को विस्तार न देकर उनकी संख्या को सीमित करना ही अधिक समीचीन होगा। मुख्य रूप से नीति के चार प्रकार ही बताये गये है

(1) लोकनीति (2) राजनीति (3) आर्थिकनीति (4) धार्मिकनीति।

**(1) लोकनीति**– लोकनीति के अन्तर्गत वैयक्तिक नीति, पारिवारिक नीति एवं सामाजिक नीति को लिया जा सकता है। जैसे– व्यक्ति के कुछ कार्यों का सम्बन्ध स्वयं अपने से ही होता है। उसके वे समस्त कार्य इसी नीति के अन्तर्गत आते हैं। जो व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अपने को स्वस्थ नहीं रख सकता वह न अपना हित कर सकता है और न किसी अन्य का। अतः शारीरिक एवं मानसिक दष्टि से अपने को स्वस्थ रखना और फिर अपने. समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना लोकनीति का ही विषय है। व्यक्ति के परिवार में माता–पिता, भ्राता, भगिनी, पुत्र, पुत्री आदि अनेक सदस्य होते हैं। समुचित शिक्षा का लाभ उठाते हुए इन सबके प्रति वह समन्वयात्मक व्यवहार करें तभी परिवार का कल्याण हो सकता है। परिवार के बाहर मानव को समाज के अन्य व्यक्तियों से भी सम्पर्क रखना पड़ता है। उन सबके प्रति भी इसके कर्तव्य हैं, किन परिस्थितियों में किसके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? यह लोकनीति का विषय है। हमारा जीवन ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास चार आश्रमों में विभक्त है। इन आश्रमों की सफलता का रहस्य क्या है? वर्ण व्यवस्था के अनुसार हमारे क्या कर्त्तव्य है? इन सबको उत्तर लोकनीति देती हैं। वस्तुतः लोकनीति का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। व्यक्ति की शिक्षा–दीक्षा परिवार एवं समाज में अन्य लोगों के साथ उसका व्यवहार अन्य की हानि न करते हुए अपना लाभ, व्यष्टि के साथ समष्टि के विकास का चिन्तन आदि विषय इसी नीति के अन्तर्गत लिये जा सकते है। इसलिए भगवान् श्रीराम राजा होकर भी दूसरा विवाह नहीं करते है और सीता जी की स्वर्णमयी प्रतिमा तैयार करते है –

**कांचनी मय पत्नी च दीक्षायां नाश्च कर्मणि।**
**अग्रतो भरतः कृत्वा गच्छत्वग्र महायशाः ।।**[9]

लोकनीति में व्यक्ति के वे समस्त क्रिया कलाप आ सकते हैं जिनसे उसका, उसके परिवार का एवं उसके समाज का सम्बन्ध हो। वस्तुतः मानव का मानव के साथ व्यवहार एक दूसरे के प्रति सहानुभूति के भाव, परस्पर त्याग, प्रेम आदि इसी नीति के अन्तर्गत आती है।

**(2) राजनीति–** किसी भी समाज में अनुशासन स्थापित करने के लिए राज्य की आवश्यकता होती है। उस राज्य का एक प्रमुख शासक और अनेक सहायक होते हैं। वे सब मिलकर जिस ढंग से समस्त राज्य का

संचालन करते है उसी को राजनीति कहा जा सकता है। राजनीति शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है– राज+नीति। जिसका अर्थ है राजा की नीति अथवा राज्य की नीति। इस प्रकार राजनीति से तात्पर्य– उस नीति से है जिस नीति के आधार पर कोई राजा अपना राज्य संचालन करता है।

मनु, शुक्राचार्य, चाणक्य आदि नीतिज्ञ विद्वानों ने बड़े विस्तार से राजनीति का वर्णन किया है। प्राचीन काल में राजा की आज्ञा सर्वोपरि मानी जाती थी। वह अपनी सहायता के लिए अन्य योग्य मन्त्रियों की नियुक्ति भी करता था। यह राजा और उसके द्वारा नियुक्त मन्त्रीगण ही अन्य अधिकारियों की सहायता से समस्त राज्य में व्यवस्था बनाये रखते थे। परन्तु आज के युग में राजतन्त्र की प्रथा समाप्त हो चुकी है और सर्वत्र ही प्रजातन्त्र शासन है जहाँ शासन पर किसी एक व्यक्ति का पूर्णाधिकार नहीं होता अपितु प्रजा के अनेक प्रतिनिधि मिलकर ही राज्य की सुरक्षा का भार ग्रहण करते है। ऐसे युग में राजनीति की आवश्यकता और बढ़ जाती है। एक राज्य का दूसरे राज्य के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए? इसका ज्ञान राजनीति के बिना कैसे हो सकती है? प्रतिद्वन्द्विता के इस युग में किसी उचित राजनीति का अवलम्बन ग्रहण किये बिना कोई राज्य अधिक स्थाई नहीं हो सकता। वाल्मीकि रामायण के अध्ययन से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि नये राजा की नियुक्ति में सामन्तों की भी सहमती ली जाती थी–

**नानानगरवास्तव्यान् पृथग्जानपदानपि ।**

**समानिनाय मेदिन्यां प्रधानान् पृथिवीपतीः ।**[10]

राजनीति शासन की धुरी ग्रहण करने वाले व्यक्तियों को सही दिशा– निर्देश करती हुयी प्रजाहित के ध्यान के लिए नियम एवं विधानों की व्यवस्था करना उसका प्रमुख कार्य होता था। निष्कर्ष रूप में यही कहा जा सकता है कि प्रजा के कल्याण के लिए जो शासन एक पद्धति विशेष को स्वीकार करता है, वही राजनीति है।

**(3) आर्थिक नीति–** राजनीति के समान मानव जीवन में आर्थिक नीति का भी बहुत महत्त्व है। जीवन निर्वाह के लिए धन एक अनिवार्य साधन है। अर्थ के बिना मानव अपने जीवन में सफल नहीं हो सकता। अतः धनार्जन के उपाय, जीवन में उसका सदुपयोग, आर्थिक नीति के विषय है। इस आर्थिक नीति का सम्बन्ध व्यक्ति, परिवार व समाज एवं राज्य सबसे ही होता है। अर्थ के बिना कोई भी राज्य अपनी प्रजा के विकास में सफल नहीं हो सकता। हमारे शास्त्रों में भी अर्थ को प्रमुख स्थान दिया गया है। धनार्जन के समय औचित्य एवं अनौचित्य का ध्यान रखना एवं उसके व्यय और वितरण के समय भी औचित्य को न भूलना आर्थिक नीति का ही विषय है। अर्थ के अभाव में व्यक्ति उन्नति कर ही नहीं सकता परन्तु अतिरेक से भी अनेक दोषों का केन्द्र बन जाता है। जीवन में अर्थ के सन्तुलन की भी परम आवश्यकता है। इसका बोध अर्थनीति ही कराती है।

हमारे शास्त्रों में अर्थ को दूसरे सोपान पर रखा गया है। वाल्मीकि रामायण भी अर्थ संग्रह का पूर्ण समर्थन किया है।

धर्मार्थ काममोक्षषु यसयैकोऽपि न विद्यते।

अजामलसतनस्तेव तस्य जन्म निरर्थकम।।[11]

कोशसंग्रहणे युक्ता बलस्य च परिग्रहे।

अहितं चापि पुरुषं हिंस्युरविदूषकत्।।[12]

इससे यह ध्वनित होता है कि राजा का ध्यान धन–संग्रह की ओर था और इस विषय में वह असावधान नहीं था। इस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने अर्थ–संग्रह के सत्साधनों का अनेकशः उल्लेख किया है।

**(4) धार्मिक नीति–** धार्मिक महात्माओं ने मानव कल्याण के लिए ही समाज को धर्म की व्यवस्था दी है। वस्तुतः धर्म स्वतः ही एक नीति विशेष का प्रतीक है। परन्तु उसका सम्बन्ध व्यवहार की अपेक्षा उस भावना से अधिक है जिसके द्वारा मानव स्वार्थ की संकीर्ण परिधि से ऊपर उठकर मानव के हित को अपना लक्ष्य बनाकर परम तत्त्व के साथ एकाकार हो जाता है। इस भावना के जागृत होते ही मनुष्य में प्रेम, दया, करुणा, त्याग, असत्य, अन्याय, घृणा, विद्वेष की आसुरी वृत्तियों समाप्त हो जाती हैं। इस प्रकार धर्म मानव को मानव मात्र के कल्याण के लिए प्रेरित करती है। धार्मिक नीति से तात्पर्य ऐसी ही धार्मिक भावनाओं से है जो मानव हृदय में सात्विक वृत्तियों को जागृत कर उसे मानव हित साधन के लिए प्रेरित करती है। उसे कर्तव्य, अकर्तव्य का सही ज्ञान कराती है। यह धार्मिक नीति ही व्यक्ति के हृदय को निष्कलुष एवं पवित्र करती है, जिससे वह स्वार्थपूर्ण संघर्ष का त्याग कर प्राणीमात्र को अपना ही स्वरूप समझता हुआ सबके हित चिन्तन में लग जाता है। यह धार्मिक नीति ही मानव को दीनों की सेवा, प्राणी मात्र से प्रेम, सबके साथ समान व्यवहार आदि सद्गुणों की ओर प्रेरित करती है। अतः मानव कल्याण के लिए यह एक अनिवार्य साधन है। धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए राक्षस कुम्भक ने भी कहा था कि धर्म, अर्थ और काम इन तीनों में 'धर्म' श्रेष्ठ है। अतः विशेष अवसरों पर अर्थ और काम की उपेक्षा करके भी धर्म का सेवन करना चाहिए–

**त्रिषु चैतेषु यच्छ्रेष्ठं श्रुत्वातन्नाबुध्यते।**

**राजा वा राजमात्रो वा व्यथ्र तस्य बहुश्रुतम् ।।**[13]

कुम्भक का यह कथन यह सिद्ध करता है कि घोर अनर्थकारी राक्षस भी धर्म की महत्ता से अपरिचित नहीं थे। इस प्रकार राक्षसों को भी धर्म से परिचित प्रदर्शित करते हुए महर्षि वाल्मीकि ने धर्म की महत्ता का उद्घोष किया है।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि नीति शब्द 'नी' धातु से क्तिन् प्रत्यय के संयोग से सम्पन्न है जिसका अर्थ है– ऐसा मार्ग, रीति या प्रणाली जिसके आश्रय से मानव अपना और अपने समाज का

बहमुखी विकास करने में समर्थ हो सके। मानव जीवन की विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार नीति के भी अनेक प्रकार हो सकते है, परन्तु इस समस्त नीति भेदों का समावेश केवल चार प्रकार की नीतियों में किया जा सकता है– वे चार प्रकार की नीतियाँ– लोकनीति, राजनीति, आर्थिक नीति एवं धार्मिक नीति। लोक नीति में मानव के व्यक्तिगत हित का ध्यान रखते हुए मानव, परिवार समाज एवं विश्व का हित साधन करने में किस प्रकार समर्थ हो सकता है। उसका अपने परिवार के सदस्यों के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए? समाज में सबके साथ वह वैसा व्यवहार करें आदि बातें लोकनीति के अन्तर्गत आती है। राजनीति में राज्य की व्यवस्था एवं संचालन के ढंग को लिया जा सकता है। आर्थिक नीति में धनार्जन उसका संग्रह एवं उसके सदुपयोग को लिया जा सकता है। धनार्जन से सत्साधन और मानव धर्म को लिया जा सकता है। मानव धर्म का उद्देश्य मनुष्य मात्र का मार्ग निर्देशन करते हुए उसका कल्याण करना है और नीति का भी यही उद्देश्य है। इस प्रकार उपर्युक्त चार प्रकार की नीतियाँ समस्त मानव जीवन को समेटे हुए हैं और इन चार नीतियों के ज्ञान एवं परिपालन से मानव अपने और पर के हित साधन में समर्थ हो सकता है।

**सची**


1. भट्टोजिदीक्षित, सिद्धान्त कौमुदी, णीअ् प्रापणे।
2. पाणिनि अष्टाध्यायी, 3.3.94 भावे स्त्रियां क्तिन्।
3. वामन शिवराम आप्टे, पृ0 555
4. वहीं, पृ0 511
5. हिन्दी उपन्यास का विकास और नैतिकता– डॉ० सुखदेव शुक्ल, पृ0 31
6. हिन्दी साहित्य कोष, सम्पादक डा० धीरेन्द्र वर्मा, पृ0 20
7. गाँधी साहित्य, धर्मनीति, पृ० 3 व 4
8. श्री चन्द्रभान गुप्त, अभिनन्दनग्रन्थ, हिन्दी साहित्य के मध्य युग का नीति और विवेक परक काव्य– डॉ० दीन दयाल गुप्त, पृ0 320
9. वाल्मीकि रामायण, उत्तर काण्ड, 91 / 25
10. वाल्मीकि रामायण– अयोध्या काण्ड, 1 / 46
11. चाणक्य नीति दर्पण–13वाँ अध्याय श्लोक 10
12. वाल्मीकि रामायण–बालकाण्ड–7 / 11
13. वाल्मीकि रामायण– युद्धकाण्ड–6 / ध10

# वर्तमान विसंगतियाँ और बौद्ध दर्शन

डॉ0 पूनम सिंह,
नेट, पी0एच0डी0 (राजनीति शास्त्र)

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 158-162

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

आज पूरा विश्व तमाम विसंगतियों से प्रभावित है, जिससे मानव समुदाय कराह रहा है और इनसे छुटकारा पाने के लिए धर्मों के तरफ रुख कर रहा है। वैसे देखा जाये तो मानव समुदाय वैज्ञानिक शोधों के द्वारा तमाम प्रकृति के रहस्यों को उद्घाटित करने में भी सफल रहा है। यहाँ तक कि वह दूसरे ग्रहों पर मानव बस्ती बसाने की योजना बना रहा है, वहीं दूसरी ओर परमाणु शक्तियों से लैस होने के होड़ में पूरा विश्व लगा है। एक तरह से अपने विनाश की पृष्ठभूमि मानव समाज तैयार कर लिया है। आज मानव समुदाय पूर्ण रूप से संचार साधनों से भी लैस होता जा रहा है। जो पर भर में पूरे विश्व में एक देश से दूसरे देश के किसी भी जगह संदेश पहुँचा रहे हैं, सुपर कम्प्यूटर बनाकर आंकड़ों का लेखा–जोखा रखने में सक्षम है, लेकिन इस वैश्विक युग में भी मानवीय वेदना का अन्त होता नहीं दिख रहा है। आज पूरे विश्व में भूख, गरीबी, लाचारी, बीमारी से त्रस्त, आधी आबादी कहलाने वाली महिला वर्ग के साथ बढ़ती बर्बरता व उपभोग की सामग्री बनाने की प्रक्रिया में देह विमर्श, बढ़ती आबादी, घटता जनसंसाधन, धर्म के नाम पर हिंसा, बढ़ते अमीरों की फौज इत्यादि समस्याएँ बढ़ी हैं। मानव समुदाय भौतिकता की अंधी दौड़ से थक चुका है, वह शान्ति के लिए व्याकुल हो उठा है, वह सांसारिक जीवन की इन विसंगतियों से मुक्त होना चाहता है और घृणा, ईर्ष्या जैसी विकृतियों को त्याग करके प्रेम, दया, करुणा, सेवा, परपीड़ानुभूति और परोपकार को अपनाना चाहता है। ऐसी स्थिति में मानव समुदाय को बौद्ध दर्शन ही मार्गदर्शन कर सकता है।

समसामयिक परिदृश्य में बौद्ध धर्म की जन्मभूमि भारत भी कम प्रभावित नहीं है। भले ही बुद्ध की कर्मभूमि और जन्मभूमि रही है, लेकिन भारत में बौद्ध धर्म दर्शन सिमट गया है, लेकिन आज पूरा विश्व बौद्ध दर्शन के प्रति आकर्षित हो रहा है और अपने दुःखों का निवारण बौद्ध दर्शन में ही खोज रहा है। बुद्ध ने भारत को विश्वगुरू होने का सामर्थ्य दिया। उन्होंने अपने दर्शन में यह भी बताया कि दुनिया में जो कुछ भी घटित होता है वह अकारण नहीं होता है। उसके पीछे कोई न कोई कारण अवश्य होता है। जैसा कि बौद्ध के उत्पन्न होने का कारण तत्कालीन परिस्थितियाँ थीं, जिस वैदिक समाज ने उत्पादन में लौह तकनीक के प्रयोग तथा प्रसार की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, उसी समाज की अनेक प्राचीन मान्यताएँ आर्थिक प्रगति के अनुकूल नहीं थीं। ब्राह्मण तथा क्षत्रिय वर्ग को व्यापार में संलग्न होने की मनाही थी। वैश्य वर्ग सम्मान की दृष्टि से समाज में तीसरी श्रेणी में आता था, लेकिन वर्तमान में जातिगत् विचारधाराओं की दीवारें टूटने के कगार पर हैं। आज तो सभी वर्ग के लोग व्यापारिक धन्धे कर रहे हैं। सामुद्रिक व्यापार को वैदिक धर्म में निन्दित माना गया, लेकिन बौद्ध धर्म के अनुसार समुद्री व्यापार निन्दनीय नहीं था। यह स्वाभाविक ही था कि वैश्य

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वर्ग बौद्ध धर्म को प्रोत्साहन देता। अहिंसामूलक बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ सिद्धान्त रूप में साम्राज्यवादी युद्धों के विपरीत पड़ती थी। इन गुटों से व्यापारी वर्ग की ही अधिक क्षति होती थी। इसके अलावा जाति भेदभाव, ऊँच–नीच की भावना तथा धार्मिक आडम्बरों के कारण बौद्ध दर्शन और लोकप्रिय हुआ। उस समय की आम जनता इसके प्रति आकर्षित हुई। बौद्ध के महानिर्वाण के तुरन्त बाद ही बौद्ध धर्म की पहली संगीति हुई, जिसका उद्देश्य था बुद्ध के उपदेशों को सुरक्षित करना। बौद्ध धर्म के बारे में वृहद् जानकारी पालि त्रिपटिक से ही प्राप्त होता है।

बौद्ध धर्म का मूलाधार चार आर्य सत्य हैं इस धर्म के सारे सिद्धान्त तथा बाद में विकसित विभिन्न दार्शनिक मत–वादों के ये ही आधार हैं। ये चार आर्य सत्य हैंः–

1. दुःख
2. दुःख समुदाय
3. दुःख निरोध
4. दुःख निरोध–गामिनी प्रतिपदा।

इन दुःखों से बचने के लिए आठ मार्ग बुद्ध ने बताये हैंः–

1. सम्यक् दृष्टि अर्थात् सत्य और असत्य तथा सदाचार और दुराचार के विवेक द्वारा आर्य सत्यों की सही परख।
2. सम्यक् संकल्प अथवा इच्छा तथा हिंसा से रहित संकल्प करना।
3. सम्यक् वाणी, जिसका तात्पर्य है, सदा सत्य तथा मृदुवाणी का प्रयोग करना, जो धर्म सम्मत हो।
4. सम्यक् कर्म या अच्छे कर्मों में संलग्न होना।
5. सम्यक् व्यायाम अर्थात् विवेकपूर्ण प्रयत्न।
6. सम्यक् स्मृति अर्थात् अपने कर्मों के प्रति विवेक तथा सावधानी को निरन्तर स्मरण करना।
7. सम्यक् आजीव, सदाचार के नियमों के अनुकूल जीविकोपार्जन करना।

इन आठ मार्गों के अनुसरण से मानव अपने दुःखों से छुटाकारा पाकर अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है। बौद्ध धर्म मूलतः अनीश्वरवादी है। सृष्टि का कारण ईश्वर को नहीं माना गया है। इसके पीछे यह तर्क दिया गया है कि अगर ईश्वर को संसार का रचयिता माना जाये तो उसे दुःख को  उत्पन्न करने वाला भी मानना होगा। वास्तव में बुद्ध ने ईश्वर के स्थान पर मानव को प्रतिष्ठित किया। यही कारण है कि इस धर्म में आत्मा की कल्पना ही नहीं की गयी है, क्योंकि बौद्ध यह मानता है कि जब व्यक्ति का अवसान हो जाता है तभी आत्मा का भी अवसान हो जाता है। यह कोई शाश्वत वस्तु नहीं है, जो अगले जन्म तक विद्यमान रहे, किन्तु बौद्ध धर्म में पुनर्जन्म की मान्यता है। यही कारण है कि अगले जन्म में भी कर्मफल की मान्यता सही सिद्ध होती है, लेकिन इन कर्मों को अगले जन्म में ले जाने का वाहक आत्मा नहीं बल्कि चेतना होती है। जैसे दुःख समुदाय का कारण जन्म है, उसी प्रकार जन्म कारण भी कर्म–फल उत्पन्न करने वाला अज्ञान रूपी चक्र है, जिसे पारिभाषिक शब्दावली में प्रतीत्य समुत्पाद कहा जाता है, अर्थात् 'प्रतीत्य (इसके होने से)' समुत्पाद (यह उत्पन्न होता है)। इस चक्र के 12 क्रम है, जो दूसरे को उत्पन्न करने के कारण है। ये हैं :– 1. अविद्या, 2. संस्कार, 3. विज्ञान, 4. नामरूप, 5. खड़ायतन, 6. स्पर्श, 7. वेदना, 8. तृष्णा, 9. उपादान, 10. भव, 11. जाति, 12. जरामरण।

जीवन चक्र के इन बारह कारणों में से प्रथम दो पूर्वजन्म से सम्बन्धित है तथा अन्तिम दो भावी जीवन से और शेष वर्तमान जीवन से सम्बन्ध रखते हैं। यह जीवन–मरण का चक्र मृत्यु के साथ समाप्त नहीं होता। मृत्यु तो केवल नवीन जीवन के प्रारम्भ होने का कारण मात्र है। इस हेतु चक्र का अन्त करने के लिए अविद्या का अन्त आवश्यक है और ज्ञान ही अविद्या का उच्छेद करके व्यक्ति को निर्वाण की ओर ले जाने में समर्थ है। प्रतीत्य समुत्पाद बौद्ध दर्शन तथा सिद्धान्त का मूल तत्व है। अन्य सिद्धान्त भी इसी में निहित है। जन्म के कारण रूपी कर्म का सिद्धान्त भी इसी पर आधारित है। अविद्या तथा कर्म दूसरे को उत्पन्न करने में सदैव सक्रिय रहते हैं। बौद्ध दर्शन का क्षण–भंग वाद कभी प्रतीत्य समुत्पाद से ही उत्पन्न सिद्धान्त है। संसार की सभी वस्तु विशिष्ट परिस्थिति तथा कारण से पैदा होता है।

चार आर्य सत्यों के ज्ञान तथा अनुशीलन से निर्वाण प्राप्ति मनुष्यों को जरामरण के चक्र से छुटकारा दे सकती है। निर्वाण प्राप्त करना व्यक्ति का स्वयं अपना उत्तरदायित्व है। इसके लिए सत्कर्म तथा सदाचार का मार्ग अपनाना अनिवार्य है। निर्वाण प्राप्ति के लिए दस अनुशीलनों पर अत्यधिक बल दिया है। 1. अहिंसा, 2. सत्य, 3. अस्तेय (चोरी न करना), 4. व्यभिचार न करना, 5. मद्य का सेवन न करना, 6. असमय भोजन न करना, 7. सुखप्रद बिस्तर पर न सोना, 8. धन संचय न करना, 9. स्त्रियों का संसर्ग न करना, 10. अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा सम्पत्ति का अर्जन न करना)।

इसके अलावा बौद्ध धर्म में संघ का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है जो त्रिरत्न का एक अनिवार्य अंग है। आदर्शमय जीवन का केन्द्र होने का कारण इसे समाज का आदर प्राप्त हुआ। दूसरे संघ में प्रव्रज्या लेने वाले भिक्षुओं द्वारा अनवरत धर्म उपदेश में व्याप्त रहने के कारण यह धर्म प्रचार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण साधन हो गया। सारनाथ में धर्म का उपदेश देने के बाद अपने प्रथम पाँच ब्राह्मण शिष्यों के साथ बुद्ध ने संघ की स्थापना की। इसके बाद यश नामक धनाढ्य व्यापारी के साथ अन्य वैश्यों को भी संघ का सदस्य बनाया।

गौतम बुद्ध के बौद्ध दर्शन तत्कालीन सामाजिक विसंगतियों के कारण आम लोगों में बहुत प्रसिद्ध हुआ। ऐसा नहीं कि वैदिक धर्म, बौद्ध धर्म के अपेक्षा बहुत खराब था, बल्कि धर्म के बाद में चलकर तमाम विकृतियाँ आ गयी थीं। जैसे वर्तमान में बौद्ध धर्म में भी वही आडम्बर आ गये हैं जो बौद्ध धर्म के पहले वैदिक धर्म में था। कोई भी धर्म बुरा नहीं है। अगर सभी धर्मों के सारांश को निकाला जाये तो सभी धर्मों का एक ही संदेश निकलेगा, वह है मानव कल्याण। जीव–जन्तुओं पर दया करना, सहिष्णुता इत्यादि। लेकिन आज मनुष्य भौतिकता के वशीभूत होकर जीवन की जरूरतों को अनावश्यक बढ़ाने में तल्लीन है और अपनी शाश्वत पूँजी को स्वार्थवश नजरअंदाज कर रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप उसकी कीमत उसे उसी के द्वारा उत्पन्न हुई समस्याओं के रूप में चुकानी पड़ रही है। आज बुद्ध के अपरिग्रह के सिद्धान्त को भारत में फैले भ्रष्टाचार की विषबेल एक तरह से नकार रही है। यही नहीं विश्व स्तर पर भ्रष्टाचार का दानव फैल चुका है, जिसके कारण महंगाई, वैश्विक, आर्थिक मंदी फैला है। आज भौतिक सुख साधनों के अतिशय उपयोग की प्रवृत्ति के कारण नैतिकता गौण होती जा रही है। स्वार्थपूर्ति के लिए अनुचित साधनों को अपनाया जाता है, जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। आज नेताओं की कथनी और करनी, सिद्धान्त और व्यवहार में एकरूपता नहीं है। स्थिति इतनी भयावह होती जा रही है कि राजनति में अपराधी भी प्रश्रय पाते हैं। इस कारण नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है सफल और सुखमय जीवन के लिए नैतिकता का बड़ा महत्त्व है और वही अपने कर्तव्यों का पालन करता है और अधिकारों का दुरुपयोग नहीं करता है।

लेकिन वही भारत जो विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाया, उसी के द्वारा हथियारों के निर्यात की तस्वीर देखें तो दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन गया है। भारत के बाद दूसरे नम्बर पर सऊदी अरब और अन्य देश इस सूची में आने वाले दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, चीन, ग्रीस आदि हैं। हालांकि इन हथियारों के होड़ के अलावा भारत एक सभ्यता और संस्कृति का नाम है एवं बुद्ध और महात्मा गाँधी की जन्मभूमि और कर्मभूमि है। ऐसे में हम भारतीय हथियारों को बड़े पैमाने पर खरीद कर क्या सन्देश विश्व को देना चाहते हैं, लेकिन यह भी सच्चाई है कि विश्व के अन्य देशों के बीच हथियारों को इकट्ठा करने की जो होड़ लगी है, सुरक्षा के नाम पर तो भारत भी विश्व के देशों में अपने आपको सुरक्षित रखने के लिए हथियारों का संग्रह करने में मजबूर है। आज हथियारों के होड़ ने विश्व को खतरे में डाल दिया है। ऐसी स्थिति में बुद्ध की अहिंसा की नीति विश्व को विध्वंसक हथियारों के ढेर के विस्फोट से बचाने का काम कर सकता है।

वहीं मनुष्य अपनी इच्छाओं की पूर्ति हेतु प्रकृति का लगातार दोहन कर रहा है, जिससे पर्यावरण का संतुलन असंतुलित हो गया है। आज दुनिया की आधी आबादी शहरों में रहना चाहती है, जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि 2050 तक यह अनुपात बढ़कर 70 प्रतिशत हो जायेगा और उस समय तक विकसित देशों की 14 प्रतिशत और विकासशील देशों की मात्र 33 प्रतिशत जनसंख्या शहरी सीमा से बाहर होगी। इस तरह से बढ़ते शहरीकरण की वजह से जनसंख्या वृद्धि, ग्रामीण शहरी आवास, राष्ट्रीय नीतियाँ, आधारभूत ढाँचा, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक विसंगतियाँ उत्पन्न हुई हैं। इसके अलावा शहरों में गंदी बस्ती, असमानता, हिंसा, बीमारी जैसी प्रवृत्तियाँ भी उभरी हैं।

नगरीकरण एक तरह से एकांकीपन, चरम वैयक्तिकता और आगे बढ़ने की होड़ आदि ने भी इस सामूहिकता की भावना को कमजोर किया है। इसी के साथ–साथ एक चीज जो बच्चों में यहाँ तक कि युवा पीढ़ी में भी आती जा रही है। शारीरिक खेल जो सामूहिकता की भावना को मजबूत करते थे वे अब टीवी, विडियो, गेम आदि तक सीमित होते जा रहे हैं और रही सह कसर इण्टरनेट ने पूरी कर दी है। कम्प्यूटर और इण्टरनेट के महत्त्व को नकारा नहीं जा सकता, फिर भी इण्टरनेट कम्प्यूटर दोनों ने पोनोग्राफी जैसी चीजों से हमारी युवा पीढ़ी की मानसिकता को विकृत ही किया। आज मानव नैतिकता विहीन होता जा रहा है यही नहीं आज का युवा नाश का आदी होता जा रहा है। इसके अलावा पूरे विश्व में हिंसा की गतिविधियाँ भी तेज हुई हैं। इण्टरनेट से बनने वाली दुनिया के नागरिकों का समाज अब 21 वीं सदी के नेट से जुड़े नागरिकों का समाज बन रहा है। इस समाज में पारस्परिकता, प्रेम, बन्धुत्व, मनुष्यता, सहानुभूति व मानवीय संवेदन जैसे सनातन मूल्यों का अभाव साफ देख रहा है। इनके अभाव में सबसे अधिक प्रभावित होने वाला बच्चों का बचपन ही है। बच्चों की इसी पीढ़ी में सफलता प्राप्त करने की तीव्र इच्छा तो है, परन्तु जीवन में असफल होने का धैर्य व संयम की मात्रा उनमें शून्य है।

भारतीय समाज का अवलोकन करें तो आज की सबसे बड़ी विसंगतियों इस वैश्विक युग में लिंगानुपात का घटना है। लिंगानुपात पर यूनीसेफ की वार्षिक रिपोर्ट 'स्टेट ऑफ द वर्ल्डस चिल्ड्रेन 2008' के अनुसार लड़कियों की स्थिति को लेकर भारत का स्थान पाकिस्तान और नाइजीरिया से भी नीचे है। इसके अलावा आज पूरे विश्व में भय और शंका का वातावरण निर्मित हो गया है। आतंकवाद ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी के बड़े शहरों को अपना निशाना बना रहे हैं। भारत में तो कहीं भी अपने हिंसक गतिविधियों का निशाना बना लेते हैं, जिस पर वर्तमान सरकार तुष्टीकरण की नीति के तहत हल्की–फुल्की कार्यवाही करके फिर खामोश हो जाती है। अब आंतकवाद बहुकेन्द्रीय बन चुका है। पाकिस्तान के वजीरिस्तान, अफगानिस्तान के साथ सोमालिया इत्यादि ऐसे क्षेत्र हैं। हालांकि इसकी धुरी अभी पाकिस्तान बना है। स्पष्ट है कि विकास के साथ–साथ आज का आधुनिक समाज उत्तरोत्तर हिंसक होता जा रहा है। विकास की हिंसक यात्रा एक ऐसे पथ पर चल पड़ी है, जहाँ से लौटना फिलहाल सम्भव नहीं दिख रहा है। जहाँ विकास ने पैर ज्यादा फैलाये हैं वहाँ इस तरह की सामाजिक बुराईयाँ भी ज्यादा फैली हैं।

प्राकृतिक सम्प्रदाओं के दोहन पर आधारित विकास के मूल में प्रकृति का क्षरण या विनाश अन्तर्निहित है। कृषि योग्य मिट्‌टी की जैविकता को रसायनों से नष्ट किया जा रहा है। जंगलों का सफाया किया जा रहा है, खनिज संसाधनों का दोहन निरन्तर जारी है। विकास और आधुनिकता के आयातित संस्करण में हिंसा प्रमुख है। फिर वह चाहे जल, जंगल, जमीन का मामला हो अथवा प्रकृति और मानवीयता के क्षरण का। आज यही हमारे विकास की अवधारणा है। वैश्विक दौर में आर्थिक, राजनीतिक, समानता और समाज कल्याण की स्थिति अब बीते समय की बात हो चुकी है। उपभोगवाद की संस्कृति के कारण पश्चिम के देशों में मंदी का असर ऐसा पड़ा कि 99 प्रतिशत लोग आन्दोलन पर उतर आये। अमेरिका में पूँजीवाद के विरूद्ध लोग सड़कों पर उतर आये हैं, वे न हिप्पी है, न अराजकतावादी न वामपंथी, परन्तु उन्हें अपने भविष्य और सामाजिक सुरक्षा का चिन्ता है। आज लोगों के दुख का कारण तृष्णा है, वह तृष्णा पूर्ति के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। ऐसी स्थिति में बौद्ध दर्शन ही विश्व के लोगों को शान्ति प्रदान कर सकता है, जिसके लिए स्वयं भारत को भी आना पड़ेगा। क्योंकि भारतीय संस्कृति में आधुनिकता तथा प्रगति के साथ–साथ मानवीयता की पूरी सम्भावना है। क्या यह विडम्बना नहीं कि आज भारत में भारतीयकरण की अत्यन्त आवश्यकता है और यदि मानवता की दृष्टि से देखें तो सारे विश्व को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की आवश्यकता है। खास तौर से बौद्ध दर्शन के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह सिद्धान्तों का। जहाँ तक भारतीय दर्शन के लोप हो जाने की बात है, इसके चार प्रमुख कारण हैंः–

1. लगभग 1000 वर्ष की परतंत्रता जनित हीनता तथा हीन भावना।
2. दो ढ़ाई सौ वर्ष की अंग्रेजी भाषा की परतंत्रता जनित हीन भावना तथा स्वसाहित्य की अज्ञानता।
3. पाश्चात्य भोगवाद का अंधानुकरण।
4. आबादी का विस्फोट।

आज जरूरी है कि हम भारतीय इन कारणों को अपने अन्दर से निकाल कर अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौट और अपनी संस्कृति व धर्मों के प्रति आदर की भावना रखें। हम संकीर्णता से ऊपर उदारता, सद्भाव, सहशीलता, ममता, दया, करुणा जैसे मानवीय अलंकरणों को अपनाकर विश्व के लिए आदर्श बन सकते हैं। अहिंसा का व्रतधारण करके इस पृथ्वी पर स्वर्ग का निर्माण कर सकते हैं, क्योंकि अहिंसा ही मानवता को बचा सकती है, जिससे पूरे विश्व में सुख, समृद्धि और शान्ति का प्रसार होगा। अमन चैन से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के सभी अवरूद्ध मार्ग खुलेंगे। इस सुख समृद्धि में बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता बढ़ जायेगी और सही अर्थों में जिम्मेदारियों का निर्वाह तब होगा जब हम अपने कर्तव्यों के प्रति सचेष्ट रहकर इसकी निगरानी रखेंगे कि हमारे द्वारा इस दिशा में जो कार्य किये जा रहे हैं वे उपयुक्त और अनुकूल हैं या नहीं। जैसा कि इस सन्दर्भ में सम्राट अशोक कहता है कि ''मनुष्य अपने सम्प्रदाय की वृद्धि तथा दूसरे के सम्प्रदाय का उपकार करता है। सभी धर्मों के सिद्धान्तों को सुनकर बहुश्रुत होकर व्यक्ति संसार का कल्याण करता है।'' इस प्रकार धर्म के सच्चे अन्वेषक की भाँति अशोक यह विश्वास करता था कि धर्म सम्प्रदायों की संकीर्ण दृष्टि हिंसा, विभेद, अंधविश्वास और कलह का कारण बनता है। अतः धर्म के क्षेत्र में पंथ निरपेक्षता और उदारता आवश्यक है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :**


1. डॉ0 श्रीवास्तव कृष्ण चन्द्र, 'प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास' बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, षष्टम संस्करण 1999
2. काणे, पाण्डुरं वामन, 'धर्मशास्त्र का इतिहास', प्रथम भाग, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 1992
3. झा और श्रीमाली 'प्राचीन भारत का इतिहास' हिन्दी माध्यम कार्यालय निदेशालय दिल्ली, विश्वविद्यालय, 1998
4. अमर उजाला, 7 सितम्बर 2009, पृ0 11
5. दैनिक जागरण, 20 फरवरी 2012, पृ0 9
6. राष्ट्रीय सहारा, 22 अप्रैल 2012, पृ0 11
7. हिन्दुस्तान, 22 अक्टूबर 2011, पृ0 12

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# संस्कृत कविता की दूसरी परम्परा और अवध की हिन्दी चेतना का मेल



डॉ. अनुराग मिश्र'
एसोसिएट प्रोफेसर,
हिन्दी–विभाग,
का.सु.साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या,
उत्तर प्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 163-168

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**शोध सार**–संस्कृत की दूसरी परम्परा की चर्चा डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी व डॉ¬. नामवर सिंह प्रभृति विद्वानों ने की है। संस्कृत कवि–विचारक डॉ. राजदेव मिश्र संस्कृत कविता की दूसरी परम्परा को आगे बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण कवि हैं। अवध क्षेत्र में रहकर अर्जित किये गये वैचारिक संस्कारों से अपनी कविता को संवेदना के धरातल पर वह एक नया स्वर प्रदान करते हैं। अपनी कविताओं में कई बार वह समकालीन हिन्दी कविता की वैचारिकी के साथ खड़े होते हुए दिखाई देते हैं तो कई बार उसे आगे भी ले जाते हैं। अवध की जातीय चेतना का रंग उनकी कविताओं में खुलकर व्यक्त होता है।

**बीज–शब्द**–जातीय चेतना, आधुनिकता, हिंसा, स्वाधीनता, मार्क्सवाद, राष्ट्रीयता, व्यक्तिवाद और महाप्राणत्व।

आधुनिक संस्कृत काव्य–परम्परा में डॉ.राजदेव मिश्र का नाम बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है। उनका जन्म यद्यपि आजमगढ़ में हुआ था, आजीविका के सन्दर्भ में उनका पूरा जीवन फैजाबाद– अयोध्या की कर्मभूमि में व्यतीत हुआ। संस्कृत और हिन्दी भाषाओं के उद्‌भट विद्वान डॉ. मिश्र ने दोनों ही भाषाओं के साहित्य में महत्वपूर्ण लेखन किया है। संस्कृत कविता की क्लासिक परम्परा को बनाए रखते हुए वह जिस तरह से सम–सामयिक जीवन को अपनी कविता का विषय बनाते हैं, वह आश्चर्यचकित करता है। यह समकालीनता उन्होंने हिन्दी साहित्य के गहरे परिचय से तो अर्जित किया ही है, इसमें एक बड़ी भूमिका अवध के उस सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन की भी है, जिससे उनका प्रत्यक्ष सम्पर्क पूरे जीवन बना रहा। वह अपनी कविताओं में जिस संसार की सर्जना करते हैं, वह हमारी आज की राजनैतिक व्यवस्था से बनी हुई दुनिया से

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

भिन्न नहीं है, जिसकी कुरूपताएँ व विद्रूपताएँ उसके अस्तित्व और नियति के साथ गहरे मार्मिक ढंग से जुड़ी हुई हैं। डॉ. मिश्र संस्कृत की काव्य–संवेदना के विस्तार के कवि हैं। इस विस्तार और उसकी काव्यानुभूति की बुनावट को समझना हो तो उनकी एक कविता को देखा जा सकता है– 'वर्षाकालिकपंकमलिनता/नश्यति नूनं भुवने/दुर्जनचेतसि गूढ़निवासा/ननु तनुते निजराज्यम/विलसति शरदोराज्यम'[1] यह शरत् ऋतु के विलास का चित्रण है जहाँ अब वर्षाऋतु के प्रभाव से विकसित हुए पंक का अस्तित्व समाप्त हो गया है, सृष्टि में एक प्रकार की नवीनता है। यहाँ विशेषता ऋतु के वर्णन में नहीं है बल्कि इस बात में है कि कवि कहता है कि दुर्जन के चित्त का पंकरूपी विकार भी शरत् के प्रभाव से नष्ट हो गया है और अब वहाँ प्रसन्न शरत् का विलास है। अपनी इन कविताओं के माध्यम से ही वह प्रकृति और मनुष्य के बीच एक नए समीकरण की प्रस्तावना करते हैं जो संस्कृत–कविता को आस्वाद के भिन्न धरातल पर प्रतिष्ठित करता है।

एक कवि के रूप में उनकी दृष्टि आधुनिक सभ्यता में व्याप्त हिंसा के सर्वग्रासी रूपों पर बार–बार जाकर ठिठक जाती है। आधुनिक सभ्यता के मूल में ही हिंसा का विचार है। प्रौद्योगिकी के विकास, तकनीक व सूचनातंत्र के विस्तार और बाजारवाद ने साम्राज्यवाद की आकांक्षा को न केवल विस्तारित किया है बल्कि उसके स्वरूप को भी बदल दिया है। संस्कृत कविता की परम्परा में विन्यस्त उदात्त नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का आग्रह किसी नास्टेल्जिया से प्रेरित नहीं है। वह कहते हैं– परपीड़न सदृशं नहि पापं/परसेवाव्रतं समं न पुण्यम/हिंसारूपं पापं हित्वा/मैत्रीभावं किं नो तनुषे?/मानव किं त्वं हिंसां श्रेयसे?''[2] दरअसल, आधुनिक सभ्यता के इस कालखण्ड में हिंसा को हमने एक आभूषण की तरह धारण कर लिया है और साथ ही हिंसा को तर्कसंगत बनाने के लिए एक वैचारिकी भी विकसित कर ली है। हिंसा के पुराने रूपों से आज की हिंसा का यह स्वरूप भिन्न है। इससे प्रभावित और संचालित होते हुए मनुष्य के पास इससे बाहर जाने की क्या दृष्टि हो सकती है? एक विचारक के रूप में डॉ. मिश्र इन स्थितियों से बाहर निकलने के लिए कोई नया मौलिक मार्ग प्रस्तावित नहीं करते वरन् वह हमारी भाषा और साहित्य की चली आ रही परम्परा के मूल तत्वों की पुनःस्थापना का उद्यम करते हैं। विलुप्त होती हमारी मूलवर्ती चेतना की पहचान हमारी आज की समकालीन चेतना को संघटित करने के लिए कितनी अपरिहार्य हो सकती है, यह उनके गंभीर लेखों व कविताओं से ही जाना जा सकता है। विषय कोई भी हो, आधुनिक मनुष्य के जीवन का संकट और उसकी संवेदना उनकी कविता में मूर्त हो उठती है। उनकी कविताओं की यह एक केन्द्रीय पहचान है, जिससे उनकी काव्यात्मकता गतिशील होती है।

हिन्दी साहित्य लेखन में स्वाधीनता के बाद के मोहभंग की स्थिति का, साहित्य के अनेक विधारूपों, विशेषकर कविता में मार्मिक उल्लेख हुआ है। स्वाधीनता की प्राप्ति के एक दशक बाद ही मोहभंग का यह स्वर साहित्य में आना प्रारम्भ हो जाता है। बाद के दशकों में यह स्वर उत्तरोत्तर और भी विकसित हुआ है। समकालीन संस्कृ

ति कविता ने भी जीवन की विसंगतियों और अन्याय के बोध को अपनी कविता का विषय बनाया है। अपनी प्रश्नवाचकता और तीखेपन से संस्कृत कविता अनेक बार पाठक को चकित कर देती है। डॉ. राजदेव मिश्र की कविताएँ भी उस सामान्यीकरण का विरोध करती हैं जिसमें संस्कृत कविता की विषयवस्तु को कुछ विषयों व प्रसंगों के वर्णन तक सीमित कर दिया गया है। अपने काव्यग्रंथ 'काव्यकौतुकम्' में वह स्वाधीनता के बाद की स्थितियों पर टिप्पणी करते हुए प्रश्न पूछते हैं कि– 'पराधीनतासमये सर्वे नितरां खिन्ना जाताः/स्वातन्त्र्ये समवाप्ते नूनं दृष्टा जनतोन्नीता/वैरभावना विहरति देशे नश्यति रुचिरं भाग्यं/भारतमाता पृच्छति सर्वं किमिदं स्वीयं राज्यम्/किमिदं स्वीयं राज्यम्?[3] आजादी के बाद स्वाधीनता, भूख, समाजवाद, न्याय और सहभागिता के प्रश्नों को लेकर अनेक कवियों ने कविताएं लिखी हैं। हिन्दी में धूमिल और राजकमल चौधरी ने इन विषयों पर अनेक तीखी और बेधक कविताएँ लिखी हैं। व्यवस्था की आलोचना का एक सशक्त पक्ष इन कविताओं से ही निर्मित होता है। धूमिल अपनी एक कविता में कहते हैं–

वे घर की दीवारों पर नारे
लिख रहे थे
मैंने अपनी दीवारें जेब में रख लीं
उन्होंने मेरी पीठ पर नारा लिख दिया
मैंने अपनी पीठ कुर्सी को दे दी
और अब पेट की बारी थी
मैं खुश था कि मुझे मन्दाग्नि की बीमारी थी
और यह पेट है
मैंने उसे सहलाया
मेरा पेट
समाजवाद की भेंट है
और अपने विरोधियों से कहला भेजा
वे आएँ– और साहस है तो लिखें
मैं तैयार हूँ।[4]

धूमिल की कविताओं में व्यवस्था के प्रति बेधक तीखा सवाल है और स्थितियों का बेलौस खुला निर्भीक वर्णन। इससे हटकर डॉ. मिश्र अपनी कविताओं में केवल प्रश्न भर उपस्थित नहीं करते बल्कि वह समाधान का एक वैकल्पिक मार्ग भी सुझाते हैं। समाधान के मार्ग का अनुसंधान करते हुए कविता में उनका ध्यान प्रगतिशील तत्वों की स्थापना का है, भले ही वैचारिक तौर पर उनकी आस्था मार्क्सवाद या प्रगतिवाद को लेकर न रही

हो। साहित्य की उपादेयता व उसके उद्देश्य को लेकर मार्क्सवादी चिन्तन पद्धति में काफी प्रभूत काम हुआ है। इस सिद्धान्त के अनुसार साहित्य का उद्देश्य ही चेतना के विकास में परिवर्तन के द्वारा सामाजिक बदलाव की प्रक्रिया को द्रुततर करना है। डॉ. मिश्र ने भारतीय चिन्तन परम्परा की विशेषता और समकालीन वैचारिकता को बहुत सहज ढंग से अपनी कविताओं में समन्वयन के साथ रखकर देखने का प्रयत्न किया है। अपनी एक कविता में वह कहते हैं– ''काव्यत्वं नहि तनुते काव्यं/यस्मन्नहि मानवता/विशदा विमला राजति कामं/भानयितुं समहृदयम/भव्य कल्पना मोघा जाता/किं वा प्रणयसि नव्यम्/कविवर व्यर्थं रचयसि काव्यम्''[5] जब तक कविता में वेदना, पीड़ा विशेषतः मानवीय पीड़ा का आख्यान नहीं होगा तब तक वह अर्थहीन ही रहेगा, भले ही उसमें चमत्कार का दर्शन हो। भव्य कल्पनाएँ और आलंकारिक काव्यत्व की सरणियाँ व्यर्थ हो जाती हैं यदि वह काव्य मनुष्य की सच्ची पीड़ा को व्यक्त कर पाने में असमर्थ हो जाता है। ध्यान से देखें तो यह संस्कृत कविता का नया काव्यशास्त्र है जो सौंदर्य और अलंकरण के प्रतिमानो से हटकर संवेदना को कविता की केन्द्रीय जगह बनाता है। सामाजिक मूल्यों को कविता के संदर्भ में महत्वपूर्ण मानने का बार–बार का आग्रह यह सिद्ध करता है कि यह उनकी कविता में आया कोई सांयोगिक विचार नहीं है बल्कि इसके पीछे उनका एक सुचिन्तित दर्शन व आग्रह है–''काव्ये न चेन्मानवपीड़ा/हृदयहारिका दृश्या/काव्यपाठकं सकत्नं सरसं/नहि शक्ता रोदायितुम/ब्रूहि सखे सम्प्रति निःशंक/काव्ये तव किं श्रव्यम? कविवर! व्यर्थं रचयसि काव्यम्''[6]

परम्परागत काव्य–प्रणालियों से बहुत गहरे परिचित और प्रभावित होने के बावजूद संवेदनागत धरातल पर अभिव्यक्ति की नयी प्रणालियों को महत्व देना उन्हें एक भिन्न दृष्टि का रचनाकार बनाता है। संस्कृत कविता का एक नया स्वरूप गढ़ने में जिन लोगों ने अपनी लेखनी चलाई है, उनमें उनका नाम अन्यतम है। डॉ. मिश्र ने विषयवस्तु के अपरिमित विस्तार से संस्कृत कविता को संवेदना और भाषिक सामर्थ्य दोनों की ही समृद्धि प्रदान की है। व्यक्तिवाद, जातिवाद और वादभावना आदि को लेकर उन्होंने प्रभावपूर्ण कविताएँ की हैं। उनकी एक कविता है–''व्यक्तिवादः कदाचिन्न संवर्धतां/जातिवादो मिथो न परिस्पर्धताम/भावना वादमूला भवेनन्निन्दिता/राष्ट्रिया भावना भारते राजताम/भावना राष्ट्रिया भारते भ्राजताम''[7] कवि उस राष्ट्र धर्म का पक्षधर है जिससे राष्ट्ररक्षा होती हो, जो समग्र लोकसेवा हेतु मंगलसूचक हो, जो सर्वसुख का आधार हो–''येन धर्मेण राष्ट्रस्य रक्षा भवेद्/यश्च लोकं समग्रं हि धर्तुं क्षमः/सौख्यभाजश्च स्युर्येन सर्वे जना/स्तादृशोऽसौ हृदा सेव्यतां भारते/ राष्ट्रधर्मोऽधुनावर्धतां भारते''[8] डॉ. राजदेव मिश्र की इन विषयों पर लिखी गयी कविताएँ यह सिद्ध करती हैं कि मौलिकता विषयवस्तु की समकालीन पुनः प्रस्तुति में भी होती है और यह मनुष्य के सत्य के साथ दृढ़ता से खड़े रहने में भी व्यक्त होती है। जिस संकट को कवि अपनी संवेदना के बल पर समझता व संप्रेषित करता है वह ही संकट कहीं ना कहीं उसकी काव्यात्मकता के विरुद्ध भी खड़ा है, इसे समझने की ज़रूरत है।

आधुनिक राष्ट्रीयता की समस्याओं को चिह्नित करने के क्रम में डॉ. मिश्र ने उन सभी पहलुओं को सामने रखा है, जिसने हमारे जीवन को विकलांग कर रखा है। युद्ध की प्रवृत्ति ने आधुनिक सभ्यता को किस तरह संकटग्रस्त किया है, यह उनके काव्य की सर्वप्रमुख चिन्ताओं में से एक है। आधुनिक पश्चिमी सभ्यता की आलोचना करते हुए गाँधी ने उसके दुष्परिणामों को लेकर अनेक बार आलोचना की है। वह इस सभ्यता के गठन का मौलिक आधार ही हिंसा को मानते थे। गाँधी 'हिन्द स्वराज' में कहते हैं कि– ''यह सभ्यता ऐसी है अगर हम धीरज धरकर बैठे रहेंगे, तो सभ्यता की चपेट में आए हुए लोग खुद की जलाई हुई आग में जल मरेंगे। पैगम्बर मोहम्मद साहब की सीख के मुताबिक यह शैतानी सभ्यता है।... यह सभ्यता दूसरों का नाश करने वाली और खुद नाशवान है।''[9]

आधुनिक साम्राज्यवादी विस्तार की आकांक्षा, नव्यपूंजीवाद और नवउपनिवेशवाद के मूल में हिंसा का बढ़ता जो अनालोचनात्मक विकास है, उसी गाँधी के साथ–साथ अन्य राष्ट्रीय विचारकों ने भी लक्ष्य किया था। डॉ. मिश्र ने हिंसा की बढ़ती इस विस्तारवादी प्रवृति पर बार–बार चोट की है और यह चेताया भी है कि यदि हमने इस पर नियंत्रण पाने में अब देर की तो बहुत देर हो जाएगी–

समस्तः स्वदेशो भृशं पीड्यमान/स्सखेदं गतः सम्प्रतं लक्ष्यमाणः/स्वदेशे जनैर्धुस्यते चैष घोष–/ स्समैर्हन्यतां क्रूर हिंसा पिशाची/समैर्हन्यतां क्रूरहिंसा पिशाची''[10]

हिंसा की तुलना पिशाची से करते हुए वह कहते हैं कि यह अत्यंत क्रूर है क्योंकि इसने हमारे सद्भाव, सौमनस्य और सामाजिकता के मूल पर ही आघात कर दिया है। व्यक्ति और व्यक्ति के बीच उसके सामाजिक, धार्मिक और अस्मितामूलक सम्बन्धों को लेकर गहन संशय है। एक दूसरे के विरोध में खड़ी ये इच्छाएं किसी सामंजस्य के अभाव में किस दिशा की ओर बढ़ेंगी, यह गहन चिन्तन का विषय है। इस दृष्टि से वे भारतीय पारंपरिक मूल्यों और जीवनदृष्टि को समाहार की एक युक्ति के तौर पर देखने की प्रस्तावना भी करते हैं। अहिंसा को लेकर एक स्वरूप जनमत का निर्माण और उसका क्रियान्वयन आज के विश्व की सामयिक आवश्यकता है। इस वातावरण के निर्माण में साहित्य की भूमिका को वह पहचानते हैं, उसकी प्रतिरोध–शक्ति को रेखांकित करते हैं। अपनी बुनियादी प्रतिरोधक संरचना के कारण सत्ता के द्वारा साहित्य का 'एप्रोप्रिएशन' बेहद मुश्किल है। इस विशेषता को पहचानने और उसका पर्याप्त काव्यात्मक निवेश करने के नाते उनकी कविताएँ संस्कृत काव्य–परम्परा में एक विशिष्ट अर्थबोध का वहन करने में समर्थ हो जाती हैं।

संस्कृत कविता की परम्परा में डॉ. राजदेव मिश्र की कविता को पढ़ते हुए यह देखना एक आश्वस्तिपरक अनुभव है कि कैसे वह अपने समय, समाज और राजनीति की विद्रूपता से बार–बार टकराते हैं। राजनैतिक होना इस टकराहट की पूर्व–शर्त है, जिसका गुरेज आज का साहित्यकार नहीं कर सकता। संस्कृत कविता की अ–राजनीतिक परम्परा को राजनैतिक अर्थ से सहयुक्त करना, उनका संस्कृत परम्परा को अन्यतम योगदान है।

अवध की साहित्य व संस्कृति–परम्परा मूल रूप से लोकधर्मिता की रही है। अवधी के महाप्राणत्व, उसकी लोक–व्यंजना और विराट मनुष्य–चेतना के अंतर्वर्ती तत्वों को धारण करने और उसे संस्कृत कविता के स्वभाव के साथ उसका अंतरंग बना लेने के नाते ये कविताएं हमारे आज के समकालीन अनुभवबोध की उपलब्धि कही जा सकती हैं।

**संदर्भः–**


1. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यसौरभम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 18
2. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यसौरभम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 71
3. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यकौतुकम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 38
4. धूमिल, संसद से सड़क तक, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 65
5. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यसौरभम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 74
6. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यसौरभम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 74
7. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यकौतुकम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 21
8. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यसौरभम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 33
9. महात्मा गांधी हिन्द स्वराज सर्व सेवा संघ प्रकाशन वाराणसी पृष्ठ 36
10. डॉ. राजदेव मिश्र, काव्यकौतुकम्, तारा बुक एजेन्सी, वाराणसी, पृ. 55

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# वैदिक वाङ्मय में सप्तसैन्धव प्रदेश और गंगा





डॉ.बी बी त्रिपाठी,
शोध निर्देशक, राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी (उत्तर प्रदेश)

गौरी
शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, नेहरू महाविद्यालय ललितपुर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी (उत्तर प्रदेश)

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 169-173
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**शोध सार** – रुद्रप्रयाग से मन्दाकिनी और अलकनन्दा का पवित्र जल जब और आगे बढ़ता है तो वह अनेक प्रयागों का स्पर्श करता हुआ उस देवप्रयाग में पहुँचता है, जहाँ जह्नुसुता जाह्नवी अलकनन्दा के जल का स्पर्श करते ही संयुक्त रूपा गंगा में विलीन हो जाती हैं।

**मुख्य शब्द** – वैदिक, वाङ्मय, सप्तसैन्धव, गंगा, संस्कृत, साहित्य, ऋग्वेद।

ऋग्वेद आर्यों का वह पवित्र ग्रन्थ है जिसमें कि उनके उत्थान की ऐतिहासिकता पर दृष्टिपात किया गया है। यह वही पवित्र ग्रन्थ है जिसमें ऋग्वैदिक कालीन धर्म भाषा, संस्कृति, राजनीति, भूगोल, समाज, व्यवस्था आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई है इसलिए इसे विज्ञान एवं ज्ञान का अमरकोष भी माना जाता है वेदों की निर्माणस्थली सप्तसिन्धु स्वीकारी जाती है। यह सप्तसिन्धु प्रदेश कहाँ है इस पर विद्वानों का मतैक्य नहीं है। कोई इसे पंजाब कहता है, तो कोई हिमालय का केदारखण्ड प्रदेश, लेकिन सप्तसिन्धु का अर्थ पंजाब नहीं बल्कि वह प्रदेश है जहाँ वैदिककालीन सात नदियाँ प्रवाहित होती हैं। इस विषय में गढ़वाल के एक प्रसिद्ध इतिहासकार श्री भजन सिंह का मत है कि जिस पंजाब में सिन्धु के अतिरिक्त ऋग्वेद में वर्णित नाम की एक भी नदी नहीं है, उसे बलपूर्वक आर्यों का आदि देश घोषित करना तथा जिस प्रदेश में सरस्वती, गंगा, यमुना, गोमती, सरयू एवं मन्दाकिनी आदि नदियाँ अपने मूल ऋग्वैदिक नाम से पूर्ववत् प्रवाहित हैं। उसे आर्यों का मूल स्थान न कहना दृढ़ और दुराग्रह नहीं तो क्या है? पंचनद (पंजाब) का आर्यों को आदि देश प्रमाणित करने के लिए गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू और मन्दाकिनी आदि वास्तविक नदियों को नगण्य एवं पक्षिप्त बताकर इसका

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

ऋग्वैदिक महत्त्व कम करना, भूगोल एवं इतिहास की वास्तविकता के प्रति जानबूझकर आँख बन्द करना नहीं तो क्या है।

आर्यों का आदि निवास मध्यहिमालय श्री भजन सिंह के अनुसार सप्तसिंधु में प्रवाहित होने वाली सात नदियाँ हैं जो गंगा, यमुना, सरस्वती, गोमती, सरयू, मंदाकिनी और नयार ये सभी नदियाँ उत्तराखण्ड की पावन धरती में बहती हैं इसलिए गढ़वाल ही वह सप्तसिन्धु देश है जहाँ वेदों का निर्माण हुआ था।

वास्तव में प्राचीन काल की परम्परा के अनुसार पंजाब हो चाहे सप्तसिन्धवः सभी नाम नदियों की संख्या के आधार पर किए गये जाते थे। सप्तसिन्धु ही आर्यों का वह पवित्र क्षेत्र था, जिसमें कि वेदों की रचना हुई है। ऋग्वेद के गहन अध्ययन और चिन्तन के फलस्वरूप इसकी विषय सामग्री के मध्य में भारतवर्ष को जिन पवित्र नदियों का उल्लेख मिलता है वे इस प्रकार हैं—

**दिवि सोमो अधिश्रितः।**[1]

सोम एक दिव्य तेजःपुंज है। ऋग्वेद में ऐसा कहा गया है।

**स नो हरीणां पत इन्दो देवप्सरस्तमः। सखेव सख्ये नर्यो रूचे भव।।**[2]

अर्थात् आकाश से यह सोम पृथ्वी में पर्वतों के ऊपर औषधियों एवं जलों में (जो जलगण औषधीय पदार्थों के ऊपर जमा रहता है) स्थित हो गया है।

**त्वं च सोम नो वशो जीवातुं न मरायहे प्रियस्तोत्रो वनस्पतिः।**[3]

अर्थात् यह मनुष्य के दीर्घ जीवन के लिए प्रशंसनीय औषधिरूप है। जिसकी अनुकूलता से मनुष्य आरोग्य प्राप्त करता है।

**जनयन्रोचना दिवो जनयन्नप्सु सूर्यम्। वसानो गा अपो हरिः।।**[4]

वेद में सोम को औषधियों का राजा **'सोमो ओषधीनां राजा'** कहा गया है। सोम का पर्यायवाची चन्द्रमा है, वास्तव में सोम और चन्द्रमा एक ही हैं। सृष्टि—सृजन के लिए प्रजापति महर्षि अत्रि ने ब्रह्म का ध्यान किया तो ब्रह्मलोक से एक तेजःपुंज का आविर्भाव हुआ, जिसे दसों दिशाओं ने गर्भ के रूप में धारण किया, लेकिन वे पूरे तेज को धारण नहीं कर पाए, उसका कुछ भाग वनस्पतियों पर गिरा, जिससे वनस्पतियों में सोमत्व का सृजन हुआ। इसलिए चन्द्रमा को सोम और सोम को चन्द्रमा भी कहते हैं। यही कारण है कि औषधियों को (सोम को) निकालते समय नक्षत्रों का बहुत ध्यान रखा जाता था, क्योंकि नक्षत्रों का अधिपति चन्द्रमा है और चन्द्रमा को मास के अन्दर 27 नक्षत्रों के साथ सहवास करना होता है। जब चन्द्रमा जिस नक्षत्र में होता है तब उस नक्षत्र से सम्बन्धित वनस्पति में सोमत्व का सृजन होता है और उसी नक्षत्र में निकाले जाने पर उस वनस्पति में सोमत्व रहता है अन्यथा नहीं।

ऋग्वेद में वर्णित उपर्युक्त नदियों में गंगा, यमुना और सरस्वती मुख्य नदियाँ जो सप्तसिन्धु देश को शस्यश्यामल बनाती थीं, उपर्युक्त सरिताओं में कई ऐसी सरिताएँ हैं जो आज भी गंगा की सहायक नदियाँ उच्च हिमालय पर्वत मालाओं से निकलकर गंगा में विलीन हो जाती हैं, ये यहाँ पर गंगा में मिलती हैं वहाँ इनके पवित्र संगम स्थल को प्रयाग की संज्ञा दी जाती है।

**उदीची दिक् सोमोऽधिपतिः।**[5]

अर्थात् सोम उत्तर दिशा के अधिपति हैं तथा सोम को पृथ्वी के नाभिस्थल पर स्थित पर्वतों (मेरू जो कि गंगा की धाराओं का उद्गम है)— का निवासी बतलाया गया है। यही बात सामवेद में भी कही गई है।

**या ओषधयः सोमराज्ञीर्बह्वीः शतविचक्षणाः।**[6]

जो सैकड़ों प्रकार की औषधियाँ हैं, उनमें सोम का निवास है।

**प्र सोमासो विपश्चितोऽपो नयन्त ऊर्मयः। वनानि महिषा इव।।**[7]

जलाशयों में जिस प्रकार लहरें समाहित होती हैं, उसी प्रकार यह ज्ञानवर्धक सोमरस जल के साथ मिल जाता है, जिसमें मेधावर्धक विशिष्ट ज्ञानसम्पन्न दिन ऊषा एवं द्युलोक का ज्ञाता तन्त्रिकाओं में चेतना का संचार करने वाला और विद्वानों के लिए उपयोगी होता है।

**हिमवतः प्र स्त्रवन्ति सिन्धौ सयह संगमः।**

**आपो ह मह्मं तद् देवीर्ददन् हृद्द्योतभेषजम्।।**[8]

हिमाच्छादित पर्वतों की जो सोमरूपी जलधाराएँ बहती हुई समुद्र की ओर प्रस्थान करती हैं, वे रोगनाशक अमृतमय औषधीय जलधाराएँ हृदय को शान्ति प्रदान करने वाली हैं। ऐसी जलधाराओं का वैदिक ऋषि आवाह्न करते हैं–

**सस्त्रुषीस्तदपसो दिवा नक्तं च सस्त्रुषीः। वरेण्यक्रतुरहमपो देवीरूप ह्वये।।**

**ओता आपः कर्मण्या मु×चन्तिः प्रणीतये। सद्यः कृण्वत्तेतवे।।**[9]

अर्थात् हम श्रेष्ठ कर्म करने वाले निरन्तर गतिमान् जलधाराओं में प्रवाहित दिव्य आपः (मूल तत्त्व जल अथवा सोम) का आवाह्न करते हैं। ये सर्वत्र व्याप्त निरन्तर गतिमान् जलधाराओं की क्रिया–शक्ति उत्पन्न करके हमें इनमें (रोगों अथवा हीनता से) मुक्त करें, हम शीघ्र प्रगति करें और –

**शं नो भवन्त्वय ओषधयः शिवाः।**[10]

कल्याणकारी औषधियाँ, गुणयुक्त जल हमारे लिए पापक्षयकारी और कल्याणकारी सिद्ध हों। इस प्रकार सोमयुक्त जल से आरोग्य की प्रार्थना की गई है।

**सिन्धुपत्नीः सिन्धुराज्ञी सर्वा या नद्य स्थन।**

**दत्त नस्तस्य भेषजं तेना वो भुनजामहै।।**[11]

अर्थात् आप सिन्धु (गंगा) की पत्नियाँ हैं, सिन्धु आपका सम्राट है, हे निरन्तर बहती जलधाराओं! आप हमें पीड़ा से मुक्त करें और आरोग्य प्रदान करें, जिससे हम अन्न, बल आदि का उपभोग कर सकें। यहाँ सिन्धु का अर्थ समुद्र से है। आर्य लोग गंगा को सिन्धु कहते थे, क्योंकि सिन्धु का अर्थ समुद्र होता हैं वैदिक काल में गंगा में अथाह जल था और इसी जलाधिक्य के कारण गंगा को सिन्धु कहते थे। इसकी सात अन्य शाखाएँ हैं, इन शाखाओं में भी अत्यधिक जल था। अतः इन्हें भी आर्य लोग सिन्धु का ही दर्जा देते थे। इसलिए उत्तराखण्ड को सप्तसिन्धु भी कहा जाता है।

**न त्वा तरन्त्योषधयो बाह्माः पर्वतीया उत।।**[12]

पर्वतों से भिन्न स्थनों पर उत्पन्न होने वाली औषधियाँ कम लाभप्रद होती हैं इसलिए वैदिक ऋषि हिमालय की इन औषधियों की स्तुति करते हैं।

**मधुमतीरोषधीर्घाव आपो मनुमन्नो भवत्वन्तरिक्षम्।**[13]

वनौषधियाँ हमारे लिए मधुरता से पूर्ण हों तथा द्युलोक, अन्तरिक्ष और जल हमारे लिए मधुर हों।

**एषां भूतानां पृथिवी रसः पृथिव्या आपो रसोऽपामोषधयो रसः।।**[14]

अर्थात् इन चराचर प्राणियों पृथिवी रस, उत्पत्ति, स्थिति और लय का स्थान है।

पृथिवी का रस जल है और जल का रस औषधियाँ हैं, क्योंकि जल औषधियों का ही परिणाम है। हिमालय में जल विभिन्न जड़ी–बूटियों में समाकर निःसृत होता है, इसलिए औषधियुक्त जल ही गंगाजल है।

हिमालय में अत्यधिक प्रभावकारी औषधियाँ उत्पन्न होती है। जिनसे कुष्ठरोग–जैसी असाध्य बीमारियाँ भी दूर हो जाती हैं। कुष्ठतक्मनाशन सूक्त– (अथर्व 5/4)– में इसका व्यापक वर्णन आया है। ऐसे औषधीय तत्त्वों से निःसृत होने वाले गंगा जल में जब व्यक्ति स्नान करते हैं तो उनके कुष्ठ जैसे जघन्य रोग भी दूर हो जाते हैं। ऐसा अमृतोपम जल ही सोमरस है। यह सोमयुक्त जल दिव्य प्रभावों वाला भी है। सुरक्षा सूक्त में आया है कि–

**अपस्त ओषधीयतीर्ऋच्छन्तु । ये माद्यायव एतस्या दिशोऽभिदासात्।।**[15]

जो शत्रु किसी भी दिशा से आकर हमारा विनाश करना चाहते हैं, वे इस औषधिमय जल से विनष्ट हों। इसलिए हर पूजा–पाठ एवं अनुष्ठान में सोमयुक्त गंगाजल का प्रयोग किया जाता है। इसलिए भी सोमरस है गंगाजल।

यजुर्वेद में उल्लेख आया है कि–

**सं वपामि समाप ओषधीभिः समोषधयो रसेन।**

**सं रेवतीर्जगतीभिः पृच्यन्ता सं मधुमती–र्मधुमतीभिः पृच्यन्ताम्।।**[16]

अर्थात् सोम औषधियों को जल प्राप्त हो, वे रस से पुष्ट हों, गुणसम्पन्न सोम की औषधियाँ प्रवहमान जल में मिलें। मधुरतायुक्त तत्त्व परस्पर मिल जाएँ। इस प्रकार पर्वतों की औषधियों से निःसृत होकर जो रस जाता है, सह सोमरस ही गंगाजल है।

गंगा की इन वैदिक नदियों का अस्तित्व आज भी ज्यों का त्यों है यही सब नदियाँ मिलकर देवप्रयाग से गंगा का रूप धारण कर लेती है। वैदिककालीन सरस्वती वर्तमान में केशवप्रयाग (माण–मनुप्रदेश) में अलकनन्दा में संगम करके अलकनन्दा का रूप धारण कर लेती है जो कि विष्णु प्रयाग में श्वेता (धवला–धौली) से संगम करती है यही अलकनन्दा जब कई किलोमीटर आगे की ओर प्रवाहित होती है तो इसमें वही वैदिक नदी रसा नन्दप्रयाग में संगम करती है जो वर्तमान में मन्दाकिनी कहलाती है। यह मन्दाकिनी सरिता गढवाल की वह विश्वप्रसिद्ध नदी है जो कि नन्दादेवी पर्वतश्रृंखला से निकलती है और इसी नन्दादेवी पर्वतश्रृंखला पर भगवती नन्दा का निवास माना जाता है जिसकी राजयात्रा में बारह वर्षों के अन्तराल में देश–विदेश के असंख्य तीर्थयात्री और श्रृद्धालु आते हैं, नन्दप्रयाग से अलकनन्दा जब आगे बढ़ती है तो कर्णप्रयाग में उसमें वह पवित्र नदी पिण्डर में संगम करती है जिसका ऋग्वैदिक नाम क्रमु है। क्रमु जल को अपने में विलीन करती भगवती अलकनन्दा रुद्रप्रयाग पहुँचती है तो वहीं गढ़वाल की वह प्रसिद्ध नदी मन्दाकिनी आकर इसके जल को और भी पवित्र कर देती है। जो केदारनाथ जी के श्री चरणों का प्रक्षालन कर अपने संग कुंकुम, केशर, चन्दन और तुलसी की सुगन्धि लाती है, यह मन्दाकिनी नदी वैदिक कुम्भ नदी है, जिसमें कि सरस्वती और जाह्नवी नामक वे दो पवित्र सरिताएँ मिलती हैं जिनके पवित्र जल से तर्पण जल प्राप्त कर हिन्दुओं के असंख्य पितृ तर जाते हैं। इसी नदी के तट पर सोनप्रयाग है जहाँ पर कि त्रियुगीनारायण की पवित्र गंगा मन्दाकिनी में संगम करती हैं। रुद्रप्रयाग से मन्दाकिनी और अलकनन्दा का पवित्र जल जब और आगे बढ़ता है तो वह अनेक प्रयागों का स्पर्श करता हुआ उस देवप्रयाग में पहुँचता है, जहाँ जह्नुसुता जाह्नवी अलकनन्दा के जल का स्पर्श करते ही संयुक्त रूपा गंगा में विलीन हो जाती हैं।

**सन्दर्भ सूची–**


1. ऋग्वेद 10/85/1
2. ऋग्वेद 9/105/5
3. ऋग्वेद 1/91/6
4. ऋग्वेद 9/42/1
5. अथर्ववेद 3/27/4
6. अथर्ववेद 6/96/1
7. सामवेद 5/1/7, 9
8. सामवेद 2/6/1
9. अथर्ववेद 6/24/1
10. अथर्ववेद 6/26 /1–2
11. अथर्ववेद 2/3/6
12. अथर्ववेद 6/24/3
13. अथर्ववेद 19/44/6
14. अथर्ववेद 20/43/8
15. अथर्ववेद 19/18/6
16. यजुर्वेद 1/21

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# Concept of Social Justice in Indian Constitution

**Dr. Ritu Shukla**
Assistant. Professor. Department of Sanskrit Govt. Degree College, Tilhar, Shahjahanpur.U.P. India

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 174-180

**Publication Issue :**
March-April-2021

**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

ABSTRACT
Social Justice is a necessary attribute for the welfare state.It aims to remove the imbalances in the social,political and economic life of the people to create a just society.Social Justice denotes the equal treatment of all citizens without any social distinction baded on caste, colour, race, religion, sex and so on.Social Justice is the foundation stone of Indian Constitution.The grund norm of the constitution is establishment of an egalitarian policy well entrenched in social justice as engrained in the preamble.This paper is an attempt to focuss on the concept of social justice as enshrined in Fundamental rights, Fundamental duties and Directive principles of state policy.
**Keywords :** Preamble, Socialist, Sovereign, Fundamental Rights, speedy justice, Protective Discrimination,Arrest and Detention, amendment, substantial

## Introduction

Social Justice is a concept which is based on human rights and equality. It is the way in which human rights are manifested in everyday lives of people at every level of society. Social Justice is a necessary attribute for the welfare state. The term Social Justice implies a political and cultural balance of the diverse interests in society. The basic aim of social justice is to remove the imbalances in the social, political and economic life of the people to create a just society. It means dispensing justice to those to whom it has been systematically denied in the past because of an established social structure. Social Justice denotes the equal treatment of all citizens without any social distinction based on caste, colour, race, religion, sex and so on. It means absence of privileges being extended to any particular section of the society and improvement in the conditions of Backward Classes (SCs, STs and OBCs) and women.

The Preamble of our Constitution itself declares the idea of Social Justice by asserting :-

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

We, The People of India having solemnly resolved to constitute India into a Sovereign, Socialist, Secular, Democratic, Republic and to secure to all its citizens-
Justice — Social, Economic and Political.
Social Justice is the foundation stone of Indian constitution. Pt. Jawahar Lal Nehru put an idea of Social Justice before the Constituent Assembly:-

**'First work of this Assembly is to make India Independent by a new Constitution through which starving people will get complete meal and clothes and each Indian will get best option that he can progress himself.**[1]

This statement of Pt. Nehru lays the foundation of Social Justice which is a necessary trait in a Democracy. Although the term Social Justice is not defined anywhere in the constitution but it is an ideal element which is a goal of constitution Dr. B.R. Ambedkar who drafted our Indian Constitution lead a mission of securing Social Justice to the vast section of Indian humanity with the help of law. He has strong fervour to attain Social Justice among the Indian communities. The aim or the grund norm in the constitution is social justice. The grund norm of the constitution is establishment of an egalitarian policy well entrenched in social justice as engrained in the preamble.[2]

There are various provisions in our Constitution including Fundamental Rights and Directive Principles which indicates the inherent notion of Social Justice. Fundamental Rights as enshrined in Art.14 to Art.32 expresses
Social Justice:

1. **Right to Equality (Art. 14 to 18)**
2. **Right to Freedom (Art. 19 to 22)**
3. **Right to Education (Art. 21-A)**
4. **Right against Exploitation (Art. 23 and Art. 24)**
5. **Right to Freedom of Religion (Art. 25 to Art. 28)**
6. **Cultural and Educational Rights of Minorities (Art. 29 and 30)**
7. **Right to Constitutional Remedies (Art 32)**[3]

The first Fundamental Right secured to the people of India is the 'Right to Equality'. It is contained in Articles 14 to 18. These Provisions are discussed under following heads :-
1. Equality before law or Equal Protection of Laws (Art. 14)
2. Prohibition of Discrimination against citizens (Art. 15)
3. Equality of Opportunity in Public Employment (Art. 16)

4. Abolition of Untouchability (Art. 17)
5. Abolition of Titles (Art. 18)

Equality before law means that every person whatever be his rank or condition is subjected to the ordinary law of the land. The phrase 'Equal Protection of Laws' means that all persons have the right to equal treatment in similar circumstances, in the privileges conferred and in the liabilities imposed by laws. It requires the application of equal laws to all in same situation and that there should be no discrimination between one person and another. Art. 14 strikes at arbitrariness which is a dynamic approach to save social justice. Besides this Reservation of Seats for persons belonging to areas, which are socially and educationally backward, is constitutionally permissible.(4)

Similarly clause (1) of Art. 15 provides, 'The state shall not discriminate against any citizen on ground only of religion, race, caste, sex. place of birth or any of them, be subjected to any disability, liability, restriction or condition with regard to :-

(a) Access to shops, public restaurants, hotels and places of public entertainments or.
(b) The use of wells, tanks, bathing ghats. roads and places of public resort maintained wholly or partly out of state funds or decided to the use of general public.

However state can make special provisions for women and children [15 (3)] and for the advancement of socially and educationally Backward Classes [15 (4)] of citizens or for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes in order to provide social justice to all(5).

Art. ***16 (1)*** guarantees to all citizens equality of opportunity in matters relating to employment or appointment to any office under the state by declaring that. **"No citizen shall, on grounds only of religion, race, caste, sex, descent, place of birth, residence or any of them, be ineligible for or discriminated against in respect of, any employment or office under the state."** However clauses (3), (4) and (5) of Art. 16 contains exceptions to the rule of equality of opportunity by permitting the state to make provision for the reservation of Backward Classes of people. Art. 17 abolished Untouchability and forbids its practice in any form thus ensuring social justice for all.

Sometimes Social Justice is also secured through 'Protective Discrimination' which may be defined as discrimination permissible under the constitution. It is to provide for an egalitarian society woven into the ideal of 'Social Justice. The constitution enables the state to make special provisions for the upliftment of the socially and educationally backward classes of citizens, in particular for the citizens to compete with the advanced sections of the people.(6)

The Fundamental Right to Freedom is guaranteed under Art. 19 to 22 of the Constitution.

These Article deal with the following different aspects of Freedom

**1- Six Fundamental Freedoms (Art. 19)**

1- Freedom of Speech and Expression; 19 (1) (a)

2- Freedom to Assemble Peacefully without arms; 19 (1) (b)

3- Freedom to form Associations or Unions; 19 (1) (c)

4- Freedom to move freely throughout the Territory of India. 19 (1) (d)

5- Freedom to reside and settle in any part of the territory of India19(1) (e)

6- Freedom of practice any profession or to carry on any occupation, trade or business 19(1) (f)

**2- Protection in respect of conviction for offences (Art. 20)**

**3- Protection of Life and Personal liberty (Art. 21)**

**4- Right to Education (Art. 21 — A)**

**5- Protection against Arrest and Detention in certain cases (Art. 22)**

Besides the above freedoms and rights certain rights like Right to bail, Right to Speedy Justice, Right to Privacy against inhuman treatment(7) torture, assault etc. are also provided to the citizen.

Art. 23 and 24 guarantees, 'The Fundamental Right against Exploitation' These provisions are to protect children and youth against exploitation and against moral and material abandonment. Art. 23 provides for prohibition of Traffic in human beings and begar while Art. 24 prohibits the employment of children below the age of fourteen years in any factory or mine or any hazardous employment.(8)

Right to Freedom of Religion is contained in Art. 25 to 28 of the constitution which assures following rights to its citizen:

A. Freedom of Conscience and the right to freely profess, practice and propagate religion (Art. 25).

B. Right of a religious denomination to manage religious affairs (Art. 25).

C. Freedom from payment of taxes for promotion of any particular religion (Art. 27) and

D. Freedom from attendance at religious instructions in certain educational institutions (Art. 28)

Cultural and Educational rights are provided under Article 29 and 30 of the Constitution of India. Art. 29 (1) guarantees the right to citizens to conserve their distinct language, script or culture.

Art. 30 (1) provides Right to Minorities to establish and administer educational institutions. The term ‘Minority’ is not defined in the constitution. Literally, it means a non-dominant group and they are less in number. Special Provisions which are made in the constitution through amendment to safeguard the interest of minorities are indicative of the efforts of the state to maintain social justice in society.

Art. 32 confers one of the ‘highly cherished rights’ which protects the citizens where there is infringement of Social Justice. It is because of this Article that the Supreme Court is declared as, ‘the protector and guarantor of fundamental rights.(9) Clause (1) of Art. 32 declares, “The right to move the Supreme Court by appropriate proceedings for the enforement of the rights conferred by this part is guaranteed.”

In this way we see that part III of the constitution which envisages Fundamental Rights is a comprehensive document which provides and protects social justice for all.
Likewise Directive Principles of State Policy mentioned under Art. 35 to 51 provides social, economic and political justice. Part IV of the constitution sets forth the ideals and objectives to be achieved by the state for setting up in India a social welfare state which aims at social welfare and the common good and to secure to all its citizens, justice-social and economic. Art 38 (1) asserts that, ‘The state shall strive to promote the welfare of the people by securing and protecting as, effectively as it may, a social order in which justice social, economic and political, shall inform all the institutions of national life. Constitution strengthened the concept of social justice by inserting clause (2) in Art. 38 by 44th Amendment Act, 1978 which requires- the state in particular, to minimize inequalities of income and endeavour to eliminate inequalities in status, facilities and opportunities, not only amongst, individuals, but also amongst groups of people residing in different areas or engaged in different vocations.(10)

Art. 43 is also indicative of social Justice which states that ; The state shall endeavour to secure, by suitable legislation or economic organization or in any other way to all workers agricultural, industrial or otherwise, work, a living wage, conditions of work ensuring a

decent standard of life and full enjoyment of leisure and social and cultural opportunities and, in particular, the state shall endeavour to promote cottage industries on an individual or cooperative basis in rural areas.

Art. 39 A guarantees social and economic justice which asserts that, the state shall secure that the operation of the legal systems promotes justice, on a basis of equal opportunity and shall in particular provide free legal aid, by suitable legislation or schemes or in any other way, to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reason of economic or other disabilities.(11) Free legal aid strives to ensure that constitutional pledge for social justice in fulfilled in its letter and spirit and equal justice is made available to the poor, downtrodden and weaker sections of the society.(12)

Art. 42 requires that, "The State shall make provisions for securing just and humane conditions of work and for maternity relief.'(13) This Article exhibits the concern of the framers of the Constitution for the welfare of the workers.

Other instances of Social Justice in Indian Constitution are :-

1- Free and Compulsory Education for children (Art. 45)
2- Promotion of Educational and Economic interest of weaker sections (Art. 46)
3- Reservation of seats for S.C/ST's in the House of People (Art. 330)
4- Reservation of seats and special representation in legislative assemblies (Art. 334)
5- Claims of Scheduled Castes and Scheduled Tribes to service and posts (Art. 335)
6- National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Art. 338)
7- Appointment of a commission by the President to investigate the conditions of Backward Classes (Art. 340)

Thus we see that both the Fundamental Rights and the Directive Principles of State Policy aim at the same goal of bringing about a social revolution and the establishment of a Welfare State. Courts have also performed a great role to make the social justice successful. The aim of Social Justice is to attain a substantial degree of social, economic and political equality. Only the need of hour is to ensure the proper and balanced implementation of government

policies free from prejudices so as to make social justice an effective vehicle of social progress.

**References:**


1. V.R. Krishna lyer, Social Justice - Sunset or Dawn (1987) p.53
2. "Venkataraman Narsimha Reddy" Art. 21, has the Supreme Court Google crone tooyar, AIR 2001 Vol. 88 Journal p. 289.
3. Javed vs. State of Haryana, AIR 2003 SC 3057.
4. AIR 2007 SC 3727
5. M.R. Balaji v. State of Mysore, AIR 1963 sc 649.
6. Dhramdutt v. Union of India, AIR 2004 SC 1295.
7. Nilbeti Behera v. State of Orissa, AIR, 1993 SC 1960.
8. Salal Hydro Project v. J&K AIR SC 177
9. Art. 32 of the constitution.
10. Art. 38 of the constitution
11. Art. 39 of the constitution
12. Chaudhary Baidynath, "Legal Aid Programme as an Instrument for Social Justice." IL.I vol 38/2 1996.
13. Art. 42 of the Indian constitution.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

# भारत का राजनीतिक विशिष्ट वर्ग

**मदन कुमार वर्मा**
**एसोसिएट प्रोफेसर उपाधि (पी.जी.) महाविद्यालय, पीलीभीत उत्तर प्रदेश।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 2
Page Number : 181-183
**Publication Issue :**
March-April-2021
**Article History**
Accepted : 01 April 2021
Published : 10 April 2021

**सारांश–** भारत के वर्तमान युग का शिक्षित एवं आधुनिक राजनीतिक विशिष्ट वर्ग राजनीतिक संर्कीणता के दौर से गुजर रहा है लेकिन जैसे–जैसे वह परिपक्व होता जायेगा तथा देश में स्थिरता जैसे–जैसे आयेगी वह राजनीतिक संर्कीणता का परित्याग कर राजनीतिक आधुनिकीकरण के मूल्यों को ग्रहण करेगा जैसे धर्म निरपेक्षता, जाति समानता आदि।

**मुख्य शब्द** –असमानता, विशिष्ट वर्ग, शासक–अशासक, परिचालन, सहभागिता,
मनसबदार, जमींदार आदि।

विशिष्ट वर्ग की संकल्पना राजनीतिक विज्ञान में प्लेटो व अरस्तू के समय से चली आ रही है जब प्लेटों ने कहा कि शासन व सैनिक वर्ग ही शासन के योग्य है तो विशिष्ट वर्ग की नीव पड़ गयी आगे अरस्तू ने कहा है कि असमानता प्रकृति का नियम है कुछ व्यक्ति जन्मतः शासित होने के लिए पैदा होते हैं तो कुछ जन्मतः शासन करने के लिए पैदा होते हैं जिन्हें 'विशिष्ट वर्ग' कहा जाता है 'समाज में प्रत्येक प्रकार उद्योग–धन्धे एवं क्रिया–कलापों में अपने प्रकार के विशिष्ट वर्ग पाये जाते हैं। यहां तक कि चोरों व वेश्याओं के भी अपने विशिष्ट वर्ग होते हैं सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था के कालक्रमेण परिवर्तन के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के विशिष्ट वर्गों में परिवर्तन होता रहता है जिसमें राजनीतिक विशिष्ट वर्ग विशेष महत्वपूर्ण हैं क्योंकि एक राज्य के अन्दर इसका अन्य सभी प्रकार के विशिष्ट वर्गो पर प्रभुत्व होता है।

विशिष्ट वर्ग के विभिन्न प्रतिपादकों में पैरटो, मास्का, लासवेल का नाम विशेष उल्लेखनीय है पैरटों का मानना है कि समाज में दो वर्ग 'विशिष्ट वर्ग व अविशिष्ट वर्ग' पाये जाते है। पैरटों विशिष्ट वर्ग को पुनः दो वर्गो में विभाजित करता है (अ) शासक विशिष्ट वर्ग एवं (ब) अशासक विशिष्ट वर्ग। पैरटों का मानना है शासक वर्ग अपने जिन विशिष्ट मूल्यों व गुणों के कारण विशिष्ट वर्ग की स्थिति को प्राप्त किया है कालान्तर में ये गुण महत्वहीन हो जाते हैं और समाज में जो नये गुण व मूल्यों को लेकर नया विशिष्ट वर्ग पनपता है

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वह एक दिन शासक वर्ग को सत्ता से हटाकर स्वयं सत्ता पर अधिकार कर लेता है इस प्रकार शासक वर्ग में निरंतर समय–समय पर परिचालन होता रहता है इसलिए पैरैटों इतिहास के कुलीन तन्त्रों का कब्रिस्तान कहता है, मास्का ने भी समाज को दो वर्गो में बांटा है उसका कहना है कि सभी समाजों ने कम विकसित तथा सभ्य से लेकर अधिक सभ्य और शक्तिशाली तक दो वर्ग पाये जाते हैं। एक वर्ग जो शासन करता है तथा दूसरा वर्ग जो शासित होता है। लास्वेल के अनुसार राजनीति का अध्ययन प्रभाव और प्रभावक का अध्ययन है। प्रभावक वे हैं जो जितना भी प्राप्त है उसका अधिकतम पाते हैं। अधिकतम पाने वाले विशिष्ट वर्ग हैं शेष जनता।

प्राचीन भारतीय समाज चार वर्णों में बंटा था ब्राह्म्ण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र। इसमें दो प्रथम वर्ग ब्राह्मण एवं क्षत्रिय की विशिष्ट वर्ग में गणना की जा सकती है। ब्राह्मण पुरोहित का कार्य करता तो क्षत्रिय शासन का कार्य करता, वास्तव में दोनों एक–दूसरे के पूरक थे और दोनों वर्ण मिलकर प्राचीन भारतीय समाज पर शासन करते थे तथा वर्ण–व्यवस्था को बनाये रखना शासन का प्रमुख लक्ष्य था। लेकिन छठी शताब्दी ई0पू0 भारत में उभरे दो धार्मिक आन्दोलन बौद्ध एवं जैन ने वर्ण–व्यवस्था को गहरा धक्का दिया जिससे परिणामस्वरूप वर्ण व्यवस्था में लचीलापन आ गया और अब विशिष्ट वर्ग की श्रेणी में वैश्य व शूद्र भी आने लगे कालांतर में कई राजा वैश्य व शूद्र वर्ग से हुए। जिससे भारतीय समाज की विशिष्ट वर्ग को संरचना में धीरे–धीरे बदलाव आने लगा। जमींदार वर्ग ही एक नये विशिष्ट के रूप में उभरा।

भारत में मुस्लिम सत्ता स्थापित होने के पश्चात् एक नये विशिष्ट वर्ग का उदय हुआ जिसे हम मुस्लिम विशिष्ट वर्ग कह सकते हैं इस विशिष्ट वर्ग में काजी, मुल्ला, खान, मलिक, मौलवी आदि शामिल थे इसमें मौलवी की स्थिति भारतीय ब्राह्मणो के तुल्य थी मुगलकाल में विशिष्ट वर्ग की एक अन्य श्रेणी मनसबदारी प्रथा पनपी जो सैनिक व्यवस्था की एक विशिष्ट श्रेणी थी। जिसका मुख्य कार्य सरकार के लिये समय आने पर युद्ध लड़ना था। मनसबदारों की भी कई श्रेणियाँ थीं जिसका निर्धारण जात व सवार से होता था।

भारत में विदेशियों के आगमन के पश्चात् एक नये प्रकार के विशिष्ट वर्ग का उदय हुआ जो पुर्णतः विदेशी था इस विदेशी विशिष्ट वर्ग अंग्रेज पुर्तगाली डच एवं फ्रॉंसीसी थे। मुगल साम्राज्य के पतन से उपजी शक्ति–शून्यता को भरने में न तो मराठे सफल हुए न अफगानी, अपितु अंग्रेज सफल हुए अतः भारत में अंग्रेजों का एक विशिष्ट वर्ग के रूप में उदय हुआ जिसने भारत में शासन करना प्रारम्भ किया। जिसने भारत में शनै–शनै अंग्रेजी शिक्षा व संस्कृति का प्रचार–प्रसार शनै–शनै शुरू किया। जिससे भारत में अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त एक नये भारतीय विशिष्ट वर्ग का उदय हुआ। जिसमें राजा राममोहन राय, तिलक, गोखले, स्वामी विवेकानन्द इत्यादि थे। अंग्रेजों ने भारत में एक केन्द्रीय सत्ता को जन्म दिया जिसका आधार योग्यता तथा

जिसमें प्रवेश का साधन प्रतियोगिता व योग्यता थी। अतः अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त विशिष्ट वर्ग के माध्यम से ब्रिटिश सरकार ने भारत में शासन शुरू किया। धीरे–धीरे इन्हीं विशिष्ट बुद्धजीवी वर्ग में से स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों व राजनेताओं का जन्म हुआ जिन्होंने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना अपना लक्ष्य बनाया। कालान्तर में इस वर्ग को सफलता मिली अर्थात् बुद्धजीवी विशिष्ट वर्ग की बदौलत भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतन्त्र हो गया।

स्वतन्त्रता के पश्चात् भारतीय राजनीति में सहभागिता का काल प्रारम्भ हुआ। संविधान द्वारा स्थापित की गयी राजनीतिक समानता ने जन साधारण को बिना किसी भेदभाव के तथा बिना किसी शिक्षा अथवा सम्पत्ति के योग्यता के राजनीतिक पदों के लिए चुनाव लड़ने ओर मत देने का अधिकार प्रदान किया। जिसका परिणाम यह हुआ भारत में शिक्षित व अशिक्षित लोगों के मिले–जुले विशिष्ट वर्ग का उदय हुआ जहां अशिक्षित राजनीतिक विशिष्ट वर्ग धर्म व जाति के मूल्यों से तथा वही शिक्षित राजनीतिक विशिष्ट आधुनिक पाश्चात्य मूल्यों स्वतन्त्रता समानता से अभिप्रेरित था। धीरे–धीरे भारत में जैसे–जैसे शिक्षा का प्रसार वैसे–वैसे अशिक्षित राजनीतिक विशिष्ट वर्ग की संख्या में कमी आयी परिणाम यह हुआ कि सन् 2000 के दशक में अशिक्षित राजनीतिक विशिष्ट वर्ग का संसद व राज्य विधानसभा से लगभग सफाया हो गया। लेकिन सबसे उल्लेखनीय बात विशिष्ट वर्ग के इस परिवर्तन के दौर में यह रही कि नया शिक्षित राजनीतिक विशिष्ट वर्ग ने धर्म व जाति जैसे परम्परागत मूल्यों से अपने को जोड़ लिया परिणाम यह हुआ कि केन्द्र स्तर पर बी.जे.पी. जैसी धार्मिक पार्टी का उदय हुआ तो राज्य स्तर सपा, बसपा, लोजपा व राजद जैसी जातिवादी दलों का उदय हुआ और कांग्रेस जैसे धर्म–निरपेक्ष दल का केन्द्र व राज्य स्तर पर पतन हो गया।

विवेचना से स्पष्ट है कि भारत के वर्तमान युग का शिक्षित एवं आधुनिक राजनीतिक विशिष्ट वर्ग राजनीतिक संर्कीणता के दौर से गुजर रहा है लेकिन जैसे–जैसे वह परिपक्व होता जायेगा तथा देश में स्थिरता जैसे–जैसे आयेगी वह राजनीतिक संर्कीणता का परित्याग कर राजनीतिक आधुनिकीकरण के मूल्यों को ग्रहण करेगा जैसे धर्म निरपेक्षता, जाति समानता आदि।

**सन्दर्भ–**


1. भारतीय राजनीतिक व्यवस्वथा – सईद एस.एम.
2. भारतीय राजव्यवस्था – जैन पुखराज
3. भारतीय शासन एवं राजनीति – फाडिया बी.एल.
4. अन्य पत्र–पत्रिका

# शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal

: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar






Impact Factor : 5.239

## SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

**Volume 4, Issue 2, March-April-2021**
**Email: editor@shisrrj.com**

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India